शरीरमाद्यं खलुधर्मसाधनम्

64वीं
एम्स वार्षिक रिपोर्ट
2019—2020

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
नई दिल्ली 110029

64वीं एम्स वार्षिक रिपोर्ट
2019–2020

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
नई दिल्ली–110029

64वीं एम्स वार्षिक रिपोर्ट
2019–2020

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
नई दिल्ली–110029

संयुक्त रूप से संपादितः

डॉ. संदीप अग्रवाला, बाल शल्य चिकित्सा विभाग

डॉ. नसरीन अख्तर, शरीरक्रिया विज्ञान विभाग

डॉ. दालिम बैद्य, संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा एवं गंभीर उपचार विभाग

डॉ. नीतू भारी, त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान विभाग

डॉ. अंजन दुहा, बाल शल्य चिकित्सा विभाग

डॉ. राकेश गर्ग, अर्बुद संवेदनाहरण विभाग, डॉ. भीम राव अम्बेडकर सं.रो.कैं.अ.

डॉ. विवेक गुप्ता, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्रविज्ञान केंद्र

डॉ. टोनी जॉर्ज जैकब, शरीररचना विज्ञान विभाग

डॉ. सिद्धार्थ जैन, मूत्ररोग विज्ञान विभाग, जे.पी.एन.ए. ट्रॉमा केंद्र

डॉ. राजीव कुमार, सह–संकायाध्यक्ष (शैक्षिक) एवं मूत्ररोग विज्ञान विभाग

डॉ. राकेश लोढ़ा, बाल चिकित्सा विभाग

डॉ. आर. लक्ष्मी, हृद जैवरसायन विभाग

डॉ. संजीव लालवानी, कुल सचिव एवं न्याय चिकित्सा विभाग, जे.पी.एन.ए. ट्रॉमा केंद्र

डॉ. कल्पना लूथरा, जैवरसायन विभाग

डॉ. पूर्वा माथुर, प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग, जे.पी.एन.ए. ट्रॉमा केन्द्र

डॉ. रश्मि रामाचन्द्रन संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा एवं गंभीर उपचार विभाग

डॉ. पीयूष साहनी, जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं यकृत प्रत्यारोपण विभाग

डॉ. सिद्धार्थ सरकार, राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केन्द्र

डॉ. प्रताप शरण, मनोचिकित्सा विभाग

डॉ. अल्पना शर्मा, जैवरसायन विभाग

डॉ. दीप्ति विभा, तंत्रिका विज्ञान विभाग, तंत्रिका विज्ञान केंद्र

सुश्री नीतू प्रिया, पुस्तकालयाध्यक्ष

हिंदी अनुवाद संस्थान के हिंदी अनुभाग द्वारा श्री पी.एस. तोमर, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी के पर्यवेक्षण में किया गया।

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अ.भा.आ.सं.) की स्थापना सन 1956 में संसद के एक अधिनियम के द्वारा राष्ट्रीय महत्व के एक संस्थान के रूप में की गई थी। संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य भारत में सभी मेडिकल कॉलेजों एवं अन्य संबद्ध संस्थाओं के लिए एक उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा के प्रदर्शन हेतु स्नातक–पूर्व तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा की सभी शाखाओं में शैक्षिक पैटर्न विकसित करना; स्वास्थ्य कार्यकलापों की सभी महत्वपूर्ण शाखाओं में कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु सर्वोच्च स्तर की शैक्षिक सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था।

संस्थान में शिक्षण, अनुसंधान तथा रोगी उपचार हेतु व्यापक सुविधाएँ हैं। संस्थान द्वारा स्नातक–पूर्व तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर चिकित्सा एवं परा चिकित्सा पाठ्यक्रमों में शिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं तथा अपनी ही डिग्रियाँ प्रदान की जाती हैं। लगभग 100 विषयों में शिक्षण एवं अनुसंधान कार्य संचालित किए जाते हैं। एक वर्ष में अपने अनुसंधानकर्ताओं द्वारा रुपए सौ करोड़ से अधिक का बाहरी अनुदान प्राप्त करने के साथ–साथ एम्स चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी है। एम्स द्वारा एक नर्सिंग कॉलेज भी चलाया जाता है।

विभिन्न विभागों एवं केन्द्रों द्वारा परा–नैदानिक विभागों की सहायता से सभी प्रकार के रोगों का व्यावहारिक उपचार किया जाता है। एम्स द्वारा हरियाणा में बल्लभगढ़ में एक 50–बिस्तरों वाला अस्पताल एवं व्यापक ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र भी चलाया जाता है तथा सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र के माध्यम से लगभग 8 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

एम्स–एक नज़र में
2019–2020

स्थापना वर्ष 1956

शिक्षण विभाग एवं केन्द्र	42+7	चिकित्सा स्नातक	3275
संकाय सदस्य (स्वीकृत 1095)	759	स्नातकोत्तर	10915
गैर–संकाय स्टाफ (स्वीकृत 12,318)	10189	नर्सिंग/परा–चिकित्सा स्नातक	3454
स्नातक–पूर्व विद्यार्थी	940	पत्रिका/सार में प्रकाशन	2764
स्नातकोत्तर विद्यार्थी	1966	पुस्तकों में अध्याय/पुस्तक	340

अस्पताल सेवाएं

अस्पताल/केन्द्र	बाह्य रोगी (आपातकालीन सहित)	दाखिले	शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन/प्रक्रियाएँ)	बिस्तर		
				सामान्य	प्राइवेट	कुल
मुख्य अस्पताल	20,43,602	1,20,110	93,661	997	165	1,162
डॉ. रा.प्र. केन्द्र	5,71,170	48,283	50,510	288	22	310
डॉ. भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ.	1,78,700	45,725	11,660	167	15	182
हृद वक्ष केन्द्र	2,08,183	10,939	3,625	226	33	464
तंत्रिका विज्ञान केन्द्र	1,48,566	9,188	3,137	174	31	
एन.डी.डी.टी.सी.*	3,02,416	3,356	–	50	–	50
सी.सी.एम. †	4,36,383	12,115	2,394	50	–	50
जे.पी.एन.ए.टी.सी.	1,18,786	7,532	7,458	256	22	248
सी.डी.ई.आर.**	2,36,873	1,948	22,835	17	–	17
एन.सी.आई., झज्जर	35,556	8,948	4,907	279	–	–
आऊटरीच बाह्यरोगी, बाढ़सा, झज्जर	1,35,255	–	1,520	–	–	–
कुल	**44,14,490**	**2,68,144**	**2,01,707**	**2,487**	**288**	**2,483**

* त्रिलोकपुरी, सुन्दर नगरी तथा कोटला मुबारकपुर सहित † पी.एच.सी. दयालपुर सहित

** 30 ट्राइएज बिस्तर सहित

अस्पताल कार्य–निष्पादन सूचकांक

मानक	मुख्य अस्पताल		हृद वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केन्द्र		जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र	
	2019–20	**2018–19**	**2019–20**	**2018–19**	**2019-20**	**2018-19**
ठहरने की औसतन अवधि (दिन)	9.9	9.5	10.5	10.2	10	10
औसत बिस्तर अधिभोग दर (%)	85.9	86.8	83.8	84.9	84	80
शुद्ध मृत्यु दर (%)	1.7	1.7	2.6	2.9	5	6
संयुक्त अपरिष्कृत संक्रमण दर (%)	5.6%	5.8%	–	–	–	–

सी.सी.एम.: सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र

सी.डी.ई.आर.: दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र

डॉ. भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ.: डॉ. भीम राव अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल

डॉ. रा.प्र. केन्द्रः डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केन्द्र
जे.पी.एन.ए.टी.सी.: जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र
एन.सी.आई.: राष्ट्रीय कैंसर संस्थान
एन.डी.डी.टी.सी.: राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केन्द्र

विषय सूची

1. निदेशक की समीक्षा 1
2. संस्थान और इसकी समितियां 9
3. शैक्षिक अनुभाग 15
4. परीक्षा अनुभाग 34
5. सामान्य प्रशासन 40
6. अस्पताल 43
6.1 चिकित्सा अभिलेख विभाग
6.2 आहारविज्ञान
6.3 अस्पताल बिलिंग अनुभाग
6.4 नर्सिंग सेवाएं
6.5 कल्याण एकक
6.6 चिकित्सा समाज कल्याण एकक
7. नर्सिंग महाविद्यालय 87
8. अनुसंधान अनुभाग 109

विभाग

9.1 संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा और गंभीर उपचार 131
9.2 शरीररचना विज्ञान 158
9.3 जैव रसायन विज्ञान 176
9.4 जैव आयुर्विज्ञान इंजीनियरी 194
9.5 जैव भौतिकी 198
9.6 जैव सांख्यिकी 207
9.7 जैव प्रौद्योगिकी 220
9.8 सामुदायिक चिकित्सा केंद्र 228
9.9 त्वचा एवं रतिज रोग विज्ञान 256
9.10 आपात चिकित्सा 263
9.11 अंतः स्राविकी एवं चयापचय 277
9.12 न्याय चिकित्सा और विष विज्ञान 289
9.13 जठरांत्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण एकक (एच.एन.यू.) 295
9.14 जठरांत्र शल्य चिकित्सा और यकृत प्रत्यारोपण 307
9.15 जराचिकित्सा विभाग 313
9.16 रुधिर विज्ञान 318
9.17 अस्पताल प्रशासन 327
9.18 प्रयोगशाला चिकित्सा 335
9.19 काय चिकित्सा 347
9.20 सूक्ष्म जैव विज्ञान 357
9.21 वृक्क विज्ञान 383
9.22 नाभिकीय चुम्बकीय अनुनाद 393
9.23 नाभिकीय चिकित्सा 400
9.24 प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 409
9.25 अस्थिरोग 437

9.26 नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान 446
9.27 बाल चिकित्सा विज्ञान 489
9.28 बाल शल्य चिकित्सा 501
9.29 विकृति विज्ञान 512
9.30 भेषजगुण विज्ञान 534
9.31 भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास 542
9.32 शरीर क्रिया विज्ञान 551
9.33 प्लास्टिक, पुनर्संरचना और दग्ध शल्य चिकित्सा 575
9.34 मनोचिकित्सा विज्ञान 580
9.35 पुल्मोनरी चिकित्सा एवं निद्रा विकार 602
9.36 विकिरणनिदान 609
9.37 प्रजनन जैवविज्ञान 622
9.38 रूमेटोलॉजी 634
9.39 शल्य चिकित्सा विभाग 640
9.40 आधान चिकित्सा एवं रक्त कोष 654
9.41 प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी 659
9.42 मूत्ररोग विज्ञान 667

केंद्र

10.1 हृद्–वक्ष विज्ञान केंद्र 677
10.2 दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र 722
10.3 डॉ. बी.आर. अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल 741
10.4 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केन्द्र 802
10.5 जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र 844
10.6 राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र 880
10.7 तंत्रिका विज्ञान केन्द्र 898

केंद्रीय सुविधाएं

11.1 बी.बी. दीक्षित पुस्तकालय 951
11.2 कैफेटेरिया 956
11.3 केंद्रीय पशु सुविधा 957
11.4 केंद्रीय कार्यशाला 959
11.5 कम्प्यूटर सुविधा 963
11.6 इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी सुविधा 979
11.7 छात्रावास अनुभाग 983
11.8 नीति विषयक समिति 990
11.9 चिकित्सा शिक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार के.एल. विग सेंटर (सीएमईटी–आई) 991
11.10 मीडिया और प्रोटोकॉल प्रभाग 998

12. प्रकाशन 1036
13. वित्त प्रभाग 1037

1. निदेशक की समीक्षा

मुझे संस्थान की चौंसठवीं वार्षिक रिपोर्ट तथा वर्ष 2019-2020 के लेखों का लेखा परीक्षित विवरण प्रस्तुत करते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली की स्थापना सन् 1956 में संसद के एक अधिनियम के द्वारा स्वास्थ्य उपचार के सभी क्षेत्रों तथा आयुर्विज्ञान शिक्षा में उत्कृष्टता के पोषण हेतु एक केन्द्र के रूप में कार्य करने के लिए की गई थी। एम्स, नई दिल्ली विश्व स्तर पर भारत के सर्वश्रेष्ठ आयुर्विज्ञान संस्थान के रूप में ख्याति प्राप्त है जो उद्देश्यपूर्ण आयुर्विज्ञान शिक्षा, नवाचारी जैवचिकित्सीय अनुसंधान और संवेदनापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का संगम है। संस्थान की यह उत्कृष्टता यहां कार्यरत हजारों संकाय-सदस्यों, नर्सिंग कार्मिकों, वैज्ञानिकों, इंजीनियरी कार्मिकों, तकनीशियनों, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य परिचरों और सबसे ऊपर छात्रों के रूप में युवा प्रतिभाओं का परिणाम है। मुझे इस अद्वितीय संस्थान का नेतृत्व करने, सेवा करने और इस रिपोर्ट में कुछ असाधारण कार्यों पर प्रकाश डालते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है।

एकीकृत आधारभूत संरचना : एक एम्स

बदलती दुनिया में योग्य बने रहने के लिए, संस्थानों को हमेशा अद्यतन रहना आवश्यक होता है। एम्स, नई दिल्ली ने एक विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय और अत्याधुनिक स्वास्थ्य उपचार सुविधा के रूप में उभरने के लिए अपनी पुनर्विकास योजना पर काम शुरू किया है। 10,345 करोड़ रुपये की योजना के द्वारा अस्पताल की वर्तमान क्षमता जो 2,084 बेड की है, दोगुनी होकर लगभग 5,000 बेड की हो जाएगी। एकीकृत 'एक परिसर' छात्रों और शोधार्थियों की शैक्षिक और अनुसंधान संबंधी आवश्यकताओं तथा रोगियों की सभी जांच, चिकित्सा, ऑपरेशन, पुनर्वास और व्यावसायिक संबंधी जरूरतों की पूर्ति करेगा।

एम्स, नई दिल्ली के बाह्य रोगी विभाग (ओ.पी.डी.) को वर्तमान बाह्य रोगी सेवाओं में होने वाली भीड़भाड़ को कम करने के लिए मस्जिद मोठ में नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। नया (93,000 वर्ग मीटर का) विशाल आठ मंजिला ओपीडी भवन प्रतिदिन 10,000 से अधिक रोगियों की क्षमता वाला है। यह ओपीडी इमारत लिफ्टें, रैंप, समर्पित पंजीकरण काउंटर, क्यूबिकल और शौचालय सुविधाओं के साथ दिव्यांगों के अनुकूल है। प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग ने नए ओपीडी ब्लॉक में एक एकीकृत स्वचालित रोबोटिक प्रयोगशाला - 'स्मार्ट लैब' विकसित की है। यह प्रयोगशाला अत्याधुनिक स्वचालित विश्लेषकों से सुसज्जित है, जो पूर्व-विश्लेषणात्मक प्रणाली के साथ एकीकृत है, ताकि मानव हस्तक्षेप न्यूनतम हो, तथा जांच के बाद नमूनों के व्यवस्थित भंडारण और पुनर्प्राप्ति की भी सुविधा है। कोर प्रयोगशाला की सुविधा स्वचालित है और इसमें हर दिन 2 लाख से भी अधिक जांच की जा सकती है।

जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र (जेपीएनएटीसी) में अधिक रोगियों के उपचार के लिए एक नया आपातकालीन खंड बनाया गया है। इस नए खंड में एक ऑपरेशन थियेटर और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक सेमिनार हॉल है।

पुल्मोनरी मेडिसिन और निद्रा विकार विभाग में एक इंटरवेंशनल ब्रोंकोस्कोपी और पुल्मोनोलॉजी प्रयोगशाला स्थापित की गई है। यह उन्नत ब्रोंकोस्कोपिक सैंपलिंग तकनीक, पुल्मोनोलॉजी में थेराप्यूटिक और चिकित्सीय थोरेस्कोस्कॉपी से सुसज्जित है।

सूक्ष्म जैव विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से आधिकारिक मान्यता प्राप्त की।

शिक्षा

अद्वितीय संगठनात्मक संस्कृति, गहन शैक्षिक प्रशिक्षण और विश्वस्तरीय अनुसंधान की दिशा में कार्य करने पर हमेशा जोर देने के कारण एम्स, नई दिल्ली एक प्रमुख शिक्षण संस्थान बना है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ 2019) में आयुर्विज्ञान की श्रेणी में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

भविष्य में आने वाली चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार रहने के लिए, हम मानव पीड़ा के निवारण और स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध नेतृत्वकर्ताओं के एक विविधतापूर्ण समूह का निर्माण करके भविष्य के लिए रचनात्मक रूप से नींव डाल रहे हैं। एम्स के 7 केंद्रों में विभिन्न शिक्षण विभागों, सुविधाओं, 42 अलग-अलग विभागों और 700 से अधिक संकाय सदस्यों सहित 10,000 से अधिक स्टाफ सदस्यों के साथ एम्स, नई दिल्ली में बड़ी संख्या में नर्सों और पैरामेडिकल पेशेवरों सहित आयुर्विज्ञान स्नातक, विशेषज्ञ (एमडी / एमएस), अति विशिष्टता विशेषज्ञ (डीएम/एमसीएच), पीएचडी शोधार्थी, संबद्ध विज्ञान और आधारभूत विज्ञान के विशेषज्ञ तथा नर्से एवं पराचिकित्सा पेशेवर तैयार किए जाते हैं। विगत वर्ष के दौरान, हमने विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 748 शोधार्थियों को पंजीकृत किया। संस्थान ने 467 अल्पकालिक प्रशिक्षुओं को स्नातकोत्तर प्रशिक्षण भी प्रदान किया। एम्स, नई दिल्ली ने अन्य एम्स के लिए एक परामर्शदाता की भूमिका निभानी जारी रखी।

एम्स, नई दिल्ली स्वास्थ्य उपचार के क्षेत्र में काम कर रहे चिकित्सकों और आयुर्विज्ञान के अग्रणी लोगों को चिकित्सा की वास्तविक दुनिया की व्यवस्था, आयुर्विज्ञान और स्वास्थ्य उपचार प्रदान करने में नई पद्धतियों से परिचय कराता है। संस्थान ने हजारों चिकित्सकों और स्वास्थ्य प्रदाताओं को क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा प्रदान की, ताकि कौशल, ज्ञान और प्रदर्शन में सुधार में सहायता मिल सके। हमने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से 180 से अधिक कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन/मेजबानी की। एम्स, नई दिल्ली में आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी (सीएमईटी) केंद्र द्वारा विभिन्न स्टाफ सदस्यों के लिए 53 इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उत्कृष्टता के लिए सहयोगी संस्कृतियों से समन्वय की आवश्यकता होती है। एम्स, नई दिल्ली के अमेरिका में हार्वर्ड विश्वविद्यालय, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और मिशिगन विश्वविद्यालय; यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन; ऑस्ट्रेलिया के डीकिन विश्वविद्यालय, मोनाश विश्वविद्यालय और जॉर्ज इंस्टीट्यूट ऑफ ग्लोबल हेल्थ; कोलोन विश्वविद्यालय, जर्मनी; इरास्मस विश्वविद्यालय, नीदरलैंड; आईआईटी-खड़गपुर और आईआईटी-दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन हैं।

एम्स, नई दिल्ली भविष्य की तैयारी के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश कर रहा है। बी.बी. दीक्षित पुस्तकालय धीरे-धीरे मुख्य ई-संसाधनों (80%) वाली सुविधा के रूप में विकसित हुआ है, जो परिसर के अंदर और बाहर दोनों जगहों पर स्कॉलर साहित्यों तक 24x7 पहुंच प्रदान करता है। इस साल, लाइब्रेरी ने एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक थीसिस और शोध प्रबंध की सुविधा शुरू की है। कैडवेरिक सर्जिकल स्किल सेंटर हर साल 500 से अधिक डॉक्टरों को प्रशिक्षित कर रहा है। सूक्ष्म जैव विज्ञान विभाग में एक पूर्ण सुसज्जित अत्याधुनिक स्नातक-पूर्व प्रायोगिक हॉल आरंभ हो गया है। शरीररचना विभाग ने सहयोगी विकी प्रारूप में स्नातकोत्तर सेमिनार आयोजित करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, यहां एक डिजिटल हिस्टोलॉजी प्रयोगशाला भी स्थापित की गई है।

पाठ्यक्रमों के बहुमूल्य कोष में नए पाठ्यक्रमों को भी जोड़ा गया। जठरांत्र रोग विज्ञान और मानव पोषण विभाग द्वारा गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इंडोस्कोपी, अग्नाशय के रोग, यकृत के रोग और जलन वाले आंत्र रोगों के क्षेत्र में एक उन्नत फेलोशिप कार्यक्रम शुरू किया गया है।

अनुसंधान एवं नवाचार

अनुसंधान एम्स, नई दिल्ली के तीन मिशनों का एक अभिन्न अंग है। संस्थान के प्राथमिक शासनादेशों में से एक शासनादेश उच्च गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के लिए अनुसंधान को प्रोत्साहित करना और विज्ञान के बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। एम्स, नई दिल्ली हमेशा आधारभूत, नैदानिक और ट्रांसलेशनल चिकित्सा अनुसंधान का अग्रणी रहा है और वर्ष 2019 के लिए वेब ऑफ साइंस ग्रुप (क्लेरिवेट एनालिटिक्स) के तहत चिकित्सा और स्वास्थ्य विज्ञान के लिए इंडिया रिसर्च एक्सीलेंस-साइटेशन पत्र पुरस्कार का विजेता भी रहा।

एम्स, नई दिल्ली में अनुसंधान अनुभाग अनुसंधान के लिए मुख्य स्रोत के रूप में कार्य करता है। वर्ष 2019-20 में इस अनुभाग द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वित्त पोषण एजेंसियों से बाह्य-वित्त पोषित 885 अनुसंधान और आंतरिक अनुदानों पर 160 अनुसंधान परियोजनाएं संचालित की गईं, जो 1600 करोड़ रुपये की है तथा विभिन्न अनुसंधान पदों पर लगभग 1700 परियोजना कर्मचारी कार्यरत हैं। फंडिंग एजेंसियों में आईसीएमआर, डीबीटी, डीएसटी, आईएनएसए, सीएसआईआर, डीआरडीओ, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, वेलकम ट्रस्ट, आदि शामिल हैं। सहयोगी अनुसंधान के लिए एम्स, नई दिल्ली ने अनुसंधान निधि भी प्राप्त की है तथा प्रसूति और स्त्रीरोग विज्ञान और अबुर्दविज्ञान विभागों में दो इन्फोसिस चेयर के साथ एम्स एंडोमेंट फंड भी बनाया है।

भारत और स्वीडन ने एम्स, नई दिल्ली में एक हेल्थकेयर इनोवेशन सेंटर शुरू करने के लिए एक उद्देश्य ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह घोषणा स्वीडन के राजा कार्ल सोलहवें गुस्ताफ, केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण, और उनके स्वीडिश समकक्ष श्री इब्राहिम बेलान, और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री हर्ष वर्धन और उनके स्वीडिश समकक्ष श्री माजा फेज़ैस्ताद की उपस्थिति में भारत-स्वीडन व्यापार शिखर सम्मेलन में की गई थी। केंद्र मधुमेह और कैंसर जैसे गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के उपचार में प्रारंभिक निदान और डिजिटल इंटरवेंशन के लिए डिजिटल, स्केलेबल, और सस्ती स्वास्थ्य उपचार सेवाओं को मुख्यधारा में लाएगा।

एम्स, नई दिल्ली में ट्विन अनुसंधान सुविधाओं के संचालन के माध्यम से बुनियादी ढाँचा और क्षमता निर्माण के कार्यों को प्रोत्साहित किया गया जैसे केंद्रीकृत कोर अनुसंधान सुविधा (सीसीआरएफ) और नैदानिक अनुसंधान इकाई (सीआरयू)। सीसीआरएफ को एम्स, नई दिल्ली में उच्च-स्तरीय अनुसंधान सुविधाओं तक पहुंच को सक्षम बनाने और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। यह सुविधा बीएसएल-2/3, जीनोमिक्स, प्रोटियोमिक्स, बायोएनालिटिक्स, बायोइंफोर्मेटिक्स, माइक्रोस्कोपिक इमेजिंग, फ्लो साइटोमेट्री और सामान्य सुविधा के उन्नत क्षेत्रों में समकालीन प्रौद्योगिकियों और प्रयोगशालाओं का एक एकीकृत केंद्र है। नैदानिक अनुसंधान इकाई (सीआरयू) की स्थापना वैश्विक सर्वोत्तम पद्धतियों के अनुपालन में अन्वेषक द्वारा शुरू किए गए अनुसंधान के विकास, अनुप्रयोग और कार्यान्वयन में सहायता करने के लिए की गई है। संस्थान ने एक नवाचार सुविधा प्रभाग और एकीकृत चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (सीआईएमआर) भी शुरू किया है।

रोग को बेहतर ढंग से समझने, इसके उपचार और रोकथाम के प्रयासों को हमारे असाधारण बायोमेडिकल अनुसंधान कार्य द्वारा सहयोग एवं बढ़ावा दिया जाता है। वर्ष 2019-2020 में, एम्स, नई दिल्ली के अनुसंधान समुदाय ने नवाचारों तथा प्रकाशनों में अपने नेतृत्व के माध्यम से स्कॉलरशिप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष के दौरान संस्थान के संकाय-सदस्य एवं वैज्ञानिक 800 से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं में शामिल हुए और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 2200 से अधिक शोध पत्र और 300 से अधिक मोनोग्राफ, पुस्तकें तथा पुस्तकों में अध्याय प्रकाशित किए।

कुछ अनुसंधानों के उदाहरण जो राष्ट्र के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं, उनमें अन्य अनुसंधानों के अतिरिक्त औषध प्रतिरोधी मिरगी से पीड़ित बच्चों हेतु आहार चिकित्सा पर कार्य, तपेदिक के उपचार में नैदानिक चुनौतियों का समाधान करने

के प्रयास, न्यूरोसाइकैट्रिक विकारों के बोझ का अनुमान तथा नवीन शल्यक तकनीक सम्मिलित हैं। औषध प्रतिरोधी मिरगी (जर्नल ऑफ दी अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन में प्रकाशित) से पीड़ित बच्चों के आहार परीक्षण में पाया गया कि किटोजेनिक आहार, संशोधित एटकिन्स आहार के साथ-साथ अल्प शर्करा-रक्तता इंडेक्स थेरेपी आहार ले रहे बच्चों में दौरे काफी कम हो गए; हालांकि, शर्करा-रक्तता आहार के कुछ दुष्प्रभाव थे; उस अवधि में परिवारों को केटोजेनिक आहार का पालन करने में कठिनाई महसूस हुई। एम्स, नई दिल्ली और ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (टीएचएसटीआई) वाली एक बहु-संस्थागत टीम ने तीन सस्ती किट विकसित की हैं जो स्मीयर माइक्रोस्कोपी की सुग्राहिता में सुधार करती है, जैव-सुरक्षित कंटेनरों का उपयोग किए बिना परिवेश के तापमान पर लार के नमूनों के परिवहन करने को आसान करती हैं और दवा प्रतिरोधी टीबी के निदान हेतु डीएनए निकालती हैं। आघात, मनोभ्रंश एवं संज्ञानात्मक दुष्क्रिया रोग के लिए जिम्मेदार कारकों की जांच करने के लिए एम्स, नई दिल्ली और इरास्मस विश्वविद्यालय, रॉटरडैम के नेतृत्व में स्थापित 'इंडो-डच कोहोर्ट स्टडी' से पता चला है कि 70% बुजुर्ग उच्च रक्तचाप से, 40% मधुमेह से, 30% उच्च कोलेस्ट्रॉल से तथा 22% चिंता एवं तनाव विकार से पीड़ित होते हैं। एम्स, नई दिल्ली और पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा भारत के राज्य-स्तरीय रोग बोझ अनुमानों के विश्लेषण दर्शाते हैं कि सात भारतीयों में से एक भारतीय अवसाद, चिंता विकार, सिज़ोफ्रेनिया तथा बाईपोलर विकारों सहित भिन्न-भिन्न गंभीरता वाले मानसिक विकारों से पीड़ित होता है। शल्यक अर्बुद विज्ञान विभाग ने हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय को हटाने की एक प्रक्रिया) करने के लिए एक नई तकनीक विकसित की है जो जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के अतिरिक्त पेल्विस तंत्रिकाओं को नुकसान से तथा मूत्रवाहिका व मूत्राशय को क्षति से बचाती है एवं रक्त की हानि को कम करती है।

सेवा

एम्स, नई दिल्ली अस्पताल, बड़ी संख्या में रोगियों को सस्ती उपचार सेवाएं प्रदान करते हुए उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने में सक्षम रहा है। एम्स, नई दिल्ली मुख्य अस्पताल और इसके केन्द्रों - हृद् वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केंद्र (सीएन सेंटर), जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र (जेपीएनएटीसी), डॉ. बी आर अंबेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल (बीआरएआईआरसीएच), डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र (आरपीसीओएस), दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (सीडीईआर), राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी) – की कुल बेड संख्या 2792 है। वर्ष 2019-2020 के दौरान, एम्स, नई दिल्ली ने लगभग 44.14 लाख बाह्य रोगी एवं 2.68 लाख भर्ती रोगियों का उपचार किया तथा इष्टतम रोगी उपचार सेवा मापदंडों के अनुसार 2.01 लाख से अधिक ऑपरेशन किए जिसमें बिस्तर अधिभोग दर लगभग 85% रही, अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि औसतन 9.5 दिन रही; और लगभग 2% निम्न सकल मृत्यु दर रही। एम्स, नई दिल्ली भारत के भीतर और बाहर, विशेष रूप से दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में निरंतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में अग्रसर रहा है।

प्रयोगशाला चिकित्सा की केंद्रीय संग्रह सुविधा ने अधिक कुशल स्वास्थ्य उपचार प्रदान करने एवं रोगियों की सुविधा हेतु अपने रक्त संग्रह करने की समय सीमा को बढ़ा दिया है। आयुष्मान भारत बीमा योजना के अंतर्गत पैकेज द्वारा कवर नहीं होने वाले महंगे उपचार की आवश्यकता वाले निर्धन रोगी (गरीबी रेखा से नीचे) अब राष्ट्रीय आरोग्य निधि (आरएएन) योजना और स्वास्थ्य मंत्री की कैंसर रोगी निधि के अंतर्गत एम्स, नई दिल्ली एवं केंद्र सरकार के विभिन्न अस्पतालों में 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

एम्स, नई दिल्ली ने एम्स, नई दिल्ली के आसपास 5 किमी की परिधि में एक पायलट परियोजना - मिशन दिल्ली (दिल्ली इमरजेंसी लाइफ हार्ट-अटैक इनिशिएटिव) आरंभ की है जिसमें लोग दिल के दौरे या सीने में दर्द होने पर मोटरसाइकिल वाली आपात चिकित्सा सहायता इकाई को टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं। परियोजना को एम्स, नई दिल्ली के हृद् विज्ञान विभाग एवं आपात चिकित्सा विभाग से संस्थागत सहायता तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) से निधि प्राप्त है। परियोजना के अंतर्गत, मोटरसाइकिल-सवार प्रशिक्षित पराचिकित्सक एवं नर्सिंग अधिकारी की एक जोड़ी हृदयाघात के रोगियों को प्राथमिक उपचार प्रदान करेंगे। वे एम्स, नई दिल्ली के हृदय रोग विशेषज्ञों के साथ डिजिटल रूप से

संपर्क स्थापित करेंगे और चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार प्रदान करेंगे। जिस समय आपातकालीन उपचार प्रदान किया जा रहा होता है तो एक सीएटीएस एम्बुलेंस आएगी और आवश्यकतानुसार आगे के उपचार के लिए रोगी को ले जाएगी। जब रोगी को अस्पताल ले जाया जा रहा होता है तो एम्स, नई दिल्ली के नियंत्रण केंद्र में चौबीसों घंटे तैनात योग्य चिकित्सक, प्रथम उपचार टीम से प्राप्त आंकड़ों का मूल्यांकन करेंगे और रोगी के अस्पताल पहुंचते ही उपचार की अगली प्रक्रिया को तय कर लिया जाएगा।

एम्स, नई दिल्ली और आईसीएमआर वर्चुअल (शरीर में चीरा लगाए/विच्छेदित किए बिना) पोस्टमॉर्टम पर कार्य कर रहे हैं। इस परियोजना से मृत शरीर के गरिमापूर्ण प्रबंधन में मदद मिलेगी। एम्स, नई दिल्ली अन्य केंद्रों को इस तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

मनोचिकित्सा विभाग एवं राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी) ने चिकित्सीय रूप से बीमार रोगियों में व्यसन के विकारों के लिए सेवाओं में सुधार हेतु 'कंसलटेशन लाइजन एडिक्शन साइकैट्री' सेवाएँ आरंभ की हैं। इसके अतिरिक्त, एनडीडीटीसी ने अपनी तरह की एक अनोखी पहल करते हुए पूर्वी दिल्ली के अंतःशहरी इलाकों में ओपियोइड की लत वाले व्यक्तियों को उपचार प्रदान करने के लिए मोबाइल मेथाडोन वैन शुरू की है।

एम्स, नई दिल्ली ने गिरने के जोखिम का आकलन करने और अधिक जोखिम वाले बुजुर्ग व्यक्तियों को निवारक इंटरवेन्शन प्रदान करने के लिए एक समर्पित सुविधा आरंभ की है। एसएटीएचआई (साथी) नाम की सुविधा (सेव दी हिप इनिशिएटिव) 65 वर्ष से अधिक आयु के उन लोगों की जांच करेगी जो अस्थिरोग और जराचिकित्सा बाह्य रोगी विभागों में आते हैं। अस्थिरोग विभाग ने एक उन्नत गैट प्रयोगशाला और 3डी प्रिंटिंग प्रयोगशाला भी स्थापित की है।

भारी धातु/अन्य तत्व विषाक्तता का पता लगाने और रक्त में माइक्रोन्यूट्रिएंट खनिजों के आकलन हेतु शरीर रचना विभाग में एक नैदानिक इकोटॉक्सीकोलॉजी (नैदानिक एवं अनुसंधान) सुविधा स्थापित की गई है।

एम्स, नई दिल्ली ने पिछले वर्ष 2,234 कॉर्निया को पुनः प्राप्त किया जो पिछले 50 वर्षों में सबसे अधिक था। संस्थान ने 65% उपयोग दर के साथ कम से कम 1,426 कॉर्निया ऊतकों का प्रत्यारोपण भी किया जो राष्ट्रीय औसत से बहुत अधिक है।

जन-स्वास्थ्य

स्वास्थ्य उपचार सेवाओं में सुधार हेतु बनाई गई जन-नीतियों के विकास के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निकायों द्वारा प्रायः एम्स, नई दिल्ली के संकाय-सदस्यों से परामर्श लिया जाता है। एनडीडीटीसी द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट 'मैग्नीट्यूड ऑफ सब्सटेंस यूज़ इन इंडिया' के आधार पर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2018-2023 के लिए औषध मांग में कमी हेतु एक राष्ट्रीय कार्य योजना तैयार की है। इस योजना के अंतर्गत 127 अतिसंवेदनशील जिलों में आउटरीच और ड्रॉप-इन सेंटर (ओडीआईसी) स्थापित किए जाएंगे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और एम्स, नई दिल्ली ने मानसिक स्वास्थ्य पर एक विद्यालय कल्याण कार्यक्रम, एमएटीई (माइंड एक्टिवेशन थ्रू एजुकेशन) परियोजना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। परियोजना का उद्देश्य निजी एवं सरकारी दोनों विद्यालयों के 2,000 छात्रों तक पहुँचना है। यह उन्हें स्वयं के साथ संबंध, यौन शिक्षा, तनाव का सामना करने, स्वयं एवं अन्य के लिए सम्मान, संदिग्ध पदार्थ एवं इंटरनेट का इस्तेमाल, तथा मन एवं शरीर के बीच संतुलन जैसे मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाएगा।

तिहाड़ जेल परिसर की 16 जेलों में कैद 16,000 से अधिक कैदियों में मानसिक और व्यवहार संबंधी विकारों पर नजर रखने के लिए, दिल्ली जेल प्रशासन ने मनोचिकित्सा विभाग, एम्स, नई दिल्ली के सहयोग से कैदियों को परामर्श प्रदान करने के लिए एक परियोजना आरंभ की है। 'समर्थन परियोजना' के अंतर्गत लगभग 7000 कैदियों का मूल्यांकन किया गया और उन्हें परामर्श प्रदान किया गया और इसके कारण दिल्ली की जेलों में आत्महत्या की और हिंसा के विभिन्न प्रकारों की दर में उल्लेखनीय कमी आई है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं मंद दृष्टि सर्वेक्षण (2019) को 24 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र के सामुदायिक नेत्रविज्ञान प्रभाग द्वारा संचालित किया गया। इस सर्वेक्षण में लगभग 1.11 लाख लोगों का सर्वेक्षण करते हुए यह ज्ञात हुआ कि देश में दृष्टिहीनता के प्रसार में कम से कम 30% तक की कमी आई है। सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि भारत में मोतियाबिंद दृष्टिहीनता का प्रमुख कारण है।

एम्स, नई दिल्ली ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से मुख स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता हेतु 'ई-दंत सेवा' नामक एक वेबसाइट एवं मोबाइल एप्लिकेशन को प्रारंभ किया है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वारा दंत आपात एवं मुख संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार में समय पर सलाह हेतु सूचना, शिक्षा एवं सम्प्रेषण (आई.ई.सी.) सामग्री प्रदान की जाती है। साथ ही इसमें राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा दंत सुविधाओं एवं महाविद्यालयों (जी.पी.आर.एस. रूट तथा सुगम पहुँच के लिए सुविधा की सेटेलाइट इमेज के साथ) की सूची के विषय में जानकारी शामिल है। इसके अतिरिक्त, दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र ने देशभर के केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षकों को मुख संबंधी स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया है, ताकि वे विद्यार्थियों को दंत संबंधी स्वच्छता एवं स्वास्थ्यकर भोजन के महत्त्व के विषय में संवेदनशील बना सकें।

स्वच्छ एम्स

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और श्री जे.पी. नड्डा, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री द्वारा एम्स, नई दिल्ली में फर्श पर पोंछा लगाया गया एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को मनाने के लिए "सेवा सप्ताह" प्रारंभ करने हेतु सफाई कर्मचारियों से मुलाक़ात की। इस संदर्भ में, महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर, एम्स, नई दिल्ली ने प्लास्टिक के एकल-उपयोग के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाने के लिए जागरूकता अभियान का संचालन किया। इसके अतिरिक्त, अस्पताल द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट को विसंक्रमित करने एवं रिसाइक्लिंग को सक्षम बनाने हेतु जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट में से प्लास्टिक को पृथक करना प्रारंभ किया गया।

एम्स, नई दिल्ली ने लगातार तीसरे वर्ष केंद्र सरकार की सभी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कायाकल्प पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस पुरस्कार के अंतर्गत स्वच्छता के उच्चतम मानक बनाए रखने वाले अस्पतालों को सम्मानित किया जाता है तथा यह पुरस्कार भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

कोविड प्रतिक्रिया

भयावह स्वास्थ्य संकट के समय में, एम्स, नई दिल्ली ने लोगों की पीड़ा को कम करने के और स्वास्थ्य में सुधार हेतु कार्य एवं सेवा, खोज, स्कॉलरशिप तथा नेतृत्व द्वारा सभी का हित साधने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। एम्स, नई दिल्ली ने एस.ए.आर.एस- सी.ओ.वी.-2 की प्रकृति को समझने एवं नियंत्रण व उपचार रणनीतियों के विकास संबंधी प्रयासों को शुरू करते हुए कोविड-19 से संक्रमित लोगों को गुणात्मक उपचार प्रदान करने के लिए कार्य आरंभ किया।

संक्रामक रोग के प्रकोप से निपटने में व्यापक अनुभव रखने वाले एम्स, नई दिल्ली के संकाय-सदस्यों ने व्यापक जांच क्षमताओं, स्वास्थ्य उपचार प्रदाताओं के लिए अधिक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण एवं अस्पताल की वृहद् क्षमता हेतु

आवश्यकताओं की पहचान की। एम्स, नई दिल्ली ने कोविड-19 के लिए उपचार संबंधी प्रोटोकॉल के विकास हेतु टास्क फोर्स का भी गठन किया तथा महामारी के कारण उत्पन्न विभिन्न चुनौतियों पर प्रतिक्रिया देने के लिए कई समितियों का गठन किया। संस्थान ने स्क्रीनिंग, रेपिड जांच एवं रोकथाम द्वारा नियंत्रण संबंधी प्रयासों के मार्गदर्शन में सहायता करने के लिए अन्य संस्थानों के साथ भी भागीदार की। एम्स, नई दिल्ली ने जनता के लिए कई भाषाओं में कोविड-19 सूचनात्मक संसाधनों का विकास किया।

बहुत कम समयावधि में, एम्स, नई दिल्ली के संकाय-सदस्यों ने जयप्रकाश नारायण एपेक्स ट्रामा केंद्र एवं राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एन.सी.आई.), झज्जर, जिनमें 1000 से अधिक बिस्तर (100 से अधिक गहन देखभाल/उच्च निर्भरता इकाई बिस्तर) हैं, को कोविड-19 अस्पतालों में बदलते हुए भारत में कोविड नैदानिक प्रतिक्रिया का नेतृत्व करने, स्टाफ-सदस्य तथा डिज़ाइनिंग में सहायता प्रदान की। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने पूरे भारत में उपचार में एकरूपता एवं गुणवत्ता नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिए देशभर के स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्त्ताओं एवं संस्थानों द्वारा अनुसरण किए जाने वाले उपचार प्रोटोकॉल पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एम्स, नई दिल्ली में 24X7 कार्य करने वाले कॉल सेंटर की स्थापना भी की।

एम्स, नई दिल्ली के शैक्षिक कार्यक्रमों को तेजी से तैयार किया गया ताकि पूरे समाज के स्वास्थ्य की रक्षा करते समय संभव परिस्थितियों के तहत सर्वोत्तम अधिगम अनुभवों को प्रदान किया जा सके। संकाय-सदस्य, विद्यार्थी एवं स्टाफ-सदस्यगण नए शिक्षा-विज्ञान संबंधी उपागमों का प्रयोग करते हुए दूरस्थ अधिगम एवं ऑफ-साइट काम करने के लिए तत्काल क्रियाशील हो गए।

एम्स, नई दिल्ली के चिकित्सकों के कोरोना वायरस के खिलाफ जंग के मार्मिक संदेश वाले एक पोस्टर "मैं तुम्हारे लिए काम पर बाहर हूँ ... तुम हमारे लिए घर पर रहो" को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से न केवल प्रशंसा मिली बल्कि एक ट्वीट में, श्री मोदी जी ने इस संदेश ("बखूबी कहा, डॉक्टर!") के लिए डॉक्टर की सराहना भी की और साथ ही कोरोना वायरस के खिलाफ जंग के दौरान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कई चिकित्सकों की सराहना की।

अतीत की झलक और नई पहचान

राजकुमारी अमृत कौर, एक स्वतंत्रता-सेनानी, महात्मा गांधी की सचिव एवं भारत की प्रथम महिला कैबिनेट मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री थीं जिनके कुशल प्रबंधन ने एम्स, नई दिल्ली के निर्माण में अहम भूमिका निभाई और उनका नाम टाइम पत्रिका की उन 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में था जिन्होने बीती शताब्दी को नई परिभाषा दी। राजकुमारी अमृत कौर ने बहुत से महिला-केंद्रित सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर कार्य किया था जैसे कि पर्दा-प्रथा, बाल विवाह तथा देवदासी प्रथा। वे भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जेल में भी रही थीं।

स्वीडन की महामहिम, रानी सिल्विया ने दिनांक 03 दिसम्बर 2019 को जराचिकित्सा विभाग की स्मृति एवं मनोभ्रंश सेवा का दौरा किया ताकि वे मनोभ्रंश उपचार में अपनी रूचि होने के कारण भारत में प्रदान किए जाने वाले उपचार से अपने-आप को परिचित करा सकें।

संस्थान में विश्व स्वास्थ्य संगठन कई सहयोगी केंद्र (डब्ल्यू.एच.ओ. सी.सी.) अर्थात् सामुदायिक-आधारित गैर-संचारी रोग (एन.सी.डी) रोकथाम एवं नियंत्रण (सामुदायिक चिकित्सा केंद्र) में अनुसंधान एवं क्षमता निर्माण हेतु डब्ल्यू.एच.ओ. सी.सी., सब्सटेन्स एब्यूज (राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र) पर डब्ल्यू.एच.ओ. सी.सी., दृष्टिहीनता की रोकथाम (डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र) हेतु डब्ल्यू.एच.ओ. सी.सी., मुख संबंधी स्वास्थ्य प्रोत्साहन (दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र) के लिए डब्ल्यू.एच.ओ. सी.सी., नवजात उपचार में नवजात प्रशिक्षण एवं अनुसंधान हेतु डब्ल्यू.एच.ओ. सी.सी., नैदानिक एवं प्रयोगशाला अनुवांशिकी (बाल चिकित्सा विभाग) में प्रशिक्षण पर डब्ल्यू.एच.ओ. सी.सी. तथा क्षयरोग (काय- चिकित्सा विभाग) में प्रशिक्षण

तथा अनुसंधान हेतु डब्ल्यू.एच.ओ. सी.सी. स्थापित हैं। संस्थान द्वारा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के कई 'उन्नत अनुसंधान एवं उत्कृष्टता केंद्र' (केयर) अर्थात वर्चुअल ऑटोप्सी (न्याय चिकित्सा विभाग) में केयर, अग्नाशय संबंधी रोग में केयर तथा आंत संबंधी रोग (जठरान्त्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण विभाग) में केयर, न्यूरोमोड्यूलेशन (मनोविकार चिकित्सा विभाग) में केयर, वृक्क विज्ञान में केयर, पुल्मोनोलॉजी में केयर तथा चाइल्डहुड न्यूरोडेवलपमेंट डिसऑडर में केयर (बाल चिकित्सा विभाग) में सहायता भी प्रदान की जाती है।

सामुदायिक चिकित्सा केंद्र को एनीमिया नियंत्रण पर राष्ट्रीय उत्कृष्टता एवं उन्नत अनुसंधान केंद्र (एन.सी.ई.ए.आर.ए) तथा एच.आई.वी. सर्विलेंस हेतु राष्ट्रीय संस्थान के लिए नामित किया गया था। दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय मुख संबंधी स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामित किया।

एम्स, नई दिल्ली ने गुणवत्तापूर्ण लागत प्रभावी सस्ती सेवा प्रदान करने तथा नवाचार जैवचिकित्सीय अनुसंधान के माध्यम से भारतीय जनता को बेहतर स्वास्थ्य उपचार प्रदान करने के सरकार के प्रयास में सहायता प्रदान करने हेतु मिले अपने शासनादेश को पूरा करने का विशुद्ध प्रयास किया है। जैसे ही हम प्रत्येक उस वर्ष में प्रवेश करते हैं जो हमारे संकल्प को परखेगा, मैं शांत आश्वासन के साथ ऐसा कहता हूँ कि एम्स, नई दिल्ली समुदाय भारत के लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ रहेगा। इस महान संस्थान की सेवा करना और कार्यशील लोगों के साथ काम करना एक दुर्लभ सौभाग्य रहा है। मैं एम्स, नई दिल्ली के उस प्रत्येक व्यक्ति के प्रति अपना विनम्र आभार व्यक्त करता हूँ जिसकी वचनबद्धता ने इस संस्थान को एक अद्वितीय संस्थान बना दिया है।

रणदीप गुलेरिया
निदेशक

2. संस्थान और इसकी समितियां

संस्थान निकाय

1.	*डॉ. हर्ष वर्धन* स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	अध्यक्ष (3 जुलाई, 2019 से)
	श्री जगत प्रकाश नड्डा	अध्यक्ष (2 जुलाई, 2019 तक)
2.	*श्री रमेश बिधूड़ी, सांसद (लोकसभा)* म. नं. 179, सनपत हाउस, तुगलकाबाद गांव, नई दिल्ली 110044	सदस्य
3.	*श्री मनोज कुमार तिवारी, सांसद (लोकसभा)* 24 मदर टेरसा क्रिसेंट मार्ग, नई दिल्ली 110001	सदस्य (23 अगस्त, 2019 से)
	श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, सांसद (लोकसभा)	सदस्य (22 अगस्त, 2019 तक)
4.	*प्रोफेसर राम गोपाल यादव, सांसद (राज्य सभा)* 8–ए, लोधी स्टेट, नई दिल्ली 110003	सदस्य
5.	*श्री अमित खरे* सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली 110001	सदस्य (16 दिसम्बर, 2019 से)
	श्री आर. सुब्रह्मण्यम	सदस्य (15 दिसम्बर, 2019 तक)
6.	*डॉ. एम. के. भान* पूर्व सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य (26 जनवरी, 2020 तक)
7.	*श्रीमती प्रीति सूदन* सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य
8.	*प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी* कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली 110007	सदस्य (पदेन)

2_______.indd 9 22-Jan-21 9:07:54 PM

9.	*डॉ. राजीव गर्ग* महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य (पदेन) (दिनांक 1 जनवरी, 2020 से)
	डॉ. एस. वेंकटेश महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य (पदेन) (दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 तक)
10.	*डॉ. डी. एस. राणा* अध्यक्ष, प्रबंधन बोर्ड, सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली	सदस्य
11.	*डॉ. (श्रीमती) विजय लक्ष्मी सक्सेना* पूर्व महासचिव, भारतीय विज्ञान कॉग्रेस एसोसिएशन, (आई.एस.सी.ए.), कोलकाता, पश्चिम बंगाल, समन्वयक, जैव सूचना विज्ञान डीबीटी (भारत सरकार) का मूलसंरचना सुविधा केंद्र, अध्यक्ष, प्राणिविज्ञान विभाग, दयानंद कन्या पी.जी कॉलेज, कानपुर, उत्तर प्रदेश 7/182, स्वरूप नगर, कानपुर 208002, उत्तर प्रदेश	सदस्य
12.	*डॉ. महेश बी. पटेल* एफ–001, शिलालेख टॉवर, पुलिस स्टेडियम के सामने, शाही बाग, अहमदाबाद 380004, गुजरात	सदस्य
13.	*डॉ. डी. जी. म्हैसकर* कुलपति, महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय डिंडोरी रोड, महासरूल, नासिक 422004, महाराष्ट्र	सदस्य
14.	*डॉ. एन. गोपालकृष्णन* आचार्य (वृक्क विज्ञान), मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नई 600003, तमिलनाडु	सदस्य
15.	*डॉ. डी. एस. गंगवार* अपर सचिव और वित्त सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य
16.	*प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया* निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य–सचिव

17.	*श्री सुभाष पंत* संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली 110001	विशेष आमंत्रित
18.	*प्रोफेसर वी.के. बहल* संकायाध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	विशेष आमंत्रित
19.	*डॉ. डी. के. शर्मा,* चिकित्सा अधीक्षक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	विशेष आमंत्रित

शासी निकाय

1.	*डॉ. हर्ष वर्धन*	अध्यक्ष (3 जुलाई, 2019 से)
	श्री जगत प्रकाश नड्डा	अध्यक्ष (2 जुलाई, 2019 तक)
2.	*प्रोफेसर राम गोपाल यादव, सांसद (राज्य सभा)* सदस्य	
3.	*श्री रमेश बिधूड़ी, सांसद (लोकसभा)* सदस्य	
4.	*श्रीमती प्रीति सूदन*	सदस्य
5.	*श्री अमित खरे*	सदस्य (16 दिसम्बर, 2019 से)
	श्री आर. सुब्रह्मण्यम	सदस्य (15 दिसम्बर, 2019 तक)
6.	*डॉ. डी. एस. राणा*	सदस्य
7.	*डॉ. राजीव गर्ग*	सदस्य (पदेन) (दिनांक 1 जनवरी, 2020 से)
	डॉ. एस. वेंकटेश	सदस्य (पदेन) (दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 तक)
8.	*डॉ. महेश बी. पटेल*	सदस्य
9.	*डॉ. डी. जी. म्हैसकर*	सदस्य
10.	*डॉ. डी.एस. गंगवार*	सदस्य
11.	*प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया* निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य–सचिव
12.	*प्रोफेसर वी.के. बहल* संकायाध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	विशेष आमंत्रित

13. *डॉ. डी. के. शर्मा,* विशेष आमंत्रित
चिकित्सा अधीक्षक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

वित्त समिति

1.	*श्रीमती प्रीति सूदन*	अध्यक्ष
2.	*श्री परवेश साहिब सिंह वर्मा, सांसद (लोक सभा)*	सदस्य (22 अगस्त, 2019 तक)
3.	*डॉ. राजीव गर्ग*	सदस्य (पदेन) (दिनांक 1 जनवरी, 2020 से)
	डॉ. एस. वेंकटेश	सदस्य (पदेन) (दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 तक)
4.	*श्री अमित खरे*	सदस्य (16 दिसम्बर, 2019 से)
	श्री आर. सुब्रह्मण्यम	सदस्य (15 दिसम्बर, 2019 तक)
5.	*डॉ. एम. के. भान*	सदस्य (26 जनवरी, 2020 तक)
6.	*डॉ. डी. जी. म्हैसकर*	सदस्य
7.	*डॉ. डी. एस. गंगवार*	सदस्य
8.	*प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया* निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य–सचिव

स्थायी शैक्षिक समिति

1.	*डॉ. महेश बी. पटेल*	अध्यक्ष
2.	*डॉ. राजीव गर्ग*	सदस्य (पदेन) (दिनांक 1 जनवरी, 2020 से)
	डॉ. एस. वेंकटेश	सदस्य (पदेन) (दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 तक)
3.	*डॉ. एम. के. भान*	सदस्य (26 जनवरी, 2020 तक)
4.	*श्री अमित खरे* *श्री आर. सुब्रह्मण्यम*	सदस्य (16 दिसम्बर, 2019 से) सदस्य (15 दिसम्बर, 2019 तक)

5.	*डॉ. डी. जी. म्हैसकर*	सदस्य
6.	*डॉ. डी. एस. राणा*	सदस्य
7.	*डॉ. (श्रीमती) विजय लक्ष्मी सक्सेना*	सदस्य
8.	*प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया* निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य–सचिव

स्थायी संपदा समिति

1.	*प्रोफेसर राम गोपाल यादव, सांसद (राज्य सभा)*	अध्यक्ष
2.	*श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, सांसद (लोकसभा)*	सदस्य (22 अगस्त, 2019 तक)
3.	*डॉ. डी. एस. राणा*	सदस्य
4.	*डॉ. राजीव गर्ग*	सदस्य (पदेन) (दिनांक 1 जनवरी, 2020 से)
	डॉ. एस. वेंकटेश	सदस्य (पदेन) (दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 तक)
5.	*प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी*	सदस्य (पदेन)
6.	*डॉ. डी. एस. गंगवार*	सदस्य
7.	*डॉ. एन. गोपालकृष्णन*	सदस्य
8.	*प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया* निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य–सचिव

स्थायी अस्पताल कार्य समिति

1.	*श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, सांसद (लोकसभा)*	अध्यक्ष (22 अगस्त, 2019 तक)
2.	*श्री रमेश बिधूड़ी, सांसद (लोकसभा)*	सदस्य
3.	*डॉ. डी. एस. राणा*	सदस्य
4.	*डॉ. (श्रीमती) विजय लक्ष्मी सक्सेना*	सदस्य

5.	*डॉ. एम. के. भान*	सदस्य (26 जनवरी, 2020 तक)
6.	*डॉ. डी. जी. म्हैसकर*	सदस्य
7.	*डॉ. एन. गोपालकृष्णन*	सदस्य
8.	*प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया* निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य–सचिव

स्थायी चयन समिति

1.	*डॉ. डी. एस. राणा*	अध्यक्ष
2.	*डॉ. राजीव गर्ग*	सदस्य (पदेन) (दिनांक 1 जनवरी, 2020 से)
	डॉ. एस. वेंकटेश	सदस्य (पदेन) (दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 तक)
3.	*डॉ. डी. जी. म्हैसकर*	सदस्य
4.	*डॉ. एम. के. भान*	सदस्य (26 जनवरी, 2020 तक)
5.	*डॉ. महेश बी. पटेल*	सदस्य
6.	*श्री अमित खरे*	सदस्य (16 दिसम्बर, 2019 से)
	श्री आर. सुब्रह्मण्यम	सदस्य (15 दिसम्बर, 2019 तक)
7.	*डॉ. एन. गोपालकृष्णन*	सदस्य
8.	*प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया* निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य–सचिव

3. शैक्षिक अनुभाग

संकायाध्यक्ष
वी.के. बहल

सह–संकायाध्यक्ष
राजीव कुमार

कुल–सचिव
संजीव लालवानी

शैक्षिक अनुभाग द्वारा नीतियां एवं योजनाएं बनाई जाती हैं तथा शैक्षिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है। इन गतिविधियों के अंतर्गत चिकित्सा, नर्सिंग तथा पराचिकित्सा पाठ्यक्रमों हेतु स्नातक–पूर्व, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल कार्यक्रम आते हैं। इन गतिविधियों का संचालन स्नातक–पूर्व, स्नातकोत्तर तथा परा–चिकित्सा प्रकोष्ठों द्वारा किया जाता हैं।

स्नातक-पूर्व शिक्षा

अनुभाग द्वारा नए छात्रों के प्रवेश के उपरांत की औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं, पाठ्यक्रमों का विकास एवं संशोधन किया जाता है तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले स्नातक–पूर्व छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन करने के साथ ही शैक्षिक कार्यक्रम प्रदान किए जाते हैं। इन पाठ्यक्रमों में एम.बी.बी.एस., बी.एस.सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी, नेत्रविज्ञान तकनीक, ऑपरेशन थिएटर प्रौद्योगिकी, बी.एससी. दंत स्वच्छता, बी.एससी. दंत ऑपरेटिंग कक्ष सहायक (डीओआरए), बी.एससी. नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट) एवं बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं।

चिकित्सा स्नातक एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (एम.बी.बी.एस.)

जुलाई 2004 में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में शिक्षा के पैटर्न की समीक्षा तथा पुनर्रचना की गई। एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम साढ़े पांच वर्ष का है तथा इस अवधि में 3 चरण और इंटर्नशिप होती है। विवरण निम्नानुसार हैं:

चरण	*अवधि (वर्षों में)*	*प्रशिक्षण*
प्रथम	एक वर्ष	पूर्व–नैदानिक
द्वितीय	डेढ़ वर्ष	परा–नैदानिक
तृतीय	दो वर्ष	नैदानिक
इंटर्नशिप	एक वर्ष	विभिन्न विभागों में अनिवार्य रूप से रोटेशन

वर्तमान में प्रतिवर्ष 100 (50 सामान्य श्रेणी, 15 अनुसूचित जाति, 8 अनुसूचित जनजाति एवं 27 अन्य पिछड़े वर्ग) भारतीय छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। इस प्रवेश का आधार अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अर्हता है। दिव्यांग (पी डब्ल्यू डी) व्यक्तियों को 5% क्षैतिज आधार पर आरक्षण दिया जाता है। इन 100 सीटों के लिए, 3,89,923 आवेदन प्राप्त हुए एवं दिनांक 25 एवं 26 मई, 2019 को आयोजित प्रवेश परीक्षा में 3,38,457 अभ्यर्थी शामिल हुए। 31 मार्च 2020 को एमबीबीएस के 73 इंटर्न सहित 467 विद्यार्थी पंजीकृत थे। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की अनुशंसा पर 7 विदेशी नागरिकों को प्रवेश देने का प्रावधान है जिसके तहत 7 विदेशी नागरिक प्रवेश हेतु अनुशंसित किए गए।

व्यावसायिक परीक्षाओं के प्रथम, द्वितीय तथा अंतिम चरण में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले नौ योग्य एम.बी.बी.एस. छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

वर्ष 2019 में, शैक्षिक अनुभाग द्वारा इस शैक्षिक समिति के अनुमोदन से स्नातक पूर्व पाठ्यक्रम के भाग के रुप में दक्षता प्रशिक्षण आरंभ किया गया। संकाय ने स्नातकपूर्व एमबीबीएस छात्रों के लिए अनिवार्य समझे जाने वाली दक्षताओं हेतु प्रशिक्षण मॉड्यूल्स की पहचान की

3_ssss.indd 15 22-Jan-21 9:12:35 PM

एवं उन्हें विकसित किया। इन मॉड्यूल्स का विकास एसईटी सुविधा (विवरण निम्नलिखित है) के साथ किया गया एवं स्नातक–पूर्व शिक्षण में संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा इन्हें प्रदान किया गया है।

दक्षता प्रशिक्षण हेतु दबाव के अनुक्रम में शैक्षिक अनुभाग ने दक्षता में प्रशिक्षण एवं दक्षता संरक्षता कार्यक्रम को विकसित करने को सीखने के लिए प्रायोजकता जर्मनी एकेडमिक एक्सचेंज सर्विस (डीएएडी) के तहत कोलोजन विश्वविद्यालय, जर्मनी की कोलोजन इंटर–प्रोफेशनल स्किल्स लैब में जाने के लिए 3 संकाय–सदस्यों सहित 15 एमबीबीएस स्नातक पूर्व छात्रों को भेजने का प्रबंध किया।

पांच एमबीबीएस छात्रों को यूसीएल ग्लोबल हेल्थकेयर इंजीनियरिंग सिंपोजिएम जुलाई 2019 में भाग लेने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ इंजीनियरिंग में विश्वविद्यालय कॉलेज, लंदन जाने के लिए प्रायोजित किया गया। तीन संकाय –सदस्य भी इनके साथ थे।

इसके अतिरिक्त आईआईटी–दिल्ली, आईजीआईबी–दिल्ली एवं टीएचएसटीआई–फरीदाबाद में ग्रीष्मकालीन कार्यशालाएं आयोजित की गई जिसमें स्नातकपूर्व छात्रों ने अनुसंधान हितों को विकसित करने एवं आगामी विकास के लिए प्रोटोटाइप यंत्रों को बनाने में समय लगाया।

परा-चिकित्सा तथा नर्सिंग शिक्षा

वर्ष 2019–20 में, बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम में 77 छात्रों (39 सामान्य श्रेणी, 11 अनुसूचित जाति, 6 अनुसूचित जनजाति एवं 21 अन्य पिछड़े वर्ग, 2 विदेशी नागरिक) को प्रवेश दिया गया। बी.एससी नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट) पाठ्यक्रम में 34 छात्रों (20 सामान्य श्रेणी, 6 अनुसूचित जाति, 2 अनुसूचित जनजाति, 6 अन्य पिछड़े वर्ग तथा 1 विदेशी नागरिक) को प्रवेश दिया गया। विभिन्न बी. एससी. (ऑनर्स) पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्र निम्नानुसार थे :

पाठ्यक्रम	*कुल*	*सामान्य*	*अनुसूचित जाति*	*अनुसूचित जनजाति*	*अन्य पिछड़े वर्ग*	*विदेशी*
नेत्र विज्ञान तकनीक	19	10	3	1	5	1
रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी	10	5	2	0	2	1
ऑपरेशन थिएटर प्रौद्योगिकी	5	3	1	0	1	0
दंत स्वच्छता	3	1	0	1	1	0
दंत ऑपरेटिंग कक्ष सहायक	8	5	1	0	2	0

दिनांक 31 मार्च 2020 के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों की संख्या निम्नलिखित है:

पाठ्यक्रम	*छात्रों की संख्या*
नर्सिंग	
बी.एससी. नर्सिंग (पोस्ट बेसिक)	51
बी.एससी (ऑनर्स) नर्सिंग	284
परा – चिकित्सा	
बी.एससी. (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक	65
बी.एससी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी	29
बी.एससी. शल्यक्रिया कक्ष प्रौद्योगिकी	25
बी.एससी. दंत स्वच्छता	5
बी.एससी. दंत शल्यक्रिया कक्ष सहायक(डीओआरए)	14

स्नातकोत्तर शिक्षा

शैक्षिक अनुभाग द्वारा जूनियर तथा सीनियर रेजीडेंटों सहित स्नातकोत्तर छात्रों के प्रवेश तथा प्रशिक्षण संबंधी सभी गतिविधियों का संचालन किया जाता है। इस अनुभाग द्वारा विभिन्न विषयों में फेलोशिप, पीएच.डी., डी.एम., एम.सीएच, एम.डी., एम.एस., एम.डी.एस., एम.सीएच./ डी.एम.(सीधा 6 वर्षीय पाठ्यक्रम) एम. बायोटेक्नोलॉजी (एम. बायोटेक) तथा एम.एस.सी पाठ्यक्रमों से संबंधित सभी गतिविधियों का संचालन भी किया जाता है।

भारतीय नागरिकों तथा प्रायोजित उम्मीदवारों को सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के द्वारा दिया जाता है। सभी एम.एससी, एम.एससी नर्सिंग तथा एम. बायोटेकनोलॉजी पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष में एक बार प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है तथा अन्य सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष में दो बार परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रायोजित श्रेणी के अंतर्गत, विदेशी नागरिकों को भी उसी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। वर्ष 2019–20 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में 748 छात्रों को प्रवेश दिया गया। 31 मार्च 2020 तक पंजीकृत स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल छात्रों की कुल संख्या 1966 थी।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश-

पाठ्यक्रम का नाम	*जुलाई २०१९*	*जनवरी २०२०*	*कुल*
एम.एससी./एम. बायोटेक/एम.एससी. नर्सिंग (अगस्त)*	94	–	94
एमडी/एमएस/एमडीएस/एमसीएच./डी.एम. (सीधे 6 वर्ष)	173	188	361
डीएम/एमसीएच	74	102	176
पी–एच.डी	45	45	90

पाठ्यक्रम का नाम	जुलाई २०१९	जनवरी २०२०	कुल
फेलोशिप	12	15	27
कुल	398	350	748

*दाखिले वर्ष में एक बार किए जाते हैं।

पंजीकृत स्नातकोत्तर छात्र

पाठ्यक्रम का नाम	पंजीकृत छात्रों की संख्या
पी–एच.डी.	268
डीएम	379
एम.सीएच	183
फेलोशिप कार्यक्रम	45
एमडी	739
एमएस	105
एमडीएस	65
एम.एससी / एम. बायोटेक / एम.एससी. नर्सिंग	182
कुल	१९६६

पंजीकृत पी-एच.डी. छात्रों का विषय-वार वितरण :-

विषय	ओपन	प्रायोजित
अर्बुद–संवेदनाहरण विज्ञान प्रशामक चिकित्सा (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	0	1
संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा एवं गंभीर उपचार	0	1
स्वेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा एवं गंभीर उपचार (जेपीएनएटीसी)	1	0
शरीर रचना विज्ञान	23	0
जैव रसायन	42	0
जैव भौतिकी	22	0
जैव प्रौद्योगिकी	5	0
हृद् संवेदनाहरण विज्ञान	0	1
त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान	3	0
हृद् जैव रसायन	1	0
हृद् वक्ष केंद्र (मूल कोशिका)	2	0
सामुदायिक चिकित्सा	3	0
नैदानिक तंत्रिका मनोविज्ञान	1	0
सामुदायिक नेत्र विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	2	0
न्यायचिकित्सा विकृतिविज्ञान एवं आण्विक डीएनए (जेपीएनएटीसी)	1	0
हृद् विज्ञान	1	0
अंतःस्राविकी एवं चयापचय	4	0
न्याय चिकित्सा	1	0
जठरांत्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण एकक	5	0
प्रयोगशाला चिकित्सा	3	0
प्रयोगशाला चिकित्सा (जेपीएनएटीसी)	1	0
प्रयोगशाला अर्बुद विज्ञान	10	0
चिकित्सा अर्बुद विज्ञान (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	7	0

विषय	*ओपन*	*प्रायोजित*
चिकित्सा भौतिकी (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	1	1
सूक्ष्मजीव विज्ञान	5	1
तंत्रिका संवेदनाहरण विज्ञान	0	1
तंत्रिका विकिरण विज्ञान	1	0
तंत्रिका विज्ञान	17	0
तंत्रिका शल्य चिकित्सा	2	0
नाभिकीय चुम्बकीय अनुनाद	5	1
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान	1	0
नेत्र जैव रसायन (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	1	0
नेत्र विकृति विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	2	0
नेत्र भेषजगुण विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	1	0
बाल चिकित्सा (आनुवंशिक)	1	0
बाल चिकित्सा	2	0
विकृति विज्ञान	10	0
भेषजगुण विज्ञान	14	0
शरीर क्रिया विज्ञान	22	0
मनोचिकित्सा (व्यसन मनोचिकित्सा)	1	0
मनोचिकित्सा (नैदानिक मनोविज्ञान)	4	0
मनोचिकित्सा	2	0
पल्मोनरी चिकित्सा और निद्रा विकार	4	0
विकिरणनिदान	0	1
विकिरण चिकित्सा	0	1
प्रजनन जीवविज्ञान	11	0
मूल कोशिका	1	0
शल्य चिकित्सा	2	0
शल्य चिकित्सा (जेपीएनएटीसी)	1	1
प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी	5	2
कुल	**254**	**14**

पंजीकृत डी.एम. छात्रों का विषय-वार वितरण :-

विषय	*ओपन*	*प्रायोजित*
व्यसन मनोचिकित्सा (एनडीडीटीसी)	12	2
हृद् शल्य चिकित्सा गहन उपचार	4	0
हृद् संवेदनाहरण विज्ञान	14	1
हृद्रोग विज्ञान	22	4
नैदानिक रुधिररोग विज्ञान	8	3
नैदानिक भेषजगुण विज्ञान	3	2
संवेदनाहरण विज्ञान एवं गंभीर उपचार	18	1
अंतःस्राविकी	8	3

विषय	*ओपन*	*प्रायोजित*
जठरांत्र रोग विज्ञान	21	4
रुधिर विकृति विज्ञान	8	3
संक्रामक रोग	12	1
चिकित्सा आनुवंशिकी	7	0
चिकित्सा अर्बुदविज्ञान	25	3
नवजात विज्ञान	9	3
वृक्क विज्ञान	8	5
तंत्रिका–संवेदनाहरण विज्ञान और गहन उपचार	18	3
तंत्रिका विज्ञान	35	2
न्यूरोइमेजिंग और इंटरवेंशनल तंत्रिका विकिरण विज्ञान	6	2
अर्बुद संवेदनाहरण, डॉ. बीआरए आईआरसीएच	16	0
बाल हृद्विज्ञान	6	2
बाल वृक्क विज्ञान	3	3
बाल तंत्रिका विज्ञान	9	1
बाल पल्मोनोलॉजी और गहन उपचार	3	2
बाल अर्बुद विज्ञान	5	2
पल्मोनरी, गहन उपचार एवं निद्रा विकार	12	3
प्रजनन चिकित्सा	4	3
चिकित्सीय काय–चिकित्सा	4	0
हृद्वाहिका विकिरणविज्ञान एवं इंडोवास्कुलर इंटरवेंशन्स	12	0
कुल	**312**	**58**

पंजीकृत डी.एम. (6 वर्षीय पाठ्यक्रम) *का विषय-वार वितरण :-*

विषय	*ओपन*	*प्रायोजित*
संक्रामक रोग	9	0
कुल	9	0

पंजीकृत एम.सीएच छात्रों का विषय-वार वितरण :-

विषय	*ओपन*	*प्रायोजित*
स्तन, अंतःस्रावी और सामान्य शल्य चिकित्सा	8	2
हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	25	2
जठरांत्र शल्यचिकित्सा	12	2
स्त्रीरोग विज्ञानी अर्बुदविज्ञान	5	3
सिर–गला शल्य चिकित्सा और अर्बुदविज्ञान	4	2
न्यूनतम एक्सेस शल्य चिकित्सा और सामान्य शल्य चिकित्सा	10	2
तंत्रिका शल्य चिकित्सा	17	2
बाल शल्य चिकित्सा	5	2
प्लास्टिक एवं पुनर्रचनात्मक शल्य चिकित्सा	15	0
शल्यक अर्बुदविज्ञान	14	2

विषय	*ओपन*	*प्रायोजित*
आघात शल्य चिकित्सा और गहन उपचार	15	6
मूत्ररोग विज्ञान	8	2
कुल	**138**	**27**

पंजीकृत एम.सीएच (छः वर्षीय पाठ्यक्रम) का विषय-वार वितरण :-

विषय	*ओपन*	*प्रायोजित*
तंत्रिका शल्य चिकित्सा	12	0
बाल शल्य चिकित्सा	6	0
कुल	**18**	**0**

पंजीकृत फेलोशिप छात्रों का विषय-वार वितरण :-

विषय	*ओपन*	*प्रायोजित*
बेरिएट्रिक एवं चयापचय शल्य चिकित्सा	2	0
गुर्दा प्रतिरोपण शल्य चिकित्सा	1	0
संवेदनाहरण विज्ञान–पीड़ा चिकित्सा	4	0
मिर्गी शल्यचिकित्सा एवं कार्यात्मक तंत्रिका शल्यचिकित्सा	2	0
मेरूदंड शल्य चिकित्सा	4	0
स्कल बेस एवं सेरेब्रोवस्कुलर सर्जरी (एनएस)	1	0
उन्नत जठरांत्र इंडोस्कॉपी	1	0
मूत्र रोग–अर्बुद विज्ञान	1	0
न्यूनतम इनवेसिव मूत्र रोग विज्ञान (लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक्स)	1	0
जेनिटोयूरिनरी रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी (वयस्क)	1	0
जीआई विकिरण विज्ञान	2	0
वक्ष विकिरण विज्ञान	1	0
बाल विकिरण विज्ञान	2	0
न्यूनतम इनवेसिव स्त्रीरोग विज्ञान संबंधी सर्जरी	1	1
मूत्र–स्त्रीरोग विज्ञान	2	1
जठरांत्रविज्ञान–पेंक्रिएटोलॉजी	1	0
जठरांत्रविज्ञान–प्रदाहक आंत्र रोग	1	0
क्लेफ्ट एवं क्रैनियोफेशियल ऑर्थोडोंटिक्स	1	0
तंत्रिका गहन उपचार	1	0
महाधमनी शल्य चिकित्सा	2	0
प्रसूति स्त्रीरोग विज्ञान विभाग में मातृ भ्रूण चिकित्सा (एमएफएम)	1	0
नैदानिक अनुसंधान विधि एवं साक्ष्य आधारित चिकित्सा	3	0
संधि दर्शन	2	0
संधि प्रतिरोपण	2	0
मांसपेशी–अस्थि अर्बुदविज्ञान	2	0
श्रोणि–एसिटेबुलर आधार	1	0
कुल	**43**	**2**

पंजीकृत एम. डी./एम. एस./एम. डी. एस. छात्रों का विषय-वार वितरण :-

विषय	*ओपन*	*प्रायोजित*
संवेदनाहरण विज्ञान	57	3
शरीर रचना विज्ञान	15	0
जैव रसायन	15	0
जैव भौतिकी	14	0
सामुदायिक चिकित्सा	22	2
रक्षात्मक दंत चिकित्सा विज्ञान एवं एंडोडोटिक्स	10	1
त्वचा एवं रतिज रोग विज्ञान	19	3
आपात चिकित्सा	37	3
न्याय चिकित्सा	9	1
जरा चिकित्सा	18	3
अस्पताल प्रशासन	7	3
संक्रामक रोग डीएम (सीधे 6 वर्षीय पाठ्यक्रम)	17	0
प्रयोगशाला चिकित्सा	8	1
काय चिकित्सा	57	3
सूक्ष्म जैव विज्ञान	15	0
तंत्रिका शल्य चिकित्सा–एम.सी.एच. (सीधे 6 वर्षीय पाठ्यक्रम)	11	0
नाभिकीय चिकित्सा	18	3
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान	43	3
नेत्र विज्ञान	115	3
ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल शल्य चिकित्सा	12	3
ऑर्थोडोंटिक्स	13	3
अस्थिरोग	19	3
कान, नाक एवं गला रोग विज्ञान (ईएनटी)	18	3
बाल शल्य चिकित्सा–एम.सी.एच. (सीधे 6 वर्षीय पाठ्यक्रम)	5	0
बाल चिकित्सा	34	3
प्रशामक चिकित्सा	12	1
77. आर्सेनिक ट्राईऑक्साइड-एक्स्पोस्ड वयस्क मादा चूहे के हाइपोथेलेमस तथा हिप्पोकैम्पस में काग्निटिव फंक्शन तथा एस्ट्रोजन रिसेप्टर प्रोफ़ाइल पर रेस्वेराट्रोल सप्लीमेंटेशन का प्रभाव, शरीर रचना विज्ञान
78. हल्की संज्ञानात्मक दुर्बलता वाले पार्किंसंस रोगियों के मस्तिष्क में कार्यात्मक एवं बायोकेमिकल संबंधी मैपिंग, एनएमआर
79. अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में ब्लड इन्वेंट्री मैनेजमेंट का मूल्यांकन एवं रक्त की कमी को दूर करने हेतु रणनीति का विकास, जैव रसायन
80. रिकरंट प्रेगनैन्सी लॉस में शुक्राणु आणविक कारकों की भूमिका, शरीर रचना विज्ञान
81. ऑर्थोपेडिक ट्रामा सर्जरी में पेरीओपरेटिव इन्फ़्लेमेटरी साइटोकिन्स अलट्रेशन एवं क्लीनिकल जटिलताओं पर रीजनल एनेस्थीसिया का प्रभाव, संवेदनाहरण एवं सघन चिकित्सा (जेपीएनएटीसी)

पूर्ण

1. बाल्यावस्था नेफ्रोटिक सिंड्रोम में गुर्दे की पथरी पर फ्लोराइड विषाक्तता की भूमिका: एक अल्ट्रा स्ट्रक्चरल, जैव रासायनिक एवं प्रोटॉमिक अध्ययन, शरीर रचना विज्ञान
2. ऐच्छिक ओपन पाइलोप्लास्टी करवाने वाले बालचिकित्सा रोगियों में शल्यचिकित्सा के बाद एनलजेसिया और न्यूरोएंडोक्राइन तनाव प्रतिक्रिया पर अल्ट्रासाउंड निर्देशित क्वाड्रैटस लम्बोरम ब्लॉक का प्रभाव। यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, संवेदनाहरण, पीड़ा चिकित्सा एवं सघन चिकित्सा
3. अल्जाइमर रोग में टाऊ के हाइपरफ़ॉस्फ़ोरिलीकरण में शामिल मार्गों को लक्षित करने वाले संभावित मोड्यूलेटर का अध्ययन, जैव भौतिकी

4. सीरम प्रोटीन मार्कर का विकास और अल्जाइमर के रोग के लिए संभावित मोड्यूलेटर का उपयोग करके एंटीऑक्सीडेटिव प्रभाव का अध्ययन, जैवभौतिकी
5. दिल्ली के तृतीयक चिकित्सा अस्पताल में चयनित परिचर्या कर्मचारियों में तनाव एवं जीवन की व्यावसायिक गुणवत्ता पर संरचित योगा कार्यक्रम का प्रभाव— एक छोटे स्कैल पर फेज़-2 परीक्षण, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र
6. मौखिक एंटीकोआगुलंट्स लेने वाले रोगियों में ब्रिजिंग थेरेपी के साथ और उसके बिना निष्कर्षण के बाद रक्तस्राव होने की जटिलता की तुलना: एक मार्गदर्शी अध्ययन, दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र
7. आपातकालीन विभाग में उपस्थित संदिग्ध संक्रमण वाले रोगियों में 7 और 28 दिनों के परिणाम के पूर्वानुमान के रूप में क्यू-सोफा स्कोर, आपातकालीन चिकित्सा विभाग
8. मेमोरी क्लिनिक में जाने वाले रोगियों में गैट और संतुलन का आकलन, जराचिकित्सा
9. भारत में तृतीयक स्वास्थ्य चिकित्सा स्थापित करने में फ्रैजिलिटी क्लिनिक में भाग लेने वाले बुजुर्ग वयस्कों का व्यापक जेरिएट्रिक आकलन, जराचिकित्सा
10. कैंसर रोगियों में ऑन्कोलॉजिकल दर्द के उपचार में स्क्रैम्बलर थेरेपी के प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु एक यादृच्छिक नियंत्रित अध्ययन, ओंकों- एनेस्थीसिया एंड पॉलीएटीव मेडिसिन
11. स्तन कैंसर के आनुवंशिक पहलू के बारे में भारतीय स्तन कैंसर के रोगियों की जागरूकता एवं ज्ञान, शल्यचिकित्सा अर्बुद विज्ञान
12. वयस्क भारतीय नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज़ (एनएएफएलडी) रोगियों के बीच मैटाबोलिक, एन्थ्रोपोमेट्रिक और अल्ट्रासाउंड मापदंडों पर इंटैन्सिव आहार परामर्श के प्रभाव: यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, काय-चिकित्सा, दिल्ली विश्वविद्यालय
13. बाह्य रोगियों में मोटापे हेतु जैविक एवं व्यावहारिक जोखिम के कारक और अस्पताल आधारित व्यवस्था में मोटे रोगियों के बीच वजन घटाने समय आई बाधाएं, काय-चिकित्सा, दिल्ली विश्वविद्यालय
14. भारत में आबादी आधारित कोहॉर्ट अध्ययन हेतु अंग्रेजी और हिंदी में साक्ष्य आधारित प्रश्नावली की रूप-रेखा बनाना एवं सत्यापन करना, तंत्रिका विज्ञान
15. प्राथमिक सुप्रैटेंटोरियल अंत:मस्तिष्कीय रक्तस्राव हेतु डेक्सामेथासोन की उच्च खुराक: एक व्यावहारिक समानांतर समूह के साथ खुले स्तर के यादृच्छिक परीक्षण के साथ ब्लेंडेड एंडपॉइंट आकलन (पीआरओबीई), तंत्रिका विज्ञान
16. एनएमआर का उपयोग करके पार्किंसंस रोग में बायोमार्कर की पहचान, एनएमआर
17. एनएमआर स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग करके प्रोस्टेट कैंसर का मैटाबोल्मिक्स अध्ययन, एनएमआर
18. रेडियोन्यूक्लाइड (131आई-एनए) थेरेपी करा रहे डिफ्रेंशिएटेड थायराइड कैंसर वाले बच्चों और वयस्कों पर डॉसिमेट्रिक अध्ययन, नाभिकीय चिकित्सा
19. मेटास्टैटिक कैस्ट्रेशन रेजिस्टेंट प्रोस्टेट कैंसर के रोगियों में एबेरेटेरोन ऐसिटेट बनाम कॉन्कोमिटैंट 177 एलयू-डीकेएफज़ेड-पीएसएमए-717 और एबेरेटेरोन ऐसिटेट थेरेपी के उपचारात्मक प्रभाव: ओपेन लेबल, टू आर्म, फेस 2 परीक्षण, नाभिकीय चिकित्सा

20. प्रेरण के अंत में फ्लो साइटोमेट्री द्वारा बी-सेल लाइनऐज एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया में मिनिमल रेजिज़ुअल डिजीज़ (एमआरडी) का पता लगाना, बालचिकित्सा
21. स्वस्थ व्यक्तियों में एंडोथेलियल फ़ंक्शन और जीन अभिव्यक्ति का अध्ययन एवं विभिन्न सोमाटोटाइप वर्गीकरणों के साथ उनका सह-संबंध, शरीर क्रिया विज्ञान
22. बुजुर्गों पर निमोनिया का आर्थिक बोझ, रोकथाम एवं नियंत्रण, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र
23. फॉन्टन सर्जरी करा रहे रोगियों में मौखिक सिल्डेनाफिल ऐड्मिनिस्ट्रेशन—डबल ब्लाइंड यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, सीटीवीएस
24. फेनेस्ट्रेटेड और नॉन-फेनेस्ट्रेटेड फॉन्टन सर्जरीज़ में प्लेउरल इफ्यूशन की तुलना-- यादृच्छिक भावी अध्ययन, सीटीवीएस
25. ओपेन हार्ट सर्जरी करवाने वाले बाल रोगियों में प्लेन रिंगर आधारित डेल निडोकर्डीओप्लेगिया समाधान के साथ प्लाज़्मलाइट-ए आधारित डेल निडोकार्डियोपैलेगिया समाधान की तुलना – एक भविष्यदर्शी डबल ब्लाइंड यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, सीटीवीएस
26. फैलोट की टेट्रालॉजी हेतु सर्जरी करवाने वाले रोगियों में पोस्ट-ऑपरेटिव कोर्स पर संशोधित अल्ट्राफिल्ट्रेशन का प्रभाव—ए डबल ब्लाइंड यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, सीटीवीएस
27. संभावित रूप से स्प्लिट फेस यादृच्छिक नियंत्रित अध्ययन जो अकेला ऑटोलॉगस वसा के इंजेक्शन बनाम आयु संबंधी फेशियल मात्रा की कमी विशेष रूप से टीयर ट्रॉफ डिफॉर्मिटी हेतु प्लेटलेट रिच प्लाज्मा के साथ मिश्रित ऑटोलॉगस वसा की तुलना करता है; मूल कोशिका से निकाली गई वसा को पृथक करने एवं लक्षण-वर्णन करने सहित, त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान
28. उत्तरी भारत में तृतीयक उपचार केंद्र में जाने वाले डर्मैटोफाइटिक संक्रमण वाले रोगियों का वर्णनात्मक महामारी विज्ञान अध्ययन, त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान
29. विटिलिगो में ल्यूकोट्रिचिया के रि-पिग्मेंटेशन में नॉनकल्चर्ड एपिडर्मल कोशिका निलंबन के साथ नॉनकल्चर्ड निकाले गए बाल फॉलिकल रूट शीथ कोशिका निलंबन के प्रभाव की तुलना, त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान
30. क्लिनिक-इंवेस्टिगेटिव प्रोफाइल के आधार पर पेरीओकुलर हाइपरपिग्मेंटेशन को वर्गीकृत करने हेतु वर्णनात्मक अध्ययन, त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान
31. ऑटोसोमल रिसेसिव कंजेनिटल इक्थियोसिस में एपिडर्मल सेरामाइड्स का आकलन और फेनोटाइप और जेनोटाइप के साथ इसका सह-संबंध, त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान
32. स्वायत्त तंत्रिका तंत्र के असंतुलन का आकलन करने हेतु क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन और सिस्टेमिक स्क्लेरोसिस वाले रोगियों में त्वचीय अभिव्यक्तियों के साथ इसका सह-संबंध, त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान
33. सीलिएक रोग और अन्य एंटरोपैथीज़ वाले रोगियों में विलस विषमतओं के आकलन हेतु बायोमार्कर्स, जठरांत्ररोग विज्ञान एवं मानव पोषण
34. रोगाणुता में प्रीपेप्सिन के नैदानिक प्रदर्शन का अध्ययन करना- एक मार्गदर्शी अध्ययन, कायचिकित्सा
35. रोगाणुता वाले रोगियों में मृत्यु दर का अनुमान लगाने हेतु बायोमार्कर के रूप में एन-टर्मिनल प्रो-बीएनपी और कार्डियक ट्रोपोनिन- I की भूमिका, कायचिकित्सा

36. एएमएल में माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए में उत्परिवर्तन के नैदानिक और जैविक महत्व, कायचिकित्सा अर्बुदविज्ञान
37. फेफड़ों के कैंसर और धूम्रपान के साथ उनके सह-संबंध के साथ ट्रेस तत्वों और भारी धातुओं के संबंध को निर्धारित करने हेतु अध्ययन, चिकित्सा अर्बुदविज्ञान
38. जेमसीटाबिन से उपचारित पित्ताशय के एडवांस कार्सिनोमा में एचईएनटी1, आरआरएम1, आरआरएम2 और ईआरसीसी1 अभिव्यक्ति की भूमिका-- प्लैटिनम डबल्ट, चिकित्सा अर्बुदविज्ञान
39. अप्रतिष्ठित रोगियों में थ्री रैम फेज़ II / III आरसीटी या सबसे बेहतर सहयोग देने वाली देख-भाल बनाम एर्लोटिनिव बनाम कैपसिटाबाइन द्वारा खराब प्रदर्शन की स्थिति के साथ मेटास्टैटिक जीबीसी, चिकित्सा अर्बुदविज्ञान
40. जीन अभिव्यक्ति प्रोफ़ाइल और बाल चिकित्सा एएमएल में माइटोकॉन्ड्रियल एनर्जी मेटाबोलिज़्म के साथ इसका संबंध, चिकित्सा अर्बुदविज्ञान
41. मल्टिपल मायलोमा में बोन मैरो माइक्रो-एंवाइरमेंट की भूमिका, चिकित्सा अर्बुदविज्ञान
42. रोगाणुता में प्रीसेप्सिन के नैदानिक प्रदर्शन का अध्ययन करना—एक मार्गदर्शी अध्ययन, कायचिकित्सा
43. अल्सरेटिव कोलाइटिस में साइटोमेगालोवायरस के लिए मात्रात्मक वास्तविक समय पीसीआर और जीनोटाइपिंग, सूक्ष्मजैव-विज्ञान
44. प्रोस्थेटिक संयुक्त संक्रमण (पीजेआई) का परिमाण और तृतीयक उपचार अस्पताल में प्रोस्थेटिक संयुक्त संक्रमण के माइक्रोबियल प्रोफ़ाइल की पहचान करने हेतु विस्तारण आधारित डीएनए विश्लेषण की भूमिका, सूक्ष्मजैव-विज्ञान
45. एंटीबायोटिक प्रिस्क्रिप्शन पैटर्न और नैदानिक परिणामों पर एमएएलडीआई टीओएफ द्वारा पूर्व संघटित शरीर रचना की पहचान का प्रभाव, सूक्ष्मजैव-विज्ञान
46. आघात से सुधार में गहन फिजियोथेरेपी और ट्रांसक्रेनियल चुंबकीय उत्तेजना (टीएमएस) की भूमिका एवं रोकथाम तथा सुधार में विकास कारकों के सह-संबंध पर अध्ययन, तंत्रिका विज्ञान
47. डायनेमिक एफ-18 एफडीजी पीईटी / सीटी प्रोटोकॉल का मानकीकरण और नॉन-स्माल कोशिका फेफड़े के कैंसर में प्रारंभिक उपचार की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करने हेतु हॉल बॉडी डिफ्यूशन वेटेड एमआरआई के साथ होल बॉडी एफ-18 एफडीजी पीईटी / सीटी की तुलना, नाभिकीय चिकित्सा
48. यूवाइटिस के प्रायोगिक मॉडल में बीआरबी ट्रांसपोंडर फ़ंक्शंस और एप्टैमर्स के मूल्यांकन को समझना, नेत्र औषध विज्ञान, डॉ. रा.प्र. नेत्र विज्ञान केंद्र
49. रक्त नेत्र बाधाओं में दवाओं की बढ़ी हुई पैंठ हेतु क्यूएसपीआर मॉडल का विकास और सत्यापन, नेत्र भेषजगुण विज्ञान, डॉ. रा.प्र. नेत्र विज्ञान केंद्र
50. जन्मजात यूरोपैथीज़ में बहुरूपता के प्रसार का अध्ययन और गुर्दे के कार्यात्मक परिणामों पर उनका प्रभाव, बाल शल्य चिकित्सा
51. चूहे के हृदय में स्थानिक अरक्तता रिपेरफ्यूजन की चोट के प्रयोगात्मक मॉडल में सूजन का औषधीय मॉड्यूलेशन, भेषजगुण विज्ञान

52. भारत में उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगियों के चिकित्सा अनुपालन का आकलन करने हेतु प्रश्नावली का विकास एवं सत्यापन, भेषजगुण विज्ञान
53. प्रारंभिक अवस्था में पार्किंसन के रोग में व्यायामों के प्रभाव का अध्ययन करने हेतु यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास
54. हाल ही में निदान किए गये उच्च रक्तचाप के साथ टाइप 2 मधुमेह में ऑटोनोमिक, वस्कुलर और एंडोथेलियल फंक्शन पर अवरोध को परिवर्तित करने वाले एंजियोटेंसिन का प्रभाव, शरीर क्रिया विज्ञान
55. प्रसूति संबंधी रक्तस्राव में परंपरागत रेडियोलॉजी की भूमिका, विकिरण निदान
56. हरियाणा के एक ग्रामीण क्षेत्र में बुजुर्ग व्यक्तियों में क्रोनिक श्वसन संबंधी रोग और उससे जुड़े हुए कारकों का एक अध्ययन, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र
57. आर्सेनिक ट्रायोक्साइड के संपर्क में आने के बाद माइस बेसल अग्रमस्तिष्क संरचनाओं पर कर्क्यूमिन का प्रभाव, शरीर रचना
58. मौखिक ल्यूकोप्लाकिया में प्रो इंफ्लेमैटरी साइटोकिंस पर कैंडिडा और एंटिफंगल थेरेपी के प्रभाव—एक मार्गदर्शी अध्ययन, दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र

प्रकाशन

पत्रिकाएं: 119 **सार: 9**

पुरस्कार, सम्मान एवं अन्य महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम

प्रो. आर एम पांडे हेतु निम्नलिखित सम्मान एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम थे। **आचार समिति:** भारतीय जन स्वास्थ्य संस्थान (पीएचएफआई के अंतर्गत), दिल्ली के अध्यक्ष; सदस्य: जैव प्रौद्योगिकी संयुक्त राष्ट्र क्षेत्रीय केंद्र, डीबीटी के अंतर्गत। **समन्वयक**: एम्स में पीजी के छात्रों के लिए अनुसंधान पद्धति, लेखन और संचार पर अनिवार्य 5 दिवसीय कार्यशाला; **सदस्य**: नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी (आईसीएमआर) की वैज्ञानिक सलाहकार समिति; भारत में लाइसोसोमल भंडारण विकारों के नैदानिक, जैव रासायनिक और आणविक लक्षण वर्णन के बहु-केंद्रित सहयोगात्मक अध्ययन की संचालन समिति के सदस्य; विशेषज्ञ समिति, क्लैफ्ट लिप और पैलेट एनाटॉपी (आईसीएमआर) पर टास्क फोर्स परियोजना; बिल मिलेंडा गेट्स फाउंडेशन और डीबीटी द्वारा वित्तपोषित ब्रांड चैलेंस भारत के तकनीकी सलाहकार समूह/पोषण और स्वास्थ्य; जीवन पर मोबाइल टावर्स और हैंडसेट्स से आईएमएफ रेडीएशन एक्सपोजर के संभावित प्रभाव पर आरएंडडी प्रोपोजल के आकलन तथा डीएसटी के द्वारा संबंधित आर एंड डी पर एक्सपर्ट कमेटी; भारत में पीडियाट्रिक एचआईवी मामलों की अधिकता के आकलन पर विशेषज्ञ समिति (आईसीएमआर), **सदस्य डीएसएमबी**: नवजात मृत्यु दर पर समुदाय आधारित कंगारू मदर उपचार, डब्ल्यूएचओ द्वारा समन्वित; परीक्षक: दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली में प्रस्तुत की गई पीएच.डी.थीसिस; सीएमसी वेल्लोर और केरल विश्वविद्यालय।

प्रो. एस एन द्विवेदी सदस्य थे: यूजीसी नॉमिनी, सलाहकार समिति, सांख्यिकी विभाग, कलकत्ता यूनिवर्सिटी; हैदराबाद (2021) में आयोजित होने वाली जनसंख्या के वैज्ञानिक अध्ययन के लिए अंतर्राष्ट्रीय

संघ के 29 वें अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या सम्मेलन के लिए राष्ट्रीय आयोजन समिति (आईयूएसएसपी); सांख्यिकी, असम विश्वविद्यालय, सिलचर में स्नातकोत्तर अध्ययन बोर्ड; नियन्त्रक निकाय, एप्लाइड सांख्यिकी और विकास अध्ययन संस्थान, लखनऊ, एम्स, पटना हेतु चयन समिति; मेटा विश्लेषण की वैश्विक पत्रिका हेतु संपादकीय बोर्ड; गेस्टेशनल डायबिटीज मेलिटस(जीडीएम) की विशेषज्ञ समिति, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद हेतु विधियों और परियोजना समीक्षा समितियों पर टास्क फोर्स समिति; अंतर्राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संघ, यूएसए; फेलो, रॉयल स्टैटिस्टिकल -सोसाइटी, यूके; एम्स, नई दिल्ली में " जन स्वास्थ्य और महामारी विज्ञान के एक स्कूल के निर्माण हेतु प्रस्ताव" की समीक्षा करने के लिए समिति; इंडियन सोसाइटी फॉर मेडिकल स्टैटिस्टिक्स (आईएसएमएस) के एफएसएमएस अवार्ड से संबंधित फैलोशिप समिति, अन्य आईएसएमएस अवार्ड्स के लिए सर्च कमेटी (प्रो. एसके भट्टाचार्य ओरेशन, श्रीमती रामरती लालिमा सहाय पुरस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, प्रो ए इंद्रायण ट्रेवल ग्रांट)। स्नातकोत्तर अध्ययन हेतु संस्थान आचार समिति; अध्यक्ष, चयन समिति, अनुसंधान अनुभाग, एम्स, दिल्ली; नई टास्क फोर्स के लिए परियोजना संचालन समिति (पीएससी), आईसीएमआर, नई दिल्ली के "स्वास्थ्य देखभाल सुविधा और सामुदायिक तैयारी के लिए भारत सरकार के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश तैयार करना; आईसीएमआर नई दिल्ली की "गेस्टेशनल डायबिटीज मेलिटस के लिए भारत सरकार के दिशा-निर्देशों को कार्यान्वित करने हेतु स्वास्थ्य उपचार सुविधा एवं सामुदायिक तैयारी के लिए स्थिति अनुसार विश्लेषण" पर नई टास्क फोर्स के लिए परियोजना संचालन समिति(पीएससी), सहायक आचार्य के पद हेतु भर्ती नियमों के बारे में राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, नई दिल्ली को राय प्रदान करने हेतु विशेषज्ञ समिति; सांख्यिकी एवं डेटा विज्ञान में उभरते रुझान पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में एक आमंत्रित वार्ता सत्र की अध्यक्षता की; बीएचयू, वाराणसी में 8वें अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसलेशनल कैंसर अनुसंधान सम्मेलन के दौरान कैंसर के उपचार के लिए वैकल्पिक तरीकों पर एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की; नई दिल्ली में एक ऑन्कोलॉजी फोरम अकादमिक में नैदानिक अभ्यास में चिकित्सीय अनुसंधान की सहमति और विवाद पर चर्चा के लिए पैनलिस्टों में से एक; स्टेटिस्टिक्स ऑफ़ यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू, जम्मू में पी.एच.डी डिग्री के अवार्ड के लिए पी.एच.डी थीसिस के मूल्यांकन के बाह्य परीक्षक, सांख्यिकीय संपादक, इंडियन जर्नल ऑफ़ चाइल्ड हेल्थ; संपादक, डेमोग्राफी इंडिया; संपादकीय बोर्ड के सदस्य, जैवसांख्यिकी एंड बॉयोमीट्रिक्स ओपन एक्सेस जर्नल; समीक्षक फॉर वर्ल्ड जर्नल ऑफ़ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी; समीक्षक, अमेरिकन जर्नल ऑफ़ पब्लिक हेल्थ; समीक्षक, “पीडियाट्रिक्स, अमेरिकन अकादमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स”; समीक्षक, इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर क्लीनिकल बायोस्टेस्टिक्स; सिस्टमैटिक रिव्यूज; इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एजुकेशनल रिसर्च एंड रिव्यूज; सदस्य, एडिटोरियल बोर्ड ऑफ इंडियन स्पाइन जर्नल; सदस्य, समीक्षक, इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च; सदस्य, इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर क्लीनिकल बायोस्टेस्टिक्स; निर्वाचित सदस्य, इंटरनेशनल स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर स्टैटिस्टिकल एजुकेशन, नीदरलैंड; संस्थापक उपाध्यक्ष, सोसाइटी फॉर एविडेंस बेस्ड हेल्थ केयर; दो पीएचडी छात्रों के लिए सलाहकार, दिल्ली विश्वविद्यालय।

वी श्रीनिवास सदस्य थे: नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च, आईसीएमआर की साइंटिफिक एडवाइजरी समिति (एसएसी); भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक की पदोन्नति करने हेतु मूल्यांकन बोर्ड, तंत्रिका विज्ञान पर आईसीएमआर की टास्क फोर्स समिति, पारंपरिक दवाओं के साथ निद्रा संबंधी विकार, पॉलीसिस्टिक डिम्बग्रंथि रोग, पुरुष गर्भनिरोधक आरआईएसयूजी परीक्षण पर अध्ययन, आईसीएमआर में विभिन्न पदों हेतुचयन समिति एवं जांच समितियां; तंत्रिका विज्ञान के लिए परियोजना समीक्षा समिति, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, भारत। इंडियन जर्नल ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड वेनेरियल डिजीज (आईजेडीवीएल) के लिए सांख्यिकीय सलाहकार; जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी (अमेरिकन सोसाइटी फॉर क्लीनिकल ऑन्कोलॉजी), पीडियाट्रिक्स (अमेरिकन अकादमी ऑफ पीडियाट्रिक्स), इंडियन जर्नल ऑफ़ डर्मेटोलॉजी, वेनेरोलॉजी एवं लेप्रोलॉजी, तथा इंडियन पीडियाट्रिक्स, इंडियन एसोसिएशन ऑफ चाइल्ड एंड एडल्ट मेंटल हेल्थ (जेआईएसीएएम) की पत्रिका हेतु सांख्यिकीय सलाहकार; अनुसंधान प्रस्ताव की समीक्षा हेतु विशेषज्ञ, मेडिकल रिसर्च काउंसिल, यूके।; संस्थागत आचार समिति, एम्स; विषय विशेषज्ञ, जैव सांख्यिकी संकाय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के चयन हेतु चयन समिति।

डॉ. मारूफ ए खान संपादकीय बोर्ड के सदस्य (जैव सांख्यिकी) -इंटरनेशनल जर्नल ऑफ साइंटिफिक रिपोर्ट्स; इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च, भारत के वैज्ञानिक समीक्षक; जर्नल ऑफ मॉडल असिस्टेड स्टेटिस्टिक्स एंड एप्लिकेशन, यूएसए के वैज्ञानिक समीक्षक; जर्नल ऑफ़ ओबेसिटी, यूके के वैज्ञानिक समीक्षक; जर्नल ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च, यूके के वैज्ञानिक समीक्षक आदि थे।

डॉ. शिवम पांडे को एंटी-डोपिंग लेबोरेटरी कतर (एडीएलक्यू), दोहा, कतर में सांख्यिकीय पद्धति की भूमिका पर ढाई दिन की कार्यशाला हेतु विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया था।

9.7. जैव प्रौद्योगिकी

आचार्य एवं अध्यक्ष

जया एस. त्यागी (31 मई 2019 तक) श्याम एस. चौहान (1 जून 2019 से)

एनएएसआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक, प्लेटिनम जुबली फेलो

जया एस. त्यागी (जून 2019 के आरंभ से)

सह-आचार्य

अनुश्री गुप्ता

सहायक आचार्य

रूपेश कुमार श्रीवास्तव भूपेंद्र कुमार वर्मा विक्रम सैनी
सिरीश कुमार इप्पागुंटा सुमित राठौर महेंद्र सिरवी
विनीत चौधरी

वैज्ञानिक

श्राबनी सौगंधिका

विशिष्टताएँ

1. प्रोफेसर जया एस. त्यागी, अध्यक्ष, सीसीआरएफ को एम्स निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया।
2. सुश्री किरण कुमारी, पीएचडी छात्रा, एम्स निदेशक से सीसीआरएफ लोगो डिजाइन करने के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त करते हुए।
3. डॉ. रूपेश कुमार श्रीवास्तव का ओस्टिओइम्यूनोलॉजी समूह, पत्रिका 'इम्यूनिटी' की 25 वीं वर्षगांठ मनाते हुए, जिसे पत्रिका के आवरण पृष्ठ पर छापा गया।
4. सीसीआरएफ-बीएसएल3 उद्घाटन के दौरान नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. वेंकी रामाकृष्णन एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ डॉ. विक्रम सैनी।
5. सुश्री लीना सपरा, पीएचडी छात्रा, जयपुर में एफआईएमएसए-आईयूआईएस-आईआईएस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त करते हुए।
6. डॉ. सौरभ शर्मा नई दिल्ली में इंडिया-ईएमबीओ टीबी संगोष्ठी 2020 में जेबीसी पोस्टर पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

विभाग प्रति बैच 12-14 छात्रों को प्रवेश देकर चिकित्सा जैव प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता के साथ जैव प्रौद्योगिकी में एक उच्च स्तरीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाता है। विभाग एक पीएचडी कार्यक्रम भी चलाता है। एमएससी और पीएचडी छात्रों की कुल संख्या लगभग 35 है। विभाग संकाय ने पिछले वर्ष लगभग 10 पोस्टडॉक्टरल वैज्ञानिकों का मागदर्शन किया था। विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों के ग्रीष्मकालीन अनुसंधान छात्रवृत्ति कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया था। विभाग में 6 वरिष्ठ निदर्शक हैं जो शिक्षण और अनुसंधान गतिविधियों में भाग लेते हैं। विभाग को विभिन्न वित्तपोषण एजेंसियों से बड़ी संख्या में अतिरिक्त अनुदान प्राप्त हुआ। संकाय और छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न वैज्ञानिक संगठनों से राष्ट्रीय स्तर के सम्मान/ पुरस्कार प्राप्त किए। विभागीय संकाय ने भारत सरकार के विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों की विभिन्न वैज्ञानिक समितियों में विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं दी। विभाग ने विविध पृष्ठभूमि से आए छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए छात्र परामर्श एवं रोजगार जागरूकता कार्यक्रम भी आरंभ किया।

शिक्षा

स्नातकोत्तर शिक्षण

- विभाग, जैव प्रौद्योगिकी में 2 वर्ष का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करता है, जिसमें मेडिकल जैव प्रौद्योगिकी पर जोर दिया जाता है, जिससे एमबायोटेक डिग्री प्राप्त होती है। शिक्षण कार्यक्रम में 16 विषयों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें कोशिका एवं विकासात्मक जीव विज्ञान, अनुवांशिकी, मानव जैव रसायन विज्ञान, चिकित्सा सूक्ष्मजीव-विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा तकनीकी, आणविक जीव विज्ञान, संक्रामक रोग जीवविज्ञान, जेनेटिक इंजीनियरिंग एवं जीनोम प्रौद्योगिकी, जैवभौतिकी (सिद्धांत, तकनीक और चिकित्सा में अनुप्रयोग), जैव सूचना विज्ञान, ओएमआईसीएस (जीनोमिक्स, ट्रांसक्रिप्टॉमिक्स, प्रोटिओमिक्स और मेटाबॉलिमिक्स), जैव सांख्यिकी, प्रयोगशाला तकनीकियों (सिद्धांतों और इंस्ट्रूमेंटेशन) में संगोष्ठी, चिकित्सा जैव प्रौद्योगिकी (जर्नल क्लब एवं संचार कौशल), आणविक चिकित्सा और जैव प्रौद्योगिकी में संगोष्ठी तथा चिकित्सा अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्रों में शोध-प्रबंध शामिल हैं।

- विभाग ने एम. जैव प्रौद्योगिकी (2019-2021) के पाठ्यक्रम में पाँच नए क्रेडिट विषय प्रस्तुत किए हैं जिनमें संक्रामक रोग जीवविज्ञान, ओएमआईसीएस: जीनोमिक्स, ट्रांसक्रिप्टॉमिक्स, प्रोटिओमिक्स, और चयापचय, बौद्धिक संपदा अधिकार, जैवनैतिकता और जैव सुरक्षा (आईबीबी), आणविक निदान और नैदानिक जैव रसायन (एमडीबी) तथा चिकित्सा सूक्ष्मजीव-विज्ञान एवं संक्रामक रोग जीवविज्ञान पर प्रयोगशाला पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं।
- प्रायोगिक कक्षाओं में छात्रों के प्रशिक्षण पर व्यक्तिगत ध्यान एवं व्यापक सहयोग दिया जाता है।
- जैव प्रौद्योगिकी, जैव सूचना विज्ञान, आणविक चिकित्सा,जीनोमिक्स, प्रोटिओमिक्स आदि में संगोष्ठी करने के लिए एम्स की विभिन्न विशिष्टताओं से संकाय के अलावा पीजीआईएमईआर, जेएनयू, आईजीआईबी, आईसीजीईबी, एनआईटी, टीएचएसटीआई, आरसीबी, बीसीआईएल, टीईआरआई, जामिया हमदर्द और दिल्ली विश्वविद्यालय से विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है।
- विभाग मेडिकल जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पीएच.डी. कार्यक्रम चलाता है।
- विभाग डीबीटी और डीएसटी राष्ट्रीय पोस्ट-डॉक्टरल एवं युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त युवा वैज्ञानिकों को मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करता है।

सीएमई/कार्यशालाएं/संगोष्ठी/राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

1. बीडी रैप्सोडी सिंगल-सेल एनालिसिस प्लेटफॉर्म का उपयोग करके सिंगल-सेल कैप्चर वर्कफ़्लो पर एक दिवसीय कार्यशाला, 30-जुलाई 2019 डॉ. रूपेश के श्रीवास्तव और भूपेंद्र के. वर्मा
2. इमेजिंग तकनीक पर दो दिवसीय कार्यशाला 24-25 मई 2019, डॉ. भूपेंद्र के. वर्मा

प्रदत्त व्याख्यान

श्याम चौहान (कृपया 9.3 जैव रसायन देखें) **जया एस. त्यागी: 1**
अनुश्री गुप्ता: 1 **रूपेश कुमार श्रीवास्तव: 5**
भूपेंद्र कुमार वर्मा: 3 **विक्रम सैनी: 7**
सिरीश कुमार इप्पागुंटा: 1 **सुमित राठौर: 2** **महेंद्र सिरवी: 1**
विनीत चौधरी: 1

प्रस्तुत मौखिक पत्र/पोस्टर : 23 (डॉ. सौरभ शर्मा ने "इंडिया-ईएमबीओ टीबी संगोष्ठी 2020-मायकोबैक्टीरियल हेटरोजेनिटी एंड होस्ट टिशू ट्रोपिज्म" पर जेबीसी युवा उभरते वैज्ञानिक सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार प्राप्त किया**,** डॉ. कालरा को युवा शोधकर्ता पुरस्कार (पोस्टर प्रस्तुति में द्वितीय पुरस्कार)।

अनुसंधान

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. एंटीबायोटिक टॉलरेंस की चुनौती का मुकाबला करना: एम. ट्यूबरकुलोसिस क्लीयरेंस में सुधार के लिए देवआर डॉर्मेंसी रेगुलेटर-टारगेटेड एप्रोच के साथ पारंपरिक क्षयरोगनिवारक दवाओं को जोड़ना। * विक्रम सैनी/जया एस. त्यागी, डीबीटी, 3 वर्ष, 2018-2021, 47.30 लाख रूपये
2. एप्टामेर- आधारित तपेदिक निदान टूलबॉक्स. * विक्रम सैनी/जया एस. त्यागी, डीबीटी, 3 वर्ष, 2018-2021, रूपये 16.52 लाख
3. जीयूटी वाली नियंत्रक टी कोशिकाओं में ऑस्टियोपोरोसिस के प्रोबायोटिक्स आधारित अवरोध सहित कोशिकीय तंत्र का स्पष्टीकरण, रूपेश के. श्रीवास्तव, डीएसटी-एसईआरबी, 3 वर्ष, 2018-2021, 65 लाख रुपये

4. ऑस्टियोपोरोसिस के उपचार के लिए नए मशरूम आधारित सिनाबोटिक फूड सप्लीमेंट का विकास, रूपेश के. श्रीवास्तव, एम्स-आईआईटी-दिल्ली इंटर इंस्टीट्यूशनल कोलैबोरेटिव रिसर्च ग्रांट, 2 वर्ष, 2019-2021, रूपये 20 लाख
5. डीईएनवी रोगजनन में टीआरएनए व्युत्पन्न आरएनए फ्रेगमेंट की पहचान और कार्यात्मक लक्षण, भूपेंद्र के. वर्मा, डीएसटी-एसईआरबी, 3 वर्ष, 2019-2022, रूपये 39.41 लाख
6. हरगोबिंद खुराना अभिनव युवा बायोटेक्नोलॉजिस्ट पुरस्कार (आईवाईबीए), जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, विक्रम सैनी, डीबीटी, 3 वर्ष, 2019-2022, रूपये 59.06 लाख
7. क्षय रोग के उपचार के लिए एक नए दृष्टिकोण के रूप में सेलेनियम सप्लीमेंटेशन के माध्यम से होस्ट बायोएनर्जीस और रेडॉक्स फ़ंक्शन का मॉड्यूलेशन, विक्रम सैनी, डीएसटी-एसआरबी, 3 वर्ष, 2019-2022, रुपये 53.85 लाख
8. माइकोबैक्टीरियम ऑब्सेसुस से एल, डी-ट्रांसपेप्टिडेस का चरित्र चित्रण: एक उभरता हुआ अवसरवादी रोगजनन, विक्रम सैनी (डॉ. नम्रता कुशवाहा महिला वैज्ञानिक की परामर्शदाता) डीएचआर , 3 वर्ष, 2020-2023, रूपये 30.9 लाख।
9. नए छोटे अणु अवरोधक का उपयोग करके स्वस्थ डोनर के परिधीय रक्त मोनोन्यूक्लियर कोशिकाओं में टोल-जैसे रिसेप्टर और इंटरल्यूकिन -1 रिसेप्टर के जैव विज्ञान की जांच, सिरीश कुमार इप्पागुंटा, एम्स, 2 वर्ष, 2019-2021, रूपये 10 लाख
10. ल्यूपस रोगियों से परिधीय रक्त मोनोन्यूक्लियर कोशिकाओं में नए टोल जैसे रिसेप्टर-सिग्नलिंग अवरोधकों की इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गतिविधियों की खोज : ल्यूपस के लिए लक्षित दवा के रूप में टीएलआर की पहचान करने के लिए एक अध्ययन, सिरीश कुमार इप्पागुंटा, एसईआरबी, 3 वर्ष, 2020-2023, रूपये 68.01 लाख
11. प्लास्मोडियम विवैक्स संक्रमण में पैरासाइट लिगैंड-होस्ट रिसेप्टर अंत:क्रिया का चरित्र-चित्रण, सुमित राठौर, आईसीएमआर, 3 वर्ष, 2019-2022, रूपये 65 लाख
12. प्लास्मोडियम विवैक्स गंभीर मलेरिया में एमआईआरएनए का परिसंचरण, सुमित राठौर, एम्स, 2 वर्ष, 2019-2021, रूपये 10 लाख

*डॉ. जया एस. त्यागी की सेवा निवृत्ति के बाद ***1*** जून ***2019*** से पीआई

पूर्ण

1. ओवीएक्स चूहे में लैक्टोबैसिलस रहमनोसस की बोन लॉस की मध्यस्थता निषेध में टीआरईजी-टीएच17 कोशिकाओं की भूमिका को विश्लेषित करने हेतु : रूपेश के श्रीवास्तव, एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, रूपये 10 लाख
2. डेंगू वायरस से जुड़े नोवल जीन रेगुलेटरी सर्किट: चिकित्सीय क्षमता की खोज करना। भूपेंद्र के. वर्मा, एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, रूपये 9.9 लाख
3. सेलेनियम सप्लीमेंटेशन और माइकोबैक्टीरियल संक्रमण। विक्रम सैनी, एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, रूपये 10 लाख
4. मलेरिया परजीवी में ओर्गानेल डायनामिक्स को समझना-ऑटोफैगी की भूमिका। सुमित राठौर, डीएसटी, 5 वर्ष, 2013-2018, रूपये 35 लाख
5. कैंसर कोशिका में एनास्टेसिस की कार्यक्षमता : रोग प्रतिरोधक क्षमता और चिकित्सा में इसका प्रभाव। महेंद्र सिरवी, डीएसटी-एसईआरबी यंग साइंटिस्ट, 3 वर्ष, 2016-2019, रूपये 26 लाख

6. पुरुष प्रजनन क्षमता में उच्च नमक आहार (एचएसडी) की भूमिका का अध्ययन करने हेतु: बोन हार्मोन ओस्टियोकैलिन की भूमिका। श्राबनी सौगंधिका, एम्स, 2 वर्ष, 2017-2019, रूपये10 लाख

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. ग्रासनली कैंसर में डाइप्टिडिडिल पेप्टिडेज़ III के सेलुलर और इम्यूनोमॉड्यूलेटरी कार्य
2. तीव्र लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया में सिस्टीन कैथेप्सिन्स: रोगनिदान एवं उपचार में जटिलताएँ
3. ग्लिओल ट्यूमॉरिजनेसिस में प्रोथीमोसिन अल्फा की भूमिका
4. मुंह के कैंसर में मानव हेटरोजेनस न्यूक्लियर रियोनोन्यूक्लियोप्रोटीन डी (एचएनआरएनपीडी) की भूमिका
5. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस और विटामिन सी डॉर्मेंसी मॉडल में संक्रमित होस्ट का अनुकूलन
6. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस में संक्रमण के विटामिन सी ईएक्स विवो प्रारूप में होस्ट ट्रांसक्रिप्शनल प्रतिक्रिया का विश्लेषण तथा एक्टिव टीबी और लेटेंट टीबी संक्रमण में नैदानिक प्रतिक्रियाओं के साथ तुलना।
7. होस्ट ऑस्टियो-इम्यून सिस्टम को विनियमित करते हुए हड्डी के स्वास्थ्य को ठीक करने में बिफिडोबैक्टेरियम लोंगम की भूमिका का अध्ययन हेतु
8. होस्ट इम्यून सिस्टम में सुधार करके हड्डी के स्वास्थ्य को विनियमित करने में सोडियम बेंजोएट (एनएबी) के प्रभाव का अध्ययन करना
9. डेंगू वायरस के संदर्भ में प्री-एमआरए स्प्लाइसिंग का चरित्र-चित्रण करना
10. गौण स्प्लिसोसोम तथा पॉलीअडेनिलेशन मशीनरी के बीच कार्यात्मक अंत:क्रिया का चरित्र-चित्रण करना
11. स्वस्थ परिधीय रक्त मोनोन्यूक्लियर कोशिकाओं में कोशिका सतह टोल-जैसे रिसेप्टर-इन्ड्यूस्ड प्रो-इन्फ्लैमटोरी साइटोकाइन एक्सप्रेशन पर नए छोटे अणु ऐन्टैगनिस्ट के प्रभाव का विश्लेषण।
12. स्वस्थ परिधीय रक्त मोनोन्यूक्लियर कोशिकाओं में एंडोसोमल टोल-जैसे रिसेप्टर-इन्ड्यूस्ड प्रो-इन्फ्लैमटोरी साइटोकाइन एक्सप्रेशन पर नए छोटे अणु ऐन्टैगनिस्ट के प्रभाव का विश्लेषण।
13. प्लास्मोडियम विवैक्स गंभीर मलेरिया के रोगियों में रेटिकुलोसाइट्स के सरफेस प्रोटिओमिक्स
14. माइक्रोब्स में धातु होमोस्टैसिस पर क्रियात्मक गैसों के प्रभाव का अध्ययन करना
15. मैकोबैक्टेरियम इंडिकस प्रेनी के प्रोटीन की प्रभावी अभिव्यक्ति एवं शुद्धिकरण के लिए रणनीतियों का विकास
16. एरिथ्रोसाइट सरफेस के साथ प्लास्मोडियम विवैक्स ट्रिप्टोफैन रिच एंटीजन 26.3 (पीवीटीआरएजी 26.3) के प्रोटीन की अंत:क्रिया की पहचान

पूर्ण

1. विभिन्न मेटास्टेटिक क्षमता वाली स्तन कैंसर कोशिकाओं में कैथेप्सिन बी की विभेदक अभिव्यक्ति आण्विक संरचना को समझना
2. कैंसर के लिए सार्वभौमिक बायोमार्कर के रूप में कैथेप्सिन एल और कैथेस्पिन बी की संभावित उपयोगिता का आकलन करना
3. मुख कैंसर में मानव हेटरोजेनस रिबोन्यूक्लियोप्रोटीन डी (एचएनआरएनपीडी) आधारित फॉस्फेट तथा टेन्सिन होमोलोग (पीटीईएन) का पोस्ट ट्रांसक्रिप्शनल विनियमन
4. मानव पित्ताशय कैंसर में सीरम माइक्रोआरएनए की अभिव्यक्ति तथा नैदानिक महत्व
5. विटामिन सी में माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस अनुकूलन प्रतिक्रिया को सह-विनियमित करते ट्रांसक्रिप्शनल कारकों का निरीक्षण

6. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के मलेट सिंथोसिस को लक्षित करने वाले डीएनए एप्टामेर को बनाने वाले एक नए जी-क्वाड्रुप्लेक्स की थेरानॉस्टिक प्रयोज्यता
7. ओवीएक्स चूहे में प्रोबायोटिक लैक्टोबैसिलस रम्नोसस (एलआर) तथा टी कोशिका के बीच संबंध का अध्ययन करना
8. माइक्रोसिस्टीन-एलआर प्रेरित बोन लॉस में टीएच17-ट्रेग सेल्स की भूमिका का विच्छेदन करना।
9. माइनर स्पाइसोसोमल प्रोटीन के कार्यात्मक लक्षण का वर्णन
10. आरएनए स्प्लाइसिंग और स्थिरता में वाईबीएक्स प्रोटीन की भूमिका
11. माइक्रोबियल संक्रमणों के माइक्रो-न्यूट्रीएंट सप्लीमेंटेशन का प्रभाव
12. माइकोबैक्टीरियम इंडिकस प्रेनी के प्रोटीन पुटेटिव एंटीजेनिक प्रोटीन की क्लोनिंग, अभिव्यक्ति तथा शुद्धिकरण।

सहयोगात्मक परियोजनाएं

जारी

1. स्तन कैंसर में टिशू साइट-स्पेसिफिक प्रमोटर डीएनए मेथिलेशन प्रोफाइल के मूल्यांकन से स्तन कैंसर के एपिजेनेटिक्स का अध्ययन, शल्यचिकित्सा
2. अग्न्याशय के कार्सिनोमा वाले रोगियों में रेज-4 और एमयूसी-4 की अभिव्यक्ति, जठरान्त्ररोग विज्ञान
3. अग्न्याशय कैंसर के उच्च जोखिम वाले तीव्र अग्न्याशय के रोगियों में बायोमार्कर के रूप में एमआईआरएनए, जठरान्त्ररोग विज्ञान
4. अग्न्याशय कैंसर में सिग्नल ट्रांसडक्शन के एमआईआरएनए मध्यस्थता मॉड्यूलेशन की भूमिका, जठरान्त्ररोग विज्ञान
5. ओस्टेओक्लास्टोजेनेसिस, टीएचएसटीआई में टीएच9 कोशिकाओं की भूमिका, फरीदाबाद
6. हड्डी के स्वास्थ्य पर बीपीए की भूमिका, दिल्ली विश्वविद्यालय
7. ऑस्टियोपोरोसिस के उपचार के लिए मशरूम आधारित नए सिनाबोटिक फूड सप्लीमेंट का विकास, आईआईटी-दिल्ली
8. पैंक्रीअटिटिस में प्रतिरक्षा प्रणाली की भूमिका, जठरान्त्ररोग विज्ञान
9. टी-लाइनेज एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया में टीआरएनए-उत्पन्न फ्रेगमेंट की अभिव्यक्ति प्रोफ़ाइल, आईआरसीएच
10. गौण स्प्लिसोओसोमल तथा डेंगू, टीएचएसटीआई, फरीदाबाद
11. आरएनए स्प्लाइसिंग और स्थिरता में वाईबीएक्स प्रोटीन, टीएचएसटीआई, फरीदाबाद
12. विभिन्न ग्रेड एस्ट्रोसाइटोमस में कैंसर स्टेम कोशिका मार्कर और इसके प्रोटीन का नैदानिक महत्व, जैव प्रौद्योगिकी एवं रा.प्र. केंद्र
13. कीनुरेनीन मार्ग द्वारा ट्रिप्टोफैन मेटाबोलिज्म तथा कॉर्निया प्रत्यारोपण वाले केराटोकोनस और फच के एंडोथेलियल कॉर्नियल डिस्ट्रोफी के रोगियों में नैदानिक परिणाम से उनके सहसंबंध की खोज करना, रा.प्र. केंद्र
14. माइटोकॉन्ड्रियल मार्फोलॉजी और माइटोकॉन्ड्रियल बायोजेनिसिस के बीच एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया, जैवरसायन
15. एनिमल मॉडल का उपयोग करके ट्रामा हेमोरहाजिक शॉक के बीच हेमटोपोइएटिक विफलता के लिए आईपीएससी द्वारा उत्पन्न हेमटोपोएटिक प्रोजेनिटर कोशिकाओं की भूमिका का अध्ययन करना, आपातकालीन चिकित्सा

पूर्ण

1. तपेदिक उपचार प्रतिक्रिया हेतु मूल्यांकन बायोमार्कर के रूप में एमआईआरएनए, आईसीजीईबी नई दिल्ली तथा इनस्टेम बैंगलोर

प्रकाशन

पत्रिकाएँ: 17 सार: 2 पुस्तकों में अध्याय : 2

पुरस्कार, सम्मान एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम

श्याम एस चौहान (कृपया 9.3 जैवरसायन देखें)

जया एस त्यागी एनएएसआई वरिष्ठ वैज्ञानिक प्लेटिनम जुबली फैलोशिप की प्राप्तकर्ता हैं। वह मानद अतिथि आचार्य, टीएचएसटीआई, फरीदाबाद, इंडियन नेशनल साइंस अकादमी की फेलो, इंडियन अकादमी ऑफ साइंसेज की फेलो, भारतीय विज्ञान अकादमी (भारत) की फेलो, गुहा रिसर्च कॉन्फ्रेंस की सदस्य, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (भारत) की उपाध्यक्ष तथा परिषद की सदस्य, वैज्ञानिक मूल्यों पर पैनल की सदस्य, भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलुरु, नेशनल इंस्ट्रीट्यूट फॉर रिसचर्स इन ट्यूबरक्लोसिस, चेन्नई के साइंटिफिक एडवाइजरी कमेटी की सदस्य, टीएचएसटीआई की साइंटिफिक एडवाइजरी कमेटी की सदस्य, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी एंड सेंटर फॉर डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक्स के आरएपी-एसएसी की सदस्य, डीबीटी एक्सपर्ट ग्रुप ऑन ट्यूबरक्लोसिस की सदस्य, एचआरडी पर डीबीटी स्टियरिंग कमेटी एंड टास्क फोर्स की सदस्य, डीबीटी टेक्निकल इवैल्यूएशन कमेटी फॉर इन्फेक्शियस डिज़ीज बायोलॉजी की सदस्य, एनईआर हेतु एडीबीटी टेक्निकल इवैल्यूएशन कमेटी इन मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी-2 की सदस्य, अध्यक्ष, इंस्टीट्यूशनल ह्यूमन इथिक्स कमेटी ऑफ आईजीआईबी, इंटलैक्चुअल प्रॉपर्टी मैनेजमेंट कमेटी, एम्स की विशेष अतिथि हैं।

डॉ. अनुश्री गुप्ता जैव प्रौद्योगिकी विभाग के लिए केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी हैं, जैव सूचना विज्ञान पाठ्यक्रम समन्वयक हैं, दिनांक 30 सितंबर - 4 अक्टूबर 2019 तक आईआईटी रूड़की में "कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी एंड ट्रांसलेशनल बायोइनफॉरमैटिक्स" पर एक सप्ताह के अल्पकालिक संकाय कार्यक्रम में भाग लिया।

डॉ. रूपेश श्रीवास्तव, विभागीय एम. बायोटेक कार्यक्रम के समन्वयक, एम्स-सीसीआरएफ में सीसीआरएफ-फ्लो सुविधा स्थापित करने में योगदान करने हेतु एम्स द्वारा प्रशंसा पत्र प्राप्त किया, उद्घाटन 24 जनवरी, 2020 को हुआ, इंस्टीट्यूशनल आईपीआर समिति एवं इंस्टीट्यूशनल सीसीआरएफ-फ्लो साइटोमेट्री कमेटी के सदस्य। आमंत्रित संपादक: स्टडी ऑफ रिप्रोडक्शन एंड फर्टीलिटी (आईएसएसआरएफ) के लिए 24वाँ अंक "प्रजनन स्वास्थ्य में ट्रांसलेशनल अनुसंधान" (आईएसएसएन 2395-2806) में न्यूज लैटर, सितंबर 2019, इंस्टीट्यूशनल कोविड-19 लिटरेचर अप्रेज़ल समिति के सदस्य, उनकी ऑस्टियो-इम्यूनोलॉजी प्रयोगशाला #इम्यूनिटी कम्यूनिटी का हिस्सा है जिसे पत्रिका 'इम्युनिटी' की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर मोज़ेइक आवरण के रूप में चित्रित किया गया, उनकी प्रयोगशाला से पीएचडी स्कॉलर, सुश्री लीना सपरा ने यात्रा पुरस्कार प्राप्त किया और साथ ही एफआईएमएसए-आईयूआईएस-आईआईएस, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिक प्रस्तुतिकरण के लिए प्रथम पुरस्कार भी जीता, 12 से 16 अक्टूबर 2019, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस), जयपुर, भारत, इस प्रयोगशाला के पीएचडी स्कॉलर, सुश्री आशा भारद्वाज और श्री ज़फर आज़म, को यात्रा पुरस्कार (पीएचडी स्कॉलर) प्रदान किया गया। - एफआईएमएसए-आईयूआईएस-आईआईएस, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उपस्थित रहे, 12 से 16 अक्टूबर 2019 ,राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस), जयपुर, भारत।

डॉ. भूपेंद्र कुमार वर्मा विभागीय एम बायोटेक कार्यक्रम के समन्वयक। सदस्य, संस्थान "कोविड 19 नैदानिक प्रबंधन समिति"। सदस्य, इंस्टीट्यूट "इम्यूनोलॉजी आणविक जीवविज्ञान तथा वैक्सीन विकास" हेतु "कोविड 19 साहित्य समीक्षा समिति"

डॉ. विक्रम सैनी हरगोबिंद खुराना इनोवेटिव यंग बायोटेक्नोलॉजिस्ट अवार्ड (आईवाईबीए), जैव प्रौद्योगिकी विज्ञान विभाग, भारत (2018-19) के प्राप्तकर्ता हैं। उन्हें इंटरनेशनल सेंटर फ़ॉर डायरियाल डिज़ीज़ रिसर्च (आईसीडीडीआर), ढाका, बांग्लादेश में (16-17 सितंबर 2019) श्रृंखला के प्रतिष्ठित "ओवरसीज़ फ्रेंड्स ऑफ़ आईसीडीडीआर" के लिए वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्हें भारत के 73 वें स्वतंत्रता दिवस पर शिक्षा में योगदान के लिए हरियाणा राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। कोविड-19 हेतु पीपीई डीकन्टैमनैशन और री-यूज कमेटी का संयोजक होने के साथ ही उन्हें एम्स के विभिन्न अभियानों में शामिल किया गया था, वे संस्थागत कोविड -19 नैदानिक समिति के सदस्य सचिव, केंद्रीय संसाधन के सदस्य, कोविड-19 के दौरान एम्स, नई में पीपीई के उपयोग के चयन के सदस्य, इंस्टीट्यूशनल बायोसेफ्ट समिति(आईबीएससी), एम्स के सदस्य, कोर समिति मेंबर सीसीआरएफ, सीसीआरएफ-जैव सुरक्षा लैब (बीएसएल-2 और बीएसएल-3 प्रयोगशाला) उप-समिति एम्स के विशेषज्ञ सदस्य, केंद्रीय पशु सुविधा, एम्स पर न्यूड-माइस/ट्रांसजेनिक माइस फैसेलिटी और ए-बीएसएल3 फैसेलिटी की टेक्निकल समिति के विशेषज्ञ सदस्य, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, एम्स में जैव प्रौद्योगिकी में रोजगार जागरुकता के समन्वयक हैं। इसके अलावा, डॉ. सैनी सूक्ष्मजीवविज्ञान में जर्नल फ्रंटियर्स में समीक्षा संपादक के रूप में सेवा दी।

अतिथि वैज्ञानिक

1. डॉ. पवन के धर, आचार्य, जेएनयू, नई दिल्ली द्वारा 24 फरवरी 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
2. डॉ सुनील के अरोड़ा, आचार्य, पीजीआई चंडीगढ़ द्वारा 26 फरवरी 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
3. डॉ. अमित अवस्थी, सह-आचार्य, टीएचएसटीआई, फरीदाबाद द्वारा 26 फरवरी 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
4. डॉ. गोबर्धन दास, आचार्य, जेएनयू, द्वारा 2 मार्च 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
5. डॉ. राहुल पाल, वैज्ञानिक, एनआईआई, नई दिल्ली द्वारा 4 मार्च 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
6. डॉ. नील एस भावेश, वैज्ञानिक, आईसीजीईबी, नई दिल्ली द्वारा 4 मार्च 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
7. डॉ. वी पेरुमल, सह-आचार्य, आईआईटी, नई दिल्ली द्वारा 5 मार्च 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
8. डॉ. रीता सिंह, आचार्य, डीयू, नई दिल्ली द्वारा 6 मार्च 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
9. डॉ. सागर सेन गुप्ता, वैज्ञानिक, एनआईआई, नई दिल्ली द्वारा 11 मार्च 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
10. डॉ. मणिदिपा बैनर्जी, सह-आचार्य, आईआईटी, नई दिल्ली द्वारा 12 मार्च 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
11. डॉ. देबी सरकार, आचार्य, डीयू, नई दिल्ली द्वारा 13 मार्च 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
12. डॉ. मंजुला कालिया, सह-आचार्य, आरसीबी, फरीदाबाद द्वारा 13 मार्च 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
13. डॉ. शंकर भट्टाचार्य, वैज्ञानिक, टीएचएसटीआई, फरीदाबाद द्वारा 14 मार्च 20 को संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।

9.8. सामुदायिक चिकित्सा केंद्र

आचार्य एवं अध्यक्ष

शशि कांत

आचार्य

संजीव कुमार गुप्ता | किरण गोस्वामी | आनंद कृष्णन
बेरीडेलाइन नोंग्कायरिह | पुनीत मिश्रा | संजय कुमार राय
वाई एस कुसुमा कुमारी

अपर आचार्य

कपिल यादव | सुमित मल्होत्रा | अनिल कुमार गोस्वामी

सह-आचार्य

पार्थ हलधर | रवनीत कौर
हर्षल रमेश साल्वे | राकेश कुमार

सहायक आचार्य

मोहन लाल बैरवा

विशिष्टताएं

सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र, (सीसीएम) एम्स, नई दिल्ली में कार्यरत संकाय सदस्यों और कर्मचारियों का मुख्य फोकस समुदाय आधारित शिक्षण, अनुसंधान और सेवा का प्रावधान रहा है। शहरी फील्ड अभ्यास क्षेत्र (दक्षिण पुरी एक्सटेंशन, नई दिल्ली) और व्यापक ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा परियोजना (सीआरएचएसपी), बल्लभगढ़ के माध्यम से सशक्त आउटरीच कार्यक्रम और उपचार के मॉडल उपलब्ध कराए जाते हैं। भारत सरकार के कई राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं को सहयोग प्रदान किया जाता है।

1. विभाग को एनीमिया नियंत्रण पर राष्ट्रीय उत्कृष्टता और उन्नत अनुसंधान केंद्र (एनसीईएआर-ए) के रूप में नामित किया गया है और कई हितधारकों के समर्थन के साथ यह, देश में एनीमिया मुक्त भारत का नेतृत्व कर रहा है।
2. सीसीएम की भूमिका, एचआईवी निगरानी के लिए राष्ट्रीय संस्थान के रूप में कार्य करने की है और यह भारत सरकार के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ) का सहयोग करता है।
3. विभाग गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम और नियंत्रण पर अनुसंधान और क्षमता निर्माण केंद्र के लिए डब्ल्यूएचओ सहयोग केन्द्र बनाया गया है।
4. आरजीआई (भारत के महापंजीयक), गृह मंत्रालय और संस्थानों के नेटवर्क (मिनर्वा) के सहयोग से एसआरएस (सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम) आधारित मौखिक शव परीक्षा के लिए एम्स तकनीकी सहायता इकाई के माध्यम से देश में मृत्यु दर की निगरानी को सशक्त किया गया है।

5. नवाचार और अध्ययन केंद्र के माध्यम से आयुष्मान भारत के तहत व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार (सीपीएचसी) का सहयोग किया जाता है जो आकांक्षी जिले नूंह, हरियाणा में स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) को तकनीकी मजबूती प्रदान करता है।
6. मैदान में योग अभ्यास के मामले में स्वास्थ्य संवर्धन और सामुदायिक स्तर पर लोगों को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।
7. इन्फ्लूएंजा पर सहयोगात्मक अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान परियोजनाओं को सीडीसी और वायु प्रदूषण के संबंध में हैल्थ इफैक्ट इंस्टीट्यूट, यूएसए के साथ मिलकर क्रियान्वित किया जाता है।

विभाग ने एम्स, नई दिल्ली में **29** फरवरी से **2** मार्च **2020** तक "इंडियन पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन (आईपीएचए)" का **64**वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जिसमें **1100** से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

शिक्षा

स्नातकपूर्व एमबीबीएस विद्यार्थी

एमबीबीएस के विद्यार्थियों को अनेक अवसरों और पोस्टिंग के माध्यम से समुदाय-आधारित अभ्यास के लिए उन्मुख किया जाता है। चौथे और **5**वें सेमेस्टर के विद्यार्थी शहर आधारित व्यवस्थित कार्यक्रम और परिवार स्वास्थ्य सलाहकार सेवा (एफएचएएस) में भाग लेते हैं, जिसमें उन्हें परिवार आबंटित किए जाते हैं। उन्हें समुदाय आधारित अनुसंधान के लिए भी अवसर दिया जाता है, जिसमें शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पोस्टिंग करके उनके द्वारा अनुसंधान परियोजनाएं कार्यान्वित की जाती हैं। अपने **7**वें सेमेस्टर के दौरान, उन्हें छह सप्ताह प्रत्येक के लिए चार बैचों में सीआरएचएसपी बल्लभगढ़ में तैनात किया जाता है। यह एक आवासीय पोस्टिंग है जिसमें उन्हें महामारी विज्ञान की अवधारणाओं का ज्ञान कराया जाता है, सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति उन्मुख किया जाता है और इस प्रयास में स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारक, बाल स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के सामुदायिक पहलू, विभिन्न स्तरों पर स्वास्थ्य प्रणाली और स्वास्थ्य कार्यक्रम शामिल होते हैं। नवजात और बाल रोग (आईएमएनसीआई) और महामारी विज्ञान के एकीकृत प्रबंधन पर प्रशिक्षित करने के लिए विशेष मॉड्यूल हैं। विद्यार्थियों को इस तैनाती के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य के स्नातकपूर्व उन्मुखीकरण (ओयूसीएच) मॉड्यूल के तहत एक संक्षिप्त गुणात्मक विधि-आधारित अनुसंधान परियोजना भी शुरू करनी होती है। पोस्टिंग की समाप्ति, आंतरिक रूपात्मक आकलन के साथ होती है।

इंटर्न

इंटर्न, सीआरएचएसपी बल्लभगढ़ में तीन महीने की कुल अवधि के लिए तैनात किए जाते हैं। इस अवधि को एसडीएच में छह सप्ताह और दयालपुर और छायसा स्थित प्रत्येक पीएचसी पर **3-3** सप्ताह में विभाजित किया गया है। पूरी पोस्टिंग आवासीय है। उप जिला अस्पताल (एसडीएच) में, इंटर्न ओपीडी और वार्डों में तैनात होते हैं जो उन्हें बुनियादी नैदानिक कौशल सीखने में मदद करते हैं, साथ ही साथ ये इंटर्न, सामान्य प्रसव एवं रोगी उपचार भी करते हैं। उन्हें संबंधित वरिष्ठ रेजिडेंट (एसआर) की देखरेख में एसडीएच में सभी उपलब्ध नैदानिक विशेषज्ञताओं में बारी-बारी से तैनात किया जाता है। पीएचसी पोस्टिंग

के दौरान, इंटर्न पीएचसी क्लीनिकों, उप-केंद्रों के साथ-साथ एंटीनेटल क्लीनिकों में स्वास्थ्य उपचार में भाग लेते हैं। वे सामुदायिक चिकित्सा के एसआर की देखरेख में प्रत्येक पीएचसी में डिलीवरी हट में भी तैनात किए जाते हैं। उन्हें सामुदायिक स्तर की गतिविधियों जैसे कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की देखरेख, क्षय-रोग-रोधी उपचार कराने के दौरान चूक करने वाले रोगियों की अनुवर्ती उपचार का अनुभव प्राप्त होता है, उप-केंद्रों की देखरेख, आउटरीच गतिविधियों, टीकाकरण और पीएचसी में चल रही अन्य गतिविधियों का अनुभव भी उन्हें प्राप्त होता है। ये इंटर्न, पीएचसी में विशेष गतिविधियों में भी शामिल होते हैं जैसे कि कायाकल्प मूल्यांकन, वार्षिक जनगणना, जन जागरूकता सृजन और स्कूल स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियाँ। सीआरएचएसपी पोस्टिंग के अंत में ये इंटर्न, संबंधित एसआर जिसके अधीन वे अंतिम पोस्टिंग मूल्यांकन के लिए पोस्ट किए गए थे, उनके द्वारा हस्ताक्षरित अपनी लॉग-बुक प्रस्तुत करते हैं।

सामुदायिक चिकित्सा के स्नातकोत्तर विद्यार्थी

सामुदायिक चिकित्सा के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को 18 महीने तक सीआरएचएसपी बल्लभगढ़ में तैनात किया जाता है। यह पोस्टिंग आवासीय है। इस पूरी अवधि में वे उप-जिला अस्पताल में और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दोनों में प्रत्येक में 5 महीने और 10 दिन बारी-बारी से तैनात रहते हैं। इससे उन्हें एसडीएच और पीएचसी दोनों से जुड़ा आवश्यक कौशल और अनुभव प्राप्त करने का पर्याप्त अवसर मिलता है। उन्हें पीएचसी में निर्णय लेने और प्रशासन में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। नियमित शिक्षण कार्यक्रम में सेमिनार, परिवार और नैदानिक मामले की प्रस्तुतियाँ, अस्पताल और फील्ड-अभ्यास विषय पर आधारित समस्यागत अभ्यास शामिल होते हैं। बाकी पोस्टिंग शहरी फील्ड अभ्यास इलाके में की जाती है।

बीएससी नर्सिंग और पोस्ट सर्टिफिकेट नर्सिंग विद्यार्थी

बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों और पोस्ट सर्टिफिकेट नर्सिंग विद्यार्थियों को सीआरएचएसपी बल्लभगढ़ में डेढ़ महीने के लिए तैनात किया जाता है। इस तैनाती की प्रकृति आवासीय होती है। वे एसडीएच पर एक महीने और दो पीएचसी में से किसी एक में दो सप्ताह बिताते हैं। उन्हें प्रसव पूर्व उपचार, वार्ड प्रबंधन और टीकाकरण का प्रशिक्षण दिया जाता है। वे ओपीडी और वार्ड, दोनों में तैनात किए जाते हैं। वे ओपीडी और वार्ड में स्वास्थ्य संबंधी वार्ता, और आईईसी प्रदान करते हैं। नर्सिंग विद्यार्थियों के प्रशिक्षण की निगरानी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एम्स, नई दिल्ली के एक संकाय सदस्य द्वारा की जाती है।

सेवाकालीन प्रशिक्षण

विद्यार्थियों के शिक्षण के अलावा, सीआरएचएसपी बल्लभगढ़ में काम करने वाले कर्मचारियों के विभिन्न संवर्गों के लिए समय-समय पर सेवा प्रशिक्षण आयोजित किए गए। 2019-20 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण निम्नलिखित थे:

1. नर्सिंग स्टाफ और गहन फील्ड अभ्यास विषय के फील्ड स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए नवजात पुनर्जीवन पर एक पुनश्चर्या प्रशिक्षण फरवरी 2020 को नर्सिंग कॉलेज के संकाय सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया।

2. स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं (24 * 2 = 48) के लिए कुल 50 घंटे का सेवाकालीन प्रशिक्षण, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दयालपुर और छायसा (आंकड़े समावेशी) में आयोजित किया गया। ये प्रशिक्षण, प्रत्येक माह बैठकों के दौरान आयोजित किए जाते हैं। क्षेत्र पर्यवेक्षण के दौरान पहचानी गई प्रशिक्षण आवश्यकताओं के आधार पर विषय तय किए गए थे; समीक्षाधीन अवधि के लिए, ये विषय निम्नानुसार थे: जेएसवाई लाभार्थियों की पहचान और इसका लाभ उठाने की सुविधा उन्हें प्रदान करना, पशुओं के काटने का उपचार, जन्म के समय कम वजन वाले शिशुओं का उपचार, परिवार नियोजन - तरीके, महत्व और कवरेज में सुधार कैसे किया जाए, बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन, उच्च जोखिम गर्भावस्था की ट्रैकिंग और प्रबंधन, माँ और नवजात शिशु के लिए प्रसव पूर्व उपचार जिसमें जटिलता प्रबंधन और कंगारू मदर केयर, आईएमएनसीआई- पहचान और बीमार बच्चे के उपचार, कुपोषण की पहचान, उपचार और फील्ड स्तर पर प्रबंधन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से टीकाकरण स्थल तक और वापस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक लाने के लिए कोल्ड चेन प्रबंधन का प्रशिक्षण, टीबी मामलों का निदान और उपचार।

सीएमई / कार्यशालाएं / संगोष्ठी / राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

1. व्यवहार निगरानी सर्वेक्षण लाइट (बीएसएस लाइट-2019-2020), के कार्यान्वयन तंत्र हेतु कार्यशाला, 4-5 अप्रैल 2019, एम्स, नई दिल्ली ।
2. इंस्पायर सहयोगी बैठक, 25-27 अप्रैल 2019, कोलकाता
3. बीएसएस लाइट के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय कार्यशाला, 20-23 मई 2019, गुरुग्राम, हरियाणा ।
4. "लार्वानाशक और कीटनाशक" के उपयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 23 जुलाई 2019, एम्स, नई दिल्ली
5. केंद्रीय टीम के सदस्यों के लिए बीएसएस लाइट हेतु नमूना फ्रेम विकास का केंद्रीयकृत प्रशिक्षण, 17-20 अगस्त 2019, गुरुग्राम, हरियाणा
6. इंस्पायर सहयोगी वार्षिक बैठक 22-23 अक्टूबर 2019, दिल्ली
7. नॉर्थ जोन इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन -2019 के 23वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान "ऑपरेशनल रिसर्च" पर कार्यशाला (प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप), 1 नवंबर 2019, नूंह, हरियाणा
8. मिनर्वा नेटवर्क और तकनीकी सलाहकार समूह की बैठक, 8 और 9 नवंबर 2019, दिल्ली
9. "भारत में वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों पर उन्नत अनुसंधान के लिए प्राथमिकताएं", अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला, 2-4 दिसंबर 2019, एम्स, नई दिल्ली
10. बीएसएस लाइट (मुख्य सर्वेक्षण) के लिए प्रशिक्षकों का केंद्रीकृत प्रशिक्षण, 9-12 दिसंबर 2019 एम्स, नई दिल्ली
11. भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संघ के 64वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन (29 फरवरी से 2 मार्च 2020) के भागों के रूप में विभाग द्वारा निम्नलिखित सम्मेलन पूर्व एवं सम्मेलनोत्तर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया-

   क. शोध पत्र लिखना (स्थान: एम्स, नई दिल्ली)

ख. सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए नेतृत्व कौशल (स्थान: एम्स, नई दिल्ली)

ग. साक्ष्य (मेटा-एनालिसिस) से लेकर सार्वजनिक स्वास्थ्य तक (स्थान: एम्स, नई दिल्ली)

घ. आपदा प्रबंधन- (स्थान: एनआईएचएफडब्ल्यू, मुनिरका)

ड. तनाव प्रबंधन के लिए योग (स्थान: मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान)

च. कुशल आश्वस्त-गुणवत्ता मोबाइल आधारित डेटा कैप्चर (स्थान: सीआरएचएसपी, बल्लभगढ़)

दिए गए व्याख्यान

शशि कांत: 1
किरण गोस्वामी: 4
आनंद कृष्णन: 11
बेरीडेलाइन नोंग्कायरिह : 6
पुनीत मिश्रा: 6
संजय के राय: 3
वाईएस कुसुमा कुमारी: 1
कपिल यादव: 1
सुमित मल्होत्रा: 11
अनिल कुमार गोस्वामी: 10
रवनीत कौर: 7
हर्षल रमेश साल्वे: 10
राकेश कुमार: 2
मोहन लाल बैरवा: 2

मौखिक शोधपत्र/ पोस्टर प्रस्तुति: 15 (* सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र पुरस्कार, ** दूसरा सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र पुरस्कार)

अनुसंधान

वित्त पोषित परियोजनाएं

जारी

1. नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड एडवांस्ड रिसर्च ऑन एनीमिया कंट्रोल, शशि कांत, यूनिसेफ, 2 वर्ष, 2018-2020, रुपये1.8 करोड़ रुपये
2. भारत में इन्फ्लूएंजा की रोकथाम और नियंत्रण के लिए साक्ष्य-आधारित एडवोकेसी को मजबूत करना/ बढ़ावा देना, आनंद कृष्णन, सीडीसी, अटलांटा, 5 वर्ष, 2018-23, 8.1 करोड़ रुपये
3. नमूना पंजीकरण प्रणाली में मौखिक शव परीक्षण के आधार पर मौत के कारण का पता लगाने के संबंध में तकनीकी सहायता इकाई की स्थापना, आनंद कृष्णन, भारत के महापंजीयक, 3 वर्ष, 2017-2020, 2.8 करोड़ रुपये
4. एनसीडी के लिए प्रबंधकीय और नेतृत्व कौशल बढ़ाने के लिए, एनसीडी कार्यक्रम प्रबंधकों और निदेशकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का विकास, बहु-सेक्टर प्रशासन और समन्वय, आनंद कृष्णन, डब्ल्यूएचओ-एसईएआरओ, 6 महीने, 2019, 7 लाख रुपये
5. सामुदायिक स्थिति में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, तनाव और आरोग्य के संबंध में व्यवस्थित योग कार्यक्रम का प्रभाव, इसकी व्यवहार्यता और दीर्घकालिक स्थिरता, पुनीत मिश्रा, डीएसटी, 1 वर्ष, 2018-19, 40 लाख रुपये
6. एचआईवी प्रहरी निगरानी एनआई और आरआई, संजय राय, नाको, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, 2 वर्ष, 2018-2020, रुपये 234.44 लाख रुपये

7. अनुसूचित जनजातियों में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की स्थिति लाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच और गुणवत्ता में सुधार: विशाखापत्तनम जिला, आंध्र प्रदेश में एक कार्यान्वयन अनुसंधान, वाईएस कुसुमा, आईसीएमआर, 2.5 वर्ष, 2020-2022, 29.2 लाख रूपये
8. भारत के चुनिंदा जिलों में गर्भवती महिलाओं के बीच आयोडीन की स्थिति का आकलन, कपिल यादव, आईसीएमआर, 2.5 वर्ष, 2016-20, 57.6 लाख रुपये
9. एनीमिया नियंत्रण में फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं - एएनएम, एडब्ल्यूडब्ल्यू और आशा द्वारा उपचार स्थल पर किए जाने वाले परीक्षण की प्रभावशीलता, कपिल यादव, आईसीएमआर, 2 वर्ष, 2020-22, 98.49 लाख रुपये
10. मानव संसाधन विकास स्वास्थ्य अनुसंधान योजना-संचालन अनुसंधान, सुमित मल्होत्रा, डीएचआर, 7 वर्ष, 2014-2021, 56 लाख रुपये
11. हरियाणा के एक चयनित जिले में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार के कार्यान्वयन के लिए नवाचार अध्ययन केंद्र, सुमित मल्होत्रा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, 2 वर्ष, 2018-2020, 41.45 लाख रुपये
12. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्कूली किशोरियों में साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण कार्यक्रम से संबंधित कार्यान्वयन और बाधाओं का आकलन, सुमित मल्होत्रा, दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, 2 वर्ष, 2018-2020, 16 लाख रुपये
13. हरियाणा के नूंह जिले में व्यापक स्वास्थ्य उपचार में 'आशा' के ज्ञान, कौशल और अभ्यास में सुधार करने में सामुदायिक स्वास्थ्य उपचार परिणाम मॉडल के लिए टेली-मेंटरिंग एक्सटेंशन की प्रभावशीलता को समझने के लिए एक अध्ययन, सुमित मल्होत्रा, ईसीएचओ इंडिया, 1 वर्ष, 2019-20, 21.75 लाख रुपये
14. दिल्ली की शहरी पुनर्वास कॉलोनी में रहने वाले बुजुर्ग व्यक्तियों में एनीमिया की रोकथाम, अनिल के. गोस्वामी, एम्स, 1 वर्ष, 2019-2020, 5 लाख रुपये
15. दिल्ली के एक शहरी क्षेत्र में पोषक तत्वों के सेवन, एंथ्रोपोमेट्री और चयनित सीरम बायोमार्कर के रूप में गर्भवती महिलाओं की यथा-आकलित पोषाहार स्थिति - एक समुदाय-आधारित अध्ययन, रवनीत कौर, एम्स, 2 वर्ष, 2019-21, 8.25 लाख रुपये
16. ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में चलंत चिकित्सा इकाइयों के विभिन्न मॉडलों का तुलनात्मक मूल्यांकन, रवनीत कौर, एनएचएसआरसी, एमओएचएफडब्ल्यू, 2 वर्ष, 2019-20, 25 लाख रुपये
17. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, भारत में वेक्टर-जनित रोगों के लिए सामुदायिक स्तर पर जलवायु आधारित प्रारंभिक चेतावनी तंत्र (सीसीईडब्ल्यूएस) का विकास करना, हर्षल साल्वे, जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम (एसपीएलआईसीई), डीएसटी, 3 वर्ष, 2017-2020, 55.62 लाख रुपये
18. दिल्ली एनसीआर में परिवेशी पीएम 2.5 प्रभावन की मृत्यु दर, हर्षल साल्वे, एम्स-आईआईटी संयुक्त सहयोग परियोजना अनुदान, 2 वर्ष, 2018-2020, 8.9 लाख रुपये

19. ग्रामीण उत्तर भारत में एनपीसीडीएस के तहत सीओपीडी/ अस्थमा के लिए स्क्रीनिंग और उपचार प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन पर प्रायोगिक अध्ययन, हर्षल साल्वे, एनसीडीसी, 6 महीने, 2019-2020, 0.4 लाख रुपये
20. भारत में वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों पर शोध को आगे बढ़ाने के लिए प्राथमिकताएं, हर्षल साल्वे, हैल्थ इफैक्ट इंस्टीट्यूट, बोस्टन यूएसए, 5 महीने, 2019-2020, 19.93 लाख रुपये
21. नव निदानित स्पटम पॉजिटिव पल्मोनरी तपेदिक रोगियों के प्रारंभिक लक्षणों पर ग्लाइसेमिक स्थिति का प्रभाव और उपचार प्रतिक्रिया: एक अग्रदर्शी अध्ययन, राकेश कुमार, एम्स, 2 वर्ष, 2019-2021, 9.85 लाख रुपये

पूर्ण

1. दिल्ली में झुग्गियों और झुग्गी जैसी बस्तियों में डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन संचार (एसबीसीसी) रणनीति का विकास, कार्यान्वयन और मूल्यांकन; वाई कुसुमा, आईसीएमआर और आईसीएसएसआर, 2 वर्ष, 2017-19, 17.8 लाख रुपये
2. कैंसर, मधुमेह, हृदय रोगों और स्ट्रोक के राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) की समीक्षा के लिए मूल्यांकन साधनों का विकास बेरीडेलाइन एन, डब्ल्यूएचओ-इंडिया, 6 महीने, 2019, 15.04 लाख रुपये
3. एनसीडी रिस्क कारकों के समाधान के लिए डब्ल्यूएचओ द्वारा प्रेरित स्वास्थ्य संवर्धन विद्यालय के उपयोग से स्कूल स्तर पर उपचार के लिए साधन का विकास, हर्षल आर साल्वे, डब्ल्यूएचओ-एसईएआरओ, 6 महीने, 2018-2019, 6.28 लाख रुपये

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. हरियाणा, भारत में द्वितीयक उपचार स्वास्थ्य सुविधा में एएनसी में भाग लेने वाली गर्भवती महिलाओं के बीच जीडीएम का प्रसार: एक अस्पताल-आधारित अध्ययन
2. नई दिल्ली की एक शहरी पुनर्वास कॉलोनी में किशोरियों के बीच चुनिंदा पोषण संबंधी समस्याओं का आकलन- एक मिश्रित पद्धति अध्ययन
3. शहरी दिल्ली में निम्न-स्तरीय सामाजिक-आर्थिक समुदाय में मधुमेह के उपचार और नियंत्रण के बारे में जानकारी और आत्मविश्वास
4. दिल्ली की एक शहरी पुनर्वास कॉलोनी में प्रजनन आयु की महिलाओं के बीच आहार विविधता और संबंधित कारक
विशिष्ट निदानशाला

विभाग स्टोमा रोगियों के लिए एक दैनिक निदानशाला चला रहा हैं।

विशेष प्रयोगशाला सेवाएं

गुदा मैनोमेट्री, ग्रासनलीय मैनोमेट्री, 24 घण्टे की एंबुलेटरी इसोफैगल पी.एच. मॉनिटरिंग, एंडोट्रेनिंग प्रयोगशाला।

भर्ती रोगी

कुल शल्यक क्रियाएं: 627 ऐच्छिक: 467 आपातकालीन: 160

विशेष रूचि वाले क्षेत्र

पित्त बाधा :	90	पोर्टल हाइपरटेंशन :	35
ग्रासनलीय कैंसर :	19	कार्सिनोमा पित्ताशय :	27
अल्सरेटिव कोलाइटिस :	45	अपर जी.आई. हैमरेज :	5
लोअर जी.आई हैमरेज :	10	तीव्र अग्न्याशयशोथ :	21
दीर्घकालिक अग्न्याशयशोथ :	21	पित्त सम्बंधी बाधा :	15
पैनक्रिएटो-ड्यूओडेनेक्टॉमी :	56	यकृत उच्छेदन :	46

पुरस्कार, सम्मान तथा महत्वपूर्ण कार्यक्रम

प्रो. पीयूष साहनी शिक्षा समिति, इंडियन एसोसिएशन ऑफ सर्जिकल गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी के पूर्व अध्यक्ष और सभापति रहे; इंडियन एसोसिएशन ऑफ मेडिकल जनरल एडिटर्स के अध्यक्ष हैं; मेंम्बरशिप कमेटी तथा वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ मेडिकल एंडिटर्स के सभापति हैं; संपादकीय मंडल, जनरल ऑफ गैस्ट्रोइंट्सटेनियल सर्जरी (सोसाइटी फॉर सर्जरी ऑफ दी एलिमेंट्री ट्रेक्ट की आधिकारिक पत्रिका) तथा अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि, सदस्य सर्विसिज़ कमेटी, सोसाइटी फॉर सर्जरी ऑफ दी एलिमेंट्री ट्रेक्ट, यू.एस.ए के सदस्य हैं; इंटरनेशनल कमेटी ऑफ मेडिकल जनरल ऐडिटर्स; सदस्य, एथिक्स कमेटी, मेडिकल कांउसिल ऑफ इंडिया के सदस्य हैं; बोर्ड ऑफ स्टडीज़, एम्स भुवनेश्वर के सदस्य हैं; एम्स, नई दिल्ली में 9 से 13 अक्टूबर 2019 को नई दिल्ली में इंडियन एसोसिएशन ऑफ सर्जिकल गैस्ट्रोइंटोरोलॉजी के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजक रहे, वर्ष 2019 के आंध्र प्रदेश राज्य के एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के डॉ.बी. शनमुकेश्वर राव मेमोरियल ओरेशन में व्याख्यान दिया।

प्रो. सुजॉय पाल 20 जून से 24 जून 2019 तक माननीय दलाई लामा के तत्वावधान में हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में आयोजित समुदायिक स्वास्थ्य शिविर में भाग लिया; 9 से 13 अक्टूबर 2019 तक एम्स, नई दिल्ली में भारतीय जठरांत्र शल्य चिकित्सा संघ के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के सह-आयोजक; पित्त मुक्त पेपर सत्र (मून्ड वी, पनवर आर., सिंह एन., दाश एन.आर., पाल एस., साहनी पी.) के लिए सर्वश्रेष्ठ पत्र पुरस्कार। 29वें आई.ए.एस.जी. के वार्षिक सम्मेलन, 9 से 13 अक्टूबर 2019, नई दिल्ली में पोर्टल बाइलियोपैथी में पित्त शल्य चिकित्सा विज्ञान के लघु एवं दीर्घकालिक परिणाम।

प्रो. निहार रंजन दाश को इंडियन ऑस्टोमी सोसाइटी का अध्यक्ष बने रहे तथा इंडियन ऑस्टोमी सोसाइटी की वार्षिक बैठक आयोजित की। वे यूरोपियन रेडियोलॉजी, बी.एम.सी. सर्जरी, बी.एम.सी. केस रिपोर्ट तथा ट्रोपिकल गैस्ट्रोएँटोरोलॉजी के समीक्षक थे। इन्हें जी.आई. सर्जरी में विशिष्टता के साथ संघ लोक सेवा

आयोग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, जम्मू-कश्मीर के सर्जिकल गैस्ट्रोऐंटोरोलॉजी के लेक्चरर के साक्षात्कार, केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सी.डी.एस.सी.ओ.), प्रश्न इंडिया, आई.सी.एम.आर. गॉल ब्लैडर टास्क फोर्स तथा एम्स, भुवनेश्वर एवं जोधपुर के संकाय चयन हेतु विशेषज्ञ नियुक्त किया गया; 9-13 अक्टूबर 2019 तक एम्स नई दिल्ली में आयोजित भारतीय शल्यक जठरांत्ररोगविज्ञान संघ, नई दिल्ली के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के सह-संयोजक रहे।

9.15. जराचिकित्सा विभाग

आचार्य एवं अध्यक्ष

ए.बी. डे

सह-आचार्य

प्रसून चटर्जी | अविनाश चक्रवर्ती

सहायक आचार्य

विजय कुमार

विशिष्टताएं

स्वीडन की महारानी सिल्विया ने 3 दिसम्बर 2019 को विभाग की स्मृति एवं डिमेन्शिया सेवा का दौरा किया ताकि वे डिमेन्शिया चिकित्सा में अपनी रूचि के अनुसार भारत में प्रदान की जाने वाली डिमेन्शिया चिकित्सा से अवगत हो सकें। विभाग ने एम्स के विभिन्न विभागों द्वारा बुजुर्ग रोगियों को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा का एक तत्क्षण प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

माननीय श्री एम.वेंकैया नायडू, भारत के उपराष्ट्रपति ने 21 दिसम्बर 2019 को अपने कार्यालयी निवास पर प्रसून चटर्जी द्वारा लिखित पुस्तक "हेल्थ एंड वेल बींग इन लेट लाईफ: पर्सपेक्टिव्स एंड नैरेटिव्स फ्रॉम इंडिया" का विमोचन किया।

विभाग ने 19 सितम्बर 2019 को विश्व स्वास्थ्य संगठन के 10 दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्रीय देशों के प्रतिभागियों हेतु इंटेग्रटेड केयर ऑफ द ओल्डर पर्सन (आईसीओपीई) का सीधा प्रदर्शन आयोजित किया।

विभाग ने 17-18 अगस्त 2019 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में जैव-भौतिकी विभाग के सहयोग से 19वें बाइएनियल कॉनफ्रेंस ऑफ एसोसिएशन ऑफ जेंरटोलॉजी (भारत) सम्मेलन का सह-आयोजन किया।

डॉ. ए.बी. डे को 10 जुलाई 2019 से अगले 3 वर्षों के लिए हेल्दी एजिंग पर दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्रीय विशेषज्ञ सलाहकार पैनल का सदस्य नियुक्त किया गया था।

शिक्षा

विभाग भारत में सबसे बड़ा जराचिकित्सा स्नातकोत्तर विभाग है। संस्थानिक शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदरी के अतिरिक्त, विभाग ने प्रति सप्ताह शिक्षण के पांच सत्रों सहित स्नातकोत्तर प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया। कर्नल सुमित भास्कर, आर्मी मेडिकल कोर 1 जुलाई, 2019 से अगले दो वर्षों के लिए दीर्घ अवधि प्रशिक्षु के रूप में विभाग में शामिल हुए। विभाग ने जराचिकित्सा सेवा की स्थापना हेतु कायचिकित्सा विभाग, एम्स, ऋषिकेश के एम.डी. छात्र को ओब्जर्वरशिप प्रदान की।

विभाग द्वारा आयोजित क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा/कार्यशालाएं/संगोष्ठी/राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

1. 19वीं बाइएनियल कॉन्फ्रेंस ऑफ एसोसिएशन ऑफ जेंरटोलॉजी (भारत), 17-18 अगस्त 2019, नई दिल्ली
2. आईसीओपीई का डब्ल्यू.एच.ओ. एसईएआरओ- प्रदर्शन, 19 सितम्बर 2019, नई दिल्ली

प्रदत्त व्याख्यान

ए.बी. डे : 12 प्रसून चटर्जी : 5

प्रस्तुत मौखिक पत्र/पोस्टर:18

अनुसंधान

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. लांगिट्यूडनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया (एल.ए.एस.आई.) हेतु हार्मोनाईज्ड डायग्नोस्टिक एससमेंट ऑफ डिमेंशिया (डी.ए.डी.), ए.बी. डे, एन.आई.एच. (यूएसए), 5 वर्ष, 2019-2024, रूपये 2201.96 लाख
2. लांगिट्यूडनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया (एल.ए.एस.आई.) हेतु हार्मोनाईज्ड डायग्नोस्टिक एससमेंट ऑफ डिमेंशिया (डी.ए.डी.), ए.बी. डे, एन.आई.एच. (यूएसए), 5 वर्ष, 2015-2020, रूपये 528.66 लाख।
3. लांगिट्यूडनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया (एल.ए.एस.आई.), ए.बी. डे, एमओएचएफडब्लू, 4 वर्ष, 2015-2019, रूपये 100 लाख।
4. www.oldagessoulutions.org- बुजुर्गों एवं उनके सुविधाप्रदाताओं के लिये एक वेब पोर्टल, ए.बी. डे, डी.एस.टी., 3 वर्ष, 2019-2022, रूपये 47.38 लाख।
5. सारकोपेनिया का अध्ययन: बुजुर्ग उत्तर भारतीय आबादी में निदान हेतु मानकों की स्थापना, व्यापकता एवं जोखिम कारक तथा निवारण उपायों का विकास, ए.बी. डे, आईसीएमआर, 3 वर्ष, 2019-2022, रु. 88.25 लाख।
6. भारत में बुजुर्ग व्यक्तियों की सामुदाय-आधारित चिकित्सा हेतु आधारशिला के रूप में बुजुर्ग व्यक्तियों हेतु एकीकृत चिकित्सा (आईसीओपीई) का सत्यापन एवं कार्यान्वयन: एक मार्गदर्शी अध्ययन, ए.बी. डे, डब्लू.एच.ओ., 1 वर्ष, 2019-2020, 10.05 लाख रूपये।
7. एम्स के जराचिकित्सा क्लीनिक में उपचार करा रहे व्यक्तिपरक संज्ञानात्मक क्षति (एस.सी.आई.) वाले बुजुर्ग रोगियों में मल्टीमॉडल हस्तक्षेप (आहार, अभ्यास एवं कंप्यूटर आधारित संज्ञानात्मक प्रशिक्षण), प्रसून चटर्जी, डीएसटी, 3 वर्ष, 2017-2020, 38.52 लाख रूपये।
8. समुदाय बुजुर्ग में गतिशील स्वतन्त्रता पर स्मार्ट नोरडिक वाकिंग प्रशिक्षण का प्रभाव-एक मार्गदर्शी अध्ययन, प्रसून चटर्जी, आईसीएमआर, 2 वर्ष, 2019-2021, 38.15 लाख रूपये।

9. इंडियन सुपर एजर्स की विशेषताएं- एक संभावित भविष्यदर्शी मॉडल के साथ एक मार्गदर्शी भावी कोहार्ट अध्ययन, प्रसून चटर्जी, आईसीएमआर, 3 वर्ष, 2019-2022, 61.36 लाख रूपये।
10. सफाई, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य हेतु इन्टरजनरेशनल एंगेजमेंट एंड साइन्स के प्रारूप के प्रति ज्ञान, व्यवहार, बोध तथा चिकित्सा जागरूकता का राष्ट्रीय अध्ययन, प्रसून चटर्जी, डीएसटी, 1 वर्ष, 2019-2020, रु. 21.16 लाख

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. अति बुजुर्ग व्यक्तियों में कार्यात्मक स्थिति पर नार्डिक वाकिंग प्रशिक्षण का प्रभाव: एक यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण
2. दुर्दमता से ग्रसित बुजुर्गों में उनके आरम्भिक मूल्यांकन पूर्व-सूचना तथा उपचार के लिए निर्मित एक नवीन पैमाने द्वारा हीमेटोलॉजिकल विकृतियों (मल्टीपल मायलोम) वाले रोगियों का जेरियाट्रिक आंकलन।
3. आयु संबंधी मायोपेथिज में सम्मिलित कारकों के एकीकरण हेतु विशिष्ट स्केलेटल मांसपेशी कोशिका (सेटेलाइट सेल्स) की ट्रांसक्रिम्टोम प्रोफाइलिंग (एमआरएनए/एमआईआरएनए)
4. फेफड़े के कैंसर से पीड़ित जराचिकित्सा रोगियों के आरंभिक मूल्यांकन, पूर्वानुमानकों हेतु नए विकसित स्कैल (स्कोप-सी, संस्करण1) की पुष्टि तथा बुजुर्ग आबादी में फेफड़े के कैंसर के बायोमार्कर के रूप में ट्यूमर सप्रैशर का उपचार एवं संभाव्यता का पता लगाना।
5. एसएआरआई वाली बुजुर्ग आबादी में मृत्यु-दर के पूर्वानुमानक के रूप में नैदानिक दुर्बलता पैमाना - एक भावी अवलोकनात्मक अध्ययन।
6. वृद्धाआश्रम के निवासियों में सार्कोपेनिया पर अवलोकन
7. अति बुजुर्गावस्था में रोग की हाल ही में शुरूआत हेतु अस्पताल में भर्ती के उपरान्त उत्तरजीविता का पूर्वानुमानक
8. भारतीय बुजुर्गों में जैविक उम्र बढ़ने के संकेतक तथा इसके सहसंबंध।
9. संज्ञानात्मक क्षति से ग्रस्त रोगियों के वाहकों में उपचारकर्ताओं का तनाव एवं बोझ
10. जराचिकित्सा आबादी में प्रलाप की घटना एवं व्यापकता तथा इसके सामाजिक -जनसांख्यिकीय, नैदानिक एवं जैवरासायनिक सहसंबंध
11. व्यक्तिपरक संज्ञानात्मक गिरावट वाले रोगियों में बायोमार्कर का अध्ययन
12. वृद्ध व्यस्कों में 6 माह तथा 1 वर्ष के लिए मृत्यु-दर के पूर्वानुमानक के रूप में आईसीटी-बीआरआईईएफ उपकरणों की मान्यता
13. स्मार्ट नोर्डिक वॉकर और स्मार्ट शूज़ के प्रयोगकर्ताओं के संतुलन एवं चाल की प्रोफाइल
14. दुर्दमता वाले बुजुर्गों में एससीओपीई सी संस्करण 1 की मद में कमी एवं उसका सत्यापन
15. बुजुर्गों में संज्ञानात्मक रिजर्व पर अंतर्जन्य शिक्षा का प्रभाव
16. वृद्ध व्यस्कों में सार्कोपेनिक एवं गैर सार्कोपेनिकों में गट माइक्रो बायोटा का अध्ययन

17. 75 वर्ष की आयु एवं उससे ऊपर के व्यक्तियों का गैट विश्लेषण

पूर्ण

1. वृद्धावस्था में स्केलेटल मांसपेशी के पुनर्जनन का अध्ययन।
2. राष्ट्रीय जागरूकता के अध्ययन हेतु स्वास्थ्य संबंधी नीतियों एवं कार्यक्रम जागरूकता प्रश्नावली (एचपीपीएक्यू) का विकास
3. जेरियाट्रिक रोगियों तथा मेडिकल/पैरामेडिकल कर्मियों में वरिष्ठ नागरिकों हेतु स्वास्थ्य चिकित्सा नीतियां तथा कार्यक्रम
4. भारतीय अस्पतालों में दोष का पूर्वानुमान: तीन संकेतकों की तुलना
5. भारतीय बुजुर्गों में न्यूमोकोकल टीके की नैदानिक तथा प्रतिरक्षात्मक प्रभावकता के आकलन हेतु यादृच्छिक प्लेसबो नियंत्रण परीक्षण
6. जराचिकित्सा ओपीडी में जाने वाले भारतीय बुजुर्ग वयस्कों में कार्डियोपल्मोनरी फिटनेस का मात्रात्मक मूल्यांकन।
7. भारतीय बुजुर्गों में दुर्बलता की स्वायत्त कार्यप्रणाली का आकलन।
8. संज्ञानात्मक क्षति हेतु बायोमार्कर के तौर पर बुजुर्ग रोगियों में नवीन प्रोटीन की गणना।
9. भारतीय बुजुर्गों में एक कार्बन चयापचय तथा संज्ञानात्मक क्षति।
10. भारतीय बुजुर्गों में दुर्बलता के नए पैमाने का विकास।
11. बुजुर्गों में आंतरिक क्षमता की एक नैदानिक संरचना की स्थापना।
12. भारतीय बुजुर्ग आबादी में सार्कोपेनिया के बायोमार्कर तथा नैदानिक उपकरण।

प्रकाशन

पत्रिकाएं:12 **सार:1** **पुस्तकों में अध्याय:2** **पुस्तकें:1**

रोगी उपचार

विभाग द्वारा प्रतिदिन ओ.पी.डी. सुविधाएं एवं सप्ताह में एक बार अपराह्न स्मृति निदानशाला उपलब्ध करायी गई। इस वर्ष के दौरान ओ.पी.डी. में रोगियों को 51511(नए व पुराने) परामर्श दिये गए तथा स्मृति निदानशाला में 312 (225 नए तथा 87 पुराने) रोगियों को देखा गया।

विभाग की दिवस उपचार सुविधा से 14969 रोगियों को पुनर्वास सुविधा प्रदान की गई। इस वर्ष के दौरान जराचिकित्सा के अंतर्गत 1623 रोगी भर्ती किए गए।

सामुदायिक सेवा

विभाग के संकाय तथा रेजिडेंट्स ने दिल्ली एन.सी.आर. क्षेत्र के वृद्धाश्रमों में गैर-सरकारी संगठन हेल्दी ऐजिंग इंडिया द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगाए गए शिविरों में भाग लिया।

पुरस्कार, सम्मान एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम

डॉ. प्रसून चटर्जी और डॉ. विजय कुमार ने दूरदर्शन के कई स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों में भाग लिया तथा वृद्धावस्था संबंधी मुद्दों पर चर्चा की।

डॉ. जोइता बनर्जी को इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ जेरियाट्रिक ऑन्कोलॉजी (एसआईओजी), जिनेवा, स्विटजरलैंड द्वारा भारत के राष्ट्रीय प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया।

प्रोफेसर ए.बी. डे ने 20 से 21 अगस्त 2019 तक डब्ल्यूएचओ रीजनल ऑफिस फॉर साउथ-ईस्ट एशिया, नई दिल्ली, भारत में आयोजित वृद्ध लोगों के उपचार में चिकित्सकों हेतु प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण मैनुअल की समीक्षा हेतु विशेषज्ञ समूह परामर्श; पारो, भूटान में एजिंग पर राष्ट्रीय रणनीति के विकास हेतु हिताधारकों को परामर्श, भूटान, 23 से 25 अगस्त 2019; दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्र में इंटेग्रटेड केयर फॉर ओल्डर पीपुल (आईसीओपीई) पर डब्ल्यूएचओ बैठक 18-20 सितम्बर 2019, नई दिल्ली, भारत; जिनेवा, स्विट्जरलैंड में 10 से 11 अक्टूबर 2019 को मेट्रिक्स एंड एविडेन्स फॉर हेल्दी एजिंग पर डब्ल्यूएचओ कोन्सोर्टीयम; 14 से 16 अक्तूबर 2019 को वांगड़, भूटान में हेल्दी एजिंग हेतु राष्ट्रीय रणनीति पर हिताधारकों को परामर्श, भूटान; जिनेवा, स्विटजरलैंड में 21 और 22 नवम्बर 2019 को हेल्दी एजिंग पर डब्ल्यूएचओ क्लीनिकल कोन्सोर्टीयम; 16 से 18 दिसंबर 2019 को पुणे, महाराष्ट्र में आईसीओपीई फॉर प्राइमरी केयर फिजिशियन्स पर डब्ल्यूएचओ एसईआरओ प्रशिक्षण कार्यक्रम; हैदराबाद, तेलंगाना में सीएचसी चिकित्सा अधिकारियों हेतु वृद्धों की स्वास्थ्य चिकित्सा पर प्रशिक्षकों का डब्ल्यूएचओ भारत राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में भाग लिया।

डॉ. प्रसून चटर्जी को मार्च 2020 में डब्ल्यूएचओ-एसईएआरओ में एक सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया। उन्होंने 20 से 21 अगस्त 2019 तक डब्ल्यूएचओ रीजनल ऑफिस फॉर साउथ-ईस्ट एशिया, नई दिल्ली, भारत में आयोजित वृद्ध लोगों के उपचार में चिकित्सकों हेतु प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण मैनुअल की समीक्षा हेतु विशेषज्ञ समूह परामर्श; 20 से 21 अगस्त, 2019; दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्र में इंटेग्रटेड केयर फॉर ओल्डर पीपुल (आईसीओपी) पर डब्ल्यूएचओ बैठक 18-20 सितम्बर 2019, नई दिल्ली, भारत; जिनेवा, स्विटजरलैंड में 21 और 22 नवम्बर 2019 को हेल्दी एजिंग पर डब्ल्यूएचओ क्लीनिकल कोन्सोर्टीयम; 16 से 18 दिसंबर 2019 को पुणे, महाराष्ट्र में आईसीओपीई फॉर प्राइमरी केयर फिजिशियन्स पर डब्ल्यूएचओ एसईआरओ प्रशिक्षण कार्यक्रम; हैदराबाद, तेलंगाना में सीएचसी चिकित्सा अधिकारियों हेतु वृद्धों की स्वास्थ्य चिकित्सा पर प्रशिक्षकों का डब्ल्यूएचओ भारत राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में बतौर मुख्य प्रशिक्षक आयोजन भाग लिया; 2 दिसम्बर 2019 को आईसीएमआर मुख्यालय में डू नॉट अटेम्पट रिसस्सीटेशन (डीएनएआर) पर राष्ट्रीय परामर्शदाता बैठक में भाग लिया एवं पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

9.16. रूधिर विज्ञान

आचार्य एवं अध्यक्ष

एम. महापात्रा

आचार्य

एस. त्यागी तुलिका सेठ

सहायक आचार्य

ऋषि धवन जस्मिता दास मुकुल अग्रवाल
गणेश कुमार V प्रदीप कुमार

वैज्ञानिक-II

सुमन लता

वैज्ञानिक-I

रवि रंजन रवि कुमार

विशिष्टताएं

- रूधिर विज्ञान विभाग, एम्स द्वारा संचालित आई.एस.एच.टी.एम.-एम्स बाह्य गुणवत्ता मूल्यांकन कार्यक्रम को हीमोग्राम हेतु एन.ए.बी.एल. द्वारा आगामी दो वर्षों के लिए पी.टी. प्रदाता के रूप में मान्यता दी गई थी।
- रूधिर विज्ञान विभाग को निरंतर रूप से इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सपेरिमेंटल हीमेटोलॉजी एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, यूनिवर्सिटी क्लिनिक बोन के सहयोग से इंटरनेशल सोसाइटी ऑफ हीमोस्टेसिस एंड थ्रोम्बोसिस द्वारा क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र का दर्जा प्राप्त है।

शिक्षा

- विभाग द्वारा रूधिर विज्ञान के क्षेत्र में डी.एम. (नैदानिक रूधिर विज्ञान), डी.एम. (रूधिर विकृति विज्ञान) तथा पी.एच.डी. कार्यक्रम का संचालन किया जाता है। शैक्षिक कार्यक्रम में नियमित सेमिनार, संगोष्ठी, सूक्ष्म-शिक्षण तथा विषय संबंधी चर्चाएं सम्मिलित हैं।
- संकाय-सदस्यों द्वारा विकृति विज्ञान, रूधिर विज्ञान तथा आंतरिक चिकित्सा संबंधी विषयों पर स्नातकपूर्व विद्यार्थियों के लिए थ्योरी एवं प्रैक्टिकल कक्षाएं प्रदान की जाती हैं। बाल-चिकित्सा विभाग में नैदानिक विषय अध्ययनों को पढ़ाया जाता है। एम.डी. (विकृति विज्ञान) के विद्यार्थियों को रूधिर विज्ञान में प्रशिक्षित किया जाता है।
- विभाग द्वारा रूधिर विज्ञान के क्षेत्र में इच्छुक अतिथि चिकित्सकों, स्वास्थ्य सेवा व्यावसायिकों एवं एम.एस.सी. विद्यार्थियों के लिए अल्प-अवधि प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

- विभाग द्वारा नैदानिक एवं रूधिर विज्ञान प्रयोगशाला के क्षेत्र में एक चिकित्सक को अन्य संस्थान से प्रत्येक दो सप्ताह के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है। इस वर्ष के दौरान 06 एम.एस.सी. विद्यार्थियों को भी प्रत्येक दो माह के लिए अल्प-अवधि रूधिर विज्ञान प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

सी.एम.ई./कार्यशाला/संगोष्ठी/राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

- विभाग ने दिनांक 07-10 नवंबर, 2019 को इंडियन सोसाइटी ऑफ हीमेटोलॉजी एंड ब्लड ट्रांसफ्यूजन (हेमाटोकॉन 2019) का 60 वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में 1500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- विभाग द्वारा दिनांक 07 नवंबर, 2019 को तीन कार्यशालाएं भी आयोजित की गई। ये कार्यशालाएं निम्नलिखित विषयों पर थी:
  - सुदम्य रूधिर विज्ञान में फ्लोसाइटोमेट्री
  - थ्रोम्बोफिलिया
  - हीमोफिलिया- पेशीकंकाली

प्रदत्त व्याख्यान

एम.महापात्रा:	**09**	**सीमा त्यागी:**	**01**	**तुलिका सेठ:**	**20**
ऋषि धवन:	**06**	**मुकुल अग्रवाल:**	**12**	**जस्मिता दास:**	**07**
गणेश कुमार V:	**04**				

प्रस्तुत किए गए मौखिक पत्र/पोस्टर्स : 30

अनुसंधान

वित्त पोषित परियोजनाएं

जारी

1. गंभीर हीमोफिलिया में सक्रिय प्लेटलेट्स द्वारा नैदानिक फीनोटाइप (समलक्षणी) की गंभीरता को कम करना, एम.महापात्रा, डी.बी.टी., तीन वर्ष, 2019-2022, 8 लाख रूपये।
2. इन्हिबिटर्स वाले हीमोफिलिया बी के लिए एन.एन.7415-4311 एक्सप्लोरर 7, एन.एन.7415-4311, कॉनसीजुमैब लेबल परीक्षण, तुलिका सेठ, नोवो नॉर्डिस्क, तीन वर्ष, 2019-2021, 3.5 लाख रूपये।
3. एक्सप्लोरर 8 एन.एन.7415-4311/4307, तुलिका सेठ, नोवो नॉर्डिस्क, तीन वर्ष, 2019-2021, 3.5 लाख रूपये।
4. राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र के साथ क्षमता निर्माण हेतु भारत 13 बहुकेन्द्रीय परियोजना, तुलिका सेठ, एन.एन.एच.एफ. एक वर्ष, 2019-2020, 14 लाख रूपये।

पूर्ण

1. सामाजिक-पारिस्थितिकीय प्रभाव एवं जनजातीय स्वास्थ्य: भारत में जनजातियों के मध्य थैलासीमिया म्यूटेशन की महामारी विज्ञान संबंधी विविधता पर अध्ययन एवं सामाजिक-पारिस्थितिकीय प्रभावी वस्तुओं का प्रभाव, रेनू सक्सेना, डी.एस.टी., तीन वर्ष, 2017-2020, 4.38 लाख रूपये प्रति वर्ष।
2. भारत में मध्यम एवं गंभीर हीमोफिलिया ए से पीड़ित पूर्व उपचारित रोगियों में रक्त स्राव की घटनाओं का उपचार एवं प्रोफिलैक्सिस के लिए ट्यूरोक्टोकॉगअल्फा की सुरक्षा, तुलिका सेठ, नोवो नॉर्डिस्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एक वर्ष, 2018-2019
3. इब्रुटिनिब के माध्यम से उपचारित सी.एल.एल. एवं एम.सी.एल. वाले रोगियों के नैदानिक परिणाम: भारत से प्रेक्षणमूलक पूर्वव्यापी चिकित्सा चार्ट समीक्षा, तुलिका सेठ, सिरोक्लिन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड, एक वर्ष, 2018-2019

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. भारतीय दात्र कोशिका संलक्षण वाले रोगियों के फीनोटाइप पर आणविक आनुवंशिकी का प्रभाव
2. भारत में एफ VII तथा एफ X की वंशागत अपूर्णता में आणविक क्षतियों की पहचान एवं इन-सिलिको वर्णन
3. बी.सी.आर.-ए.बी.एल.1 काइनेज डोमेन की संयोजित भूमिका एवं टाइरोसिन काइनेज इन्हिबिटर्स (टी.के.आई.) के प्रतिरोध के साथ क्रॉनिक माइलॉइड ल्यूकीमिया रोगियों में किसी भी स्थान पर म्यूटेशन का अध्ययन करना।
4. माइलोडिसप्लास्टिक सिंड्रोम उपसमूहों की आणविक रूपरेखा- रोग के निदान एवं उपचार की प्रतिक्रिया के आकलन हेतु एकल वंशावली डिसप्लासिया वाला एम.डी.एस. तथा बहु-वंशावली डिसप्लासिया वाला एम.डी.एस.।
5. गंभीर हीमोफिलिया में सक्रिय प्लेटलेट्स द्वारा नैदानिक फेनोटाइप की गंभीरता कम करना।
6. एफ.सी.एम. द्वारा बी.सी.आर.-ए.बी.एल.-। ऋणात्मक एम.पी.एन. में एच.एम.आई.सी.एल. की भूमिका।
7. फ्लो साइटोमेट्री द्वारा बहु-माइलोमा में इम्यूनोफेनोटाइपिंग तथा एम.आर.डी. विश्लेषण।
8. बी-कोशिका तीव्र लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकीमिया में फ्लो साइटोमेट्रिकप्लॉइडी विश्लेषण।
9. सीमित एंटी बॉडी पैनल का उपयोग करते हुए फ्लो साइटोमेट्री द्वारा एक्यूट माइलॉयड ल्यूकीमिया में न्यूनतम अवशिष्ट रोग का विश्लेषण।
10. क्रॉनिक माइलॉइड ल्यूकीमिया में सी.डी.26+ल्यूकीमिया स्टेम सेल का फ्लो साइटोमेट्री मूल्यांकन।
11. तीव्र ल्यूकीमिया से पीड़ित रोगियों में रक्त के स्राव के पूर्वानुमानित जोखिम पर थ्रोम्बोइलास्टोग्राफी की भूमिका का अध्ययन करना।
12. हीमोग्लोबिनो विकृतियों के निदान में एच.बी.सी.जेड.ई. तथा एच.पी.एल.सी. की तुलना करना।

13. तृतीयक उपचार केन्द्र में बहु-माइलोमा (एम.एम.) से पीड़ित रोगियों के निदान एवं उपचार करने में हॉल बॉडी लॉ डॉज कम्प्यूटिड टोमोग्राफी (डब्ल्यू.बी.एल.डी.सी.टी.) तथा परंपरागत स्केलेटल सर्वे (सी.एस.एस.) के नैदानिक कार्य-निष्पादन की तुलना करना।
14. क्रॉनिक माइलॉइड ल्यूकीमिया वाले पुरूष रोगियों के वीर्य (शुक्राणु) मानदण्ड एवं पीयूष जनन ग्रंथि अक्ष पर टाइरोसीन काइनेज इन्हिबिटर का प्रभाव।
15. सी.एम.एल. में इमाटिनिब की मात्रा में वृद्धि : लक्षण, प्रतिक्रिया एवं परिणाम।
16. तृतीयक उपचार केन्द्र की ओ.पी.डी. में आने वाले सी.एम.एल. के दीर्घकालीन चरण के रोगियों में उपचार मुक्त सुधार (ट्रीटमेंट फ्री रिमिशन) हेतु पात्रता का मूल्यांकन।
17. थैलासीमिया मेजर रोगी, जो हीमेटोपोइटिक मूल कोशिका प्रतिरोपण के उम्मीदवार हैं, में एम.आर.आई.टी2*लीवर, सीरम लीवर फिब्रोसिस इंडेक्सिस बनाम लीवर बायोप्सी द्वारा अस्थायी इलेस्टोग्राफी, हिपैटिक-आयरन कॉनसन्ट्रेशन का मूल्यांकन करना।
18. एप्लास्टिक एनीमिया में प्रतिरक्षा-दमन चिकित्सा एवं एल्ट्रोम्बोपैग की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करना।
19. प्राथमिक आई.टी.पी. वाले प्रौढों में सीरम एल.डी.एच. प्रालेख का आकलन करना तथा थ्रोम्बोपोइटिन रिसेप्टर एगोनिस्ट की प्रतिक्रिया के साथ अंतर्जात (ऐंडोजिनस) थ्रोम्बोपोइटिन स्तरों का सहसंबध।
20. सी.डी.20 सकारात्मक पूर्ववर्ती बी एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकीमिया वाले रोगी जो रिटुक्सिमेब लेते हैं बनाम जो इंडक्शन थेरेपी के साथ रिटुक्सिमेब नहीं लेते हैं, उनमें दुष्प्रभाव प्रालेख, न्यूनतम अवशिष्ट रोग तथा पूर्वकालीन इवेंट फ्री सर्वाइवल की तुलना करना।

पूर्ण

1. भारत में डीप वेन थ्रोम्बोसिस के विकृतिजनन में ऊतक कारक तथा ऊतक कारक मार्ग अवरोधक जीन पॉलिमॉर्फिज्म की भूमिका का मूल्यांकन करना।
2. हाल ही में निदान एवं उपचार किए जाने वाले बहु-माइलोमा रोगियों में इम्यूनोहिस्टोकैमिस्ट्री द्वारा सेरिब्लॉन प्रोटीन के प्रकटन का अध्ययन।
3. इंडक्शन कीमोथेरेपी से गुजर रहे एक्यूट ल्यूकीमिया रोगियों में पोषण संबंधी स्थिति/मानदण्डों का आकलन करना।
4. ल्यूकीमिया एवं लिम्फोमा से पीड़ित रोगियों में ट्यूमर अपघटन (लाइसिस) परिलक्षण के उपचार में रैसबुरिकेस की लघु मात्रा की प्रभावोत्पादकता।
5. इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज्ड होस्ट में उदर संबंधी संक्रमण: नैदानिक, सूक्ष्मजैव विज्ञान एवं विकरण विज्ञान संबंधी पारस्परिक संबंध।
6. सी.एम.एल. में निलोटिनिब बनाम इमाटिनिब गहन आणविक प्रतिक्रिया।
7. उत्तर भारत के तृतीयक उपचार केन्द्र में प्रस्तुत की जाने वाली हाइपरइयोसिनोफिलिया से पीड़ित रोगियों की नैदानिक एवं प्रयोगशाला संबंधी प्रोफाइल।

8. लघुलोहित-कोशिका हाइपोक्रॉमिक एनीमिया वाले रोगियों में सीरम आयरन प्रोफाइल एवं हेप्सिडिन स्तर का सह-संबंध।
9. संदिग्ध एम.डी.एस. मामले में निदान को बढ़ाने के लिए अस्थिमज्जा बायोप्सी पर सी.डी. 61 एवं पी 53 के साथ आई.एच.सी. की भूमिका-पूर्वव्यापी एवं अग्रदर्शी अध्ययन।
10. तीव्र मायलोइड ल्यूकीमिया में अस्थिमज्जा लिम्फोसाइट उपवर्ग का अध्ययन।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. भारतीय परिस्थिति में प्लेटलेट्स रिफ्रेक्टोरिनेस की प्रधानता एवं उसके कारण रोगियों में होने वाले बहु प्लेटलेट के संचार का मूल्यांकन करने हेतु अग्रदर्शी प्रेक्षणमूलक अध्ययन, रक्त आधान चिकित्सा।
2. ऑटोइम्यून हीमोलाइटिक एनीमिया: नैदानिक एवं सीरमी सहसंबंध, रक्त आधान चिकित्सा।
3. इस्कैमिक सेंट्रल रेटिनल वेन ऑक्लूजन के गंभीर मामलों में ऑटोलॉगस अस्थिमज्जा से उत्पन्न मूल कोशिकाओं की इंट्रा विट्रिअल इंजेक्शन की सुरक्षा एवं प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण, रा.प्र.केन्द्र।
4. स्ट्रोक एवं संज्ञानात्मक क्षय के कारणों को स्पष्ट करने हेतु जनसंख्या आधारित अग्रदर्शी कोहार्ट अध्ययन: एक क्रॉस सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य। इरास्मस चिकित्सा केन्द्र, रॉटरडैम, नीदरलैण्ड।
5. पोस्ट एलोजेनिक एच.एस.सी.टी. रोगियों में नेत्र जी.वी.एच.डी., प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवांशिकी
6. हेप्लो आइडेंटिकल एच.एस.सी.टी. में इम्यून पुनर्गठन, प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवांशिकी
7. टाइप-2 मधुमेह से पीड़ित रोगियों में दैहिक ज्वलन के विकास में प्लेटलेट सक्रियण की भूमिका, अंत: स्राविकी विज्ञान, एम्स एवं जैव प्रौद्योगिकी हेतु क्षेत्रीय केन्द्र (आर.सी.बी.)
8. द्वितीयक हेमोफैगोसाइटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस चिकित्सा वाले रोगियों के परिणाम का पूर्वानुमान करना
9. ऐंजियोइम्यूनब्लास्टिक टी-कोशिका लिम्फोमा (ए.आई.टी.एल.) में रास होमोलोग जीन फैमिली (आर.एच.ओ.ए.) तथा आइसोसिट्रेट डिहाइड्रोजनेज 2 (आई.डी.एच.2) परिवर्तन विकृति विज्ञान।
10. कोरोनरी धमनी रोग वाले रोगियों में दोहरी ऐंटीप्लेटलेट थेरेपी के प्रति उत्तरदाता एवं गैर उत्तरदाता में जीन पॉलीमार्फिज्म एवं प्रकृति के साहचर्य की पहचान करना।
11. सीरम डी-डीमर, न्यूट्रोफिल की भूमिका का मूल्यांकन करना: लिम्फोसाइट अनुपात, प्लेटलेट: डिंब ग्रंथि पुंज के आकलन में लिम्फोसाइट अनुपात एवं सी.ए.125, प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान।
12. तीन महीनों के अंतर्गत नैदानिक परिणामों में सुधार हेतु लौह न्यूनता प्रौढ़ सायनोटिक, कॉजेनिटल हृदय रोग से पीड़ित रोगियों में मौखिक आयरन उपचार की तुलना में इंट्रावेनस आयरन थेरेपी की प्रभावोत्पादकता।

पूर्ण

1. लोहित कोशिका में अल्ट्रा फिल्ट्रेशन के दौरान उपयोग होने वाले ऋणात्मक दबाव का प्रभाव, सी.टी.वी.एस.।
2. मौखिक पैम्फीगस वल्गैरिस के नैनो कण में टॉपिकल रिटुक्सिमेब एनकेप्सूलेटिड की प्रभावोत्पादकता का अध्ययन करना- यादृच्छिक डबल ब्लांइडिड प्रयोगिक औषध नियंत्रित परीक्षण, त्वचा विज्ञान
3. बाल चिकित्सा हीमेटोलॉजी के रोगियों के लिए वोरिकोनाजोल/पोसोकोनाजोल स्तरों का मानकीकरण, सूक्ष्म जैव विज्ञान।

प्रकाशन

पत्रिकाएं: 23 सार: 29 पुस्तकों में अध्याय: 02

रोगी उपचार

क. नैदानिक सेवाएं

रूधिर विज्ञान दिवस उपचार केन्द्र जनगणना 2019-20

माह	प्रवेश	बी	ईएमओ	पीआरपी	सीआर	एफएफपी	एस	बी.एम.बी.एक्स.	टी.टी.	फ्लेबोटॉमी	हिकमेनरिमोवरल	पुरूष	महिला	संयोजित
अप्रैल	1090	37	379	192	-	19	6	146	55	32	2	461	178	460
मई	1260	38	499	214	-	15	1	186	34	21	6	520	234	501
जून	1245	37	538	202	1	21	1	172	34	33	3	581	298	538
जुलाई	1338	40	602	205	3	18	1	179	60	41	3	515	205	274
अगस्त	1209	36	550	180	2	17	2	144	38	27	2	432	216	554
सितंबर	1338	34	628	172	-	23	5	142	53	34	4	468	304	524
अक्टूबर	1139	35	496	128	-	19	1	138	48	30	1	381	290	445
नवंबर	1132	32	544	137	1	15	1	118	53	32	1	413	277	442
दिसंबर	1152	34	471	147	-	16	3	156	55	48	2	432	281	422
जनवरी	1160	36	504	147	1	15	3	145	58	32	3	462	290	417
फरवरी	1164	35	507	173	1	17	5	149	55	34	3	438	307	406
मार्च	884	28	366	127	-	15	3	57	30	12	-	379	185	309
कुल	14111	42	6084	2024	9	210	4	1732	573	376	30	5482	3065	5292

सामुदायिक सेवाएं

विभाग सामुदाय सुग्राहीकरण कार्यक्रमों एवं एम्स के सार्वजनिक मंचों पर तथा थैलासीमिया एंड हीमोफीलिया सोसाइटी के साथ थैलासीमिया और हीमोफीलिया की जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय रहा है। विभाग ने जी.ए.पी. स्थास्थ्य के साथ सहयोग किया है तथा रोगी सुरक्षा कार्यक्रमों एवं रक्त विकार हेतु आनुवांशिक परामर्श के लिए पाठ्यक्रम निर्माण करने के लिए सहयोग प्रदान किया है।

एस.ई.टी. सुविधा, एम्स में कार्यशाला के संचालन द्वारा एंटी-हीमोफीलिक कारकों के लिए हीमोफीलिया रोगी/माता-पिता के स्व-संयोजन कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। प्रथम रोगी सुरक्षा सम्मेलन को आयोजित

करने के लिए उत्तराखण्ड़ राज्य सरकार एवं एन.जी.ओ. जी.ए.पी. स्वास्थ्य संस्थान के सहयोग से सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित किया एवं उसमें भाग लिया गया।

(ख) प्रयोगशाला सेवाएं

रूधिर विज्ञान विभाग की प्रयोगशालाओं में निम्नलिखित आधुनिकतम सुविधाएं हैं:

- बोन मैरो एस्पिरेट, बोन मैरो बायोप्सिस एवं पेरिफेरल स्मियर्स
- इम्यूनोहिस्टोकैमिस्ट्री
- आणविक आनुवांशिकी
- हीमोलाइटिक एनीमिया वर्कअप
- फ्लो साइटोमेट्री
- कैपिलरी इलेक्ट्रोफोरेसिस फॉर हीमोग्लोबिनविकृतियां
- वंशागत एवं अर्जित रक्त स्राव विकार के लिए कॉएगुलेशन वर्कअप
- प्लेटलेट एग्रेगोमेट्री
- थ्रोम्बोफीलिया वर्कअप
- हीमोफीलिया एवं हीमोग्लोबिनविकृतियों का जन्म से पूर्व निदान करना

विभिन्न प्रयोगशालाओं की जनगणना(2019-20)

- **अस्थि मज्जा बायॉप्सी प्रयोगशाला:**

- इम्यूनोहिस्टोकैमिस्ट्री:	449	एल.ए.पी. स्कोर:	90
- रेटीकुलिन स्लाइड्स:	815	- साइटोकैमिस्ट्री:	940
- मसान ट्राइकोम:	10		
कुल बायोप्सी:	**1849**		

- **कोएगुलेशन प्रयोगशाला**

- कोएगुलेशन परीक्षण:	10846	- थ्रोम्बोसिस:	2126
कुल:	**12972**		

- **हीमोलाइटिक प्रयोगशाला**

- एच.पी.एल.सी.:	2227	- पी.एन.एच.:	92
- सीरम फेरिटिन:	1106	- मूत्र हीमोसिट्रिन:	34
- जी.6पी.डी:	707	- क्राइयोग्लोबूलिन:	12
- डी.सी.टी.:	237	- सिक्लिंग परीक्षण:	30
- ओ.एफ.टी.:	203		
कुल:	**4648**		

- **हीमोग्राम प्रयोगशाला**
  - ओ.पी.डी. एवं वार्ड रोगी : 52170 - अस्थि मज्जा अभिरंजन: 8081
  - हीमेटोलॉजी ओ.पी.डी. रोगी: 41530 - रेटिक काउंट: 40240

- **आणविक नैदानिक प्रयोगशाला**
  - आर.टी.पी.सी.आर./आर.क्यू.पी.सी.आर.: **2340**

- **फ्लोसाइटोमेट्री**
  - एक्यूट ल्यूकीमिया: 406 - न्यूनतम अवशिष्ट रोग: 64
  - क्रॉनिक लिम्फोप्रोलाइफरेटिव विकार: 183 - सी.डी.34 न्यूमिरेशन: 41
  - प्रवेगी निशाचर हीमोग्लोबिन यूरिया: 772 - प्लेटलेट विकार: 20

  कुल **1486**

पुस्कार, सम्मान एवं महत्वपूर्ण घटनाएं

प्रो. एम. महापात्रा भारतीय रूधिर विज्ञान सोसाइटी एवं रक्त-आधान (आई.एस.एच.बी.टी.) के उपाध्यक्ष है; भारतीय रूधिर विज्ञान पत्रिका एवं रक्त-आधान (आई.जे.एच.बी.टी.) के मुख्य संपादक के रूप में निर्वाचित (मनोनीत) है; अक्टूबर 2019 में किंग्स कॉलेज, लंदन, यू.के. में द्वितीय किंग्स कॉलेज बोन मैरो फेलियर/एप्लास्टिक एनीमिया नामक आयोजित बैठक में "एप्लास्टिक एनीमिया इन इंडिया" विषय पर बोलकर भारतीय अगुआ के रूप में प्रतिनिधित्व किया; भारत के साथ रूधिर विज्ञान संबंधी शिक्षा एवं अनुसंधान सहयोग/सहकार्यता में यूरोपियन/अमेरिकन नेताओं के साथ चर्चा करने के लिए आई.एस.एच.बी.टी. द्वारा भारतीय अगुआ के रूप में प्रतिनिधित्व किया।

प्रो. तुलिका सेठ नीति विषयक समिति - एम्स-पी.जी. की सदस्य हैं, नीति विषयक समिति- दिल्ली विश्वविद्यालय की सदस्य, नैदानिक परीक्षणों के दौरान घटित प्रतिकूल घटनाओं की रिर्पोटिंग के लिए आई.ई.सी. एम्स नामक उपसमिति की सदस्य, रूधिर विज्ञान हेतु एन.बी.ई. की मनोनीत सदस्य, हीमोफिलिया उपचार हेतु राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण के लिए भारत की 13 परियोजना की राष्ट्रीय समन्वयक, नीति विषयक समिति, कैनसपोर्ट की सदस्य सचिव है।

डॉ. मुकुल अग्रवाल राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी (एन.ए.डी.ए.), भारत तथा एंटी-डोपिंग प्रयोगशाला, टोकियों के साथ ऐथलीट बायोलॉजिकल पासपोर्ट मैनेजमेंट यूनिट (ए.बी.पी.यू.) के लिए रूधिर विज्ञान विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत है।

डॉ. ऋषि धवन को हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, संयुक्त राज्य अमेरिका के द्वारा एक वर्षीष प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम-ग्लोबल क्लिनिकल स्कॉलर्स रिसर्च ट्रेनिंग (जी.सी.एस.आर.टी.) 2021 कार्यक्रम के लिए 25% ट्यूशन शुल्क में छूट संबंधी छात्रवृत्ति के साथ चुना गया था।

अतिथि वैज्ञानिक

1. डॉ. संजीत डडवाल, आचार्य, प्रतिरोपण संक्रामक रोग, सिटी ऑफ होप, दुआर्ते, संयुक्त राज्य अमेरिका, दिनांक 30 मई 2019
2. डॉ; नथान पुनवानी सह -आचार्य बी.एम.टी. एवं रूधिर विज्ञान, सीडर्स सिनाई मेडिकल सेंटर यू.एस.ए., दिनांक 29 फरवरी 2020
3. डॉ. नंदिता खेरा, सह-आचार्य, रूधिर विज्ञान, मायोक्लिनिक ऐरिजोना, संयुक्त राज्य अमेरिका, दिनांक 5 मार्च 2020

9.17. अस्पताल प्रशासन

आचार्य एवं अध्यक्ष

सिद्धार्थ सतपती

चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. रा.प्र. केन्द्र

शक्ति कुमार गुप्ता

चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य अस्पताल

डी.के. शर्मा

आचार्य

आई.बी. सिंह   संजय आर्य   आरती विज

अपर आचार्य

निरूपम मदान   अनूप डागा   अमित लठवाल   महेश आर

सह-आचार्य

ऐंजल राजन सिंह   विजयदीप सिद्धार्थ   परमेश्वर कुमार

सहायक आचार्य

जितेन्द्र सोढ़ी   अब्दुल हकीम

विकास एच   शीतल सिंह   लक्ष्मी तेज वुंडावल्ली

शिक्षा

विभाग द्वारा चिकित्सा स्नातकों के लिए एक स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम, एम.डी. (अस्पताल प्रशासन) चलाया जा रहा है अर्थात् एमडी (एचए) जिसे पहले एमएचए (अस्पताल प्रशासन में स्नातकोत्तर) के रूप में जाना जाता था। इस पाठ्यक्रम की शुरूआत देश में पहली बार फरवरी 1966 में हुई थी और तब से इसे विशिष्ट स्नातकोत्तर अध्ययन विषय के रूप में मान्यता प्राप्त है। जनवरी 2016 में इसको एमडी (अस्पताल प्रशासन) के रूप में शैक्षिक समिति (एसी-113/10) के निर्णयानुसार परिवर्तित कर दिया गया जिसे दिनांक 13 अप्रैल 2015 को विधिवत रूप से जीबी (जीबी-152/7) की बैठक में अनुसमर्थित किया गया है। अस्पताल प्रशासन में रेजीडेंसी पाठ्यक्रम 'व्यावहारिक प्रशिक्षण' पर ध्यान केन्द्रित करता है, जहां रेजिडेंस प्रशासकों की तैनाती चौबीसों घंटे 'ड्यूटी ऑफिसर' के रूप में मुख्य अस्पताल, जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर और राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, झज्जर में 'प्रशासनिक नियंत्रण कक्ष' में की जाती है और कार्य अवधि के उपरान्त अस्पताल की सभी गतिविधियों का समन्वयन करते हैं। प्रशासनिक नियंत्रण कक्ष किसी भी अस्पताल/केंद्रों का केन्द्र बिन्दु होता है। विभाग में वरिष्ठ रेजिडेंट्स भी हैं, जो मुख्य अस्पताल और विभिन्न केन्द्रों में प्रशासनिक कार्यों में संकाय सदस्यों की सहायता हेतु तैनात होते हैं। वे एम्स में नई परियोजनाओं के कार्यान्वयन में भी शामिल होते हैं।

संकाय सदस्यों द्वारा विभिन्न संगठनों जिसमें केन्द्र, राज्य सरकारों, अर्द्धसैनिक बलों तथा विविध पी.एस.यू. जैसे आई.आई.सी.एम., रांची तथा अन्य प्रबंधन संस्थानों में भी कार्य करने वाले डॉक्टरों के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन भी किया गया।

अल्प एवं दीर्घ अवधि प्रशिक्षण

1. बी.पी. कोइराला इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसिज, धरन, नेपाल से एमडी (एचए) के एक पीजी छात्र
2. शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर के दो एमडी (एचए) छात्र
3. चार आईटीबीपी चिकित्सा अधिकारी
4. एक आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल इंस्टीट्यूट, उप कमांडेंट, बांग्लादेश
5. छह एमबीए - जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के अस्पताल प्रबंधन के छात्र
6. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से एमबीए-एचए के एक छात्र

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा

1. एकेडमी ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, नोएडा के सहयोग से 21-23 फरवरी 2020 को एम्स, नई दिल्ली में संगठित एसएएसएच (सुरक्षित और सतत स्वास्थ्य)-2020 सम्मेलन
2. 17वें हेल्थकेयर कार्यकारी प्रबंधन विकास कार्यक्रम, 1-7 मार्च, 2020, गोवा

प्रदत्त व्याख्यान

सिद्धार्थ सतपतीः 25	**शक्ति कुमार गुप्ताः 4**	**डीके शर्माः 2**
संजय आर्यः 6	**निरूपम मदानः 13**	**अनूप डागाः 5**
अमित लठवालः 2	**महेश आरः 14**	**ऐंजल राजन सिंहः 2**
विजयदीप सिद्धार्थः 8	**अब्दुल हकीमः 9**	**जितेंद्र सोढ़ीः 9**
शीतल सिंहः 3		

मौखिक पत्र / पोस्टर प्रस्तुत किए गए: 1

अनुसंधान

विभागीय परियोजनाएँ

जारी

1. एम्स में एपीएआर बनाम एसीआर सिस्टम का एक तुलनात्मक विश्लेषण
2. एम्स में इंट्रामुरल ट्रांसपोर्टेशन के लिए प्रयोग की जा रही सीएसआर पहल के तहत बैटरी से चलने वाली बसों का संतुष्टि सर्वेक्षण
3. एम्स, नई दिल्ली के लिए लिंग संवेदनशीलता प्रशिक्षण मॉड्यूल डिजाइन करने के उद्देश्य से कार्यस्थल में लिंग संवेदनशील व्यवहार का अध्ययन

4. प्रणालीगत सुधार के संबंध में एम्स, नई दिल्ली के आपातकालीन विभाग में मेडिको लीगल मामलों से निपटने की प्रक्रिया का अध्ययन
5. एम्स, नई दिल्ली में स्वास्थ्य कर्मियों के बीच स्वच्छता और अस्पताल के कचरे के सुरक्षित निपटान के बारे में जागरूकता फैलाने में एक मैस्कोट की प्रभावशीलता का अध्ययन
6. मुख्य अस्पताल के ब्लड बैंक में इन्वेंट्री प्रबंधन अभ्यास का अध्ययन
7. दीवाली के त्यौहार के दौरान उत्तर भारत के एक तृतीयक देखभाल केन्द्र के आपात चिकित्सा विभाग में आने वाले मरीजों में पटाखों की चोट की व्यापकता और इनकी संख्या के परिणामों पर एक अध्ययन
8. नई दिल्ली में तृतीयक उपचार अस्पताल में गैर-चिकित्सा स्वास्थ्य कामगारों/रोगियों/ परिचारकों के बीच कोविड-19 के ज्ञान, दृष्टिकोण और अभ्यासों का आकलन करने के लिए अध्ययन
9. अस्पताल के बुनियादी ढांचा परियोजना कार्यान्वयन मॉडल को विकसित करने के लिए अध्ययन
10. एम्स अस्पताल और उसके केंद्रों में उपलब्ध विभिन्न रोगियों की सहायता और कल्याणकारी योजनाओं और गरीब रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के तरीकों की पहचान करने के लिए अध्ययन
11. अस्पताल में ओपीडी सेवाओं के लिए निर्णय लेने के उपकरण के रूप में पंक्ति सिद्धांत का अनुप्रयोग
12. अग्नि शमन नियमावली एम्स, नई दिल्ली
13. मुख्य अस्पताल में एलएक्यूएसएचएवाई (लक्ष्य) लेबर रूम और मातृत्व ओटी कॉम्प्लेक्स के प्रत्यायन के लिए अंतराल विश्लेषण
14. चिकित्सा के तर्कसंगत उपयोग पर आईसीएमआर कार्यबल केंद्र
15. एक संस्थागत एंटिफंगल स्टीवर्डशिप प्रोग्राम (एएफएसपी) का कार्यान्वयन और इनवेसिव फंगल संक्रमणों के साथ रोगियों में परिणाम और एंटिफंगल उपयोग पर इसका प्रभाव
16. एम्स में सीएसआर के विश्लेषण की आवश्यकता
17. एम्स, नई दिल्ली के विभिन्न केंद्रों में रेडियोथेरेपी सेवाओं और विशिष्ट रेडियोथेरेपी उपकरणों के उपयोग पर अध्ययन
18. जेपीएनएटीसी के आईसीयू में सीएलएबीएसआई लाइन संबंधित रक्त स्ट्रीम की घटनाओं पर शैक्षिक हस्तक्षेप के प्रभाव की पहुंच का अध्ययन।
19. एम्स में आने वाले मरीजों और उनके परिचरों के बीच नेत्रदान के बारे में जागरूकता का अध्ययन करना
20. एम्स, नई दिल्ली में एमओपी कीटाणुशोधन और स्वच्छता सेवाओं पर फ्लोर मोप्स के यंत्रीकृत लॉन्ड्रिंग के प्रभाव का अध्ययन करना

पूर्ण

1. विभागाध्यक्ष की नेतृत्व प्रोफाइल और कार्यप्रदर्शन तथा सहकर्मी चिकित्सकों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव का अध्ययन

2. मानक दिशानिर्देशों के अनुसार, 100 और उससे अधिक बेड के साथ, दिल्ली में चुनिंदा अस्पतालों के आपातकालीन विभाग का तुलनात्मक अध्ययन
3. एम्स में चिकित्सा नुस्खे में संक्षिप्त विवरण की "कभी उपयोग न करें" की प्रभावशीलता का अध्ययन
4. यौन शोषण तथा एम्स में आने वाले यौन-शोषितों की समाजिक-आर्थिक स्थिति के बीच संबद्धता का अध्ययन
5. एम्स में निःशुल्क दवा वाली फार्मेसी में दवा वितरण के कार्य का आकलन
6. मॉप की सफाई और कीटाणुशोधन पर मैकेनाइज्ड लॉन्डर्ड फ्लोर मॉप के उपयोग के प्रभाव पर एक इंटरपेन्शनल अध्ययन

सहयोगी परियोजनाएँ

जारी

1. स्तन कैंसर में सेंटीनल लिम्फ नोड बायोप्सी के लिए डुअल डाई तकनीक का मूल्यांकनः दोहरे खुले लेबल समानांतर डिजाइन नॉन इन्फेरियोरिटी यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, शल्य चिकित्सा
2. मिडलाइन पेट की सतह (उदर भित्ति) हर्निया की मानकीकृत लैप्रोस्कोपिक मेश सुधार की लागत, शल्य चिकित्सा

पूर्ण

1. खाद्य सुरक्षा व्यवहार के ज्ञान, क्रियाकलापों एवं विश्वासों पर आहार सेवाओं में खाद्य संचालकों में प्रशिक्षण के प्रभाव का मूल्यांकन, आहार-विज्ञान

प्रकाशन

पत्रिकाएँ: 15

पुरस्कार, सम्मान एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम

एम्स नई दिल्ली को अस्पतालों की श्रेणी में प्रतिष्ठित ''काया कल्प'' सम्मान लगातार तीसरी बार अक्टूबर 2019 में अस्पतालों की श्रेणी के तहत 3 करोड़ की पुरस्कार राशि के साथ प्राप्त हुआ।
सभी प्रमुख-परिणाम क्षेत्रों में विभाग के संकाय सदस्यों के नेतृत्व में सुधार दिखाई दिया, जो रेजिडेन्ट्स, नर्सिंग प्रशासकों, अस्पताल अधिकारियों, संक्रमण नियंत्रण समिति के सदस्यों, इंजीनियरिंग विभाग और अन्य लोगों द्वारा सहयोग-प्राप्त हैं।

प्रोफेसर सिद्धार्थ सतपती को अक्टूबर-नवंबर 2019 में 3 सप्ताह के लिए बर्मिंघम, अमेरिका के अलबामा विश्वविद्यालय में वरिष्ठ जैव-चिकित्सा वैज्ञानिक हेतु अंतर्राष्ट्रीय आईसीएमआर फैलोशिप 2019-20 से सम्मानित किया गया। जेएल ऑडिटोरियम, एम्स, नई दिल्ली में 21-23 फरवरी, 2020 को अस्पताल प्रशासन अकादमी, नोएडा के सहयोग से अस्पताल प्रशासन के विभाग द्वारा सेफ एंड सस्टेनेबल हॉस्पिटल्स (एसएएसएच-2020) पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था; निदेशक एम्स द्वारा एम्स

प्रतिनिधि के रूप में अस्पताल और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं (एनएबीएच) के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के सदस्य के रूप में नामित; 21 सितंबर 2019 को एम्स भुवनेश्वर में गैर-संकाय प्रशासनिक पदों के लिए चयन समिति की सहायता के लिए एम्स भुवनेश्वर के मेंटर के रूप में और विषय विशेषज्ञ के रूप में योगदान दिया गया; प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर, अस्पताल प्रशासन विभाग, एम्स, ऋषिकेश और मंगल-गिरी, और सुपर-स्पेशलिटी कैंसर अस्पताल (एसएससीएच), लखनऊ के चयन के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, भारत सरकार द्वारा भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) के विकास के लिए समिति के विशेषज्ञ सदस्य; राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान संस्थान की भवन समिति के सदस्य, ऑडिटोरियम, अकादमिक ब्लॉक और प्रयोगशालाओं के विकास के लिए निगरानी प्रदान करना; साथ ही यूजीसीआर द्वारा अनिवार्य शिक्षाविदों के सुधार के लिए आईआईएचएमआर विश्वविद्यालय की अकादमिक लेखा परीक्षा समिति के विशेषज्ञ सदस्य के रूप में भी योगदान दिया; गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आगामी सीएपीएफआईएमएस में पदों के लिए भर्ती नियमों के युक्तिकरण के लिए समिति के सदस्य; जेएएचए और आईजेआरएफएचएचए के संपादकीय समिति के सदस्य के रूप में योगदान दिया और नेशनल मेडिकल जर्नल ऑफ इंडिया के लिए समीक्षक रहे।

डॉ. शक्ति कुमार गुप्ता, अस्पताल प्रशासन विभाग, एम्स, नई दिल्ली द्वारा आयोजित घरों के लिए कोरोना वायरस रोग (कोविड-19) की रोकथाम के लिए मानक संचालन प्रक्रिया के विकास के लिए विशेषज्ञ सदस्य थे; 9 फरवरी 2020 को आईआईसी, नई दिल्ली में आयोजित रिसर्च फाउंडेशन ऑफ हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन (आरएफएचएचए) द्वारा आयोजित "निरंतर गुणवत्ता सुधार (सीक्यूआई) की अनिवार्यता" पर मास्टर क्लास के लिए कार्यक्रम निदेशक; अस्पताल प्रशासन विभाग, एम्स, नई दिल्ली द्वारा आयोजित प्राइड सन विलेज रिज़ॉर्ट, गोवा, भारत में 1 से 7 मार्च 2020 को 17वें हेल्थकेयर कार्यकारी प्रबंधन विकास कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम निदेशक; वे इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एप्लाइड मैनेजमेंट के निदेशक मंडल के कार्यकारी सदस्य और एसोसिएशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष चुने गए और 2019 में लंदन, इंग्लैंड में आयोजित इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर एप्लाइड मैनेजमेंट कॉन्फ्रेंस के हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन ट्रैक के अध्यक्ष चुने गए; 22 सितंबर 2019 को चंडीगढ़, भारत में चिकित्सा संकाय के सुपरस्पेशलिटी प्रत्यक्ष कोटा पदों के लिए साक्षात्कार के लिए बाहरी विशेषज्ञ सदस्य; दिनांक 7 से 9 अगस्त 2019 तक थिंपू, भूटान में 350 बेड वाले मल्टीडिसीप्लीनरी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना के लिए विशेषज्ञ समिति के सदस्य के रूप में भूटान का दौरा किया। रिपोर्ट स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं संयुक्त सचिव (उत्तर), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार को 12 सितंबर 2019 को सौंप दिया गया। श्रीलंका में 29 जुलाई से 5 अगस्त 2019 तक परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कोलंबो विश्वविद्यालय, श्रीलंका द्वारा एमडी (चिकित्सा प्रशासन) परीक्षा के लिए बाहरी परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया; 28 अगस्त 2019 को टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई में स्कूल ऑफ हेल्थ सिस्टम स्टडीज में प्रोफेसर के चयन के लिए बाहरी विशेषज्ञ सदस्य नियुक्त किए गए; बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में उपभोक्ता ऑनलाइन फाउंडेशन द्वारा आयोजित 8 से 10 अगस्त 2019 को आयुष्मान भारत और इसके कार्यान्वयन पर गुणवत्ता कॉन्क्लेव के साथ बोर्ड बैठक में

भाग लिया; 27 जुलाई 2019 को विराटनगर, नेपाल में आयोजित कॉर्निया, मोतियाबिंद, अपवर्तक सर्जरी और अस्पताल प्रशासन पर सीएमई बैठक में भाग लिया; 24 जुलाई 2019 को केजीएमयू, लखनऊ में अस्पताल प्रशासन के विषय में संकाय चयन के लिए विशेषज्ञ सदस्य रहे; दिनांक 18-19 जुलाई 2019 को एम्स, जम्मू और एम्स, अवंतीपुरा, श्रीनगर के लिए मास्टर प्लान को अंतिम रूप देने के लिए विशेषज्ञ समिति के सदस्य; स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (भारतीय इस्पात प्राधिकरण), प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, रांची, झारखंड द्वारा आयोजित "अस्पताल प्रशासन में चुनौतियां और भावी मार्ग" के लिए पैनल चर्चा के बाह्य विशेषज्ञ सदस्य रहे, जिसे अस्पताल प्रशासन-प्रणाली और व्यवहार पर एक-दूसरे से सीखने के लिए कार्यशाला के तौर पर 16 जुलाई से 18 जुलाई 2019 तक आयोजित किया गया था; 12 जुलाई 2019 को हॉलिडे इन, लंदन में इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर एप्लाइड मैनेजमेंट के 26वें वार्षिक सम्मेलन में वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता करने के लिए विशेषज्ञ सदस्य; 28 जून 2019 को एसजीपीजीएमआईएस, लखनऊ में आयोजित अस्पताल प्रशासन में स्नातकोत्तर के लिए 2 वर्ष की व्यावहारिक परीक्षा आयोजित करने के लिए बाहरी परीक्षक; एम्स, ऋषिकेश में 7 जून 2019 को एम्स, कश्मीर की स्थापना के लिए मास्टर प्लान को अंतिम रूप देने के लिए विशेषज्ञ सदस्य रहे; एम्स, कश्मीर, जम्मू और अवंतीपुरा के लिए मास्टर प्लान को अंतिम रूप देने के लिए बैठक में भाग लिया; राष्ट्रीय जैविक संस्थान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित हेमोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य; नेपाल के विराटनगर में कॉर्निया, मोतियाबिंद, अपवर्तक सर्जरी और अस्पताल प्रशासन पर सीएमई में मुख्य भाषण दिया।

डॉ. डी. के. शर्मा ने निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हैदराबाद एमडी (अस्पताल प्रशासन) की अंतिम परीक्षा आयोजित करने के लिए बाहरी परीक्षक के रूप में कार्य करने के लिए दौरा किया; शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के लिए एमडी अस्पताल प्रशासन की वार्षिक परीक्षा (बैच - 2016) के व्यावहारिक भाग के संचालन के लिए एक बाहरी परीक्षक के रूप में सौरा श्रीनगर (जेएंडके) का दौरा किया।; अस्पताल प्रशासन विभाग के संकाय के चयन के लिए एक बाहरी विशेषज्ञ के रूप में स्थायी चयन समिति की बैठक में भाग लेने के लिए एम्स जोधपुर का दौरा किया, आईएमसी अधिनियम 1956 की धारा 10(ए) के तहत एमडी-अस्पताल प्रशासन कोर्स के लिए नए पाठ्यक्रम की शुरुआत के एक महत्वपूर्ण समयबद्ध मूल्यांकन हेतु गुजरात, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, महाराष्ट्र, राजस्थान में से किसी एक जगह के मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के लिए एमसीआई की ओर से जयपुर का दौरा किया; आईएमसी अधिनियम 1956 की धारा 10(ए) के तहत एमडी-हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स के लिए नए पाठ्यक्रम की शुरुआत के एक महत्वपूर्ण समयबद्ध मूल्यांकन हेतु गुजरात, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, महाराष्ट्र, राजस्थान में से किसी एक जगह के मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के लिए एमसीआई की ओर से पुडुचेरी का दौरा किया; सुपरस्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड हॉस्पिटल (एसएससीआईएंडएच), लखनऊ में संकाय चयन (अस्पताल प्रशासन) के लिए एक विशेषज्ञ के रूप में चयन समिति की बैठक में भाग लिया; बिहार राज्य में दूसरा एम्स स्थापित करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित केंद्रीय टीम के एक सदस्य के रूप में

दरभंगा का दौरा किया; शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसकेआईएमएस), जम्मू में संकाय (अस्पताल प्रशासन) के चयन के लिए एक विशेषज्ञ के रूप में एपिकल चयन समिति की बैठक में भाग लिया; अस्पताल प्रशासन विभाग, एम्स, भुवनेश्वर में संकायों के चयन के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में चयन समिति की बैठक में भाग लिया; एसओएचएस के पीजीडीएचएचएम कार्यक्रम में संशोधन के लिए विशेषज्ञ समिति की बैठक के सदस्य के रूप में इग्नू, नई दिल्ली का दौरा किया; निदेशक एम्स ऋषिकेश के कार्यालय में आयोजित होने वाले कश्मीर में नए एम्स की स्थापना के लिए मास्टर प्लान को अंतिम रूप देने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गठित समिति की बैठक में भाग लिया; अलवर, राजस्थान में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज का दौरा किया - साइट के दौरे हेतु प्रस्तावित योजना और मौजूदा बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के बारे में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रदान करने हेतु आवश्यक समन्वय के लिए अनुरोध किया।

प्रोफेसर आईबी सिंह को डॉ. एनटीआर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, आंध्र प्रदेश के तहत मेडिकल कॉलेजों में अस्पताल प्रशासन (एमडी) में पीजी डिग्री की परीक्षा के लिए अस्पताल प्रशासन फाइनल परीक्षा में एमडी हेतु परीक्षा के लिए आंतरिक परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था; निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हैदराबाद में एमडी अस्पताल प्रशासन परीक्षा के लिए परीक्षा बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त; एम्स, भोपाल में संकाय पदों (अस्पताल प्रशासन) की भर्ती के लिए बाहरी विशेषज्ञ नियुक्त; पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ के अस्पताल प्रशासन पाठ्यक्रम में परास्नातक के अंतिम परीक्षा के लिए बाहरी परीक्षक नियुक्त किया गया; विशेषज्ञ सदस्य के तौर पर नामित किए गए और निम्नलिखित में भाग लिया - (i) मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना हेतु केंद्रीय प्रायोजित योजना के चरण III के तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के मूल्यांकन के लिए जीडीएचएस, निर्माण भवन में तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीईसी) की 32वीं बैठक, और (ii) देश में एमबीबीएस सीटें बढ़ाने और नए पीजी विषयों को शुरू करने तथा पीजी सीटों को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेजों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन हेतु मौजूदा मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन के लिए तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीईसी) की 33वीं बैठक; वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षताः विभिन्न संस्थानों के संकायों, पेशेवरों और छात्रों द्वारा प्रस्तुत शोधपत्र - "सेफ एंड सस्टेनेबल हॉस्पिटल्स" पर एसएएसएच-2020 राष्ट्रीय सम्मेलन में खुला सत्र की अध्यक्षता की।

डॉ. निरुपम मदान संपादकीय बोर्ड, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च फाउंडेशन ऑफ हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन (आईजेआरएफएचएचए) की सदस्य थी। उन्हें एम्स, नई दिल्ली में स्वास्थ्य सूचना विज्ञान, एमएचडी-17 के सदस्य के रूप में भी नामित किया गया था।

डॉ. अनूप डागा जर्नल ऑफ एकेडमी ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (जेएएचए) के सह-संपादक एवं संपादक मंडल, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च फाउंडेशन ऑफ हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन (आईजेआरएफएचएचए) के सदस्य थे। वह तकनीकी वस्त्र समिति (मेडिकल एंड सर्जिकल टेक्सटाइल सहित), भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के सदस्य भी हैं। सदस्य, सेवा क्षेत्र प्रभाग परिषद, बीआईएस।

वह **मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक** (425 बिस्तर) परियोजना के परियोजना-प्रभारी भी हैं। वह **"सेफ एंड सस्टेनेबल हॉस्पिटल्स पर राष्ट्रीय सम्मेलन" (एसएएसएच 2020)** के लिए आयोजन सचिव भी थे।

डॉ. अमित लठवाल जिला स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए "डिस्ट्रिक्ट हेल्थकेयर मैनेजमेंट फॉर पब्लिक हेल्थ इमर्जेंसी मैनेजमेंट" और एनक्यूएएस सर्टिफिकेट कोर्स के लिए एएचए और नर्सिंग सर्विस एडमिनिस्ट्रेशन एंड क्वालिटी मैनेजमेंट के ट्रेनिंग कोर्स पर एनआईएचएफडब्ल्यू में रिसोर्स संकाय थे। उन्होंने अगस्त 2019 में जापानी ट्रॉमा उपचार प्रणाली का अध्ययन करने के लिए ट्रॉमा देखभाल हेतु मानव संसाधन विकास विनिमय कार्यक्रम के भाग के रूप में जापान का दौरा किया।

डॉ. महेश आर, ड्यूटी पर तैनात और क्लिनिकल प्रतिष्ठानों में डॉक्टरों पर हमले के खिलाफ केन्द्रीय विधान के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं की जांच के लिए समिति के सदस्य थे। वे फायर ऑडिट टीम के सदस्य सचिव हैं। वे एम्स नई दिल्ली में अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्रता के मामलों के आकलन हेतु गठित उप-समिति के अध्यक्ष भी हैं। वे एक तकनीकी विशेषज्ञ हैं, साथ ही चैंपियन सर्विस सेक्टर स्कीम, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, फिक्की तथा एसईपीसी डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंस सर्विसेज के हिस्से के रूप में तकनीकी विशेषज्ञ, मेडिकल वैल्यू ट्रैवल भी हैं। उन्होंने आईआईएम, विशाखापट्टनम में संचालन अनुसंधान और निर्णय विज्ञान (आईसीओआरडीएस-2019) पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक सत्र की अध्यक्षता की। भारतीय मानक ब्यूरो के मेडिकल उपकरण और अस्पताल योजना प्रभाग परिषद (एमएचडीसी) के प्रधान सदस्य के रूप में उनका योगदान जारी है।

डॉ. ऐंजल राजन सिंह 'डिजिटल व्यवधान के समय हेल्थकेयर में परियोजना प्रबंधन - रणनीति, लोगों, तकनीक और प्रक्रिया का परस्पर जुड़ाव'; "एसएएसएच-**2020:** कनेक्टिंग द डॉट्स .... फॉर बेटर मैनेजमेंट ऑफ हॉस्पिटल्स" के लिए मॉडरेटर थे जिसका आयोजन अस्पताल प्रशासन विभाग, एम्स, नई दिल्ली द्वारा किया गया था।

डॉ. जितेन्द्र सोढ़ी ने इंडियन जर्नल ऑफ पीडियाट्रिक्स के लिए "पेशेंट अवेयरनेस ऑफ कॉस्ट्स ऑफ ट्रीटमेंट एट ए गवर्नमेंट-स्पॉन्सर्ड हॉस्पिटल" हस्तलिपि के लिए एक समीक्षक के रूप में योगदान दिया था; संस्थान में एक जांच समिति में सदस्य सचिव के रूप में योगदान दिया; एम्स, नई दिल्ली में आयोजित विभाग का सम्मेलन: **सेफ एंड सस्टेनेबल हॉस्पिटल्स पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एसएएसएच 2020)** की पंजीकरण समिति के संयोजक के रूप में योगदान दिया।

डॉ. अब्दुल हकीम 'एबी पीएम-जेएवाई के माध्यम से सार्वजनिक अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण' की कार्य समूह-5 की समिति के सदस्य थे।

डॉ. शीतल सिंह ने 15 फरवरी 2020 को नई दिल्ली में आयोजित एनएबीएच निर्धारक के रूप में एनएबीएच अस्पताल के मानकों के के 5वें संस्करण पर कॉन्क्लेव और रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

9.18. प्रयोगशाला चिकित्सा

आचार्य और अध्यक्ष

एम. इरशाद (30 जून 2019 तक) रेणु सक्सेना (1 जुलाई 2019 से 31 दिसंबर 2019 तक)

सुब्रता सिन्हा (1 जनवरी 2020 से)

आचार्य

सरमन सिंह (प्रतिनियुक्ति पर)

सह-आचार्य

सुदीप कुमार दत्ता श्याम प्रकाश

सहायक आचार्य

सुनीता मीणा (17 अक्टूबर 2019 से) तुषार सहगल (4 नवंबर 2019 से)

प्रियम बत्रा (संविदा पर)

शीबा अंसारी (संविदा पर, 19 अक्टूबर 2019 से)

अपर्णा निंगोम्बम (संविदा पर, 25 नवंबर 2019 से)

विशिष्टताएं

विभाग ने नए आर.ए.के. ओपीडी ब्लॉक में स्मार्ट लैब नामक एकीकृत स्वचालित रोबोटिक प्रयोगशाला को सफलतापूर्वक विकसित किया है। यह लैब अत्याधुनिक स्वचालित विश्लेषकों से सुसज्जित है, जिसे नमूना संग्रहण में मानव संपर्क को न्यूनतम रखने की दृष्टि से पूर्व-विश्लेषी प्रणाली के साथ और व्यवस्थित नमूना भंडारण एवं पुनर्प्राप्ति के लिए पोस्ट-ऐनालिटिकल अभिलेखीय प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया है।

प्लेटलेट फंक्शन अध्ययन के लिए प्लेटलेट फंक्शन एनालाइजर (हेलेना प्लेटलेट एग्रीगोमीटर) को विभाग के हीमेटोलॉजी सेक्शन में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है।

विभाग ने क्लिनिकल पैथोलॉजी और आणविक नैदानिक सेवाएं शुरू की हैं। विभाग ने निम्नलिखित मापदंडों के लिए नैदानिक सेवाएं भी शुरू की हैं: एचपीएलसी द्वारा एचबीए 1सी, सीरम क्रोमोग्रानिन, विटामिन ए/ई और विटामिन डी।

केन्द्रीय संग्रहण फैसिलिटी में रक्त संग्रह की समय-सीमा सुबह 7.45 से 11.30 बजे तक बढ़ाई गई और उसके बाद दोपहर 1.30 बजे तक पोस्ट-प्रैंडिअल नमूने एकत्र किए जाते हैं। दूसरी पारी में 1:30 बजे से 3 बजे तक नमूने एकत्र किए जाते है। फरवरी 2020 से नए ओपीडी ब्लॉक में नमूना संग्रह सुविधा शुरू कर दी गई है।

एम्स, नई दिल्ली में विभिन्न प्रयोगशालाओं में काम करने वाले लैब टेक्नोलॉजिस्ट के लिए फेलोबोटॉमी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

जर्नल ऑफ़ लेबोरेटरी फ़िज़िशियंस सभी के लिए उपलब्ध जर्नल है, जिसके संपादक प्रो. सरमन सिंह हैं और प्रो. अरुलसेल्वी एस, प्रो. पूर्वा माथुर और डॉ. सुदीप के. दत्ता सह संपादक हैं। इस पत्रिका को पबमैड में सूचीबद्ध किया गया है और वर्तमान में थिएम पब्लिशर्स द्वारा इसे प्रकाशित किया जा रहा है।

शिक्षा

विभाग 3-वर्षीय एमडी (प्रयोगशाला चिकित्सा) पाठ्यक्रम और एक सुदृढ़ पीएचडी कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इस कार्यक्रम के तहत नियमित शिक्षण सत्र संचालित किए जाते हैं, जिनमें सेमिनार, जर्नल क्लब प्रेजेंटेशन, मासिक केस प्रस्तुतियाँ, मल्टी-हेडर माइक्रोस्कोप के माध्यम से इंटरेक्टिव स्लाइड मॉर्फोलॉजी सत्र, गुणवत्ता नियंत्रण पर चर्चा के साथ इंटरैक्टिव रिपोर्टिंग सत्र और नियमित आंतरिक मूल्यांकन के साथ ईक्यूएएस कार्यक्रम शामिल होते हैं।

अंतर्विभागीय सहयोग: विभाग ने विकृतिविज्ञान विभाग के साथ मिलकर एकीकृत संगोष्ठियों को फिर से शुरू किया है। इसके अलावा, विभाग व्यवस्थित कार्यक्रमों के माध्यम से विकृतिविज्ञान, जैव रसायन और बाल चिकित्सा विभागों से आने वाले एमडी रेजिडेंट्स के शिक्षण और प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करता है।

विभागीय संकाय द्वारा एमबीबीएस, नर्सिंग छात्रों और एम. जैव प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान देने का कार्य भी किया जाता है।

आयोजित सीएमई / कार्यशालाएँ/ संगोष्ठी/ सम्मेलन

इंडियन एसोसिएशन ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स - दिल्ली चैप्टर के सहयोग से क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी सेक्शन द्वारा 7 जून 2019 को "डायग्नोस्टिक टेक्नीक्स इन पैरासिटोलॉजी" पर कार्यशाला आयोजित की गई।

प्रदत्त व्याख्यान

सुदीप कुमार दत्ता: 9 **श्याम प्रकाश: 5** **सुनीता मीणा: 1**

प्रस्तुत मौखिक शोधपत्र/ पोस्टर: 22

अनुसंधान

वित्त पोषित परियोजनाएं

जारी

1. भारतीय जनसंख्या में ऑटोसोमल डोमिनेंट पॉलीसिस्टिक किडनी रोग (एडीपीकेडी) का जीनोटाइपिक लक्षण वर्णन: मार्गदर्शी अध्ययन, सुदीप कुमार दत्ता, एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, 10 लाख रुपये
2. मूत्र के नमूने में सूक्ष्म ऐल्बुमिन के देख-भाल स्तर पर ही निदान के लिए ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक सेंसर का विकास, सुदीप कुमार दत्ता, एम्स - आईआईटी दिल्ली सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजना, 2 वर्ष, 2019-21, 10 लाख रुपये

समिति- स्वीडन, फिनलैंड, फ्रांस के डीबीटी; "दंत चिकित्सा और हड्डी रोगों में नैनो प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप" और "कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए नैनो-आधारित उपकरण" पर प्रस्तावों के लिए प्राप्त प्रस्तावों की सूची हेतु विशेषज्ञ समिति में विशेषज्ञ; बायोमेडिकल इंजीनियरिंग (उपकरण, निदान एवं प्रत्यारोपण) पर तीसरी तकनीकी विशेषज्ञ समिति; “नानोबायोटेक्नोलॉजी” पर तकनीकी विशेषज्ञ समिति की बैठक; एम्स, नई दिल्ली में बायनेस्ट समिति; स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आपातकालीन एवं आघात चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने हेतु विशेषज्ञों के राष्ट्रीय कोर समूह के **सह-अध्यक्ष**; संपादकीय समूह के सदस्य, डॉ. डी वाई पाटिल विद्यापीठ का मेडिकल जर्नल; संपादक, जर्नल ऑफ क्लिनिकल ऑर्थोपेडिक्स और ट्रॉमा; 16 अप्रैल 2019 को एम्स, नई दिल्ली में नर्सिंग ट्यूटर, वैज्ञानिक I (बायोस्टैटिक्स) एवं नैदानिक मनोवैज्ञानिक के साक्षात्कार हेतु चयन समिति के लिए विशेषज्ञ; 8 और 9 जून 2019 को नई दिल्ली में एएसएएमआई इंडियन बेसिक इलिजारोव एवं विकृति पाठ्यक्रम में मुख्य अतिथि; 13 जून 2019 को आर्मी अस्पताल (आर एंड आर), दिल्ली कैंट में असफल डिस्टल फेमोरल मेगाप्रोस्थीसिस के संशोधन हेतु एलोग्राफ्ट सर्जरी का उपयोग करके पुनर्निर्माण करने के लिए आर्मी अस्पताल के कमांडेंट द्वारा आमंत्रित किया गया; 26-29 जून 2019 को "भारतीय और पश्चिमी आबादी में ऑस्टियोआर्थराइटिस के पैटर्न में भिन्नता को समझना: लक्षणों, उपचार के विकल्प तथा उनके परिणाम पर प्रभाव" शीर्षक वाली डीएसटी-यूकेआईईआरआई परियोजना के अंतर्गत लीड्स, यू.के. का दौरा; 7 जुलाई 2019 को नई दिल्ली में डीओए-एमआईडीसीओएन 2019 में मुख्य अतिथि; 3 अगस्त 2019 को एम्स, नई दिल्ली में अकादमी कॉलेज ऑफ इमरजेंसी एक्सपर्ट्स के 8 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में सम्मानित अतिथि; 19-24 अगस्त 2019 को "ट्रॉमा एंड एक्यूट मेडिसिन में मानव संसाधन विनिमय कार्यक्रम" के अंतर्गत नरीता, जापान का दौरा; 25 दिसंबर 2019 को नई दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में स्वच्छ यमुना अभियान में सम्मानित अतिथि।

प्रोफेसर हीरा लाल नाग, स्पोर्ट्स मेडिसिन सेक्शन, आईओए की केंद्रीय कार्य समिति के अध्यक्ष थे; आर्थोस्कोपी और स्पोर्ट्स मेडिसिन जर्नल, आईएएस की आधिकारिक पत्रिका संपादकीय बोर्ड के सदस्य; विशेषज्ञ सदस्य, मानवाधिकार समिति; सदस्य, ईएचएस सलाहकार समिति; जयपुर में "हाई टिबियल ओस्टियोटमी" तथा "ऑल इंसाइड एसीएल रीकंसट्रकशन " कोलकाता का सीधा सर्जिकल प्रदर्शन; जोधपुर में ड्राई मॉडल पर "मेनिस्कस रिपेयर" का सर्जिकल प्रदर्शन; भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के लिए मानद सलाहकार; नियुक्त सदस्य, अस्पताल प्रबंधन बोर्ड; नामित सदस्य, सर्जिकल उपकरणों की तकनीकी विशिष्टता चयन समिति; जेआईपीएमईआर, पुडुचेरी और पीजीआईएमईआर, डॉ. आरएमएल अस्पताल में एमएस परीक्षा हेतु बाह्य परीक्षक; उपाध्यक्ष, अस्थिरोग अनुसंधान संस्था, एम्स; सदस्य, स्टोर खरीद समिति, एम्स; बाह्य विशेषज्ञ, संकाय के चयन के लिए स्थायी समिति, अस्थिरोग विभाग, एम्स, ऋषिकेश; समय-समय पर अस्थिरोग यूनिट- II के एकक प्रभारी तथा विभाग के कार्यवाहक अध्यक्ष; संकाय प्रभारी, अस्थिरोग ओटी; सदस्य, एसआईसी (विस्तारण) हेतु चिकित्सा उपकरण समिति, सफदरजंग अस्पताल; सदस्य, लेह में स्वास्थ्य शिविर का चिकित्सा दल; सदस्य, एसआईसी हेतु जांच समिति, सफदरजंग; बाह्य विशेषज्ञ, स्थायी चयन समिति, संकाय के चयन हेतु, अस्थिरोग विभाग, एम्स,

गोरखपुर; विशेषज्ञ सदस्य, आर्थोपेडिक प्रत्यारोपण भारतीय मानक ब्यूरो; सदस्य, एसआईसी के विशेष ऑडिट हेतु समिति, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली; सदस्य, यूजी विशेषज्ञ समिति, एमसीआई; बाह्य विशेषज्ञ, स्थायी चयन समिति, संकाय के चयन हेतु, अस्थिरोग विभाग, राजकीय आयुर्विज्ञान विज्ञान संस्थान, जीआर नोएडा, यूपी; बाह्य विशेषज्ञ, स्थायी चयन समिति, संकाय के चयन हेतु, अस्थिरोग विभाग, पीजीआईएमईआर, रोहतक, हरियाणा।

प्रोफेसर विजय कुमार को नॉर्थ ज़ोन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन का संयुक्त सचिव चुना गया; 7 सितंबर 2018 को एम्स, नई दिल्ली में आर्थ्रोप्लास्टी में फ्रैजिलिटी फ्रैक्चर नेटवर्क (इंडिया) एवं वर्तमान संकल्पना 2018, 6वीं इंटरनेशनल जेरिएट्रिक ऑर्थोपेडिक सोसाइटी ऑफ इंडिया सम्मेलन की संयुक्त बैठक के दौरान "वॉक फॉर एल्डर्लि" का आयोजन; 23 जून-2 जुलाई 2018 को "भारतीय और पश्चिमी आबादी में ऑस्टियोआर्थराइटिस के पैटर्न में भिन्नता को समझना: लक्षणों, उपचार के विकल्प तथा उनके परिणाम पर प्रभाव" शीर्षक वाली डीएसटी-यूकेआईईआरआई परियोजना के अंतर्गत लीड्स, यू.के. का दौरा।

डॉ. भावुक गर्ग को एशिया पैसिफिक मिमिक्स इनोवेशन पुरस्कार 2019 मिला; अमेरिकन कॉलेज ऑफ सर्जन्स एडवाइजरी काउंसिल फॉर ऑर्थोपेडिक सर्जरी के यंग फैलो एसोसिएशन (वाईएफए) संपर्क प्रतिनिधि थे; सहायक संपादक, इंडियन जर्नल ऑफ ऑर्थोपेडिक्स; सह संपादक, जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल ऑर्थोपेडिक्स एंड ट्रॉमा; संपादकीय बोर्ड के सदस्य, नॉर्थ अमेरिकन स्पाइन सोसाइटी जर्नल (एनएएसएसजे); एओ स्पाइन अंतर्राष्ट्रीय संकाय; सदस्य: एसआरएस रोगी शिक्षा समिति; दिल्ली प्रतिनिधि, नॉर्थ ज़ोन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन; सदस्य कार्यकारी समिति, एसोसिएशन ऑफ स्पाइन सर्जन्स ऑफ इंडिया; सदस्य, स्टेम सेल अनुसंधान एवं पुनर्योजी चिकित्सा पर टास्क फोर्स, डीबीटी; elearnspine.org पर टास्क फोर्स, एसोसिएशन ऑफ स्पाइन सर्जन्स ऑफ इंडिया (एएसएसआई); स्कोलियोसिस स्क्रीनिंग पर टास्क फोर्स, एसोसिएशन ऑफ स्पाइन सर्जन ऑफ इंडिया (एएसएसआई); क्षमता निर्माण पर टास्क फोर्स, एसोसिएशन ऑफ स्पाइन सर्जन ऑफ इंडिया (एएसएसआई); ईपीटीबी दिशानिर्देशों पर टास्क फोर्स, एम्स; सदस्य, एम्स टीबी कोर समिति।

डॉ. मो. ताहिर अंसारी ने एओ ट्रॉमा फेलोशिप प्राप्त की: 4 नवंबर -13 दिसंबर 2019; बीजी क्लिनिक एवं यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल, ट्यूबिंगन; जर्मनी।

डॉ. विजय कुमार दिग्गी 29 जून 2019 को बेंगलुरु में आयोजित केएएससीओएन में पोस्टरोमेडियल कॉर्नर क्षति पर वाद-विवाद हेतु अध्यक्ष तथा 28 सितंबर 2019 को इंदौर में आयोजित आईएएससीओएन में टखना सत्र हेतु अध्यक्ष थे।

डॉ विक्रांत मंहास ने 2-4 मई 2019 को नई दिल्ली में एओ फाउंडेशन द्वारा आयोजित "एओ एडवांस ट्रॉमा कोर्स" तथा 18 जुलाई 2019 को सीएमईटी, एम्स द्वारा आयोजित "टीचर मेंटर प्रोग्राम" को सफलतापूर्वक पूरा किया;16-18 अगस्त 2019 को नई दिल्ली में "सीसीए 2019" में ऑक्सफोर्ड यूकेए सॉ बोन कार्यशाला हेतु टेबल प्रशिक्षक; 13 तथा 14 दिसंबर 2019 को जयपुर, राजस्थान में "एम्स्टर्डैम फूट एंड एंकल कोर्स" सफलतापूर्वक पूरा किया; नई दिल्ली में 22 दिसंबर 2019 को "डीओए बेसिक ट्रॉमा

कोर्स" में लैग स्क्रू व्यायाम, बाह्य फिक्सेटर एवं डीएचएस पर कार्यशाला; 28 फरवरी को नई दिल्ली में डॉ. नसेफ मोहम्मद नसेफ द्वारा "पैर और टखने की सर्जरी में हालिया प्रगति" पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया; 26 मार्च 2020 को "इंडियन जर्नल ऑफ ऑर्थोपेडिक्स" के समीक्षक के रूप में नियुक्ति।

डॉ. वेंकटेशन संपत कुमार ने 17 से 24 जून 2018 के बीच “एपीओए- गंगा हॉस्पिटल ट्रैवलिंग ट्रॉमा फैलोशिप” हेतु गंगा अस्पताल, कोयंबटूर का दौरा किया।

अतिथि वैज्ञानिक

1. डॉ. चिंग लाऊ, यूएसए, जीनोमिक लैंडस्केप ऑफ ओस्टियोसारकोमा पर अतिथि व्याख्यान, 10 अप्रैल 2019, एम्स, नई दिल्ली
2. एथेंस, जॉर्जिया से डॉ. ओरमोंड एम महोनी, टीकेआर में वर्तमान रुझान एवं विवादों पर अतिथि व्याख्यान, 16 अक्टूबर 2019, एम्स, नई दिल्ली
3. प्रोफेसर रोहित अमृतानंद, सीएमसी, 12 जुलाई 2019, वेल्लोर
4. प्रोफेसर रेमंड पी ओन्डर्स, क्लीवलैंड मेडिकल सेंटर, ओहियो, 25 जुलाई 2019, यूएसए

9.26. नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान

आचार्य एवं अध्यक्ष

सुरेश चंद्र शर्मा (31 जनवरी 2020 तक) आलोक ठक्कर (1 फरवरी 2020 से)

आचार्य

राकेश कुमार

अपर आचार्य

कपिल सिक्का चिरोम अमित सिंह

सह-आचार्य

राजीव कुमार
प्रेम सागर
डेविड विक्टर कुमार इरूगु (16 सितम्बर 2019 तक)
अरविंद कैरो
शुचिता सिंह
हितेश वर्मा

विशेषताएं

विभाग ने अपने छात्रों और प्रतिनिधियों तथा प्रेक्षकों हेतु भी गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए अपनी गतिविधियों को जारी रखा है। विभाग ने वर्ष में 10 बड़ी और छोटी कार्यशालाएं आयोजित की। विभाग ने सिर और गर्दन की सर्जरी पर अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला जो केडवेरिक डिमोनोस्टेररेशन डिससेक्शन और लाइव सर्जरी डिमोनोस्टेरेशन सहित है का आयोजन किया लेकिन कार्यशाला कोविड महामारी के कारण स्थगित की गई। विभाग ने दो एडवांस कॉक्लिर इंप्लांट इलैक्ट्रोड डिजाइन तथा अंतर्वेशन तकनीक कार्यशालाएं और सी.आई. पुन: स्थापना कार्यशालाएं आयोजित की। विभाग ने जून और नवम्बर में दो हेड और नेक केडवेरिक कार्यशालाओं को जारी रखा। विभाग ने एक केडवेरिक एंडोस्कोपिक साइनस सर्जरी और एक माइक्रोवस्कुलर एनास्टोमोसिस पाठ्यक्रम के साथ सार्क एवं आई.ए.ओ.एच.एन.एस. ई.एन.टी. (कान, नाक, गला) सम्मेलन हेतु पूर्व-सम्मेलन हेड और नेक सी.एम.ई. का आयोजन किया। दिनांक 3 मार्च, 2020 को "विश्व श्रवण दिवस" पर हमारी लोक जागरूकता एवं पेनल चर्चा में काफी सहभागिता रही जिसमें कई रोगियों की श्रवण हेतु स्क्रिनिंग की गई एवं उनके प्रश्नों का उत्तर दिया गया।

शिक्षा

एम.बी.बी.एस. छात्रों हेतु औपचारिक व्याख्यान 6वें एवं 8वें सेमेस्टर में आयोजित किया गया तथा 1 घण्टे का व्याख्यान होता है। स्नातक छात्रों को रोटेशन के आधार पर 2 माह हेतु विभाग में (ओ.पी.डी. एवं वार्ड) में नियुक्त किया जाता है। वे मूल ई.एन.टी. जांच के साथ सामान्य ई.एन.टी. रोगों के निदान और प्रारंभिक उपचार सहित सम्प्रेषण कौशल सीखते है। नैदानिक प्रशिक्षण निम्नानुसार होता है:

1. यथोचित कान, नाक एवं गला जांच सहित ई.एन.टी. के नैदानिक पक्षों हेतु परिचय पर दो कक्षाएं।
2. शिक्षण और केस पर चर्चा के अलावा सामान्य ई.एन.टी. परिस्थिति जैसे सी.एस.ओ.एम., डिविएटिड नेजल सेपटम, नेज़ल पोलियपस कैंसर लैरिंगएक्स आदि।
3. सामान्य रूप से प्रयुक्त ई.एन.टी. उपकरणों एवं ई.एन.टी. प्रैक्टिस में एम्स-रे हेतु अभिविन्यास।
4. सामान्यत: की गई ओ.पी.डी. प्रक्रियाओं जैसे नेज़ल पैकिंग, इयर पैकिंग, कॉटरी आदि हेतु जानकारी।
5. चुनी हुई क्रियात्मक प्रक्रियाओं जैसे श्वास-प्रणाल-छेदन, गलतुंडिका-उच्छेदन, स्पटोप्लास्टी, नेज़ल पॉलीपेक्टोमी आदि की जानकारी।
6. निरोधक कर्ण विज्ञान एवं हेड और नेक कैंसर।

नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान नियुक्ति के अंत में छात्र इनमें योग्य होते है:

1. सामान्य कान, नाक एवं गला समस्याओं की जांच और निदान।
2. रोगी के निदान एवं उपचार हेतु सामान्य अन्वेषण प्रक्रियाओं एवं उनके निदान को समझाना।
3. प्राथमिक देखभाल केन्द्र में रोगी का उपचार करने के दौरान सामान्य ई.एन.टी. एवं सिर व गर्दन समस्याओं का उपचार।
4. विभिन्न छोटी शल्यचिकित्सा प्रक्रियाएं जैसे इयर सायरिंगिंग, नेज़ल पैकिंग एवं बायॉप्सी प्रक्रिया निष्पादन हेतु प्रशिक्षण।
5. जन मार्गदर्शन हेतु निरोधक कर्ण विज्ञान और सिर व गर्दन कैंसर के प्रति जागरूकता होना।

स्नातकोत्तर (पी.जी.) हेतु मुख्य उद्देश्य रोगी देखभाल, अध्यापन, अनुसंधान क्षमता और सामूहिक कार्य है। पी.जी. छात्रों को संगोष्ठी / पेपर, अनुसंधान लेखन का प्रस्तुतीकरण करना होता है तथा नैदानिक निर्णय करने की क्षमता अर्जित करने और उपचार करने में दक्ष होना होगा। स्नातकोत्तर छात्र संकाय सदस्य / वरिष्ट रेजीडेन्टस के पर्यवेक्षण में बड़ी और छोटी सर्जिकल प्रकियाओं का निष्पादन करते है। वे स्वतंत्र रूप के छोटे और बड़े आपरेशन करने हेतु प्रशिक्षित होते हैं। प्रशिक्षण के दौरान वह ओडियोलॉजी अनुभाग, एवं वेस्टीबुलर प्रयोगशाला की जानकारी सहित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में तैनात रहते हैं, वार्ड में पूर्व जानकारी लेने के अतिरिक्त, ओ.टी. ज्ञान, आपात, आई.सी.यू. आवश्यकता के बारे में तथा तंत्रिकाशल्यचिकित्सा / संवेदहनाहरण, आतंरिक (चिकित्सा; आपरेशन से पूर्व एवं आपरेशन के पश्चात) रोगियों के उपचार के संबंध में सीखते हैं। आपरेशन थियेटर और आपातकाल आपरेशनस में उपस्थिति होना। वार्ड राउंड में सहायता करते हैं एवं अन्य विभागों से आने वाली काल / परामर्शों हेतु वरिष्ठ साथियों के साथ अन्य वार्डों में जाते हैं, सेमिनार / जर्नल क्लब में अपराह्न में विशिष्ट क्लिनिकों में बेडसाइड क्लिनिकल पक्ष हेतु वार्ड में शैक्षिक सत्रों में भाग लेते हैं एवं विभाग के रोस्टर अनुसार आपात ड्यूटी करते हैं। स्नातकोत्तर छात्र को संकाय के दिशानिर्देश में भी शोध प्रबंध करना होता है।

विभाग एम.सी.एच. हेड तथा नेक सॅर्जरी और स्कल बेस सॅर्जरी में फैलोशिप का अधिविशिष्ट पाठ्यक्रम चलाता है। एम.सी.एच. रेजीडेटों को ओ.पी.डी., ओ.टी. में संबंधित विशिष्टताओं में ड्यूटी आबंटित की गई है एवं वह विकिरण अर्बुदविज्ञान, चिकित्सा अर्बुदविज्ञान, विकृतिविज्ञान, तंत्रिकाशल्यचिकित्सा आदि

विभागों के साथ संयुक्त रूप से शैक्षिक गतिविधियों में भी भाग लेते हैं। एम.सी.एच. रेजीडेंटों एवं स्कल बेस फेलो को संकाय सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से अनुसंधान परियोजनाओं में भाग लेने के लिए पदोन्नत किया जाता है। वह रोटेशन द्वारा सेमिनार एवं जर्नल क्लब प्रस्तुत करते हैं। एम.सी.एच. रेजीडेंटों को क्लिनिकल एवं शैक्षिक ड्यूटी के लिए एन.सी.आई. झज्जर में भी तैनात किया जाता है।

विभाग समय-समय पर विभिन्न नयी अभिरूचि के विषयों पर राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लाभों हेतु भी कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करता है। विभाग देश तथा विदेश से प्रेक्षक हेतु प्रतिनिधियों का स्वागत करता है और उन्हें विभागीय गतिविधियों, विशिष्टता निदानशालाओं, संगोष्ठियों, आपरेटिव प्रक्रियाओं को देखने के लिए उनका आतिथेय करता है।

दीर्घकालिक प्रशिक्षण

मेजर डॉ. रोही सिंह, ग्रेडिड विशेषज्ञ (ई.एन.टी.) सैन्य अस्पताल, हिसार, 1 वर्ष मई 2019 से।

लघु अवधि प्रशिक्षण

डॉ. मानवी सैनी, विशेषज्ञ (ई.एन.टी.), एन.डी.एम.सी. चरक पालिका अस्पताल, नई दिल्ली, 6 सप्ताह 15 जुलाई 2019 से 23 अगस्त 2019 तक।

ऐच्छिक प्रशिक्षण

1. श्रवणविज्ञान एवं वाक् भाषा विकृति विज्ञान (बी.ए.एस.एल.पी.) में स्नातक छात्रों की प्रशिक्षुता ए.वाई.जे.एन.आई.एस.एच.डी., क्षेत्रीय केन्द्र, नोएडा।
2. ए.वाई.जे.एन.आई.एस.एच.डी. (दिव्यांगजन) के टी.वाई.बी.ए.एस.एल.पी. मुम्बई, छात्रों ने अपनी शिक्षा यात्रा के रूप में 21 फरवरी 2020 को विभाग का दौरा किया।

विभाग में पर्यवेक्षक रहे तथा आपात चिकित्सा, बालचिकित्सा, शरीरक्रियाविज्ञान के विभागों से रोटेशन तैनातियां रही एवं स्कूल ऑफ इंटरनेशनल बायोडिजाइन (एस.आई.बी.) के तहत फेलो रहे।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशालाएं / संगोष्ठी / राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

1. विश्व श्रवण दिवस पर जन जागरूकता शिविर एवं पैनल चर्चा, 3 मार्च 2020
2. कोक्लियर इंप्लांटस पर दो-दिवसीय अग्रिम सर्जिकल एवं इलेक्ट्रोड डिजाइन कार्यशाला: नवप्रवर्तन के साथ श्रवण कार्य को सुधारना, 12 तथा 13 फरवरी 2020, एम्स, नई दिल्ली।
3. माइक्रोवास्कुलर तकनीक एवं सीवन कार्यशाला, 27-31 जनवरी 2020, एम्स, नई दिल्ली।
4. दूसरा हेन्डस ऑन फंगस्नल एन्डोस्कोपी साइनस सॅर्जरी कैडवरिक कार्यशाला, 18 तथा 19 जनवरी 2020, ए.सी.एस.एस.टी. ट्रामा सेंटर, एम्स।
5. नोवां कैडवरिक हेड तथा नेक पाठ्यक्रम, 26 एवं 27 नवम्बर 2019, ए.सी.एस.एस.टी., ट्रामा सेंटर एम्स।
6. अभिभावकों हेतु सी.आई. हेबिलटेशन तथा जागरूकता कार्यशाला, 13 एवं 14 नवम्बर 2019 एम्स तथा मण्डी हाउस सभागार।

7. कॉकलियर इंप्लांटस पर दो-दिवसीय अग्रिम सर्जिकल एवं इलेक्ट्रोड डिजाइन कार्यशाला: कॉकलियर इंप्लांटस हेतु सी.आई. 532 इलेक्ट्रोड पर फोकस करने सहित नवप्रवर्तन के साथ श्रवण कार्य को सुधारना, 7 एवं 8 नवम्बर 2019, एम्स।
8. हेड एवं नेक पर पूर्व सम्मेलन कार्यशाला, नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान की इण्डियन एकेडमी का 8वां वार्षिक सम्मेलन, हेड एवं नेक सॅर्जरी तथा 11वां सार्स ई.एन.टी. सम्मेलन, 15 अगस्त 2019।
9. ए.सी.एस.एस.टी. में आठवां कैडवरिक हेड एवं नेक पाठ्यक्रम 17 और 18 जुलाई 2019, ट्रामा सेंटर, एम्स।
10. दसवां एम्स कैडवरिक एवं दूसरी अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला, 24-28 मार्च 2020: कोविड महामारी के चलते स्थागित की गई।

प्रदत्त व्याख्यान

एस.सी. शर्मा: 1	**आलोक ठक्कर: 46**	**राकेश कुमार: 18**
कपिल सिक्का: 25	**चिरोम अमित सिंह: 13**	**राजीव कुमार: 10**
प्रेम सागर: 9	**अरविन्द कुमार कैरो: 6**	**शुचिता सिंह: 06**
हितेश वर्मा: 15		

मौखिक पत्र / पोस्टर प्रस्तुति: 18

अनुसंधान

वित्तपोषित परियोजना

जारी

1. श्रवण दोष की व्यापकता तथा हेतुविज्ञान-राष्ट्रीय कार्य बल परियोजना (समन्वय केन्द्र), आलोक ठक्कर, आई.सी.एम.आर., 4 साल, 2015-2019, 97 लाख रुपये।
2. मानव स्वास्थ्य पर नॉन आयोनाइजिंग इलेक्ट्रोमैगनेटिक का प्रभाव: ऑडिटरी और वेस्टिबुलर प्रणाली पर प्रभाव, राकेश कुमार, आई.सी.एम.आर., 3.5 वर्ष, 90 लाख रुपये।
3. साउंड 4 ऑल: री-इंजीनियरिंग हाई-एंड ऑडियोमेट्रिक डिवाइसेज फॉर रोबस्ट एंड एफोर्डेबल ऑडियोलॉजिकल टेस्टिंग फेंज 2, कपिल सिक्का, इण्डो जर्मन साइंस एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (आई.जी.एस.टी.सी.) 3 वर्ष, 2019-2022, 54 लाख।
4. बाल चिकित्सा पापुलेशन में कोकलियर इंप्लांटस का फेक्टर इम्पेक्टिंग आउटकम, कपिल सिक्का आई.सी.एम.आर., 3 वर्ष, 2019-2022, 2.84 लाख रुपये।
5. दॉ क्लिनिकोपेथोलोजिकल इवेल्यूशन ऑफ कोलेस्टीटोमा एग्रेशिवनेश, कपिल सिक्का, एम्स, दो वर्ष, 2018-2020, 6.5 लाख रुपये।
6. स्टडी ऑफ ह्यूमन पेपिलोमा वायरस एसोसिएशन इन सीनोनेस्ल टयूमर, कपिल सिक्का, एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, 20 लाख रुपये।
7. सर्विकल लिम्प नोड्स के लिए अपरिचित हेड एवं नेक प्राइमरी मेटास्टेरिक का मूल्यांकन चिरोम अमित सिंह, एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, 4.95 लाख रुपये।

8. जेनेटिक प्रोफाइल ऑफ ओलफेक्ट्री न्यूरोब्लास्टोमा का मूल्यांकन, राजीव कुमार, एम्स, 2 वर्ष 2018-2020, 10 लाख रुपये।
9. एच.एल.ए., फेगोसिटिक कार्य एवं साइनसाइटिस इंवेसिव फंगल साइनसाइटिस तथा गैर-इंवेसिव फंगल साइनसाइटिस के केसों में संकेत तत्वों का मूल्यांकन, हितेश वर्मा, अ.भा.आ.सं., 2 वर्ष, 2019-2021, रु.10 लाख।
10. हेड एवं नेक कैंसर पर एग्रता के साथ कैंसर अनुसंधान में दवा की खोज हेतु टूल के रूप में एक कोशिकिय व्युत्पन्न क्लोनल स्फीरोइडस का विकास, हितेश वर्मा, आई.सी.एम.आर., 3 वर्ष, 2019-2022, 3 करोड़ रुपये।
11. आण्विक माइक्रो-आर.एन.ए. : तम्बाकू खाने वालों बनाम तम्बाकू न खाने वालों में आण्विक परिवर्तन के दौरान जैव-मार्कर मेकर के रूप में उनकी उपयोगिता, शुचिता सिंह, एम्स, 2 वर्ष, 2016-18, 9.8 लाख रुपये।
12. गैर-मेनियार रोग वर्टिगों रोगियों में बायोमार्कर के रूप में सर्कुलेशन में इन्नर ईयर प्रोटीन ओटोलिन-I, विटामिन डी एवं आयोनाइज्ड कैल्शियम का अध्ययन, डेविड विक्टर कुमार इरूगु, एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, 8.66 लाख रुपये।
13. ओरोफेरिंगिल कार्सिनोमा रोगियों में पूर्वभासी मार्कर के रूप में मास्टॉयड सर्जरी बी.आर.सी.सी. 3 एक्प्रेशन करवाने वाले रोगियों में विभिन्न स्क्वैमाउस कान रोग के मध्य 'सोरिएसन' के एक्सप्रैशनल स्तर अंतर पर प्रायोगिक तुलनात्मक अध्ययन एवं रेडियोथेरेपी प्रतिरोध पर इसका प्रभाव, अरविंद कुमार कैरो, एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, 9.05 लाख रुपये।
14. एन-एसीटायल के इन्ट्राडुक्टल एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा रेडियोथेरेपी इन्डूस्ड जेएरोस्टोमीया की रोकथाम, अरविन्द कुमार कैरो, आई.सी.एम.आर., 3 वर्ष, 2020-2023, 36 लाख रुपये।

पूर्ण

1. मुख स्क्वैमस सेल कर्सिनोमा (ओ.एस.सी.सी.) के विकृतिजनन में सीन 3बी एम.आर.एन.ए. अल्ट्रनेट स्पीलिस्गं के प्रयोजनमूलक संबद्धता को स्पष्ट करना, एस.सी.शर्मा, विज्ञान एवं अभियांत्रिक अनुसंधान बोर्ड (एस.ई.आर.बी.), 2 वर्ष, 2017-2019, 3.55 लाख रुपये।
2. 'वेस्कूलर एन्डोथेलिया ग्रोथ फेक्टर' के स्तर का मूल्यांकन-रिकरंट रेस्पीरेटरी पोपीलोमाथोसिस के मामले में, हितेश वर्मा, एम्स, 2 वर्ष, 2016-18, 4.7 लाख रुपये।
3. हाल ही में हेड और नेक कैंसर से नैदानित रोगियों में अवसाद हेतु नैदानिक एवं जैवरसायानिक का मूल्यांकन, प्रेम सागर, एम्स, 3 वर्ष, 2016-2019, 8 लाख रुपये।

विभागीय परियोजना

जारी

1. विस्टर चूहों में अलोजेमिक टिसू इंजीनियर्ड ट्रेकियल प्रत्यारोपण-प्रीक्लिनिकल अध्ययन।
2. हेड एवं नेक कैंसर रोगियों में सिंकोरोनोयस एसोफेजिल नियोप्लाज़्मा की पहचान हेतु ट्रांसनेजल एसोफेजइल एनडोस्कोपी की भूमिका का मूल्यांकन।

3. मुख गुहा के गिंजीवोब्यूक्ल कामप्लेक्स कार्सिनोमा में ओ.एस.एम.एफ. आन ओक्लट एवं ओवर लिम्फ नोड मेटास्टासिस का प्रभाव।
4. पोस्ट-लेरियनजेक्टोमी रोगियों में परिनियोजन सुधार एवं वाक् पुर्निमार्ण हेतु ट्रेकियोइसोफेगिल प्रोस्थेसिस का डिजाइन एवं विकास ।
5. इंडोकेनाइन ग्रीन का प्रयोग करके निकट अवरक्त फ्लूरेसेंस, माइक्रोस्कॉपिक मूल्यांकन एवं केवल आंख द्वारा थायरॉयड सर्जरी में पैराथायरॉयड पहचान।
6. खोपड़ी अस्थिमज्जाशोथ आधारित रोगियों में नैदानिक विशिष्टताओं तथा उपचार परिणामों का मूल्यांकन।
7. सिरम ओटोलिंन 1 बायोमार्क के रूप में और बी.पी.पी.वी. रोगियों में विटामिन डी सिरम के महत्व का मूल्यांकन।
8. कोकलियर आरोपण के कम से कम 3 वर्ष के बाद प्रीलिंगवल प्रोफाउंड एस.एन.एच.एल. में एफ.एन.आई.आर.एस. पर अडियोटरी कोरटिक्ल के साथ दर्शित विभिन्न कोकलियर आरोपण की तुलना।
9. सेविरिटी ऑफ ओ.एस.ए.:- शोथज मार्कर्स एवं एनाटोनिक्ल कारकों के साथ सहसम्बंध द्वारा सर्जरी के प्रभाव का मूल्यांकन।
10. उपचार के पूर्व और पश्चात परिखा वोक्लीसेंडवीडीयोलैरिंगोस्टरोबोस्कोपिक आकलन वाले रोगियों में वसा इमप्लांटटेशन का मूल्यांकन।
11. आंशिक / पूर्ण लैरियगंजेक्टोमी हेतु कार्सिनोमा लेरयंक्स एवं हाइपोफेरयंक्स योजना वाले रोगियों में पेराट्रिकियल लिम्प नोड मेटास्टासिस के भार की पहचान।
12. समान अवस्था कार्णपालि पुर्निमार्ण एवं केनलप्लास्टी करवाने वाले रोगियों का परिणाम।
13. बाल नेसोफारयेन्जल ऐन्जियोफिबरोमा का काबलेशन अस्सिटिड एनडोस्कोपी उन्मूलन: एक अग्रदर्शी पायलट अध्ययन।
14. मुख गुहा शल्यचिकित्सिय उपचार किए गए कार्सिनोमा रोगियों हेतु जीवन मूल्यांकन का उत्तरजीवी परिणाम एवं जीवन गुणवत्ता का मूल्यांकन ।

पूर्ण

1. नैदानिक परिस्पर्शन एवं विकिरणविज्ञान द्वारा मुख गुह पट्टकी कोशिका कार्सिनोमा (टी1-टी3) में मूल्यांकन की गहराई का इंवेशन एवं इसका इंवेशन की गहराई ऊतकविकृतिविज्ञानिक से सहसम्बंध।
2. मुख पट्टकी कोशिका कार्सिनोमा में माइक्रोवास्कुलर सघनता एवं ट्यूमर संयुक्त मेक्रोफेजिस का अध्ययन।
3. सिर एवं गर्दन पट्टकी कोशिका कार्सिनोमा के नव निदान मामलों में निकोटिन निर्भरता के प्रतिरूप को स्पष्ट करने के लिए एक अग्रदर्शी अध्ययन एवं प्रेरिऑपरेटिव जटिलताओं के साथ इसके संबंध का मूल्यांकन करना।
4. लघुकर्णता का शल्यक सुधार करवा रहे रोगियों में परिणाम।

5. सीनोबेसल एवं स्कूल्ल बेस इंवेसिव फंगल रोगों के परिणामों को सूचित करने में विभिन्न नैदानिक एवं इम्यूनोलॉजिक्ल मापदण्डों का मूल्यांकन:- एक वर्णनात्मक अध्ययन।
6. बाल जनसंख्या में गेस्ट्रोइसोफेजिल रिफ्लक्स एवं अब्स्ट्रक्टिक एडिनॉइड या एडिनोटोनसिल्लर हाइपरट्रोफी के अनियत संबंध पर एक पायलट अध्ययन।
7. हेड एवं नेक पैरागैंगिलियोमास में एस.डी.एच-एक्स. उत्परिवर्तन: एक क्लिीनिपैथोलॉजिक्ल अध्ययन।
8. कण्ठय क्रिया पर लघु अवधि ऐंडोट्रेचिएल नलिका प्रवेशन (इनटूबेशन) का प्रभाव।
9. एलर्जिक नासाशोय एवं नेजल पॉलिपोस्सि के मामलों में विटामिन डी एवं प्रतिरक्षित मार्कर्स वाले रोगों की गंभीरता का क्लीनिको रेडियोलॉजी संबंध।
10. इनर इयर मेलफोरमेशन बनाम सामान्य शरीर रचना वाले बच्चों में पोस्ट कोक्लियर इंप्लाटं परिणामों की तुलना।
11. ओलफैक्टरी न्यूरोब्लास्टोमा में लिम्फ नोड मेटास्टेसिस के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए अग्रदर्शी पायलट अध्ययन।
12. लैंरिगोफेरिंगिल रिफ्लैक्स रोग के कारण डिस्फोनिया में ई.एम.जी. निष्कर्ष एवं उपचार परिणाम से संबंध।
13. कोक्लियर इंप्लांटेशन के पश्चात् प्रीलिंगुअल प्रोफाउन्ड सेन्सरिन्यूराल श्रवण क्षति वाले रोगियों में श्रवण मौखिक परिणामों के साथ प्रयोजनमूलक नियर इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी मेजरमेंट से संबंध।
14. मिनीऐरिस रोग एवं वेस्टीबुलर माइग्रेन के रोगियों में नैदानिक प्रोफाइल का आकलन।
15. रौवेरी के पार्श्व रेट्रोफैरिंजियल लिम्फ नोड के संदर्भ में टॉन्सिल के स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा के पहले इकोलोन लिम्फ नोड ड्रेनेज का पता लगाना।
16. किशोर नेज़ल एंजियोफाइब्रोमा एस से ग्रस्त रोगियों में 68 गैपस्मेहेबड सी.सी. स्कैन की भूमिका।
17. कैंसर मुख गुहा में हिस्ट्रोकेमिकल द्वारा परपोषी इम्यूनोलाजिकल ट्यूमर की प्रतिक्रिया का आकलन और पूर्वानूमान पर इसका प्रभाव- रेट्रोस्पेक्टिव कोहर्ट अध्ययन।
18. प्रारंभिक कीमोरेडियोथेरेपी से उपचारित लोकली एडवांस्ड सिर एवं गला स्क्वैमाउस कोशिका कार्सिनोमा में रेजीड्यूल रोग का निर्धारण करने में पी.ई.टी.-सी.टी. स्कैन की प्रभावकता को सुनिश्चित करने के लिए एक अग्रदर्शी अध्ययन (नाभिकीय चिकित्सा विभाग)।
19. जी.ए.-68 पी.एस.एम.ए. एच.बी.ई.डी. सी.सी.पी.ई.टी.-सी.टी. सकारात्मक एनाप्लास्टिक थायरॉइड कासिनोमा में एल.यू.-177 डी.के.एफ.जेड.-पी.एम.एस.ए. 617 की चिकित्सीय संभावना का आकलन करने के लिए एक पायलट अध्ययन (नाभिकीय चिकित्सा विभाग)।

सहयोगात्मक परियोजनाएं

जारी

1. सिर-गर्दन पट्टकी कोशिका कार्सिनोमा (एम्स साइट) में मानव पेपिलोमा वायरस की व्यापकता, हेड नेक को-आपरेटिव आनकोलॉजी ग्रुप (एच.एन.सी.ओ.जी.)

2. ऊतक नमूनों में दुर्दमता की पहचान हेतु मशीन लर्निंग टेक्नीक के साथ गहन लर्निंग का मूल्यांकन, विकृति विज्ञान।
3. रिजन्रेशन एप्लिकेशन हेतु 3डी प्रिन्टिड ट्रेचियल ग्राफ्टस, स्टीम सेल सुविधा।
4. पूर्वलक्षाणिकता में वर्गीकरण एवं थेरेपीयूटिक्लि रेलिवेन्ट सबग्रुपस हेतु ओलफैक्टरी न्यूरोब्लास्टोमस का आणुविक लक्षण वर्णन, विकृति विज्ञान।
5. मुखीय श्लैष्मिक घावों के स्पेक्ट्रम में अंतनुशासनिक विभिन्नताएं, त्वचाविज्ञानी।
6. वर्तमान सक्शन उपकरणों वाले बाल ट्रेकियोस्टोमाइज़्ड रोगियों हेतु स्वदेशी हैंडहेल्ड सक्शन असेम्बली का प्रभाव एवं प्रयोज्यता की तुलना का पायलट अध्ययन, बाल रोग।
7. ट्रकियोस्टोमी ट्युब की सफाई हेतु सक्शनिंग मशीन को विकसित करना, आई.आई.टी., दिल्ली
8. भारत में क्लेफट लिप और पैलेट असंगति: नैदानिक प्रोफ़ाइल जोखिम कारक तथा उपचार की वर्तमान स्थिति: एक अस्पताल आधारित अध्ययन, दन्त चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र।
9. क्रोनिक आइडोपेथिक टिनिटस से ग्रस्त भारतीय आबादी में सिरम जिंक का स्तर, फार्माकोलॉजी।
10. किसी चुनिंदा तृतीयक देखभाल अस्पताल से छुट्टी पाने वाले रोगियों के बीच नर्स की पहल पर शुरू की गई अनुवर्ती टैली-कंसल्टेशन हेतु रोगी सन्तुष्टि का आकलन करने के लिए एक व्यापक सर्वेक्षण, नर्सिंग।
11. किसी चुनिंदा तृतीय देखभाल अस्पताल, कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विभिन्न अस्पताल सेवाओं के प्रति रोगी की संन्तुष्टि के बारे में ओ.एम.आर. सीट आधारित फीड-बैक सर्वेक्षण।
12. उत्तर भारत से नॉन-टाइपेबल हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा (एन.टी.एच.आई.) के फेनोटाइपिक एवं जेनोटाइपिक का लक्षण वर्णन, माइक्रोबायोलॉजी।
13. उत्तर भारत की जनसंख्या में हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा के नेसोफ्रेयेनजिएल केरियेज़ का अध्ययन।
14. अंत:क्षेप एवं काउंसिलिंग के माध्यम से बिहार की अनुसूचित जाति समुदाय में फ्लूओरोसिस मीटिगेशन का अध्ययन, शरीररचना विज्ञान।
15. वर्तमान सक्शन उपकरणों के साथ बाल ट्रेकियोस्टोमाइज़्ड वाले रोगियों हेतु स्वदेशी हस्तचालित सक्शन असेंबली की प्रभावकारिता और प्रयोज्यता की तुलना पर पायलट अध्ययन, बाल रोग विज्ञान।
16. हेड एवं नेक मेलिगेनसि में लिम्प नोड के एफ.एन.ए.सी. प्रोवेन एस.एस.सी. के मामलों में विभिन्न सम्भव प्राथामिक साइट का नैदानिक-विकिरण-विकृतिविज्ञान संबंधी मूल्यांकन।
17. समय-पूर्व जिह्वा कार्सिनोमा में ट्यूमर इनावेशन एवं लिम्प नोड विक्षेप की गंभीरता की प्रीडिक्टिंग में अल्ट्रासाउन्ड की भूमिका।
18. कार्सिनोमा लैरिंगएक्स की अवस्था में स्पिलिट-बोल्स डुअल एनर्जी सी.टी. का मूल्यांकन, विकिरणनिदान।
19. आलफैक्ट्री न्यूरोब्लास्टोमस में डब्ल्यू.एन.टी. एवं एस.एच.एच. सिग्नेलिंग मार्ग का मूल्यांकन। विकृतिविज्ञान, चिकित्सा अर्बुद विज्ञान।

20. मैक्सीलेक्टोमी रोगियों में कंवेंशनल एवं वैक्यूम रूप पद्धति का प्रयोग करके सर्जिकल आब्टूरेटर फ्रैबीकेटिड के कार्य-प्रणाली की तुलना करना: रेडोमाइज़्ड नियंत्रण अध्ययन, प्रोस्थोडोनटिक एवं विकृति-विज्ञान।
21. एक्सट्रा-पुलमोनरी ट्युबरोक्यूलोसिस (ई.पी.टी.बी.) के निदान में किट-बेसड लूप-मेडिएटिड इसोथर्मल एम्पिलिफिकेशन (टी.बी.-एल.ए.एम.पी.) आमापन की भूमिका का मूल्यांकन, कायचिकित्सा।

प्रकाशन

पत्रिकाएं : 43 **सारांश : 3** **पुस्तकों में अध्याय : 3**

रोगी उपचार

ओपीडी के अतिरिक्त ऑपरेशन थियेटर एवं माइनर ओ.टी. सेवाओं के साथ-साथ विभाग में ऑडियोलॉजी एवं स्पीच पैथोलॉजी का एक पुनर्वास एकक भी संचालित किया जाता है एवं ऑडियोलॉजी व स्कल बेस में स्पेशियलिटी क्लिनिक संचालित किए जाते हैं जिसमें कॉक्लियर इंप्लांट के साथ, राइनोलॉजी, वर्टिगो, वायस और निगलने की क्रिया सहित सप्ताह में दो बार सिर और गर्दन कैंसर क्लिनिक भी संचालित किए जाते हैं। विभाग द्वारा सी.आर.एच.एस.पी. बल्लभगढ़ एवं आउटरीच ओ.पी.डी., इज्जर में ग्रामीण सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं। आंकड़े इस प्रकार हैं:

वार्ड भर्ती (डी4 वार्ड): 5298

दीर्घ भर्ती: 1469 लघु भर्ती: 3829

ऑपरेशन किए गए मरीजों की संख्या

मुख्य आपरेशन थियेटर: बड़े मामले: 2690

माइनर ओटी: छोटे मामले: 1938

माइनर आपरेशन थियेटर : ओ.पी.डी. प्रक्रियाएं: 16960

ओ.पी.डी. में देख गये मरीजों की संख्या

नये रोगी: 46910 पुराने पंजीकरण: 65382

आर.यू.ए.एस. में रोगियों की संख्या

नये रोगी: 2755 पुराने पंजीकरण: 2273 कुल : 5028

कुल आडियोलॉजिक्ल टेस्ट हुए (पी.टी.ए. + टेयमपनोमेटरी + एफ.एफ.ए. + बी.ई.आर.ए. + ओ.ए.ई. + ए.एस.एस.आर.): 29,075

विशिष्टता क्लिनिक

क्र.संख्या	क्लिनिक	नये मामले	पुराने मामले	कुल
1.	वर्टिगो	131	267	398
2.	ऑडियोलॉजी एवं स्कल बेस	122	34	156
3.	कोक्लियर इंप्लांट	264	547	811
4.	वॉइस	294	246	540
5.	राइनोलॉजी	207	87	294
6.	सिर और गर्दन कैंसर	1208	4515	5723
7.	सिर एवं गर्दन पुर्निमाण क्लिनिक	76	87	163
8.	विकिरण सम्मेलन	1024	-	1024

सामुदायिक सेवा क्लिनिक

- सप्ताह में एक बार आपरेशन की सुविधाओं के साथ बल्लभगढ़ के सामुदायिक अस्पताल में दो बार सप्ताहिक क्लिनिक।
- गुडगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में साप्ताहिक क्लिनिक
- आई.आई.टी. दिल्ली में सामुदायिक अस्पतालों में साप्ताहिक क्लिनिक
- विभाग द्वारा आउटरीच ओ.पी.डी. इज्जर में दैनिक ओ.पी.डी. सेवाएं और सप्ताह में तीन बार ओ.टी. सेवाएं प्रदान की जाती है।

पुरस्कार, सम्मान एवं महत्वपूर्ण घटनाएं

प्रोफेसर एस.सी. शर्मा नेशनल मेडिकल कमीशन के अध्यक्ष मनोनीत किए गये एवं जोधपुर, एम्स के अध्यक्ष थे, सदस्य, संस्थान निकाय, एम्स, रायबरेली; फेलो (विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य), पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़; सदस्य, संस्थान निकाय, स्थायी क्रम समिति एवं पी.जी.आई.एम.ई.आर. की स्थायी संपदा समिति, चडीगढ़; अध्यक्षता, पी.जी.आई.एम.ई.आर. की एच.आर. उप-समिति, चण्डीगढ़; स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण राष्ट्रीय कार्यक्रम एन.पी.पी.सी.डी. के तहद मानद सलाहकार (बधिरता); सदस्य, तकनीकी संचालन समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण राष्ट्रीय कार्यक्रम (एन.पी.पी.सी.डी.), मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994, एम्स, नई दिल्ली के तहत प्राधिकार समिति के सदस्य, सह-अध्यक्ष, इंजीनियरी सलाहकार समिति, एम्स, नई दिल्ली; विषय विशेषज्ञ, "मानव जीवन पर मोबाइल टावर्स और हैंडसेट से होने वाले ई.एम.एफ. विकिरण सक्सपोज़र के संभावित प्रभाव" संबंधित आर एवं डी पहल, नामक कार्यक्रम के अन्तर्गत कमेटी ऑन स्लीप डिसऑर्डर्स; संज्ञानात्मक शिथिलता और ई.एन.टी. परियोजना, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड, भारत सरकार, वसन्त कुन्ज नई दिल्ली; अध्यक्ष, 'कान, नाक एवं गले की सर्जरी उपकरण' भारत मानक ब्यूरो की

अनुभागीय समिति (एम.एच.डी. 04); सदस्य, कार्यकारी समिति, हरियाणा कल्याणकारी सोसाइटी फॉर पर्सन्स विद स्पीच एडं हियरिंग इंपेयरमेंट, पंचकुला; सदस्य, नए एम्स में उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने की पहल करने वाली समिति (माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वार गठित); ई.एन.टी. विभाग, एम्स, ऋषिकेश में विजिटिंग प्रोफेसर; सदस्य 'नेशनल मेडिकल डिवाइस प्रामोशन काउंसिल' उद्योग बढ़ोत्तरी एवं आन्तरिक व्यापार विभाग (डी.आई.पी.पी.) वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत संरक्षण: एम्स, जोधपुर के अटेन्डिड ओफिसियल फंगशन (मोडुयूलर आपेरशन थियेटर का उद्घाटन) 10 अप्रैल, 2019; भारत के माननीय उपराष्ट्रपति के साथ 10-13 अगस्त 2019 को रांची और चेन्नई का दौरा किया; एम्स के '7वें वार्षिक दिवस समारोह' के मुख्य अतिथि ने 15 सितम्बर 2019 को समूह सदस्य के रूप में ई.एस.आई.सी. मेडिकल विश्वविद्यालय अलवर, राजस्थान का दौरा, 16 सितम्बर 2019 (संदर्भ संख्या फा.10-8 / 92(D) स्थापना-I तिथि 5 सितम्बर 2019); एम्स, जोधपुर के दूसरे दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता, 7 दिसम्बर 2019 को की।

प्रोफेसर आलोक ठक्कर ई.एन.टी. 2019 में स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट वर्कफ़्लोज़ हेतु आई.सी.एम.आर. समिति के अध्यक्ष रहे; दवाओं पर स्थायी राष्ट्रीय समिति के तहत चिकित्सा उपकणों संबंधी उपसमिति के उपाध्यक्ष रहे; समन्वयकर्ता, सिर-गर्दन कैंसर राष्ट्रीय कैंसर ग्रीड; हेड़-नेक आनकोलॉजी हेतु आधारशिला माननीय अध्यक्ष ने रखी; परिषद् सदस्य-एशिया पेसिफिक सोसायटी ऑफ थायराइड सॅर्जरी (ए.पी.टी.एस.) 2019-2022 संयोजक-दिल्ली हेड-नेक आनकोलॉजी फोर्म; विश्व स्वास्थ्य संगठन सदस्य-दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्र हेतु, श्रवण देखभाल पर क्षेत्रीय विशेषज्ञ समूह; अन्तर्राष्ट्रीय संकाय अमरीकन अकादमी ऑफ ओटोलैरीगोलॉजी एवं हेड-नेक सॅर्जरी (ए.ए.ओ.एच.एन.एस. 2019), न्यू ओरलेन्स; अतिथि आचार्य, ओटोलैरीन्गोलॉजी विभाग, एम्स ऋषिकेश (2019); सदस्य; स्टॅडिज बोर्ड ओटोलैरीन्गोलॉजी विभाग, स्वास्थ्य विज्ञान संकाय, मणिपाल विश्वविद्यालय 2017; सदस्य, परियोजना समीक्षा समिति, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्; पद्मभूषण डॉ. दुखन राम मेमोरियल ओरएशन वोक्ल फोल्ड अंगघात के नये परिदृश्य, बिहार एवं झारखण्ड 2019 वार्षिक सम्मेलन, धनबाद, 6-8 दिसम्बर, मुख्य व्याख्यान-सार्जिकल रिएनिमिनेशन ऑफ दा पेरालाइजड फेसियल नर्वस, गुजरात एसोशिएशन ऑफ ओटोलैरीन्गोलॉजी ऑफ इण्डियन उदयपुर वार्षिक बैठक, 28 सितम्बर 2019।

डॉ. राकेश कुमार भारत में ई.एन.टी. सर्जिकल उपकरणों के मानकों को देखने हेतु बी.आई.एस.के.एम.एच.डी.-4 के अध्यक्ष रहे; मानद उपाध्यक्ष, ओटोराइनोलैरींगोलॉजिक रिसर्च सोसाइटी ऑफ़ एम्स (ओ.आर.एस.ए); ओटोराइनोलैरींगोलॉजी विभाग एवं एच.एन.एस.आई.जी.आई.एम.एस., पटना में मानद परामर्शदाता; ओटोराइनोलैरींगोलॉजी विभाग एवं एच.एन.एस. एम्स, ऋषिकेश, में मानद अतिथि परामर्शदाता, सेंट मेरी अस्पताल सेलो दक्षिण कोरिया में कोक्लियर इंप्लांट श्रवण क्षमता सुधार परिणाम पर कार्यशाला में उपस्थिति; भारत में अन्य स्थानों में नयी सुविधाओं की शुरूआत-ए.एम.यू. अलीगढ़ में **कोक्लियर इंप्लाट कार्यक्रम;** तीन कार्यशालाओं / सम्मेलनों एवं सी.एम.ई. का आयोजन / नौवां सिर गर्दन विश्लेषण पाठ्यक्रम, सी.टी.ई.आर.एफ., एम्स, नई दिल्ली, 26-27 नवम्बर, 2019 एवं अग्रिम कोक्लियर इंप्लांटेशन में ई.एन.टी. शल्यचिकित्साकों के प्रशिक्षण हेतु दो प्रायोगिक कार्यशालाएं; आई.जी.एम.सी. में

ए.ओ.आई. के हिमाचल प्रदेश चेपटर में कोक्लियर इंप्लांट पर भाषण का आयोजन, 1 जून 2020, शिमला; एम.एस. (ई.एन.टी.) हेतु परीक्षक के रूप में हलद्वानी, गुवाहाटी, के जी.एम.यू., लखनऊ, दिल्ली विश्वविद्यालय आर.एम.एल. में आमंत्रित; एम्स, भुवनेश्वर एवं भोपाल में संकाय भर्ती हेतु स्थायी चयन समिति के पैनल में विदेशी विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित; आमंत्रित अतिथि संकाय।

डॉ. कपिल सिक्का इण्डियन जनरल ऑफ ओटोलॉजी के संपादकीय बोर्ड के सदस्य और सहायक संपादक है; समीक्षक इंडियन जनरल ऑफ ओटोलॉजी, इण्डियन जनरल ऑफ ओटोलैरींगोलॉजी सिर एवं गर्दन सर्जरी, इण्डियन जनरल ऑफ पेडियाट्रिक्स, इण्डियन जनरल कैंसर; संयुक्त सचिव, एसोसिएशन ऑफ ओटोलैरींगोलॉजी ऑफ इण्डिया, दिल्ली स्टेट ब्रांच; हॉनी ट्रेजरर, ओटोलैरिंगोलॉजिक रिसर्च सोसाइटी ऑफ एम्स (ओ.आर.एस.ए.), 2017; अयोजन सचिव, इंटरनेशनल हेड एवं नेक कैडेवरिक कार्यशाला; मेंटरिंग टीम, जे.एन.यू. अलीगढ़ एवं डी.एम.सी. लुधियाना में कोक्लियर इंप्लाट प्रोग्राम; मेडिकल बोर्ड के सदस्य, एम्स; सदस्य निर्देशिका अनुसंधान संपादकीय समूह, एम्स; 3 मार्च 2020 को विश्व श्रवण दिवस को जन जागरूकता शिविर एवं पैनल परिचर्चा आयोजित एवं दोनों प्रिंट एवं इलैक्ट्रोनिक मीडिया द्वारा कवर; कोक्लियर इंप्लाटं पर एडवांस सार्जिकल एवं इलैक्ट्रोड डिजाइन पर एम्स नई दिल्ली में, 2 दिनों की कार्यशाला “नवप्रवर्तन से श्रवण क्रिया सुधार” (इम्प्रूविंग हियरिंग प्राफ्रोमेंश विद इनोवेशन) का 12 एवं 13 फरवरी 2020 में आयोजन; 12वें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशालाओं और सम्मेलनों में संकाय आमांत्रित; 8 एवं 9 कैडवेरिक हेड एवं नेक पाठ्यक्रम ए.सी.एस.एस.टी., ट्रामा सेंटर, एम्स में जुलाई तथा नवम्बर 2019 में आयोजित; अभिभावकों के लिए हेबलिटेशन एवं जागरूकता कार्यशाला 13 एवं 14 नवम्बर 2019 को एम्स एवं मण्डी हाउस सभागार में आयोजित की गई। अभिभावकों एवं उनके सवालों पर चर्चा; लोकसभा टी.वी. में “स्वस्थ भारत” पर कैंसर से बचाव एवं शीघ्र निदान पर विशेषज्ञ, पैनल परिचर्या; 8 नवम्बर 2019 लाइव प्रश्नों के उत्तर दिए; कोक्लियर इंप्लाटं के लिए सी.आई. 532 इलैक्ट्रोड हेतु संकाय प्रशिक्षक एवं उक्त के लिए 7 और 8 नवम्बर, 2019 को कार्यशाला आयोजित की; अतिरिक्त पुलमोनरी टी.बी. प्रशिक्षण माड्यूल के विकास एवं प्रशिक्षण विषय सूची की तैयारी हेतु संकाय; टी.एच.एन.एस. की 13वीं वार्षिक बैठक में उपस्थित रहने हेतु टी.एच.एन.एस. (ताईवान हेड एवं नेक सोसायटी) द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की गई, ताईचुंग शहर, 26-28 जुलाई 2019; बाह्य परीक्षक, टाटा मेमोरिय अस्पताल, मुम्बई में एम.सी.एच. परीक्षा; संशोधित विनियमों के अनुसार एकरूप मानदण्डों के आवेदन को सुनिश्चत करने के लिए अखिल भारतीय कोटा के अन्तर्गत अक्षमता प्रमाणपत्रों को जारी करने वाले संस्थानों के लिए 1 जून 2019 को एम्स में कार्यशाला का आयोजन किया., हियरिंग एण्ड स्पीच डिस्एबलिटि सत्र का नेतृत्व; मेन्टर, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में सी.आई. कार्यक्रम।

डॉ. चिरोम अमित सिंह ने दूसरे माइक्रोवर्नाकुलर एनास्टोमिस्सि कार्यशाला (लाइव रेट मॉडल) का संयोजन एवं आयोजन 27 से 30 जनवरी 2020 तक किया; एम्स समूह के सदस्यों में से एक जिसने धर्मशाला में 19 से 23 जनवरी 2019 को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया; समीक्षक बी.एम.जे. नवप्रवर्तन; ए.सी.एस.एस.टी. में 8वां एवं 9वां केडवेरिक हेड एवं नेक पाठ्यक्रम का सह-संयोजन एवं आयोजन, ट्रामा सेन्टर, एम्स में जुलाई एवं नवम्बर 2019 को हुआ; विश्व श्रवण दिवस पर जन जागरूकता शिविर एवं

पैनल चर्चा का आयोजन 3 मार्च 2020 को हुआ; इसको प्रिन्ट तथा इलैक्ट्रोनिक मीडीया ने व्यापक रूप से कवर किया था। संकाय प्रभारी, ई.एन.टी. विभाग स्टोर एवं संकाय प्रभारी स्नातकोत्तर परीक्षा; बाह्य परीक्षक, एस.पी.एम.सी. बीकानेर आर.यू.एच.एस.; अध्यक्ष, ओरोफेरिंगनिक्स उपचार, लैरिंगनेक्स एवं हाइपोफेरिंगनेक्स कैंसर: आई.जी.आर.ई.एच.एन.एस. की चौथी कांग्रेस सर्जिकल बनाम नोन सर्जिकल एवं रोबोटिक बनाम एन्डोस्कोफि 4-6 अक्टूबर 2019।

डॉ. राजीव कुमार को आई.ए.ओ.एच.एन.एस. के 6वें वार्षिक एवं 11वें सार्स ई.एन.टी. सम्मेलन में "जूनियर कन्सलटेन्ट अवॉर्ड पेपर" श्रेणी में दूसरा पुरस्कार 15 से 18 अगस्त तक, 2019 गुड़गांव, हरियाणा में प्रदान किया गया; भारत की मानद ट्रेजरर ऑफ एसोसिएशन ऑफ ओटोलैरिंगोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया, दिल्ली शाखा, 2019-2020; निम्नलिखित चिकित्सा पत्रिकाओं में समीक्षक: इंडियन जर्नल ऑफ ओटोलैरिंगोलॉजी एवं हेड तथा नेक सॅर्जरी, जरनल ऑफ मेडिकल केस रिपोर्ट, इंडियन जर्नल ऑफ रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग, वर्ल्ड जरनल ऑफ पेडिएट्रिक सॅर्जरी, बी.एम.जे. केस रिपोर्ट।

डॉ. प्रेम सागर इण्डियन सोसॉयटी ऑफ ओटोलॉजी के 28वें वार्षिक सम्मेलन (आई.एस.ओ.सी.ओ.एन. 2019) में 15-17 नवम्बर 2019, कलकत्ता, पश्चिम बंगाल में टेम्प्रो बोन विच्छेदन प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता रहे; पी.जी. अवॉर्ड पेपर प्रस्तुति पर निर्णायक सत्र, इण्डियन सोसायटी ऑफ ओटोलाजी (आई.एस.ओ.सी.ओ.एन. 2019) सम्मेलन, 15-17 नवम्बर 2019 कलकत्ता, पश्चिम बंगाल; ए.बी.-पी.एम.जे.ए.वाई. के अन्तर्गत ई.एन.टी. हेतु स्वास्थ्य लाभ पैकेज की समीक्षा हेतु विशेषज्ञ समूह के **सदस्य,** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार; स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ई.एन.टी. हेतु मानक उपचार वर्कफ्लोस (एस.टी.डब्ल्यू.) के विशेषज्ञ समूह के सदस्य। ई.एन.टी. चयन समिति देखने के बाद एवं ई.एन.टी. सर्जिकल उपकरणों के मानक तय करना, भारत मानक ब्यूरो द्वारा एम.एच.डी. 04; एसोसिएशन ऑफ ओटोलैरिंगोलाजिस्टिस के मानद संपादक, दिल्ली शाखा, 2019-2020; निम्नलिखित चिकित्सा पत्रिकाओं के समीक्षक: एनलस ऑफ ओटोलॉजी, रिहिनोलॉजी एवं लैरिंगोलॉजी, एस.ए.जी.ई. जनरलस; इण्डियन पेडिएट्रिक, आफिसियल जनरल ऑफ इण्डियन एकेडमी ऑफ पेडिएट्रिकस, स्प्रिंगर नेचर। इन्टरनेशनल अचिवर्स ऑफ ओटोरिंगोलैरिंगोलॉजी, थीमी पब्लिकेशन, डेवल्पमेंट मेडिसिन एण्ड चाइल्ड न्यूरोलॉजी, अ मेक केथी प्रेस पब्लिकेशन एवं आफिसियल जनरल ऑफ अमेरिकन एकेडमी ऑफ सेरिब्रल पाल्सी एण्ड डेवलपमेंट मेडिसिन (ए.ए.सी.पी.डी.एम.) एवं ब्रिटिश पेडिएट्रिक न्यूरोलॉजी एसोशिएशन (बी.पी.एन.ए.), अन्तर्राष्ट्रीय चिकित्सा अनुसंधान के जनरल, एस.ए.जी.ई. जनरलस; बी.ए.जे. इनोवेशन, बी.एम.जे. जनरलस।

डॉ. शुचिता सिंह पचौरी विदेशी अतिथि संकाय द्वारा एन्डोस्कोपी इयर सॅर्जरी पर एक वार्ता डॉ. प्रेयर द्वारा एम्स, नई दिल्ली में 9 दिसम्बर 2019 को आयोजित की गई।

डॉ. हितेश वर्मा ने एलर्जी एवं ईयर रोगों में भाग लिया "हेलो डॉक्टर प्रोग्राम" सहारा न्यूज 24 नवम्बर 2019; स्वास्थ्य शिविर। डॉ. शिव कुमारी दुबे शिक्षण संस्थान, प्रतापगढ़ में 7 दिसम्बर 2019; कोरोना वायरस पर वार्ता। इण्डिया टी.वी., 13 मार्च 2020; एम.बी.बी.एस. अनुपूरक परीक्षा। 12 मार्च 2020, एच.आई.एम.एस.ए.।

9.27. बाल रोग विज्ञान

आचार्य एवं अध्यक्ष

अशोक के. देवरारी (नवजात चिकित्सा विज्ञान)

आचार्य

विनोद के. पाल (नीति आयोग में प्रतिनियुक्ति पर) (नवजात चिकित्सा विज्ञान)

अरविंद बग्गा (वृक्क विज्ञान)

सुशील के काबरा (पल्मोनोलॉजी, गहन उपचार, तपेदिक)

मधुलिका काबरा (आनुवंशिकी)

पंकज हरी (वृक्कविज्ञान)

शेफाली गुलाटी (तंत्रिका विज्ञान)

राकेश लोढा (पल्मोनोलॉजी, गहन उपचार, तपेदिक)

रचना सेठ (अर्बुद विज्ञान)

वंदना जैन (अंतःस्राविकी)

रमेश के. अग्रवाल (नवजात चिकित्साविज्ञान)

सह-आचार्य

नीरजा गुप्ता (आनुवंशिकी)

एम.जीवा शंकर (नवजात चिकित्सा विज्ञान)

अदिति सिन्हा (वृक्कविज्ञान)

बिस्वरूप चक्रवर्ती (तंत्रिका विज्ञान)

काना राम जाट (पल्मोनोलॉजी, गहन उपचार, तपेदिक)

झुमा शंकर

रजनी शर्मा (अंतःस्राविकी)

अनु सचदेवा (नवजात चिकित्सा विज्ञान)

प्रशांत कुमार जौहरी (तंत्रिका विज्ञान)

रोहन मलिक (जठरांत्र विज्ञान)

जगदीश प्रसाद मीणा (अर्बुद विज्ञान)

नरेंद्र कुमार बागड़ी (रूमेटोलॉजी)

सहायक आचार्य

आदित्य कुमार गुप्ता (अर्बुद विज्ञान)

अंकित वर्मा (नवजात चिकित्सा विज्ञान)

वैज्ञानिक

मधुमिता राय चौधरी

अमिता

रश्मि शुक्ला (संविदा)

काजल जैन

अन्य स्टाफ

अनुजा अग्रवाला (आहार विशेषज्ञ)

सुमिता गुप्ता (वरिष्ठ भौतिक चिकित्सा विज्ञान)

पल्लवी मिश्रा (जैवरसायनज्ञ)

साधना अरोड़ा (तकनीकी अधिकारी)

धनेश्वर यादव

नीना मेहता (चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी)

विशिष्टताएं

विभाग को छह डीएम कोर्स संचालित करने में विशेषज्ञता प्राप्त है, डबल्यूएचओ के सहयोग से दो केंद्र (नवजात शिशु देखभाल में एक नवजात प्रशिक्षण एवं अनुसंधान और दूसरा चिकित्सा एवं प्रयोगशाला आनुवंशिकी विज्ञान में प्रशिक्षण पर) और दो आईसीएमआर उन्नत उत्कृष्टता केंद्र (नेफ्रोलोजी एवं प्लमोनोलोजी) और बाल तंत्रिकाविकास संबंधी बीमारियों के लिए उन्नत अनुसंधान केंद्र। वर्तमान में **46** डीएम छात्र और **38** एमडी छात्र शैक्षणिक कार्यक्रमों में और अन्य **34** छात्र गैर-शैक्षणिक वरिष्ठ रेजीडेंट पदों पर पंजीकृत हैं।

नवजात शिशु विज्ञान विभाग ने हिस्सेदारों (नीति आयोग, भारत सरकार, यूनिसेफ, पीएटीएच, यूएसएआईडी, आईएपी, एनएनएफ इंडिया) और निदेशक बोर्ड रूम, एम्स, नई दिल्ली में राज्य लीडरों के लिए डबल्यूएचओ इंडिया कंट्री ऑफिस सहायता के साथ मिलकर 'राष्ट्रीय नवजात स्वास्थ्य के लिए समर्थन बैठक' का आयोजन किया।

विभागीय संकाय के नेतृत्व में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने विभाग हेतु विभिन्न प्रतिष्ठाएं प्राप्त की।

पुरस्कार

- डॉ. उमंग भारद्वाज और डॉ. सत्य प्रकाश एमडी रेजिडेंट्स 12-15 दिसंबर 2019 के बीच हैदराबाद में नियोकॉन में आयोजित एन.एन.एफ. नेशनल क्विज में विजयी हुए
- इंदौर में **9-12** जनवरी **2020** तक आयोजित किए गये 57 वे आईएपी पेडिकॉन में डॉ. एस. मदाथिल, डीएम ने अपने अध्ययन के लिए डॉ. एसएस मनचंदा नियोनटोलॉजी रिसर्च अवार्ड जीता, जिसका शीर्षक था, प्रिटर्म शिशुओं में रेटिनोपैथी (आरओपी) के लिए लेजर उपचार के दौरान एनाल्जेसिया के लिए अंतःशिरा फेंटेनल और अंतःशिरा केटामिन की तुलना- एक यादृच्छिक परीक्षण;
- डॉ. सागर टी, एमडी ने **27-29** सितंबर **2019** तक बैंगलोर में आयोजित आईएपी नियोकोन में अपने अध्ययन के लिए डॉ.मेहरबान सिंह गोल्ड मेडल पुरस्कार जीता, जिसका शीर्षक है, "स्थिर पूर्व नवजातों में पिता और माताओं द्वारा कंगारू देखभाल के दौरान शारीरिक प्रतिक्रियाओं की तुलना: आईएपी में एक गैर-हीनता क्रोस ओवर अध्ययन"।

विभिन्न विभागों के लगभग 10 अनुसंधान पेपर्स को विभिन्न विशेष सम्मेलनों में सर्वश्रेष्ठ पत्र के रूप में आंका गया

शिक्षा

विभाग नवजात शिशुविज्ञान, नेफ्रोलॉजी, तंत्रिका विज्ञान, आनुवंशिक विज्ञान, अर्बुद विज्ञान और पल्मोनोलॉजी और गहन देखभाल में छह डीएम पाठ्यक्रम चला रहा है.पांच छात्रों के साथ उन्नत पीएचडी कार्यक्रम जारी है।

एमडी कार्यक्रम: कुल 37 छात्रों को शामिल करने वाला एक एमडी कार्यक्रम जारी है। नियमित शिक्षण सत्र और चल रहे आंतरिक मूल्यांकन की एक प्रणाली अस्तित्व में है। संकाय द्वारा एक महीने में नया फ्लिप क्लास शिक्षण पेश किया गया है। हमने विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए वेंटिलेशन कार्यशाला

के लिए नवजात पुनर्जीवन और पीयरिक्स उन्नत जीवन समर्थन कार्यक्रम सहित कई प्रशिक्षण कार्यशालाएं कीं।

डीएम कार्यक्रम: सभी विभागों में सप्ताह में 3-4 बार नियमित रूप से संरचित शिक्षण गतिविधियां होती हैं। एकीकृत सेमिनार और केस चर्चा के रूप में अंतःविषय और अंतर्विभागीय शिक्षण को सभी विषयों में प्रोत्साहित किया जाता है। नियमित छोटी कार्यशालाएं और रेजीडेंटों और संकायों से जुड़े इंटरैक्टिव मामले पर चर्चा होती है। पल्मोनोलॉजी डिवीजन अन्य उदाहरणों से जुड़ने के लिए टेलीमेडिसिन का उपयोग करता है। नवजात शिशुविज्ञान डिवीज़न ने कंगारू मदर केयर, टोटल पैरेंटेरियन न्यूट्रीशन, समझ उपकरणों जैसे सामान्य विषयों पर साप्ताहिक कार्यशालाओं का आयोजन किया, जिसमें चिकित्सकों और नर्सों को प्रत्यक्ष अनुभव शामिल हैं।डिवीजन ने पिछले साल इस तरह की 24 कार्यशालाएँ आयोजित कीं।

एमबीबीएस शिक्षण: विभागीय संकाय एमबीबीएस छात्रों के बेडसाइड शिक्षण में शामिल होते हैं अपनी पोस्टिंग के दौरान बाल रोग (ओपीडी और वार्ड) में व्याख्यान, संरचित ट्यूटोरियल और एकीकृत सेमिनार में भाग लेते हैं। बाल रोग विभाग ने एसईटी के लिए स्नातक चिकित्सा छात्रों के लिए कौशल मॉड्यूल के विकास में योगदान दिया है। नवजात शिशु विज्ञान ने छठे सेमेस्टर के लिए नवजात पुनर्जीवन पर दीवार चार्ट, सिमुलेटर, टैबलेट, केस स्टडी और कार्यशाला का उपयोग करते हुए बीमार नवजात शिशुओं के उपचार के लिए मानक उपचार प्रोटोकॉल पर यूजी छात्रों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया।

अंतःस्राविकी

- टाइप 1 मधुमेह वाले बच्चों के लिए नियमित रूप से शिक्षा और रोगी बातचीत कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। टाइप 1 मधुमेह वाले बच्चों के लिए नई संसाधन सामग्री विकसित की गई है। इनमें कार्बोहाइड्रेट की गिनती और स्वस्थ आहारों पर पुस्तिकाएं शामिल हैं।
- टाइप 1 मधुमेह के लिए एक समर्पित इंटरैक्टिव द्विभाषी वेबसाइट विकसित की गई है। इसे इंडियन सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक एंड अडोलेसेंट एंडोक्रिनोलॉजी के माध्यम से व्यापक रूप से उपलब्ध कराया गया है
- मोटापे से ग्रसित लोगों और उनके परिवारों के बच्चों के लिए नियमित रूप से इंटरएक्टिव समूह सत्र आयोजित किए जाते हैं। एक आहार विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक और योग प्रशिक्षक (सभी अनुसंधान परियोजनाओं में कार्यरत) बहु-विषयक टीम का हिस्सा हैं।

जठरांत्ररोग विज्ञान

- भारत-यूएस विज्ञान और प्रौद्योगिकी फोरम (आईयूएसटीएफ) संकाय विनिमय कार्यक्रम के भाग के रूप में सीलिएक रोग में उत्कृष्टता के लिए बोस्टन चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल एंड हार्वर्ड सेंटर की लघु यात्रा (14-26 सितंबर 2019)
- मलागा स्पेन में बाल चिकित्सा आईबीडी में अल्प अवधि प्रशिक्षण (24-30 नवंबर 2019)
- 15 फरवरी 2020 को गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के साथ एम्स नई दिल्ली में सीलिएक दिवस और सार्वजनिक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

- नए उपकरणों का उन्नयन और अनुमोदन: कैप्सूल एंडोस्कोपी, एंटरोस्कोपी, पीएच प्रतिबाधा तंत्र
- टीम और उसके प्रशिक्षण में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी स्पेशलिटी नर्स को जोड़ा गया

नवजात शिशु विज्ञान

- डॉ. अशोक देवरारी को वर्ष **2020** के लिए भारत के राष्ट्रीय नवजात विज्ञान फोरम के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है, जो एक संगठन है जिसमें लगभग 8500 सदस्य हैं
- नवजात शिशु देखभाल में प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए नियोनेटोलॉजी डिवीजन को एक डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र (2019-23) फिर से नामित किया गया है
- यूनिसेफ, यूएनएफपीए, यूएसएआईडी और डब्ल्यूएचओ द्वारा समर्थित नवजात शिशु स्वास्थ्य के लिए हमारा डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र अपने ऑनलाइन संसाधनों, फेस-टू-फेस वर्कशॉप और प्वाइंट ऑफ केयर कंटीन्यूअस क्वालिटी इंप्रूवमेंट (पीओसीक्यूआई) मॉड्यूल के माध्यम से संगठनों को क्यूआई का प्रसार करता है। गुणवत्ता में सुधार पर एक समर्पित वेबसाइट (**http://aiimsqi-org/**) क्यूआई को पढ़ाने और सीखने के लिए मुफ्त संसाधन प्रदान करती है, और टीमों के क्षमता निर्माण और क्यूएफ के काम को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्रीय संगठन के देशों ने अपने क्षेत्रों में क्यूआई कार्य शुरू किया है। डिवीजन ने भारत में मातृ और नवजात स्वास्थ्य के लिए अस्पताल की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई कार्यशालाओं की सुविधा प्रदान की है।
- नवजात शिशु चिकित्सा विज्ञान विभाग ने देश के चार राज्यों में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाइयों (एसएनसीयू) में इलाज की जा रही समय से पूर्व पैदा होने वाले नवजात शिशुओं की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पीजीआई, चंडीगढ़ और जीएमसीएच, चंडीगढ़ और पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के साथ भागीदारी की है। इस गतिविधि का प्रमुख उद्देश्य साक्ष्य आधारित प्रथाओं को लागू करके अपरिपक्व नवजात शिशुओं में समय से पहले पैदा होने वाले बच्चों (आरओपी) की रेटिनोपैथी की घटनाओं को कम करना था।
- नवजात शिशु चिकित्सा विज्ञान विभाग नवजात स्वास्थ्य पर साक्ष्य आधारित प्रथाओं का प्रसार करने के लिए ई-लर्निंग का उपयोग कर रहा है। वर्तमान में, तीन ई-लर्निंग पाठ्यक्रम पेश किए जा रहे हैं (**www.ontop-in.org**) बीमार नवजात शिशु देखभाल, नवजात शिशु नर्सिंग और सीपीएपी। हमने लगभग **18** बीमार नवजात और आठ आवश्यक नवजात देखभाल पाठ्यक्रम पूरे किए हैं।
- समय से पूर्व पैदा होने वाले बच्चों की देखभाल पैकेज (एंड्रोचड मोबाइल पर WHO AIIMS PT एवं iOS पर समय से पूर्व नवजात देखभाल preterm care डाउनलोड करें) पर मोबाइल फोन पर एक ऐप विकसित किया गया है, जो समय से पूर्व पैदा होने वाले शिशुओं के साक्ष्य-आधारित उपचार में ऑनलाइन उपलब्ध है और **3000** स्वास्थ्य देखभाल व्यवसायियों द्वारा पूर्ण किया गया है **www.pretermcare-elimintaingrop.org।**
- 21 नवम्बर 2019 को डबल्यूएचओ इंडिया कंटरी ओफिस के साथ भागीदारों (नीति आयोग, जीओआई, यूनिसेफ, पीएटीएच, यूएसएआईडी, आईएपी, एनएनएफ इंडिया) और राज्य लीडरों लिए

'राष्ट्रीय नवजात शिशु स्वास्थ्य के लिए समर्थन बैठक'निदेशक बोर्ड रुम, एम्स, नई दिल्ली में आयोजित की।

वृक्कविज्ञान

- प्रोफेसर अरविंद बग्गा को वेनिस, इटली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बाल चिकित्सा नेफ्रोलॉजी एसोसिएशन के त्रिवार्षिक सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित आईपीएनए शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- डॉ. अदिति सिन्हा स्टेरॉयड प्रतिरोधी नेफ्रोटिक सिंड्रोम के उपचार पर आईपीएनए दिशानिर्देशों के लिए कोर समूह की सदस्य थीं

तंत्रिका-विज्ञान

बाल रोग विभाग ने 4 नवंबर को डॉ. ओपी घई मेमोरियल ऑरेशन का आयोजन किया, जो 27 नवंबर, 2019 को एम्स, नई दिल्ली में "बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी: वर्तमान और भविष्य" पर प्रो वीना कालरा द्वारा दिया गया था।

अर्बुद विज्ञान

- बाल कैंसर कार्यक्रमों के लिए रोगी शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया
- बाल कैंसर पर सार्वजनिक व्याख्यान और प्रदर्शनी का आयोजन किया
- एक बाल कैंसर रोगी वाले परिवारों को सरकारी और गैर सरकारी संगठन से वित्तीय सहायता की सुविधा
- भारतीय कैंसर सोसायटी द्वारा पहल के हिस्से के रूप में कैंसर फंडामेंटल्स पर ई-लर्निंग पर मॉड्यूल तैयार किए गए

रूमेटोलॉजी

- 27 जनवरी 2019 को दूरदर्शन पर प्रसारित जन जागरूकता कार्यक्रम 'सम्पूर्ण स्वास्थ्य, में "बच्चों में ऑटोइम्यून बीमारियां" विषय पर रोगी जागरूकता की चर्चा

आनुवंशिकी

1. नर्सों के लिए स्नातक शिक्षण अध्यापन: आम आनुवंशिक और बाल चिकित्सा समस्याओं पर 20 व्याख्यान
2. स्नातकोत्तर शिक्षण (बाल रोग): सप्ताह में 5-6 दिन
3. जैव प्रौद्योगिकी पीजी शिक्षण में भी शामिल
4. पीएचडी (जेनेटिक्स) शिक्षण - प्रति सप्ताह 2 कक्षाएं

अल्प अवधि प्रशिक्षण रिकॉर्ड -2019-2020

1. डॉ. अंकुर सिंह, 1-30 अप्रैल 2019,1 माह, आणविक, साइटोजेनेटिक्स, जैव रासायनिक, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
2. डॉ सिवा एस, 30 सितंबर 2019 से 31 मार्च 2020, 6 महीने, आणविक, साइटोजेनेटिक्स, उम्मीद पहल के तहत जैव रासायनिक डीबीटी

3. डॉ. अंबरीश, 14 अक्टूबर 2019 से 15 अप्रैल 2020, 6 महीने, साइटोजेनेटिक्स, उम्मीद पहल के तहत डीबीटी
4. डॉ एकता, 16 अक्टूबर 2019 से 15 अप्रैल 2020, 6 महीने, आणविक, साइटोजेनेटिक्स, जैव रासायनिक, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली
5. नीतू कटारिया, 15 फरवरी 2019 से 30 अप्रैल 2019, 2माह, आणविक लैब, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एम्स, ऋषिकेश, उत्तराखंड
6. सुश्री सुरभि, 01 जून 2019 से 30 जुलाई 2019, 2माह, बायोकेमिकल लैब, आणविक लैब, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, हरियाणा
7. सुश्री सोनिया जांगड़ा, 01 जून 19 से 31 जुलाई 19, 2 महीने, बायोकेमिकल लैब, आणविक लैब, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, हरियाणा
8. लेफ्टिनेंट कर्नल शिवानी संगवान, 17 जून 2019 से 16 जून 21, (लंबी अवधि का प्रशिक्षण), 2 साल (24 महीने), साइटोजेनेटिक लैब, डीजीएएफएमएस / डीजी -1 डी कार्यालय, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली

फैलोशिप / रोटेशन इंट्रा और इंटर विभागीय

1. डॉ. राहुल सिन्हा, डीएम (बाल रोग न्यूरोलॉजी) बाल चिकित्सा विभाग में छात्र, 1-30 मार्च 2020, एक महीना, द्वारा: प्रोफेसर शेफाली गुलाटी, बाल रोग विभाग, एम्स, नई दिल्ली
2. डॉ. गुरलीन ओबेरॉय (डीएम हेमटोपैथोलॉजी विभाग), 1-10 जुलाई 2019, 10 दिन, सभी 3 लैब, एचओडी, हेमेटोलॉजी विभाग
3. डॉ. उपिंदर सिंह जे.आर. (शैक्षणिक) प्रयोगशाला चिकित्सा, 1-30 नवंबर 2019, एक महीना, सभी 3 लैब, एचओडी,प्रयोगशाला विभाग।
4. डॉ. वदंया श्रीवास्तव, डॉ. रामेश्वर तिवारी,डॉ. संकेत कटपारा एमडी छात्र, 14-24 सितंबर 2019, 10 दिन, सभी 3 लैब, पीजी शिक्षण-प्रभारी, जैव रसायन विज्ञान विभाग।
5. डॉ. आयुष्मान डोभाल, डॉ. निखिल चंद्रन, डॉ. सुमन साहा, डॉ. आस्था सचान, एमडी छात्र, 31 अक्टूबर 2019 से 11 नवंबर 2019, 10 दिन, सभी 3 लैब, पीजी टीचिंग-प्रभारी, जैव रसायन विज्ञान विभाग।
6. डॉ. दानिश अली, जे. आर. (शैक्षणिक), लैब मेडिसिन, 1-31 मई 2019, 1 महीना, सभी 3 लैब,डॉ. एम इर्शाद, एचओडी, लैब मेडिसिन
7. डॉ. प्रियंका गोस्वामी, जे. आर. (शैक्षणिक),लैब मेडिसिन, 1-31 मई 2019, 1 महीना, सभी 3 लैब, डॉ. एम इरशाद, एचओडी, लैब मेडिसिन
8. डॉ. श्रीमन्तीनी रात्रे, जे.आर. (शैक्षणिक) लैब, मेडिसिन, 1-30 अप्रैल 2019, 1 महीने, सभी 3 लैब, डॉ. एम. इरशाद, एचओडी, लैब मेडिसिन
9. डॉ. अभिरूप सरकार, जे.आर. (शैक्षणिक) लैब मेडिसिन, 1-30 अप्रैल 2019, 1 महीना, सभी 3 लैब, डॉ. एम. इरशाद, एचओडी, लैब मेडिसिन

नवजात शिशु विज्ञान

एमडी कार्यक्रम

1. विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम पर दो प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया
2. विभाग ने आम विषयों पर साप्ताहिक कार्यशालाओं का आयोजन किया जैसे कि कंगारू मदर केयर, टोटल पैरेंटरल न्यूट्रिशन, समझ उपकरण, निवासियों और नर्सों का प्रशिक्षण। अंतिम वर्ष में ऐसी 12 कार्यशालाएं आयोजित की गयी।
3. इन कार्यशालाओं में भाग लेने वालों में प्रभाग में स्नातकोत्तर रेजीडेंट और नर्स शामिल थे।

डीएम कार्यक्रम

1. डिवीजन ने बेडसाइड इकोकार्डियोग्राफी, पैरेंट्रल न्यूट्रीशन, श्वसन विकारों में वेंटिलेटर सेटिंग्स और नवजात उपकरण पर साप्ताहिक कार्यशालाओं का आयोजन किया। डिवीजन फैकल्टी की मेंटरशिप के तहत एक सीनियर डीएम रेजीडेंट (फाइनल ईयर) अन्य डीएम रेजिडेंट्स और सीनियर एमडी रेजिडेंट्स को ट्रेनिंग देता है।
2. विभाग ने शिक्षण कार्यक्रम में अन्य विषयों को शामिल करते हुए पांच एकीकृत सेमिनार और केस चर्चा का आयोजन किया।

एमबीबीएस शिक्षण

1. बाल चिकित्सा विभाग ने एसईटी सुविधा के लिए अंडरग्रेजुएट मेडिकल छात्रों के लिए कौशल मॉड्यूल के विकास में योगदान दिया है। नवजात शिशु विज्ञान विभाग ने दीवार चार्ट, सिमुलेटर, टैबलेट और केस स्टडी का उपयोग करते हुए बीमार नवजात शिशुओं के उपचार के लिए मानक उपचार प्रोटोकॉल पर सातवें सेमेस्टर के छात्रों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। और छठे सेमेस्टर के छात्रों के लिए छोटे समूहों में एक नियमित नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम कार्यशाला।
2. यूजी छात्रों को प्रभाग द्वारा विकसित ई सामग्री का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो **www.newbornwhocc.org** या मोबाइल एप पर उपलब्ध है

वृक्कविज्ञान

डीएम कार्यक्रम में वर्तमान में 5 रेजीडेंट चिकित्सक हैं। दो चिकित्सकों ने 2019 में पाठ्यक्रम पूरा किया।

बाल वृक्कविज्ञान में दीर्घ एवं अल्प अवधि के प्रशिक्षण

- अबूजा, नाइजीरिया के डॉ. अजीते अदबुकोला ने जून-अगस्त 2019 के दौरान 3 महीने तक प्रशिक्षण लिया
   च. "उच्च पैरामीटर कोशिका विश्लेषण और उच्च आयामी डेटा विश्लेषण की कार्यविधियां" विषय पर कार्यशाला के लिए वाई-फाई सुविधा प्रदान की गई, दिनांक 23-24 अप्रैल 2019, जैव रसायन विभाग

छ. दिनांक 3 अगस्त 2019 को आईएससीकेआरएस के वार्षिक सम्मेलन "ओटी आरपीसी में लाइव सर्जरी ट्रांसमिशन" के लिए उच्च गति इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की गई।

ज. दिनांक 26 अगस्त 2019 को एनओएचपी, सीडीईआर, एम्स के तहत ओरल हेल्थ प्रमोशन पर टीचर्स ट्रेनिंग के लिए वाई-फाई की सुविधा।

झ. लाइव वेबिनार, दिनांक 31 अगस्त 2019, प्रसूति और स्त्री रोग विभाग, सेमिनार कक्ष के लिए हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन।

ञ. मेनोपॉज़ हार्मोनल थेरेपी (एमएचटी), प्रसूति विभाग और स्त्री रोग सेमिनार कक्ष, 17 अगस्त 2019 को लाइव वेबिनार के लिए हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन।

ट. ओआरबीओ, 64वां संस्थान दिवस, दिनांक 24-27 सितंबर 2019 के लिए दो टैबलेट के लिए वाई-फाई सुविधा प्रदान की गई।

ठ. दिनांक 9-13 अक्टूबर 2019 को इंडियन एसोसिएशन ऑफ सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के राष्ट्रीय सम्मेलन, जीआई सर्जरी विभाग, ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल और बोर्ड रूम के लिए वाई-फाई की सुविधा।

ड. "इतालवी सिंट्रोट्रॉन स्रोत से लाइव डेटा संग्रह" कार्यशाला के लिए हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, दिनांक 11-12 नवंबर 2019, रामलिंगास्वामी बोर्ड रूम और एसईटी सुविधा, कन्वर्जेंस ब्लॉक।

ढ. "भारत में वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों पर अनुसंधान संवर्धन के लिए प्राथमिकताएं", विषय पर कार्यशाला के लिए उच्च गति इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किया गया, रामलिंगास्वामी बोर्ड रूम, एसईटी केन्द्र स्टूडियो 1 और 3 तथा नर्सिंग एलटी, ओल्ड ओटी ब्लॉक, दिनांक 2-4 दिसम्बर 2019 को।

ण. “एम्स रूमा समिट” सम्मेलन, दिनांक 21-22 मार्च 2020, जवाहरलाल ऑडिटोरियम, एम्स के लिए वाई-फाई की सुविधा।

त. एपीएआर और पे-रोल सर्वर तक एसएसएच पहुंच के लिए फ़ायरवॉल नियम तैयार किए गए।

3. aiims.edu वेबसाइट का निरंतर रखरखाव।

4. एम्स वेबसाइट पर अद्यतन किए गए, निर्मित किए गए और अपलोड किए गए पृष्ठों की कुल संख्या लगभग 6500 रही।

5. एम्स वेबसाइट पर आगंतुकों की कुल संख्या लगभग 75 लाख रही।

6. गेटवे लेवल एंटी-वायरस, एंटी-स्पैम, आईपीएस/आईडीएस, लोड बैलेंसिंग और कंटेंट फ़िल्टरिंग के प्रबंधन के लिए कंप्यूटर नेटवर्क एंव ऐप्लिकेशन की सुरक्षा हेतु एकीकृत जोखिम प्रबंधन (यूटीएम) फ़ायरवॉल का निरंतर प्रबंधन किया गया।

7. लगभग 18 छात्रावास अवस्थानों पर वायरलेस नेटवर्किंग ज़ोन का निरंतर प्रबंधन, इंटरनेट, सूचना और ऑनलाइन पत्रिकाओं तक विद्यार्थियों और रेजिडेंट डॉक्टरों की पहुंच बनाने के लिए वाई-फाई जोन बनाए गए। अब तक, लगभग 9000 विद्यार्थियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। वर्तमान में इस सुविधा के लिए 1300 उपयोगकर्ता पंजीकृत हैं।

8. निरंतर बीबीडीएल ओपीएसी सेवाएँ और पुस्तकालय ऑनलाइन संसाधनों की वृद्धि को बीबी दीक्षित

पुस्तकालय एम्स वेबसाइट के माध्यम से सब्सक्राइब किया गया है।

9. विद्यार्थियों के लिए इंटरनेट और ऑनलाइन जर्नल एक्सेस के लिए बी.बी. दीक्षित लाइब्रेरी में वाई-फाई ज़ोन का निरंतर प्रबंधन।
10. संकाय और विद्यार्थियों के लिए एनकेएन लीज लाइन के माध्यम से लगभग 8500 नोड्स पर हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा, एम्स नेटवर्क पर 24/7 आधार पर बनाए रखी जा रही है।
11. वेब सर्वर, प्रॉक्सी सर्वर और मेल सर्वर का 24x7x365 दिनों तक अनुरक्षण।
12. कंप्यूटर सुविधा के सहायता डेस्क के माध्यम से 24x7x365 दिन इंटरनेट और नेटवर्क उपयोगकर्ता की शिकायतों का समाधान और सुविधा प्रबंधन एवं कॉल रखरखाव।
13. ई-हॉस्पिटल मॉड्यूल के लिए वीपीएन आधारित पहुंच तंत्र, बल्लभगढ़, एम्स केंद्रों के संबंध में एम्स के बाहर से सीपीआरएस एक्सेस प्रबंधन जारी रखा गया।
14. एनडीडीटीसी, जेपीएनएटीसी, और सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन एपिलेप्सी तथा ब्रेन रिसर्च सेंटर, गुड़गांव को जोड़ने के लिए आईपीएससी सुरंग का निरंतर प्रबंधन।
15. वाई-फाई आधारित ई-हास्पिटल सॉफ्टवेयरों के लिए और वार्ड, ओपीडी, आईसीयू और ओटी आदि में एम्स संकाय, वैज्ञानिकों, सहायक और उप-नर्सिंग अधीक्षकों को इंटरनेट उपलब्ध कराने के लिए मैक आईडी आधारित प्रमाणीकरण प्रदान किया गया।
16. वीपीएन एक्सेस के लिए लगभग 120 आईडी बनाई गई।
17. संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों और एम्स के अधिकारियों के लिए aiims.edu और aiims.ac.in डोमेन पर लगभग 290 नई ईमेल आईडी बनाई गई।
18. विभिन्न सम्मेलनों, सेमिनारों आदि के बारे में सभी संकायों को नियमित ई-मेल भेजे गए।
19. नेटवर्किंग, पीसी, संबंधित उपभोज्य सामग्री के सीएएमसी के लिए और पुर्जों के रेट कॉन्ट्रेक्ट के लिए निविदा विनिर्देश तैयार किए गए और निविदा जारी करने के लिए इनका पुनरीक्षण तकनीकी विनिर्देश समिति द्वारा किया गया।
20. मस्जिद मोठ और एनसीआई, झज्जर में नए बन रहे ब्लॉकों के लिए तकनीकी कार्यनीति के बारे में बैठक आयोजित की गई।
21. इंटरनेट कनेक्शन के लिए आईपी को सक्रिय और कॉन्फ़िगर किया गया।
22. न्यूरोसाइंसेस सेंटर के लिए जीई सेंट्रीसिटी आरआईएस-पैक्स के लिए बाहरी आईपी पते का प्रावधान किया गया।
23. लैन और वाई-फाई उपयोगकर्ताओं के लिए यू-ट्यूब और फेसबुक की सुगम पहुंच देने के लिए फ़ायरवॉल नियम बनाए गए।
24. एलएएन से और डब्ल्यूएएन से एलएन के लिए फ़ायरवॉल नियम बनाए गए।
25. साइबरोम लाइसेंस का नवीनीकरण दो साल के लिए किया गया।
26. एम्स में कोविड 19 राष्ट्रीय परामर्श केंद्र (कॉनटेक) की स्थापना की गई।
27. न्यू ओपीडी ब्लॉक, एनसीआई झज्जर, न्यू बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी ब्लॉक में अत्याधुनिक 3 टीयर नेटवर्किंग आर्किटेक्चर (कोर स्विच टू कोर स्विच - 100 जी, कोर टू डिस्ट्रीब्यूशन - 40 जी और

डिस्ट्रीब्यूशन टू एक्सेस स्विच - 10 जी) तैनात किया गया। एम्स में एमसीएच, न्यू सर्जिकल ब्लॉक और वीवीआईपी ब्लॉक के लिए इस उपलब्ध कराया जा रहा है।

28. एनएसी, एनएमएस, डब्ल्यूएलएएन नियंत्रक को लागू करने, वायरलेस उपकरणों, स्विचों और पैकेट फ़िल्टरिंग के प्रबंधन के लिए फ़ायरवॉल तैयार करने पर काम चल रहा है।

प्रकाशन

पत्रिकाएँ: 2

पुरस्कार, सम्मान और महत्वपूर्ण कार्यक्रम

एसएन रघु कुमार, एम्स और उसके सभी केंद्रों और आगामी केंद्रों के लिए आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास से संबंधित विभिन्न तकनीकी विशिष्टता समितियों के सदस्य रहे; वे, एम्स में आईटी कार्यान्वयन से संबंधित सेवाओं और सभी सेवा प्रदाताओं/विक्रेताओं; कंप्यूटर केन्द्र के प्रबंधन/प्रशासन, कंप्यूटर केन्द्र में काम कर रहे एनआईसी कर्मचारियों और कंप्यूटर केन्द्र में संविदा पर तैनात कर्मचारियों की निगरानी से भी जुड़े रहे; उन्होंने नव चयनित एमबीबीएस विद्यार्थियों, एम्स, नई दिल्ली के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया; 31 जुलाई 2019 को इलास्टिक सर्च सेक्यूरिटी कार्यशाला, जेडब्ल्यू मैरियट होटल, एयरोसिटी, नई दिल्ली में भाग लिया; बीबी दीक्षित पुस्तकालय, एम्स में 9 अगस्त 2019 को शोधपरक संचार में ई-संसाधनों के उपयोग के बारे में आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया; 27 अगस्त 2019 को होटल ताज प्लेस, नई दिल्ली में डिजिटल गवर्नेंस समिट में भाग लिया; 28 अगस्त 2019 को 12वें भारत सुरक्षा शिखर सम्मेलन एसोचैम कॉर्पोरेट कार्यालय, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में भाग लिया; 2 से 3 सितंबर 2019 तक इलेक्ट्रॉनिक एनवायरनमेंट में चिकित्सा साहित्य की पहुंच और उपलब्धता पर राष्ट्रीय सम्मेलन, एम्स, नई दिल्ली में भाग लिया।

सतीश प्रसाद ई-ऑफिस परियोजना (एनआईसी) के नोडल अधिकारी रहे और ई-ऑफिस के उपयोग में कार्मिकों का प्रशिक्षण एवं समन्वय किया; वे कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एमएससी, बीएससी और पोस्ट सर्टिफिकेट विद्यार्थियों, बीएससी डेंटल ऑपरेटिंग रूम असिस्टेंट कोर्स, बीएससी डेंटल हाइजीन कोर्स, बीएससी ओटी टेक्नोलॉजी के लिए आईटी की कक्षाओं हेतु कोर्स समन्वयक और उन्होंने कक्षाएं भी लीं; उन्हें कंप्यूटर केन्द्र के लिए केंद्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया; वे संस्थान में विकसित वित्तीय अनुप्रयोगों के लिए वित्त सर्वर (नोवेल) की निगरानी और रखरखाव के कार्य से जुड़े रहे; ईएपीएआर मॉड्यूल के विकास के लिए और ओपन सोर्स आधारित पेरोल मॉड्यूल के लिए टीम लीडर रहे।

सुशील कुमार मेहर ने एनसीआई, झज्जर के नव स्थापित केंद्र में एचआईएस (ई-हॉस्पिटल) और ओपीडी क्लिनिकल स्क्रीनिंग और अन्य विशेषता मॉड्यूल को लागू करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई है; उन्होंने संस्थान में विकसित कोर मॉड्यल, एलआईएस मॉड्यूल, ब्लड बैंक, आरआईएस, पी.ए.सी.एस. और अलग-

अलग क्लिनिकल मॉड्यूल और ई-हॉस्पिटल की निगरानी में भी प्रमुख भूमिका निभाई; एनसीआई, झज्जर के रोबोट लैब और ओपन पी.ए.सी.एस. के एकीकरण में प्रमुख भूमिका निभाई। एनसीआई, झज्जर (हरियाणा) के लिए डाटा सेंटर की स्थापना और कंप्यूटर नेटवर्किंग एवं वाई-फाई की डिज़ाइन, तैनाती और कार्यान्वयन के साथ-साथ एनसीआई, झज्जर से एम्स, नई दिल्ली तक कनेक्टिविटी स्थापित की; स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की शिक्षण गतिविधियों में शामिल रहे; सीएनसी निराकरण समिति के सदस्य रहे; कंप्यूटर से संबंधित वस्तुओं की खरीद के लिए तकनीकी समिति के सदस्य रहे; आईसीएमआर, नई दिल्ली में आईटी उपकरणों की खरीद के लिए तकनीकी समिति के सदस्य रहे; कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया के वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया, जिसका विषय था: डिजिटल डेमोक्रेसी - आईटी फॉर चेंज, भुवनेश्वर, उड़ीसा, 16-18 जनवरी 2020; वे, "ट्रांसफ़ॉर्मिंग हेल्थकेयर थ्रू एआई और रोबोटिक: नाउ नो लोंगर ए साई-फाई" विषय पर मुख्य वक्ता रहे; हैल्थ रिकॉर्ड्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचईआरएआई), कोच्चि, केरल द्वारा आयोजित 20वें वार्षिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन सम्मेलन 'मेडरिकॉन 2020' में भाग लिया; मुख्य वक्ता रहे -"ए प्रेग्मेटिक एप्रोच फॉर प्रेपिंग हेल्थकेयर सिस्टम्स टुवर्ड्स ई-हैल्थ/ईएमआर - इंडियन सीनेरियो" में; उन्होंने हेल्थकेयर डेटा स्टेंडर्ड्स पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता की; "भारत में स्नोमेड-सीटी के कार्यान्वयन में नर्सिंग सूचना विज्ञान की भूमिका" पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया; और 'मेड-इनफो 2019 (17वीं वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स), लियोन, फ्रांस में 25-30 अगस्त को सत्र टी2-11 (टेलीहैल्थ 2) की अध्यक्षता की; भारत मोबाइल कांग्रेस, दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा 14-16 अक्टूबर 2019 तक, एयरोसिटी, नई दिल्ली में आयोजित गोलमेज चर्चा "एंटी-कोअगुलेशन एप्लिकेशन का विकास और एम्स, नई दिल्ली, भारत में इसका कार्यान्वयन" में भाग लिया; बीएमजे हेल्थ एंड केयर इंफॉर्मेटिक्स के संपादकीय बोर्ड 2020-2023 में प्रतिनिधित्व किया, इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर गेरोनटेक्नोलॉजी 2019-2020 के बोर्ड सदस्य रहे; स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, एम्स में स्नोमेड सीटी परियोजना के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करते रहे; विभिन्न नैदानिक विभागों के चिकित्सकों के लिए स्नोमेड सीटी परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया; केंद्रीय सरकार के अस्पतालों को आपातकालीन मामलों के लिए एम्स के वेंटीलेटर और आईसीयू बेड उपलब्ध कराने के लिए नोडल अधिकारी रहे; सभी केंद्रों और मुख्य अस्पताल के नैदानिक विभागों के वार्डों/प्रयोगशालाओं में मरीजों की देखभाल सेवाओं के तौर-तरीकों का निरीक्षण करने के लिए, अंतरंग रोगी विभाग में अध्ययन/सर्वेक्षण किया; हिताची द्वारा मुख्य सर्वर रूम में नए आईटी बुनियादी ढांचे के कार्यान्वयन के बाद ओपन पी.ए.सी.एस. प्रक्रिया का अध्ययन किया।

संजय गुप्ता ने एम्स में कोविड 19 नेशनल टेली कंसल्टेंसी सेंटर (कॉनटेक) की स्थापना की है; ओपीडी शुरू करने के लिए न्यू ओपीडी ब्लॉक में आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया; एनसीआई, झज्जर, न्यू ओपीडी और न्यू बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी ब्लॉक में अत्याधुनिक नेटवर्किंग शुरू की और इसे एम्स में एमसीएच, न्यू सर्जिकल, एनएसी और वीवीआईपी ब्लॉक्स के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है; एम्स में कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन शिकायत पोर्टल चालू किया गया; एसवाईएस, ऑफिसर्स एसोसिएशन,

एफएआईएमएस और आरडीए के ऑनलाइन चुनावों के लिए एम्स में सूचना कियोस्क का उपयोग किया गया; फ्रांस के ल्योन में 25-30 अगस्त 2019 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "मेड-इनफ़ो-2019: 17वीं विश्व चिकित्सा और स्वास्थ्य सूचना विज्ञान कांग्रेस" में भाग लिया।

विनय पांडे एम्स में डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए नोडल अधिकारी हैं; वे ई-हॉस्पिटल सॉफ्टवेयर के बिलिंग मॉड्यूल की देखभाल करते हैं; एपीएआर मॉड्यूल, पे-रोल मॉड्यूल और सॉफ्टवेयर विकास/कार्यान्वयन के विकास से जुड़ी टीम के सदस्य हैं; एम्स के एमएससी (नर्सिंग), बीएससी (नर्सिंग) विद्यार्थियों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी, एचआईएस, नर्सिंग और मेडिकल इंफॉर्मेटिक्स, जैव-चिकित्सा सूचना पुनर्प्राप्ति कक्षाएं भी उन्होंने ली हैं।

हरि शंकर ने एम्स के एमबीबीएस के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम संचालित किया; एमएससी और बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं लीं; 20-22 नवंबर 2019 को हेमिल्टन, न्यूजीलैंड में आयोजित हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स न्यूजीलैंड (एचआईएनजेड) सम्मेलन 2019 में "एंटी-कोएगुलेशन एप्लिकेशन का विकास और एम्स, नई दिल्ली, भारत में इसका कार्यान्वयन" नामक एक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

श्यामल बरुआ ने ई-हॉस्पिटल परियोजना की एपॉइंटमेंट प्रणाली, ओपीडी मॉड्यूल, आपातकालीन पंजीकरण मॉड्यूल, रेडियोलॉजी सूचना प्रणाली शेड्यूलिंग मॉड्यूल आदि के कार्यान्वयन का समन्वय किया; रेडियोथेरेपी अपॉइंटमेंट मॉड्यूल, आईआरसीएच डे केयर, आरपीसी हिस्टोपैथोलॉजी इंडेक्सिंग मॉड्यूल, एनसीआई झज्जर के लिए रोगी निदान मॉड्यूल आदि के लिए संस्थान में विकसित सॉफ्टवेयर का कार्यान्वयन किया; नई आरएके ओपीडी में ओपीडी मॉड्यूल का विन्यास और कार्यान्वयन किया। जैम पोर्टल और ई-प्रोक्योरमेंट के कार्यान्वयन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में समन्वय कार्य किया। वे सीसीटीवी खरीद और निगरानी प्रणाली के लिए तकनीकी मार्गदर्शन में शामिल रहे।

तृप्ता शर्मा, एम्स और विभिन्न केंद्रों में ई-हॉस्पिटल एप्लिकेशन मॉड्यूल जैसे कि अपॉइंटमेंट मॉड्यूल, एडमिशन डिस्चार्ज और ट्रांसफर मॉड्यूल, इन्वेंटरी मॉड्यूल, ईएचएस (कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा) मॉड्यूल के अनुरक्षण और विन्यास का कार्य कर रही हैं; वे स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की शिक्षण गतिविधियों में शामिल रहीं।

11.6 इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी सुविधा

आचार्य

टी.सी. नाग

सह-आचार्य

सुभाष सी. यादव (1 सितम्बर, 2019 से 28 फरवरी, 2020 तक अवकाश पर)

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी

संदीप आर्य

तकनीकी अधिकारी

चंदा पंवार

शिक्षा

1. एम्स के जैवप्रौद्योगिकी विभाग के 13 एम बायोटेक विद्यार्थियों ने 13 अगस्त 2019 से 27 अगस्त 2019 तक (उनके प्रथम सेमेस्टर कोशिका जैव विज्ञान प्रैक्टिकल्स के भाग के रूप में) दो सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त किया।
2. शरीर रचना स्नातकोत्तर हेतु इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी कक्षाओं (सिद्धांत के साथ-साथ प्रेक्टिकल, केवल शुक्रवार) का आयोजन 3 जनवरी 2020 से 13 मार्च 2020 तक किया गया।

सीएमई/कार्यशालाएं/संगोष्ठी/राष्ट्रीय एवं अंतरर्राष्ट्रीय सम्मेलन

1. तकनीकी कर्मचारियों हेतु इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 15 मई 2019 से 14 जून 2019 तक आयोजित किया गया। तेरह अभ्यर्थियों को सैम्पल प्रोसेसिंग, अल्ट्रामाइक्रोटॉमी, सी.पी.डी., स्पटर कोटिंग, टीईएम तथा एस.ई.एम. जांच एवं सूक्ष्मदर्शी के दैनिक रखरखाव में प्रशिक्षित किया गया।
2. इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी फॉर साइंटिफिक इंवेस्टीगेटर्स में 35वां राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 26 नवम्बर, 2019 से 7 दिसम्बर 2019 तक किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों से बीस अभ्यर्थियों ने भाग लिया।
3. संस्कृति स्कूल नई दिल्ली से छः शिक्षकों (डॉ. मोहिनी सेवल, डॉ. कविता वर्मा, रश्मि सिंह, गीतिका तनेजा एवं तृप्ति मेहता) ने दिनांक 4 मई 2019 को ईएम सुविधा में संभावित भावी अनुसंधान योजना हेतु एसएआईएफ, ईएम सुविधा, एम्स में उपलब्ध सुविधाओं को जानने हेतु ईएम सुविधा दौरा किया।

4. इंडियन स्कूल, नई दिल्ली के 106 विद्यार्थियों ने 6 शिक्षकों के साथ 17 एवं 20 मई, 2019 को ईएम सुविधा का दौरा किया तथा ईएम अवलोकन हेतु जैविक नमूने के प्रसंस्करण तथा ईएम के सिद्धांतों पर निर्देश प्राप्त किए।
5. दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर के पुरम, नई दिल्ली से 125 विद्यार्थियों ने चार शिक्षकों के साथ 18 अक्टूबर, 2019 को ईएम सुविधा का दौरा किया एवं ईएम के सिद्धांतों एवं ईएम अवलोकन हेतु जैविक नमूनों के प्रसंस्करण संबंधी निर्देश प्राप्त किए।

प्रदत्त व्याख्यान

टी.सी. नाग

1. रेटिना डिजनरेशन की क्रियाविधि को समझने हेतु एक पशु मॉडल पर इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी एवं संबंधित विश्लेषणात्मक तकनीकों (ईएमएएटी) पर अन्तरर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 7 जून, 2019 एचपीयू, शिमला।
2. आयुवृद्धि मानव कोरियोकेपीलारीस में पेरिसाईट जीवनक्षमता: बाहरी बलों की भूमिका पर एसोसिएशन ऑफ जिरोन्टोलॉजी की 19वीं द्विवार्षिक बैठक, 17 अगस्त, 2019 एम्स, नई दिल्ली।
3. आयु संबंधी मैक्यूलर डिजनरेशन के चूहे रेटिना मिमिक के पैथोलोजिकल लक्षणों में लौह प्रेरित परिवर्तन, XXXVII इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोसाइंसिज की वार्षिक बैठक, 19 नवम्बर, 2019, एम्स, नई दिल्ली।

सुभाष चन्द्र यादव

1. नेनोटेक्नोलॉजी अंत:क्षेप माध्यम से प्लांट बायोमोलेक्यूल्स का चिकित्सीय संभावित सुधार, इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी तथा संबंद्धित विश्लेषणात्मक तकनीकों पर अंतरर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ईएमएएटी 2019), 9 जून 2019, एचपीयू, शिमला।
2. मंदक, इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी तथा संबंद्धित विश्लेषणात्मक तकनीकों पर अन्तरर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ईएमएएटी 2019), 8 जून 2019, एचपीयू, शिमला।

अनुसंधान

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. चूहों में प्रयोगात्मक लौह की अधिक मात्रा के बाद माइटोकोन्ड्रियल सक्रिय एवं रेटिना फोटोरिसेप्टर कोशिकाओं में ऑटोफैगी की स्थिति, टी.सी. नाग, आईसीएमआर, 3 साल, 2019-22, 30 लाख रूपए।
2. गुर्दा प्रत्यारोपण रोगियों के सीरम से बी के विषाणु की त्वरित तथा लागत प्रभावी नेनो-लैम्प आधारित पहचान को डिजाइन करना। सुभाष चन्द्र यादव, आईसीएमआर, 3 वर्ष, 2019-2022, 35.84 लाख रूपए।

3. कोशिका विज्ञान नमूने से गर्भाशय ग्रीवा कैंसर कोशिकाओं का चुम्बकीय नेनोकणों एवं क्वांटम डॉट्स युग्मक दृश्य पुष्टिकरण: ग्रामीण भारतीय व्यवस्था हेतु एक लागत प्रभावी, शीघ्र तथा अनुकूल जांच, सुभाष चंद्र यादव, एसईआरबी, 3 वर्ष, 2018-21, 38.68 लाख रूपए।
4. गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के उपचार हेतु मानव पेपिलोमा विषाणु (एचपीवी 16) आधारित नेनोकेरियर्स का प्रयोग करते हुए सिस्प्लेटिन की बाह्य आपूर्ति, सुभाष चन्द्र यादव, एम्स आईआईटीडी, 2 वर्ष, 2019-21, 10 लाख रूपए।
5. ईडब्ल्यूएस - एफ.एल.आई.-1, फ्यूजन प्रोटीन का शीघ्र तथा विशिष्ट पहचान पद्धति का विकास, सुभाष चन्द्र यादव, डी.बी.टी., 3 वर्ष 2019-22, 80 लाख रूपए।

पूर्ण

1. अलक्षणी अवस्था में रोगजन पहचान हेतु सरल, शीघ्र तथा आनसाइट त्वरित नैदानिक किट, सुभाष चन्द्र यादव, डीबीटी, 3 वर्ष, 2016-2019, 50.21 लाख रूपए।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. चयनात्मक मुलर कोशिका क्षति के बाद चूहें के रेटिना पर तेज़ प्रकाश से पड़ने वाले प्रभाव में सूक्ष्मतंत्रिकाबंध का अध्ययन।
2. पोस्ट - हेच चूजें के रेटिना में प्रकाश प्रेरित ऑक्सीकर तनाव एवं इंडोजेनियस न्यूरोप्रोटेक्टिव तंत्र।
3. चूहों में प्रकाश-प्रेरित रेटिना क्षति के पश्चात समांतर कोशिकाओं में रीमॉडलिंग।
4. प्रोटीन बायोमार्कर्स पी.एस.ए. एवं एम.एस.एम.बी. आधारित मूत्र के प्रयोग वाले प्रोस्टेट कैंसर की गैर आक्रामक पहचान हेतु एक नवीन इम्यूनों नेनो फ्लूरोसेन्स एस्से (आई.एन.एफ.ए.) प्रणाली।
5. लूप मध्यस्थ समतापी विस्तारण (नेनो-एलएएमपी) यूग्मित नेनोकणों का प्रयोग कर गुर्दा प्रतिरोपित रोगियों हेतु दृश्य, शीघ्र, गैर-आक्रामक तथा लागत प्रभावी बी के वायरस की खोज प्रणाली।

पूर्ण

1. प्रसवपूर्ण ध्वनि उद्दीपन से जन्मजात चिक अभिदर्शिता से केन्द्रीय ओडिटोरी मार्ग तथा हिपोकैम्पस में मस्तिष्क व्युत्पन्न तंत्रिकावृद्धि कारक का एपीजेनीटिक विनियम।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. सुपर रेजूल्यूशन माइक्रोस्कॉपी का प्रयोग करते हुए दृष्टिगत रूप से सक्रिय सूक्ष्मकणों का इंटरासेलुलर ट्रैफिकिंग के यांत्रिकी आधार की व्याख्या करना, जैवप्रौद्योगिकी वि*द्यालय, जे.एन.यू., नई दिल्ली।

प्रकाशन

पत्रिकाएं : 11 पुस्तकों में अध्याय : 1

रोगी उपचार

वि*शेष प्रयोगशाला सुवि*धाएं

क्र.सं.	सुविधा	प्रयोक्ता सं.		विश्लेषित नमूने	
		आंतरिक	बाहरी	आंतरिक	बाहरी
1.	ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी	331	419	1415	2342
2.	स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी	94	150	427	467

पुरस्कार, सम्मान तथा महत्वपूर्ण घटनाएं

आचार्य टी.सी. नाग को इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी सोसायटी ऑफ इंडियन की अध्येतावृत्ति प्रदत्त की गयी, पेलिनेटरी व्याख्याता नामित (चिकित्सा विज्ञान के अन्तर्गत) एवं हैदराबाद (फरवरी, 2020) में आयोजित 12वें एशिया-पेसिफिक माइक्रोस्कोपी सम्मेलन में राष्ट्रीय सलाहकार समिति सदस्य के रूप में कार्य किया। कार्यपालक समिति सदस्य, इंडियन अकादमी ऑफ न्यूरोसाइंसिस (आईएएन) एवं विचार करना एम्स, नई दिल्ली 37वीं वार्षिक बैठक (नवम्बर 2019) तथा विशिष्ट संगोष्ठी (न्यूरोनल सर्किट विकसित करने में प्लास्टिसिटी) पर संकल्पना, सेशन की आयोजन तथा अध्यक्षता, इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी तथा संबंद्धित विश्लेषणात्मक तकनीक (ईएमएएटी) पर अन्तरर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दो सत्रों की अध्यक्षता, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में 7 से 9 जून, 2019 तक की। आयुवृद्धि तथा रोग (1), एनाटोमिकल रिकॉर्ड (1), शरीर-क्रिया-विज्ञान एवं जैवरसायन हेतु लेखागार (1), बायोफेक्टर (1), प्रयोगात्मक नेत्र अनुसंधान (1), जर्नल ऑफ माइक्रोस्कोपी एवं अल्ट्रास्ट्रक्चर (2), जैव औषधि एवं भेषज-चिकित्सा विज्ञान (3), जर्नल ऑफ न्यूरोसाइंस रिसर्च (1), सूक्ष्मदर्शी अनुसंधान एवं तकनीक (1), भैषजिक जीवविज्ञान (1), एवं रेडोक्स जीवविज्ञान (1), हेतु पांडुलिपियों की समीक्षा की। इस अविध के दौरान उन्होंने दो पी.एच.डी. शोध-प्रबंधों का भी परीक्षण किया।

सुभाष चन्द्र यादव को स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, भारत सरकार से 6 माह हेतु (1 सितम्बर, 2019 से 28 फरवरी 2020) क्रायो - इलेक्ट्रॉन टोमोग्रॉफी पर स्टेनफोर्ट यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया, यू.एस.ए. में दीर्घ अवधि अन्तरर्राष्ट्रीय अनुसंधान अध्येतावृत्ति प्रदान की गई।

11.7 छात्रावास अनुभाग

छात्रावास अधीक्षक

डॉ. संदीप अग्रवाल

छात्रावास उप-अधीक्षक

डॉ. एस. दत्ता गुप्ता	डॉ. एस.के. मौलिक	डॉ. नीरजा भाटला
डॉ. राज कुमार यादव	डॉ. राकेश कुमार	डॉ. के.एच. रीता
डॉ. विजय कुमार	डॉ. तनुज दादा	डॉ. पार्थ हल्दर
डॉ. कपिल यादव	डॉ. कमलेश कुमारी शर्मा	श्रीमती भूपिंदर कौर

वरिष्ठ भंडार अधिकारी (छात्रावास)

श्री राकेश कुमार शर्मा

प्रशासनिक अधिकारी (छात्रावास)

श्री बी.के. सिंह

लेखा अधिकारी (छात्रावास)

श्रीमती राकेश कुमारी शर्मा

वरिष्ठ वार्डन

श्री शशि प्रकाश पाण्डेय

वार्डन

श्री मोहन शर्मा
श्रीमती सीमा परूथी

उप-वार्डन

श्री सतप्रकाश कालिया
श्रीमती सुचिता कुमारी
श्री सुखपाल मलिक

सहायक वार्डन

श्रीमती तृप्ता शर्मा
सुश्री रानी वर्गीस

कनिष्ठ वार्डन

श्री बाबू लाल मीणा	श्री दिनेश देसाई	श्रीमती निर्मला
श्री राजेश रावत		श्रीमती सुनील देवी

अनुसचिवीय और संविदा स्टाफ

छात्रावास अनुभाग में पांच अनुसचिवीय और ग्यारह संविदा कर्मचारी हैं।

अधीनस्थ स्टाफ

12 पुरुष और 26 महिला कार्यालय परिचर विभिन्न छात्रावासों में तैनात हैं। एम्स में 1990 (अनुमानित) सिंगल/ डबल रूम, विवाहितों के लिए 287 आवास, नर्सिंग विद्यार्थियों/स्टाफ नर्सों के लिए 418 आवास और 24 गेस्ट रूम सहित अनेक छात्रावास हैं। ये आवास, एम्स मुख्य परिसर, मस्जिद मोठ, आयुर्विज्ञान नगर, ज.प्र.ना.ए. ट्रॉमा केंद्र छात्रावास (राज नगर) के भिन्न-भिन्न छात्रावासों और आवासों में स्थित हैं।

छात्रावासों का विस्तृत विवरण

क्रमांक	**छात्रावास का नाम**	**एकल कक्ष**	**दो से आठ सीट वाले**	**कुल संख्या**
पुरुष छात्रावास				
1	नम्बर 1 (चरक)	62	2x3=6 (बीएससी)	68
2	नम्बर 2 (जीवक)	55	2x2=4 (बीएससी)	59
3	नम्बर 3 (सुश्रुत)	70	2x6=12 (बीएससी)	82
4	नम्बर 4 (माधव)	53	2x7 = 14 (बीएससी)	67
5	नम्बर 5 (नागार्जुन)	53	2x5 = 10 (बीएससी)	63
6	नम्बर 6 (वागभट्ट)	69	2x6 = 12 (एमबीबीएस)	81
7	नम्बर 7 (अश्विनी)	24पी.जी.	83X2 = 166 (एमबीबीएस)	190
8	नम्बर 8 (भारद्वाज)	108	0	108
9	नम्बर 12 (धनवंतरी)	72	0	72
10	नम्बर 14 (अत्रेय)	144	0	144
11	नम्बर 16 (अग्निवेश)	10	0	10
11	नम्बर 18 (कश्यप)	283	2x10 = 20; 3x14 = 42	345
10	ज.प्र.ना. एपेक्स ट्रॉमा केंद्र	58	0	58
11				
	कुल	**1061**	**286**	**1347**
महिला छात्रावास				
12	नम्बर 9 (पार्वती)	65	13x2 = 26	91
13	नम्बर 10 (सरस्वती)	106	0	106
14	नम्बर 11 (अक्षरा)	0	2x26=52; 3x4=12	64
15	नम्बर 13 (लक्ष्मी)	0	2x33=66; 4x1 = 4; 6x1= 6	76
16	नम्बर 19 (पतंजलि)	306	0	306
	कुल	**477**	**166**	**643**

नर्सिंग विद्यार्थी/स्टाफ नर्स छात्रावास					
17	नम्बर 15 (मेधा) विद्यार्थी	160	90+14+4+0+0 (180+42+16)		398
18	नम्बर 15 (मेधा) स्टाफ नर्स	20	0		20
	कुल	**180**	**238**		**418**
विवाहितों के छात्रावास					
21	नम्बर 14 (अत्रेय)	42			42
23	नम्बर 16 (अग्निवेश)	142	0		142
24	पीएचडी के लिए एफ-टाइप	18	0		18
25	नम्बर 17 (अंबुजा)	54	0		54
	आयुर्विज्ञान नगर टाइप III	25	0		25
25	ज.प्र.ना. एपेक्स ट्रॉमा केंद्र	6	0		6
	कुल	**287**			**287**
	कुल जोड़	**1,347 (पुरुष) 643 (महिला) 418 (नर्सिंग विद्यार्थी और स्टाफ) 287 (विवाहित)**		**24**	**2,695**

सुविधाएं

पुरुष अतिथि कक्ष

क्रमांक	**स्थान (छात्रावास)**	**शौचालय**	**एयर कंडीशनर**
1.	छात्रावास नम्बर 2 (जीवक)	कॉमन	पहले ही लगा है
2.	छात्रावास नम्बर 3 (सुश्रुत)	कॉमन	पहले ही लगा है
3.	छात्रावास नम्बर 7 (अश्विनी)	कॉमन	पहले ही लगा है
4.	छात्रावास नम्बर 8 (भारद्वाज)	कॉमन	पहले ही लगा है
5.	छात्रावास नम्बर 12 (धनवंतरी)	कॉमन	पहले ही लगा है
6.	छात्रावास नम्बर 301/ज.प्र.ना.ए.ट्रॉ.कें.	संलग्न	पहले ही लगा है
7.	कमरा नम्बर 315/ज.प्र.ना.ए.ट्रॉ.कें.	संलग्न	पहले ही लगा है
8.	कमरा नम्बर 203 छात्रावास नम्बर 17 (अंबुजा)	संलग्न	पहले ही लगा है
9.	कमरा नम्बर 303 छात्रावास नम्बर 17 (अंबुजा)	संलग्न	पहले ही लगा है
10.	कमरा नम्बर 403 छात्रावास नम्बर 17 (अंबुजा)	संलग्न	पहले ही लगा है
11.	कमरा नम्बर 503 छात्रावास नम्बर 17 (अंबुजा)	संलग्न	पहले ही लगा है
12.	कमरा नम्बर 603 छात्रावास नम्बर 17 (अंबुजा)	संलग्न	पहले ही लगा है

महिला अतिथि कक्ष

क्रमांक	स्थान (छात्रावास)	शौचालय	एयर कंडीशनर
1.	छात्रावास नम्बर 9 (पार्वती)	कॉमन	पहले ही लगा है
2.	छात्रावास नम्बर 10 (सरस्वती)	कॉमन	पहले ही लगा है
3.	छात्रावास नम्बर 13 (लक्ष्मी)	कॉमन	पहले ही लगा है
4.	अतिथि कक्ष नम्बर III, छात्रावास नम्बर 15 (मेधा)	संलग्न	पहले ही लगा है

अतिथि पर्यवेक्षकों/अदला-बदली करने वाले विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक अनुभाग हेतु आरक्षित अतिथि कक्ष

क्रमांक	स्थान (छात्रावास)	शौचालय	एयर कंडीशनर
1.	15-ए छात्रावास नम्बर 14 (अत्रेय)	संलग्न	पहले ही लगा है
2.	15-बी/ छात्रावास नम्बर 14 (अत्रेय)	संलग्न	पहले ही लगा है
3.	16-ए/ छात्रावास नम्बर 14 (अत्रेय)	संलग्न	पहले ही लगा है
4.	16-बी/छात्रावास नम्बर 14 (अत्रेय)	संलग्न	पहले ही लगा है
5.	17-ए/ छात्रावास नम्बर 14 (अत्रेय)	संलग्न	पहले ही लगा है
6.	17-बी/ छात्रावास नम्बर 14 (अत्रेय)	संलग्न	पहले हि लगा है
7.	अतिथि कक्ष नम्बर I, छात्रावास नम्बर 15 (मेधा)	संलग्न	पहले ही लगा है
8.	अतिथि कक्ष नम्बर II, छात्रावास नम्बर 15 (मेधा)	संलग्न	पहले ही लगा है

दुकानें और संस्थान

विभिन्न मेस/कैफे और दुकानें जैसे - जूस की दुकान, नाई की दुकान, जनरल स्टोर, टेलर की दुकान, धोबी की दुकान, कंप्यूटर टाइपिंग की दुकान, बुक/स्टेशनरी की दुकान, फोटोस्टेट की दुकान, एसटीडी/आईएसडी/पीसीओ बूथ, कॉफी की दुकान, अंसारी नगर, ट्रॉमा सेंटर और मस्जिद मोठ कैम्पस में बने छात्रावासों में स्थित हैं।

विद्यार्थियों का स्वास्थ्य केंद्र

(i) मुख्य परिसर

क. विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य केंद्र सेवाएँ कमरा संख्या 11 (छात्रावास संख्या 7 / अश्विनी छात्रावास के सामने), पुरुष छात्रावास, एम्स में उपलब्ध हैं।

ख. छात्रावास नम्बर 10, सरस्वती छात्रावास।

(ii) मस्जिद मोठ परिसर

कॉमन रूम (2 / II), द्वितीय तल, छात्रावास संख्या 19 (पतंजलि छात्रावास), मस्जिद मोठ।

महत्वपूर्ण कार्यक्रम

1. सिविल निर्माण-कार्य

नवीकरण

1. छात्रावास संख्या 8 प्रथम तल, साउथ इंडियन मेस को मॉडुलर रसाई-घर के साथ नवीकृत करके नए डाइनिंग टेबल और कुर्सियों के साथ सुसज्जित किया गया है।
2. छात्रावास संख्या 9 (पार्वती छात्रावास) में 17 कमरों की खिड़कियां बदली गई हैं और मुख्य द्वार की दीवार का नवीनीकरण कार्य किया गया है।
3. छात्रावास संख्या 10 (सरस्वती छात्रावास) में 5 कॉमन लैवेटॉरी संख्या 2, 4, 6, 13 और 14 का नवीनीकरण किया गया है।
4. छात्रावास संख्या 10 (सरस्वती छात्रावास) के 2 कमरे और छात्रावास संख्या 9 के (पार्वती छात्रावास) कोने के 3 कमरों का नवीनीकरण किया गया।
5. छात्रावास संख्या.14 (अत्रेय छात्रावास) में पहली मंजिल से 7वीं मंजिल तक 144 एकल कक्ष और 11 कॉमन शौचालयों का नवीनीकरण किया गया। भूतल से छठी मंजिल (ऑफिस की तरफ) और दूसरी तरफ चौथी मंजिल से 7वीं मंजिल तक वाटर कूलर प्लेटफॉर्म और सिंक बनाए गए हैं। सभी सिंगल रूम, कॉरिडोर लाइट और कॉमन शौचालयों में 25 गीज़र बदले गए हैं।
6. छात्रावास संख्या 14 (अत्रेय छात्रावास) के वार्डन ऑफिस का नवीनीकरण किया गया। छात्रावास कार्यालय के सामने भूतल से सातवीं मंजिल तक पक्षीय केंद्रीयकृत तंत्र प्रणाली में परिवर्तित कर दिया गया है।
7. छात्रावास संख्या 15 (मेधा छात्रावास) - कमरा संख्या एन-307 को नवीकृत किया गया। पूरे शाफ्ट का फ़्लोरिंग कार्य किया गया है और सभी स्विच, रूम के दरवाजों को बदल दिया गया है तथा दक्षिण की ओर के गलियारों की लाइटों को बदल दिया गया है। मुख्य द्वार को भी बदल दिया गया।
8. छात्रावास संख्या 19 में कड़ी ताला लगा दिया गया है।
9. छात्रावास संख्या 7 में पुराने छात्रावास ऑफिस को छात्रावास भंडार में बदल दिया गया और उसका नवीनीकरण किया गया।
10. ज.प्र.ना.ए.ट्रॉ.कें. छात्रावास - कॉरिडोर और कमरे की खिड़कियां और बालकनी के दरवाजों की मरम्मत की गई है।

जारी नवीकरण कार्य

1. छात्रावास संख्या 3 (सुश्रुत छात्रावास) शौचालय संख्या 7, 8 और 9, छात्रावास संख्या V (नागार्जुन छात्रावास) शौचालय संख्या 1, 3 और 5 और छात्रावास संख्या 7 (अश्विनी छात्रावास) शौचालय संख्या 4, 8 12 का नवीकरण जारी है।

2. विद्‌युत संबंधी कार्य

1. छात्रावास संख्या I, II, III, IV, V और VI में इलेक्ट्रिकल पैनल को बदल दिया गया है।

2. छात्रावास संख्या 10 (सरस्वती छात्रावास) के 5 कमरों और छात्रावास संख्या 13 (लक्ष्मी) छात्रावास) के 5 कमरों का विद्युत कार्य किया गया है। छात्रावास संख्या 10 में इलेक्ट्रिकल पैनल बदल दिया गया है।
3. छात्रावास संख्या 9, 10 और 13 में लगभग 97 पंखों को बदल दिया गया है।
4. छात्रावास संख्या 14 और 15 में समस्त सोलर गीज़र को हटा दिया गया है।
5. छात्रावास संख्या 17 की बाहरी सीढ़ियों में ग्रिल लगा दी गई है, सभी कमरों में एलईडी लाइट लगा दी गई हैं।
6. छात्रावास संख्या 19 में कॉलिंग बैल से जुड़ा काम कर दिया गया है।
7. ज.प्र.ना.ए.ट्रॉ.कें. छात्रावास - एलईडी लाइट्स को बदल दिया गया है।

3. एयर कंडीशन संबंधी कार्य

1. छात्रावास संख्या 14 (अत्रेय छात्रावास), छात्रावास संख्या -18 (कश्यप छात्रावास) औरछात्रावास संख्या 19 (पतंजलि छात्रावास) के वार्डन कार्यालय में एयर कंडीशनर लगा दिया गया है।
2. छात्रावास संख्या 17 के अतिथि कक्षों में तीन एयर कंडीशनर लगाए गए।

4. सीसीटीवी कैमरे

1. छात्रावास संख्या 16 (अग्निवेश छात्रावास) और छात्रावास संख्या -17 (अंबुजा छात्रावास) के सामने सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

5. विविध

1. छात्रावास संख्या 7 (अश्विनी छात्रावास) के 19 कमरों को डबल सीटर में बदल दिया गया है और एमबीबीएस विद्यार्थियों को आवंटित किया गया है। वर्तमान में 55 कमरों में नवीकरण का काम जारी है और इन्हें डबल सीटर में परिवर्तित किया जाना है।
2. छात्रावास संख्या 11 (अक्षरा छात्रावास) को डबल सीटर के साथ यूजी छात्रावास में बदल दिया गया है।
3. छात्रावास संख्या 13 (लक्ष्मी छात्रावास) के 20 सिंगल कमरों को डबल सीटर में बदल दिया गया है और बीएससी पैरामेडिकल विद्यार्थियों को आवंटित किया गया है।
4. छात्रावास संख्या 15 (मेधा छात्रावास): उत्तरी ओर के 14 एकल कक्षों को डबल सीटर रूम में परिवर्तित कर दिया गया है और एमएससी नर्सिंग और बीएससी (पीबी) नर्सिंग विद्यार्थियों को आवंटित कर दिया गया है।
5. छात्रावास नं.19
   - I. 2 / I कॉमन रूम को रीडिंग रूम में परिवर्तित किया गया।
   - II. 2 / II कॉमन रूम को विद्यार्थियों के स्वास्थ्य केंद्र में परिवर्तित किया गया।
   - III. कमरा संख्या 6 को विजिटर्स रूम में बदल दिया गया।
6. छात्रावास संख्या 7 के कमरा नम्बर 32 को छात्रावास सेक्शन रिसेप्शन, कैशियर रूम और गेस्ट रूम बुकिंग काउंटर के विस्तार के रूप में जोड़ा गया है।
7. छात्रावास संख्या 19 में मेहमानों को जाने की अनुमति दे दी गई है।
8. छात्रावास 15 के रीडिंग रूम 1, 2, 3, 6 और 7 अच्छी तरह से सुसज्जित कर दिए गए हैं।

9. संशोधित छात्रावास आवास नियम लागू कर दिए गए हैं।
10. छात्रावास में सभी मेस/कैफे के लिए नए सिरे से निविदाएं सौंपे जाने का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है।

भविष्य की योजनाएं

1. विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करना।
2. छात्रावास संख्या 2 के स्टोर का नवीनीकरण किया जाना है।
3. छात्रावास संख्या 1 की शौचालय संख्या 7 और 9, छात्रावास संख्या 7 की शौचालय संख्या 14, 16 और 18 तथा छात्रावास संख्या 8 की शौचालय संख्या 3, 5, 7, 14, 15, 16, 17 और 18 का नवीनीकरण किया जाना है।
4. छात्रावास संख्या 12 (धनवंतरी छात्रावास) के 15 कॉमन शौचालयों का नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है। सभी कमरों में इलेक्ट्रिकल रिवाइरिंग की आवश्यकता है।
5. छात्रावास संख्या 14 - विवाहितों के 38 कमरों, 6 अतिथि कक्षों, भूतल मनोरंजन कक्ष, सामान्य शौचालय और सभी शाफ्ट का नवीनीकरण किया जाना है। गलियारे की खिड़कियां और बालकनी के दरवाजे बदले जाने हैं। वाटर रूफिंग का काम भी किया जाना है।
6. छात्रावास संख्या - 14 और छात्रावास संख्या 15 - मेस किचन में चिमनी लगाई जानी है, मेस डेजर्ट कूलर को बदला जाना है, मेस रिवाइरिंग कार्य किया जाना है और इमरजेंसी में इस्तेमाल होने वाली सीढियों की मरम्मत की जानी है।
7. छात्रावास संख्या 15 - दोनों रोगी कक्षों और तीनों अतिथि कक्षों का नवीनीकरण किया जाना है।
8. छात्रावास संख्या 17 - रसोई-घर में एग्ज़ॉस्ट फैन और अलमारी लगाई जानी है तथा अतिथि कक्षों में गीज़र लगाए जाने हैं। भूमिगत पार्किंग में पानी के ठहरने की समस्या हेतु मरम्मत का काम किया जाना है।
9. छात्रावास संख्या 19 - भूतल से दसवीं मंजिल की सीढ़ी में ग्रिल लगाई जानी है। 2/I रीडिंग रूम और 2/II विद्यार्थियों के स्वास्थ्य केन्द्र में एयर कंडीशनर लगाया जाना है। सभी कमरों में इमरजेंसी लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं।
10. छात्रावास संख्या 7 और 8 में वाईफाई की व्यवस्था की जानी है।
11. वैलनेस क्लीनिक की सहायता से सांस्कृतिक गतिविधि समूहों का गठन किया जाना है और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जाना चाहिए।
12. छात्रावास संख्या 1-6 (यूजी) के फर्नीचर को बदला जाना है।
13. कैफे 5 और छात्रावास संख्या 9 के मेस का नवीनीकरण कार्य किया जाना है।

11.8 नीति विषयक समिति

नीति विषयक समिति में उपर्युक्त वर्णित शैक्षिक वर्ष हेतु प्रस्तुत एवं चर्चा किए गए परियोजना प्रस्तावों एवं थीसिस प्रोटोकॉल की कुल संख्या का वर्णन निम्नानुसार है :

बैठकें

समिति की बैठकों की संख्या इस प्रकार थी :

- संस्थान नीति विषयक समिति : 11
- मूल और नैदानिक विज्ञान संबंधी स्नातकोत्तर अनुसंधान के लिए संस्थान नीति विषयक समिति : 11

समीक्षित परियोजनाओं की संख्या इस प्रकार थी :

- नए परियोजना प्रस्ताव : 975
- समीक्षा परियोजनाएं : 600
- पुरानी परियोजनाएं : 275

मूल और नैदानिक विज्ञान संबंधी स्नातकोत्तर अनुसंधान के लिए संस्थान नीति विषयक समिति द्वारा समीक्षित परियोजनाओं की संख्या इस प्रकार थी :

- नई थीसिसः 684
- समीक्षा थीसिसः 300
- पुरानी थीसिसः 150

इसके अतिरिक्त, संस्थान नीति विषयक समिति को गंभीर दुष्प्रभावों, गंभीर प्रतिकूल घटनाओं, वार्षिक प्रगति रिपोर्ट और समापन रिपोर्ट आदि की सूचनाएं प्राप्त होती रहीं।
संस्थान नीति विषयक समिति की मानक संचालन प्रक्रियाओं (एस.ओ.पी.) को संशोधित किया गया और ये एम्स की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

महत्वपूर्ण घटनाएं

संस्थान नीति विषयक समिति और मूल और नैदानिक विज्ञान संबंधी स्नातकोत्तर अनुसंधान के लिए संस्थान नीति विषयक समिति, भारत के महा औषधि नियंत्रक, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और यू.एस.ए. के फैडरल वाइड एस्योरेंस के साथ पंजीकृत हैं।

11.9 चिकित्सा शिक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार के.एल. विग सेंटर (सीएमईटी–आई)

प्रमुख

प्रो. ओ.पी. खरबंदा (फरवरी 2020 तक)

प्रभारी आचार्यगण

आधारभूत विज्ञान के संकाय विकास हेतु

प्रो. के.के. दीपक

चिकित्सा और संबद्ध विषयों के नैदानिक संकाय के संकाय विकास हेतु

प्रो. रीता सूद

शल्य-चिकित्सा विषयों के संकाय विकास हेतु

प्रो. अनुराग श्रीवास्तव

नैदानिक अनुसंधान पद्धति और साक्ष्य आधारित चिकित्सा में फैलोशिप के लिए संकाय-सदस्यगण

1. डॉ. कामेश्वर प्रसाद (मुख्य समन्वयक)
2. डॉ. अनुराग श्रीवास्तव
3. डॉ. एस.एन. द्विवेदी
4. डॉ. शशि कांत
5. डॉ. गोविंद मखारिया
6. डॉ. वी श्रीनिवास
7. डॉ. दीप्ति विभा
8. डॉ. नलिन मेहता
9. डॉ. तुलिका सेठ
10. डॉ. राजीव कुमार
11. डॉ. राकेश लोढ़ा
12. डॉ. नीरजा भाटला
13. डॉ. नवनीत विग
14. डॉ. मंजू वत्स
15. डॉ. पीयूष साहनी

एजुकेशन मीडिया जनरलिस्ट

श्री योगेश कुमार

प्रशासनिक अधिकारी

श्री पल्लव कुमार चित्तेज (दिसंबर, 2019 तक)

श्री कुशाल कुमार (फरवरी 2020 से)

विशिष्टताएं

सीएमईटी की पूरी क्षमता का उपयोग प्रशिक्षण कार्यक्रम और मीडिया सहायता प्रदान करके एम्स संकाय, रेजिडेंट्स, रिसर्च स्कॉलर्स, नर्सों और सभी श्रेणियों के स्टाफ सदस्यगण को लाभांवित करने के लिए किया गया है। छमाही सीएमईटी प्रशिक्षण कैलेंडर: (i) जून से दिसंबर 2019 और (ii) जनवरी से जून 2020 तक

का वितरण, एम्स के संकाय सदस्यों, रेजिडेंट्स और स्टाफ-सदस्यगण के लिए काफी पहले ही कर दिया गया था, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिभागियों ने पहले से अधिक संख्या में भागीदारी की।

1. इस वित्तीय वर्ष के दौरान **कुल 53 इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम** संचालित किए गए थे, जिनमें शामिल हैं:
   - 1.1 नर्सिंग (4) और प्रशासनिक स्टाफ-सदस्यों (1) के लिए तीन आधे-आधे दिनों के पांच कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
   - 1.2 फैकल्टी, रेजिडेंट्स और एमएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों के लिए नौ कार्यशालाएं भिन्न-भिन्न विषयों पर आयोजित की गईं, जिसमें सूचना पुनर्प्राप्ति, ग्रंथ सूची प्रबंधन, एमएस वर्ड में साइंटिफिक राइटिंग के लिए उपकरण, प्रभावी प्रेजेंटेशन डिजाइनिंग, पॉवरपॉइंट, एक्सेल और क्रिएटिविटी में एनिमेशन जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया।
   - 1.3 एनएमजेआई के सहयोग से एक शोध पत्र लिखने के बारे में एक कार्यशाला आयोजित की गई।
   - 1.4 ऑर्बो के सहयोग से चौदह प्रशिक्षण कार्यक्रम
   - 1.5 नॉन मेडिको स्टाफ के लिए "इमरजेंसी केयर में प्राथमिक चिकित्सा" (एफ.ए.सी.ई.) विषय पर आठ कार्यशालाएं आयोजित की गईं।
   - 1.6 प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए प्रशासनिक और वित्तीय विषयों पर छह कार्यशालाएं आयोजित की गईं।
2. **64वीं संस्थान दिवस प्रदर्शनी:** सीएमईटी ने दिनांक 24 से 27 सितंबर, 2019 तक संस्थान प्रदर्शनी के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदर्शनी का मूल विषय **"यूनिवर्सल हेल्थकेयर"** था।
   - प्रदर्शनी के लिए अभिनव और पुन: प्रयोज्य तथा पोर्टेबल पैनल संस्थान में ही डिज़ाइन किए गए।
   - 36x56 इंच के कुल 104 पोस्टर तैयार किए गए थे और प्रदर्शन के लिए छह वीडियो स्टेशन स्थापित किए गए।
3. **लघु स्वास्थ्य प्रदर्शनी**
   1. **ऑटिज्म जागरूकता:** 'टुगेदर वी कैन', 11 अप्रैल 2019, में सीएमईटीआई ने 40 पोस्टरों को डिजाइन और मुद्रित किया।
   2. **एम्स जराचिकित्सा कार्यक्रम:** 3 दिसंबर 2019, स्वीडन की महामहिम रानी सिल्विया के भ्रमण हेतु।
   3. **बाल्यावस्था कैंसर प्रदर्शनी:** 27 फरवरी 2020, सीएमईटीआई ने 16 पोस्टरों को डिजाइन और मुद्रित किया।
   4. **आरपीसी दिवस प्रदर्शनी**, 10 मार्च 2020, सीएमईटीआई ने 40 पोस्टरों को डिजाइन और मुद्रित किया।
4. **सर्जरी और मनोचिकित्सा विभाग को लॉजिस्टिक सहायता:** अगस्त 2019 में एम्स टीचिंग ब्लॉक में आग की घटना के बाद, सर्जरी और मनोचिकित्सा विभाग के कर्मचारियों को विभाग अध्यक्ष और

स्टोर कार्यालय के साथ सीएमईटीआई में स्थानांतरित कर दिया गया था। विभाग को सुचारु रूप से चलाने के लिए सभी लॉजिस्टिक सहायता जैसे स्थान, फर्नीचर, कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा आदि को दोनों विभागों के लिए बढ़ा दिया गया।

5. **सीएमईटीई कक्ष उपयोग:** सीएमईटीआई ने एम्स के विभिन्न विभागों को अपने स्वयं के कार्यक्रमों (184 दिनों) के अलावा कार्यशालाओं/सीएमई का आयोजन करने के लिए ऑडियो-विज़ुअल के साथ लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराई। वर्ष के दौरान, सीएमईटी के तीन हॉल - टेक्नोलाजी हॉल, एजुकेशन हॉल और इनोवेशन हॉल का उपयोग क्रमशः 177, 57 और 58 दिनों के लिए किया गया।

- **मीडिया संबंधी गतिविधियां**

विवरण	कुल
बड़े प्रारूप वाले शैक्षणिक पोस्टरों की डिजाइनिंग/मुद्रण (80 ई-पोस्टरों सहित)	1471
वीडियो रिकॉर्डिंग एवं संपादन, मांगों की संख्या	437
क्लीनिकल/इवेंट फोटोग्राफी एवं स्केन, एक्स-रे/सीटी/एमआरआई/ स्लाइड, मांगों की संख्या	393
ऑन-स्क्रीन प्रस्तुतियों की संख्या	66
रंगीन मुद्रण (ए3 साइज)	1446
रंगीन मुद्रण (ए4 साइज)	1206
ए4 साइज प्रमाणपत्र मुद्रण (सीएमईटी कार्यशालाएं +अन्य विभाग)	539

शिक्षा

53 कार्यशालाएं/प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्रमांक	शीर्षक	लक्ष्य समूह	तारीख
1-4	प्रवेशकालीन कार्यक्रम-2019, बैच 12 से 15	नर्सिंग अधिकारी	1-13 अप्रैल 2019
5-6	अंग रिट्रीवल परिचय	सीनियर रेजिडेंट्स और नर्सिंग अधिकारी	12 और 15 अप्रैल 2019
7	टिप्पणी और मसौदा लेखन	प्रशासनिक स्टाफ सदस्य	16 अप्रैल 2019
8	सामान्य आपातकाल में प्राथमिक उपचार	एम्स के समस्त स्टाफ-सदस्यगण	23 अप्रैल 2019
9	शोधपत्र लेखन (एनएमजेआई के सहयोग से)	रेजिडेंट्स	25-26 अप्रैल 2019
10	सुरक्षित रक्त-आधान प्रैक्टिस	नर्सिंग अधिकारी	26 अप्रैल 2019

11-12	अंग रिट्रीवल परिचय	सीनियर रेजिडेंट्स और नर्सिंग अधिकारी	3 और 10 मई 2019
13	सुरक्षित रक्त-आधान प्रैक्टिस	रेजिडेंट्स	3 मई 2019
14	सूचना का अधिकार (आरटीआई)	प्रशासनिक स्टाफ-सदस्य	16 मई 2019
15	सामान्य आपातकाल में प्राथमिक उपचार	एम्स के समस्त स्टाफ-सदस्यगण	20 मई 2019
16	अंग रिट्रीवल परिचय	नर्सिंग अधिकारी	21 मई 2019
17	सामान्य आपातकाल में प्राथमिक उपचार	एम्स के समस्त स्टाफ-सदस्यगण	14 जून 2019
18	अदालती मामलों से कैसे निपटें	प्रशासनिक स्टाफ-सदस्यगण	20 जून 2019
19	प्रापण और सामान्य नियम	प्रशासनिक स्टाफ-सदस्यगण	25-26 जुलाई 2019
20	प्रवेशकालीन कार्यक्रम	प्रशासनिक स्टाफ-सदस्यगण	5-7 अगस्त 2019
21	एमएस वर्ड में वैज्ञानिक लेखन के साधन	एमएससी नर्सिंग विद्यार्थी	8 अगस्त 2019
22	अंग रिट्रीवल परिचय	सीनियर रेजिडेंट्स	8 अगस्त 2019
23	सूचना पुनर्प्राप्ति और ग्रंथ सूची का प्रबंधन	एमएससी नर्सिंग विद्यार्थी	10 अगस्त 2019
24	शिक्षा में मीडिया	एमएससी नर्सिंग विद्यार्थी	17 अगस्त 2019
25	अभिविन्यास कार्यक्रम	सेवानिवृत्त स्टाफ-सदस्य	19-20 अगस्त 2019
26	सामान्य आपातकाल में प्राथमिक उपचार	प्रशासनिक स्टाफ-सदस्य	21 अगस्त 2019
27	पोस्टर और पैम्फलेट डिजाइन करना	एमएससी नर्सिंग विद्यार्थी	22 अगस्त 2019
28	मिरगी: प्राथमिक उपचार	रेजिडेंट्स और नर्सिंग अधिकारी	27 अगस्त 2019
29	पावर प्वाइंट में एनीमेशन	एमएससी नर्सिंग विद्यार्थी	29 अगस्त 2019
30	सृजनात्मकता	एमएससी नर्सिंग विद्यार्थी	31 अगस्त 2019

31-32	अंग रिट्रीवल परिचय	वरिष्ठ रेजिडेंट्स और नर्सिंग अधिकारी	12 और 17 सितंबर 2019
33	प्रापण और सामान्य नियम	प्रशासनिक स्टाफ-सदस्य	18-सितंबर-19
34-35	अंग रिट्रीवल परिचय	वरिष्ठ रेजिडेंट्स और नर्सिंग अधिकारी	4 और 14 अक्टूबर 2019
36	सुरक्षित रक्त आधान	नर्सिंग अधिकारी	16 अक्टूबर 2019
37-38	सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला	संकाय सदस्य	18 और 23 अक्टूबर 2019
39	सामान्य आपातकाल में प्राथमिक उपचार	सुरक्षा गार्ड	24 अक्टूबर 2019
40	ग्रांट राइटिंग वर्कशॉप	संकाय सदस्य और रेजिडेंट्स	25 अक्टूबर 2019
41	रूमेटिक रोग में प्रतिरक्षात्मक जांच	रेजिडेंट्स और विद्यार्थी	22 नवंबर 2019
42	सामान्य आपातकाल में प्राथमिक उपचार	सुरक्षा गार्ड	4 दिसंबर 2019
43	सूचना पुनर्प्राप्ति और ग्रंथ सूची प्रबंधन	रेजिडेंट्स और विद्यार्थी	14 जनवरी 2020
44	अंग रिट्रीवल परिचय	नर्सिंग अधिकारी	20 जनवरी 2020
45	घाव संबंधित उपचार	नर्सिंग अधिकारी	21 जनवरी 2020
46	सामान्य आपातकाल में प्राथमिक उपचार	एम्स के समस्त स्टाफ-सदस्यगण	22 जनवरी 2020
47	अंग रिट्रीवल परिचय	वरिष्ठ रेजिडेंट्स	24 जनवरी 2020
48	एमएस वर्ड में वैज्ञानिक लेखन के साधन	रेजिडेंट्स और विद्यार्थी	28 जनवरी 2020
49-50	अंग रिट्रीवल परिचय	वरिष्ठ रेजिडेंट्स	14 और 24 फरवरी 2020
51	प्रभावशाली प्रस्तुति डिजाइन करना	रेजिडेंट्स और विद्यार्थी	18 फरवरी 2020
52	घाव संबंधित उपचार	नर्सिंग अधिकारीगण	3 मार्च 2020
53	सामान्य आपातकाल में प्राथमिक उपचार	प्रशासनिक स्टाफ-सदस्य	4 मार्च 2020

नैदानिक शोध कार्यप्रणाली और साक्ष्य आधारित चिकित्सा में फैलोशिप के तहत व्याख्यानमाला (इस वर्ष 90+ मिनटों के 13 सत्र आयोजित किए गए)

क्रमांक	तारीख	विषय	संकाय सदस्य का नाम
1	4 अप्रैल 2019	क्लीनिकल पर्सपेक्टिव ऑन कॉक्स प्रपोर्शनल हैजार्ड्स रिग्रेशन	डॉ. कामेश्वर प्रसाद
2	12 अप्रैल 2019	केस कंट्रोल स्टडी सेशन- 1	डॉ. पार्थ हलदर
3	26 अप्रैल 2019	केस कंट्रोल स्टडी सेशन- 2	डॉ. पार्थ हलदर
4	3 मई 2019	केस कंट्रोल स्टडी सेशन- 3	डॉ. पार्थ हलदर
5	4 दिसंबर 2019	यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण	डॉ. तुलिका सेठ
6	11 दिसंबर 2019	यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण	डॉ. तुलिका सेठ
7	1 जनवरी 2020	यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण	डॉ. एस.एन. द्विवेदी
8	8 जनवरी 2020	आरसीटी में भिन्न-भिन्न डिजाइन	डॉ. एस.एन. द्विवेदी
9	22 जनवरी 2020	यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण	डॉ. एस.एन. द्विवेदी
10	29 जनवरी 2020	आरसीटी में रेंडमाइजेशन, रेंडम परम्यूटिड ब्लॉक डिजाइन	डॉ. एस.एन. द्विवेदी
11	5 फरवरी 2020	सेंपल साइज गणना	डॉ. एस.एन. द्विवेदी
12	26 फरवरी 2020	नमूना चयन कार्यप्रणाली	डॉ. एस.एन. द्विवेदी
13	4 मार्च 2020	डेटा सैफ्टी मॉनीटरिंग बोर्ड	डॉ. एस.एन. द्विवेदी

प्रदत्त व्याख्यान

योगेश कुमार

क्रमांक	**विषय**	**तारीख**
1-4	2019-20 में आयोजित चार प्रवेशकालीन कार्यक्रमों के दौरान टीम बिल्डिंग एंड कॉन्फिलक्ट पर सत्र संचालित किए गए	1-13 अप्रैल 2019
5-7	प्रशासनिक स्टाफ के लिए प्रवेशकालीन कार्यक्रम के दौरान प्राइड ऑफ एम्स, संचार कौशल एवं टीम बिल्डिंग पर तीन सत्र संचालित किए गए	5-7 अगस्त 2019
8	एमएस वर्ड में वैज्ञानिक लेखन के साधन (एमएससी नर्सिंग)	8 अगस्त 2019
9	सूचना पुनर्प्राप्ति और ग्रंथसूची प्रबंधन(एमएससी नर्सिंग)	10 अगस्त 2019
10	शिक्षा में मीडिया(एमएससी नर्सिंग)	17 अगस्त 2019
11	एम्स के सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम के दौरान 'सेवानिवृत्ति की तैयारी' विषय पर सत्र का संचालन किया गया	19 और 20 अगस्त 2019
12	पोस्टरों और पैम्फलेट की डिजाइनिंग (एमएससी नर्सिंग)	22 अगस्त 2019

13	पावर प्वाइंट में एनीमेशन (एमएससी नर्सिंग)	29 अगस्त 2019
14	सृजनात्मकता (एमएससी नर्सिंग)	31 अगस्त 2019
15	नर्सों के लिए टीओटी कार्यशाला: मादक पदार्थ के सेवन संबंधी विकार का उपचार, मीडिया का उपयोग	5 अक्टूबर 2019
16	संकाय सदस्यों के लिए सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला	18 अक्टूबर 19
17	संकाय सदस्यों के लिए सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला	23 अक्टूबर 19
18	नर्सों के लिए टीओटी कार्यशाला: मादक पदार्थ के सेवन संबंधी विकार का उपचार, मीडिया का उपयोग	5 दिसंबर 2019
19	सूचना पुनर्प्राप्ति और ग्रंथसूची प्रबंधन (संकाय सदस्य/रेजिडेंट्स)	14 जनवरी 2020
20	एमएस वर्ड में वैज्ञानिक लेखन के साधन (संकाय सदस्य/रेजिडेंट्स)	28 जनवरी 2020
21	आपातकालीन चिकित्सा विभाग के संकाय सदस्यों और रेजिडेंट्स के लिए मेडिकल फोटोग्राफी	29 जनवरी 2020
22	प्रभावी प्रस्तुति की डिजाइनिंग (संकाय सदस्य/रेजिडेंट्स)	18 फरवरी 2020

11.10 मीडिया और प्रोटोकॉल प्रभाग

अध्यक्ष

डॉ. आरती विज

अपर-प्रवक्ता

डॉ. करन मदान

स्टाफ सदस्य

बिश्वनाथ आचार्य संदीप सक्सेना एन.पी.सिंह

खबरों में एम्स : प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया

क्र.सं.	दिनांक	विषय	समाचार पत्र
1.	1 अप्रैल 2019	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के साथ साझीदारी में इज़राइल का नेत्र अनुसंधान	यूरेकअलर्ट
2.	1 अप्रैल 2019	आयुष्मान भारत से मुफ्त में हुई हृदय की सर्जरी	दैनिक जागरण
3.	2 अप्रैल 2019	समय रहते निदान : एम्स डॉक्टरों ने ऑटिज्म का समय पर निदान में मदद करने के लिए ऐप बनाया	द टाइम्स ऑफ इंडिया
4.	2 अप्रैल 2019	एम्स में मरीज़ व तीमारदार को सस्ती दर पर मिलेगा भोजन	दैनिक जागरण
5.	2 अप्रैल 2019	एम्स में किफायती दाम पर भोजन मिलेगा	हिंदुस्तान
6.	2 अप्रैल 2019	एम्स का ऍप डॉक्टरों को न्यूरो विकारों का निदान करने में मदद करेगा	हिंदुस्तान टाइम्स
7.	3 अप्रैल 2019	37 सवालों से बच्चों के मनोरोगी होने का पता लगा सकेंगे डॉक्टर	अमर उजाला
8.	3 अप्रैल 2019	3000 बेड, 6000 नर्स और 600 फैकल्टी से बदलेगा एम्स	नवभारत टाइम्स
9.	3 अप्रैल 2019	बच्चों की बीमारी का ऍप से पता चलेगा	हिंदुस्तान
10.	9 अप्रैल 2019	मेडिकल में एम्स, कॉलेज में मिरांडा तो फार्मेसी में जामिया हमदर्द टॉप	दैनिक भास्कर
11.	9 अप्रैल 2019	एम्स है देश का सबसे अच्छा मेडिकल कॉलेज	दैनिक जागरण
12.	10 अप्रैल 2019	बरियाट्रिक सर्जरी करा चुके मरीज़ो के लिए हुआ सेमिनार	दैनिक जागरण
13.	10 अप्रैल 2019	एम्स ने बैरिएट्रिक ऑपरेशन की जागरूकता फैलाई	द पायनियर
14.	11 अप्रैल 2019	एम्स में अस्थि प्रतिरोपण सर्जरी की रजिस्ट्री शुरू होगी	हिंदुस्तान टाइम्स

15.	13 अप्रैल 2019	दिल्ली जेल प्रशासन ने एनजीओ मेंटल हेल्थ फाउंडेशन के सहयोग से पिछले साल 16 अप्रैल को गहन परामर्श सेवा शुरू की और इसमें एम्स द्वारा परामर्श दिया गया	द इंडियन एक्सप्रेस
16.	14 अप्रैल 2019	दिल्ली में हर महीने 6 करोड़ रुपये की पांच लाख लीटर शराब की खपत : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) द्वारा भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई) के सहयोग से किया गया नया सर्वेक्षण	इंडिया टुडे
17.	14 अप्रैल 2019	एम्स घुटने के प्रत्यारोपण के लिए पंजीकरण करेगा	हिंदुस्तान
18.	15 अप्रैल 2019	एम्स राष्ट्रीय नीति के लिए मुख स्वास्थ्य सर्वेक्षण करेगा	हिंदुस्तान टाइम्स
19.	16 अप्रैल 2019	कैदियों का मानसिक स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए नए दिशानिर्देश	इंडिया टुडे
20.	19 अप्रैल 2019	हाइपरटेंशन की पुष्टि को तीन बार जांच जरुरी	दैनिक जागरण
21.	21 अप्रैल 2019	स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए नया पाठ्यक्रम	द टाइम्स ऑफ इंडिया
22.	24 अप्रैल 2019	बुजुर्गो को संतुलन बनाकर चलने का तरीका सिखाएगा एम्स	हिंदुस्तान
23.	26 अप्रैल 2019	आपातकालीन चिकित्सा के लिए नई बाइक सेवा	द टाइम्स ऑफ इंडिया
24.	26 अप्रैल 2019	एम्स के आस-पास 'हृदय रोगियों' को बचाने में मदद करने के लिए आईसीएमआर की परियोजना	द हिंदू
25.	26 अप्रैल 2019	हृदय रोगियों की मदद के लिए बाइक से चलने वाले पैरामेडिकल स्टाफ	द एशियन एज
26.	26 अप्रैल 2019	मरीजों को 'दिल' देने के लिए बाइकर दस्ते	द पायनियर
27.	26 अप्रैल 2019	दिल के मरीज़ो के लिए बाइक एम्बुलेंस	हिंदुस्तान
28.	26 अप्रैल 2019	आई सी एम आर ने शुरु की दिल के दौरे के मरीज़ो को मदद पहुंचने की योजना	जनसत्ता
29.	26 अप्रैल 2019	हार्ट अटैक आने पर एक फ़ोन में घर पहुंचेगा एम्स कर्मी	दैनिक जागरण
30.	26 अप्रैल 2019	छाती में दर्द की सूचना पर तुरंत पहुंचेगी बाइक एम्बुलेंस	अमर उजाला
31.	26 अप्रैल 2019	हार्ट के मरीज़ो की जिंदगी बचाने के लिए आई बाइक एम्बुलेंस	नवभारत टाइम्स

32.	26 अप्रैल 2019	हार्ट अटैक से होने वाली मौतों को कम करने के लिए चलती है बाइक एम्बुलेंस	हिंदुस्तान टाइम्स
33.	26 अप्रैल 2019	मिशन दिल्ली- दिल के मरीजों के लिए पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च	द स्टेट्समैन
34.	27 अप्रैल 2019	डॉक्टरों ने खोजे गर्भ में आंखों की देखभाल के उपाय	द टाइम्स ऑफ इंडिया
35.	28 अप्रैल 2019	एम्स में 658 की सर्जरी हुई	हिंदुस्तान
36.	28 अप्रैल 2019	गैर-पीएम-जय राज्यों में मोदीकेयर देगा एम्स	द पायनियर
37.	5 मई 2019	1200 का एम्स, आरएमएल में इलाज; नेत्र विज्ञान और हृद् विज्ञान की सबसे ज्यादा मांग	द इंडियन एक्सप्रेस
38.	7 मई 2019	सफलता : बिना सर्जरी अस्थमा के मरीज़ को ठीक किया	हिंदुस्तान
39.	12 मई 2019	एम्स में दांतों की दवा कम दामों पर मिलेगी	हिंदुस्तान
40.	14 मई 2019	अब एम्स अस्पताल जारी कर सकेगा विकलांगता प्रमाण पत्र	हिंदुस्तान टाइम्स
41.	16 मई 2019	एम्स में 500 ने किया रक्तदान	हिंदुस्तान
42.	16 मई 2019	सुविधा: एम्स में मरीज़ो के लिए डेंगू कार्नर शुरू	हिंदुस्तान
43.	17 मई 2019	देश भर में डेंगू हॉटस्पॉट की पहचान करने के लिए अध्ययन	द इंडियन एक्सप्रेस
44.	17 मई 2019	अस्पतालों में शुरु होगा डेंगू कॉर्नर	दैनिक जागरण
45.	17 मई 2019	डेंगू समर्पित कॉर्नर स्थापित करें : मंत्रालय से अस्पताल	द पायनियर
46.	18 मई 2019	ऊंचा लक्ष्य : छात्रों के संपर्क में आने वाले सर्वाधिक रोगियों एवं नवोन्मेषों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण एम्स 23 साल से अव्वल है।	इंडिया टुडे पत्रिका
47.	19 मई 2019	ड्रग्स के खिलाफ, एम्स के पहियों में गति	द इंडियन एक्सप्रेस
48.	23 मई 2019	शीर्ष विदेशी स्वास्थ्य संस्थानों के साथ नए एम्स का टाई-अप	द इंडियन एक्सप्रेस
49.	23 मई 2019	एम्स ने बनाया 'आईएमडब्लू टूलकिट' ऍप , मरीज़ की जानकारिया फीड करने पर पता चल सकेगा ऑपरेशन के लिए फिट है या नहीं	दैनिक भास्कर
50.	23 मई 2019	सर्जरी के लिए मरीज़ फिट या नहीं ऍप बताएगा	हिंदुस्तान
51.	23 मई 2019	अब एम्स के डॉक्टर पहले एप से करेंगे जांच, पिछले	अमर उजाला

		वर्ष 1.94 लाख ऑपरेशन कर दुनिया में रचा था इतिहास	
52.	27 मई 2019	बुजुर्ग रोगियों में गिरने का जोखिम कम करने के लिए एम्स सुविधा	हिंदुस्तान टाइम्स
53.	30 मई 2019	एमएस मरीज़ो के लिए एम्स में विशेष क्लिनिक होगा शुरु	अमर उजाला
54.	30 मई 2019	एम्स में स्क्लेरोसिस के लिए क्लिनिक	हिंदुस्तान
55.	31 मई 2019	अगले महीने से एम्स में मल्टीपल स्केलेरोसिस क्लिनिक	द इंडियन एक्सप्रेस
56.	31 मई 2019	ई-सिगरेट सुरक्षित विकल्प नहीं है	द इंडियन एक्सप्रेस
57.	31 मई 2019	ईसिगरेट पर प्रतिबंध लगना ही जनता के हित में : एम्स	अमर उजाला
58.	2 जून 2019	एम्स में दूर होगी डॉक्टरों की कमी	दैनिक जागरण
59.	4 जून 2019	स्तन कैंसर चिकित्सा में एम्स की लंबी छलांग	द इंडियन एक्सप्रेस
60.	6 जून 2019	नीट टॉपर्स की पहली पसंद एम्स	नवभारत टाइम्स
61.	6 जून 2019	एम्स के डॉक्टरों ने की यमुना की सफाई	नवभारत टाइम्स
62.	14 जून 2019	रक्तदान कर मरीज़ो को देते है जीवनदान एम्स के डॉक्टर	दैनिक जागरण
63.	14 जून 2019	भारतीय स्वास्थ्य सेवा में सुधार	द टाइम्स ऑफ इंडिया
64.	17 जून 2019	एम्स में योग पर कार्यशाला	दैनिक जागरण
65.	20 जून 2019	एम्स ने 12 सप्ताह तक 160 मरीज़ो पर किया रिसर्च, दवाखाने के साथ योग करने से भी जेनेटिक कारणों से हुए डिप्रेशन में मरीज़ का होता है लाभ	दैनिक भास्कर
66.	20 जून 2019	मृत्यु दर बढ़ने पर एइएस के कारणों पर अध्ययन शुरू करेगा एम्स	हिंदुस्तान टाइम्स
67.	21 जून 2019	शोध : योग से दोबारा दिल के दौरे का खतरा आधा	हिंदुस्तान
68.	21 जून 2019	गर्भपात- काला मोतिया से बचाता है योग	हिंदुस्तान
69.	21 जून 2019	बाँझपन के खिलाफ हथियार बना योग, पुरुषों की क्षमता बढी और महिलाओं मे गर्भपात रूका	दैनिक भास्कर
70.	22 जून 2019	योग'आसनों' पर दिशानिर्देश लेकर आएगा एम्स	द इंडियन एक्सप्रेस
71.	23 जून 2019	एम्स में जल्द शुरू होगा सर्जिकल ब्लॉक	दैनिक जागरण
72.	23 जून 2019	एम्स के डॉक्टर ने पेश की इन्सानियत की मिसाल	अमर उजाला

73.	23 जून 2019	डॉक्टर ने खून देकर जान बचाई	हिंदुस्तान
74.	23 जून 2019	'एम्स ट्रॉमा सेंटर की प्रक्रियाएं इजरायल के समान हैं।'	हिंदुस्तान टाइम्स
75.	23 जून 2019	वर्तमान में अज्ञात श्रेणी के तहत सूचीबद्ध एन्सेफलाइटिस का कारण पता लगाएगा एम्स।	एएनआई
76.	25 जून 2019	दुर्लभ रक्त समूहों के रक्तदान में एम्स के रेजीडेंट डॉक्टर शामिल	द टाइम्स ऑफ इंडिया
77.	25 जून 2019	'नशा रोग का इलाज' पर लोक व्याख्यान एवं पैनल वार्ता	दैनिक जागरण
